Rojgar Coaching Center

# करेंट-अफेयर्स


लेखक

अंकित भाटी सर

संपादक

Shokendra Panwar

Rahul Kumar

विशेष सहयोग

आशीष चौहान, राजन चौधरी, वैभव कुमार, नितिन भाटी, जगदीप, भावना शर्मा, आकाश



These ebooks are free of cost, Join our telegram channel: @apna_pdf

❒ प्रकाशकः

**Rojgar Publication**

Bilaspur, Greater Noida,
Gautam Buddha Nagar,
U.P. 203202
**Mobile : 9818489147, 9311737467**

**E-mail:** rojgarwithankit@gmail.com

❒ नवीनतम संस्करण

❒ © सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

भारतीय कॉपीराइट के अंतर्गत इस पुस्तक में समाहित समस्त सामग्री (टाइटिल-डिजाइन, अंदर का मैटर आदि) के सर्वाधिकार 'Rojgar Publication' के पास सुरक्षित हैं। इसके लिए कोई व्यक्ति/संस्था/समूह इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री को आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़-मरोड़कर या किसी अन्य भाषा में प्रकाशित नहीं कर सकता। उल्लंघन करने वाले कानूनी तौर पर हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार स्वयं होंगे। न्यायिक क्षेत्र नोएडा होगा।

❒ **Distributor:**

ROHIT GENERAL STORE

Bilaspur, Greater Noida

Mobile : 9557571762, 8171579050

**नोटः** इस किताब में किसी भी प्रकार के संशोधन या त्रुटि संबंधित आपके सुझाव स्वागत योग्य हैं। जिसके लिए आप हमारे नंबर 9818489147 पर संपर्क कर सकते हैं।

❒ लेजर टाइप सेटिंगः

**ग्राफिक्स विजन**

Join Telegram: @apna_library

# रोजगार करेंट-अफेयर्स की प्रमुख विशेषताएँ

- केंद्र एवं राज्य स्तर की आगामी परीक्षाओं के लिए उपयोगी सभी महत्वपूर्ण खबरों का समावेश।
- सारगर्भित और टू द पॉइंट खबरों का विस्तृत संग्रह
- अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर की सभी खबरों का कवरेज गागर में सागर भरने की अवधारणा से ओतप्रोत।
- प्रत्येक समसामयिक खबर का विविधता और व्यापकता के साथ समावेशन
- विगत वर्षों में विभिन्न केंद्र एवं राज्यस्तरीय परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों की प्रकृति के अनुरूप सभी खबरों का समेकन।
- सभी समसामयिक खबरों का खंडवार अध्ययन करने के लिए उपयोगी
- विद्यार्थियों की समसामयिक खबरों को पढ़ने और लंबे समय तक स्मरण रखने की सुविधा के अनुरूप पुस्तक का संकलन।

प्रिय पाठकों,

इस रोजगार करेंट-अफेयर्स पत्रिका को RWA टीम द्वारा पूर्णत: त्रुटिरहित और प्रमाणिक बनाने का प्रयास किया गया है, किंतु फिर भी इस पत्रिका में कंटेंट, प्रकृति या अन्य किसी भी सुधार हेतु आपके विचार या राय हमेशा स्वागत योग्य हैं। इस पत्रिका को पढ़कर आपको कैसा लगा या इसमें क्या और बेहतर हो सकता है, इन सभी सुझावों के लिये नीचे दिए गए Whatsapp नंबर पर या email Id पर अपना फीडबैक अवश्य शेयर करें ताकि हम इस पत्रिका के कटेंट की गुणवत्ता के स्तर को और बेहतर कर सकें। आपके फीडबैक की हमें प्रतीक्षा रहेगी।

धन्यवाद।

: 8130528906
Gmail : rojgaarpublications@gmail.com

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# विषय-सूची

Click Here To Join our Telegram Channel


- G-20 : एक समग्र विश्लेषण 5
- चंद्रयान-3 10
- एशियन गेम्स 2022 12
- इजराइल-फिलिस्तीन विवाद 15
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदाधिकारी 17
- केंद्रीय मंत्रिपरिषद् 20
- भारत के राज्य 22
- भारत के उच्च न्यायालय 24
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 25
- आर्थिक परिदृश्य 64
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी 83
- पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी 92
- खेल परिदृश्य (राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय) 94
- महत्वपूर्ण सूचकांक/रिपोर्ट (राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय) 120
- महत्वपूर्ण पुस्तकें एवं उनके लेखक 130
- प्रमुख ऑपरेशन एवं युद्धाभ्यास 132
- महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप एवं पोर्टल 137
- पुरस्कार (राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय) 140
- महत्वपूर्ण सम्मेलन एवं बैठक/कॉन्फ्रेंस 149
- प्रमुख मेले/महोत्सव/समारोह/प्रदर्शनी 151
- प्रमुख चर्चित स्थल (राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय) 154
- महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ एवं ब्राण्ड एंबेसडर्स 157
- महत्वपूर्ण दिवस एवं उनकी थीम 164
- चर्चित व्यक्तित्व एवं निधन 168
- प्रमुख जाँच समितियाँ एवं आयोग 171
- खबरों में रहे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठन 172
- केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाएँ/कार्यक्रम/मिशन/अभियान 174
- राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएँ/कार्यक्रम/मिशन/अभियान 177
- विविध करेंट-अफेयर्स 184
- परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण तथ्य 193


Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

रोजगार विशेषांक

# G-20 : एक समग्र विश्लेषण

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की बात करें तो न केवल दुनिया तेजी से बदल रही है, बल्कि साथ ही साथ विश्व की अर्थव्यवस्था भी उतनी ही तेजी के साथ बदल रही है। इस उथल-पुथल भरे दौर में करवट लेती वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ कदम मिलाकर चलना वर्तमान समय की माँग ही नहीं, एक आवश्यकता भी है। ऐसे माहौल में विकसित और विकासशील देशों के बीच आपसी संवाद और बेहतर तालमेल होना बेहद अहम है और यही वजह है कि G-20 जैसे एक वैश्विक आर्थिक मंच की परिकल्पना की गई। वर्ष 1999 में अस्तित्व में आने के बाद G-20 विश्व का सबसे शक्तिशाली आर्थिक मंच बन गया है। यह एक ऐसा मंच है जो विविधता और संपूर्णता में विश्वास रखता है। इस बार का 18वाँ G-20 शिखर सम्मेलन भारत के लिये बेहद खास और महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस बार इस बहुपक्षीय वैश्विक मंच की अध्यक्षता भारत द्वारा की गई।

भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन ने न केवल विकासात्मक एजेंडे को प्राथमिकता देने के लिये भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मामलों में ग्लोबल साउथ के महत्व को भी रेखांकित किया। वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ G-20 शिखर सम्मेलन न केवल ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि यह शिखर सम्मेलन वैश्विक कूटनीति में भी एक निर्णायक मोड़ लेकर आया क्योंकि इसमें अफ्रीकी संघ (अफ्रीकन यूनियन) को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। अफ्रीकन यूनियन को G-20 के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किये जाने का निर्णय बेहद सराहनीय है और यह प्रयास अफ्रीकी देशों के कम प्रतिनिधित्व को संबोधित करने में मददगार साबित होगा।

## G-20 की पृष्ठभूमि

वर्ष 1997 के एक बड़े एशियन वित्तीय संकट के बाद यह निर्णय लिया गया कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एकजुट होना चाहिये। इसी एशियाई वित्तीय संकट के मद्देनजर वर्ष 1999 में G-20 की स्थापना, वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिये वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक मंच के रूप में की गई थी। शुरूआत में G-20 व्यापक आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित था, परंतु बाद में इसके एजेंडे में विस्तार करते हुए इसमें अन्य बातों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और भ्रष्टाचार-विरोध को शामिल किया गया।

वर्ष 2007 के वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संकट के बाद G-20 को राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों के स्तर तक उन्नत किया गया और वर्ष 2009 में इसे 'अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग हेतु प्रमुख मंच' के रूप में नामित किया गया। गौरतलब है कि G-20 समूह का प्रथम शिखर सम्मेलन वर्ष 2008 में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था।

वर्तमान परिदृश्य की बात करें तो G-20 समूह दुनिया की अग्रणी विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मंच के रूप में कार्य कर रहा है और वैश्विक आर्थिक विकास और कल्याण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सामूहिक रूप से वर्तमान में G-20 देशों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 80% से अधिक और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 75% से अधिक हिस्सेदारी है। साथ ही यह दुनिया की लगभग दो-तिहाई आबादी को कवर करता है। अन्य संगठनों की भाँति G-20 समूह का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय फोरम के रूप में कार्य करता है।

## G-20 संगठन के उद्देश्य

G-20 का गठन सदस्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय नीति में सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार, वैश्विक वित्तीय संकट को टालने के उपाय, सदस्य देशों के आर्थिक विकास और सतत् विकास को बढ़ावा देने के मकसद से किया गया। इस संगठन का घोषित लक्ष्य विकसित और विकासशील देशों को एक मंच पर लाना और दुनिया के आर्थिक मुद्दों पर आम राय बनाने की कोशिश करना है।

## G-20 के सदस्य देश

अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने से पूर्व तक इस समूह में 20 सदस्य थे जिनमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल है। ये 19 देश- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका हैं।

## G-20 की अध्यक्षता एवं G-20 ट्रोइका

वर्ष 2008 के पश्चात्, G-20 शिखर सम्मेलन को प्रतिवर्ष क्रमिक अध्यक्षता में आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक सदस्य देश के शासन प्रमुख या राष्ट्र प्रमुख, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल होते हैं। यूरोपीय संघ का प्रतिनिधित्व यूरोपीय आयोग और यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा किया जाता है। इसके अलावा अन्य देशों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



को शिखर सम्मेलन में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जाता है। इस समूह की अध्यक्षता करने वाला देश G-20 समूह के लिये प्रत्येक वर्ष एक लोगो (Logo) और थीम जारी करता है। G-20 एजेंडे की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए G-20 ट्रोइका का निर्माण होता है। इस ट्रोइका में तीन देश शामिल होते हैं। यह ट्रोइका G-20 के भीतर एक शीर्ष समूह को संदर्भित करता है जिसमें G-20 समूह के वर्तमान, पिछले और अगले अध्यक्ष देश शामिल होते हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में भारत G-20 की अध्यक्षता कर रहा है। भारत 1 दिसंबर 2022 से लेकर 30 नवंबर 2023 तक G-20 समूह का अध्यक्ष बना रहेगा। वर्तमान में इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील G-20 ट्रोइका देश हैं।

## G-20 शेरपा

G-20 समूह के एजेंडा एवं कार्य के समन्वय के लिये सदस्य देशों द्वारा अपने प्रतिनिधियों को चुना जाता है। ये प्रतिनिधि ही G-20 शेरपा कहलाते हैं जो संबंधित देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के साथ मिलकर कार्य करते हैं। वर्तमान में नीति आयोग के पूर्व CEO अमिताभ कांत, भारत के G-20 समूह में शेरपा हैं।

## G-20 की कार्यप्रणाली

G-20 अध्यक्षता के तहत एक वर्ष के लिए G-20 एजेंडे का संचालन किया जाता है और फिर अंत में शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। G-20 एजेंडे के संचालन के तहत दो समानांतर ट्रैक के माध्यम से वर्षभर कई बैठकें आयोजित की जाती हैं। ये दो ट्रैक - वित्त ट्रैक और शेरपा ट्रैक हैं। वित्त ट्रैक में मुख्य रूप से सदस्य देशों के वित्तमंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर शामिल होते हैं। वहीं, शेरपा ट्रैक में सदस्य राष्ट्र द्वारा चुना गया प्रतिनिधि (शेरपा) प्रमुख भूमिका निभाता है। इनके अलावा सहभागी समूह जिसमें प्रत्येक G-20 सदस्य देश के गैर-सरकारी प्रतिभागी शामिल होते हैं, भी G-20 नेताओं को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करते हैं और नीति निर्माण प्रक्रिया में योगदान देते हैं।

## वर्ष 2008 से वर्ष 2024 तक के G-20 शिखर सम्मेलन

| G-20 शिखर सम्मेलन | वर्ष | मेजबान देश |
|---|---|---|
| पहला | 2008 | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| दूसरा | 2009 | यूनाइटेड किंगडम |
| तीसरा | 2009 | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| चौथा | 2010 | कनाडा |
| पाँचवा | 2010 | दक्षिण कोरिया |
| छठाँ | 2011 | फ्रांस |
| सातवाँ | 2012 | मैक्सिको |
| आठवाँ | 2013 | रूस |
| नवाँ | 2014 | ऑस्ट्रेलिया |
| दसवाँ | 2015 | तुर्की |
| ग्याहरवाँ | 2016 | चीन |
| बारहवाँ | 2017 | जर्मनी |
| तेरहवाँ | 2018 | अर्जेंटीना |
| चौदहवाँ | 2019 | जापान |
| पंद्रहवाँ | 2020 | सऊदी अरब |
| सोलहवाँ | 2021 | इटली |
| सत्रहवाँ | 2022 | इंडोनेशिया |
| अट्ठारहवाँ | 2023 | भारत |
| उन्नीसवाँ | 2024 | ब्राजील |

## G-20 शिखर सम्मेलन - 2023

18वें G-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 9 और 10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर (IECC) में भारत की अध्यक्षता में हुआ। यह पहला शिखर सम्मेलन था जब भारत ने G-20 समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।



## G-20 शिखर सम्मेलन 2023 का लोगो एवं थीम

G-20 लोगो भारत के राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों-केसरिया, सफेद, हरे एवं नीले रंग से प्रेरित हैं। इसमें भारत के राष्ट्रीय पुष्प कमल को पृथ्वी ग्रह के साथ प्रस्तुत किया गया है।

भारत की G-20 अध्यक्षता की थीम "वसुधैव कुटुम्बकम" है। वसुधैव कुटुम्बकम शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। यह थीम या विषय व्यक्तिगत जीवन शैली और राष्ट्रीय विकास दोनों स्तरों पर पर्यावरण की दृष्टि से धारणीय और जिम्मेदार विकल्पों से संबद्ध LiFE यानी पर्यावरण के लिये जीवनशैली पर भी प्रकाश डालता है। भारत का वसुधैव कुटुम्बकम का दृष्टिकोण सभी के लिये बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिये दुनिया के सभी नागरिकों को एक साथ लाने का प्रयास करता है।

## 18वें G-20 शिखर सम्मेलन के प्रमुख निष्कर्ष

### अफ्रीकी संघ बना G-20 का स्थायी सदस्य

इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में G-20 देशों ने अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



अफ्रीकी संघ (55 अफ्रीकी देशों का समूह) के इस समूह का सदस्य बनने पर अब यह समूह G-21 कहलाएगा। G-20 में अफ्रीकी यूनियन की सदस्यता वैश्विक व्यापार, वित्त और निवेश को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ इस समूह के भीतर ग्लोबल साउथ के प्रतिनिधित्व में वृद्धि करने में भी अहम भूमिका अदा करेगी।




### भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारा (IMEC)

भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारा, वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी नामक एक व्यापक पहल का हिस्सा है जिसका (साझेदारी पहल) लक्ष्य सार्वजनिक और निजी निवेश के संयोजन के माध्यम से विकासशील देशों में बुनियादी ढाँचे से संबंधित परियोजनाओं को वित्तपोषित करना है।

भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारा (IMEC) की स्थापना के लिये भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी और इटली की सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। IMEC का लक्ष्य भारत, मध्य-पूर्व और यूरोप को जोड़ने के लिये रेलवे तथा समुद्री मार्गों सहित परिवहन गलियारों का एक नेटवर्क स्थापित करना है।

### वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन

यह गठबंधन भारत के नेतृत्व में एक पहल है जिसका उद्देश्य जैव ईंधन अपनाने को बढ़ावा देने के लिये सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तथा उद्योगों का गठबंधन सुनिश्चित करना है। यह पहल जैव ईंधन को ऊर्जा संक्रमण के एक प्रमुख घटक के रूप में स्थापित करने तथा रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास में योगदान देगी। इस गठबंधन की शुरूआत नौ आरंभिक सदस्य देशों – भारत, अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, इटली, मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात के साथ की गई थी।

### G-20 का लोकतंत्रीकरण

G-20 को अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक बनाने का भारत का प्रयास 18वें G-20 शिखर सम्मेलन के अनूठे दृष्टिकोण में स्पष्ट था। वर्ष 2023 में भारत की G-20 अध्यक्षता के दौरान लगभग 125 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने 60 से अधिक भारतीय शहरों में आयोजित लगभग 200 बैठकों में भाग लिया।

### ग्लोबल साउथ पहल

''वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ'' पर भारत के जोर ने 125 से अधिक विकासशील देशों को बातचीत में शामिल किया।



## G-20 नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (घोषणापत्र)

नई दिल्ली में आयोजित G-20 शिखर सम्मेलन के वैश्विक मंच पर भारत ने G-20 नई दिल्ली लीर्डस डिक्लेरेशन (घोषणापत्र) की परिणति के साथ एक महत्वपूर्ण राजनयिक उपलब्धि प्राप्त की। यह घोषणापत्र भारत द्वारा संबोधित किए गए महत्वपूर्ण मुद्दों को कवर करता है।

### यूक्रेन युद्ध पर नई दिल्ली घोषणा

यूक्रेन युद्ध से अत्यधिक मानवीय पीड़ा हुई और इस युद्ध एवं संघर्ष का वैश्विक समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस घोषणापत्र में वैश्विक खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में यूक्रेन में युद्ध के नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया है। यह घोषणापत्र सभी देशों से क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने का आह्वान करता है।

### अनाज/खाद्य/ऊर्जा सुरक्षा पर नई दिल्ली घोषणा

इस घोषणापत्र में आपूर्ति श्रृंखला, वृहद-वित्तीय स्थिरता, मुद्रास्फीति और विकास पर यूक्रेन संघर्ष के नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख है। इस घोषणापत्र में रूस और यूक्रेन से अनाज, खाद्य पदार्थों और उर्वरकों की तत्काल और अबाधित आपूर्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। साथ ही घोषणापत्र में अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों पर कमजोर लोगों की रक्षा और न्यायसंगत विकास पर बल दिया गया है। इसके अलावा रूस और यूक्रेन से खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए, प्रासंगिक बुनियादी ढाँचे पर सैन्य विनाश या अन्य हमलों को रोकने का आह्वान किया गया।

### व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता पर नई दिल्ली घोषणा

यह घोषणापत्र समान अवसर सुनिश्चित करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने और संरक्षणवाद को हतोत्साहित करके निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने तथा बाजार को विकृत करने वाली प्रथाएँ समाप्त करने की वकालत करता है। साथ ही वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा क्रिप्टो करेंसी रोडमैप को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा करने का आह्वान करता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



### जलवायु परिवर्तन पर नई दिल्ली घोषणा

इस घोषणापत्र में जलवायु वित्तपोषण में पर्याप्त वृद्धि पर जोर दिया गया है जिसमें बिलियन डॉलर से ट्रिलियन डॉलर के 'क्वांटम जम्प' अर्थात काफी बड़े बदलाव का आह्वान किया गया है। इस घोषणापत्र में वर्ष 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने की प्रतिबद्धता जाहिर की गई है।

### वैश्विक स्वास्थ्य पर नई दिल्ली घोषणा

घोषणापत्र में स्वास्थ्य देखभाल पर काफी बल दिया गया है और लचीली स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के निर्माण की आवश्यकता को प्राथमिकता दी गई है। घोषणापत्र में आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ साक्ष्य आधारित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण पर भी जोर दिया गया।

### G-20 अध्यक्षता में परिवर्तन

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला डी सिल्वा को G-20 समूह की अध्यक्षता सौंप दी गई, जिन्हें 1 दिसंबर, 2023 को आधिकारिक तौर पर इस समूह की अध्यक्षता प्राप्त हो जाएगी। इस प्रकार G-20 समूह का अगला शिखर सम्मेलन वर्ष 2024 में ब्राजील में आयोजित होगा।

## निष्कर्ष

नई दिल्ली में संपन्न हुआ 18वाँ G-20 शिखर सम्मेलन वैश्विक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। यद्यपि कुछ प्रमुख नेताओं की अनुपस्थिति उल्लेखनीय है परंतु शिखर सम्मेलन के परिणाम इसमें शामिल सभी पक्षों के लिये जीत-जीत की स्थिति (Win-Win Situation) को दर्शाते हैं, जो भविष्य के सहयोग के लिये सकारात्मक परिवेश की स्थापना करते हैं।

## भारत में G-20 सम्मेलन 2023 से पहले की प्रमुख बैठकें

| बैठक का नाम | महीना-वर्ष | स्थान (भारत) |
|---|---|---|
| प्रथम शेरपा बैठक | दिसंबर, 2022 | उदयपुर |
| पहली विकास कार्य समूह की बैठक | दिसंबर, 2022 | मुंबई |
| पहली फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप की बैठक | दिसंबर, 2022 | बेंगलुरु |
| वित्तीय समावेशन के लिये वैश्विक साझेदारी की पहली बैठक | जनवरी, 2023 | कोलकाता |
| पहली इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक | जनवरी, 2023 | पुणे |
| प्रथम स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक | जनवरी, 2023 | तिरुवनंतपुरम् |
| पहली शिक्षा कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | चेन्नई |
| पहली रोजगार कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | जोधपुर |
| पहली डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | लखनऊ |
| पहली सतत वित्त कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | गुवाहाटी |
| पहली ऊर्जा संक्रमण कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | बेंगलुरु |
| पहली पर्यटन कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | कच्छ का रण (गुजरात) |
| पहली पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | बेंगलुरु |
| पहली कृषि कार्य समूह की बैठक | फरवरी, 2023 | इंदौर |
| पहली संस्कृति कार्य समूह की बैठक | मार्च, 2023 | खुजराहो |
| G-20 विदेश मंत्रियों की बैठक | मार्च, 2023 | दिल्ली |
| पहली एंटी-करप्शन कार्य समूह की बैठक | मार्च, 2023 | गुरुग्राम |
| वित्तीय समावेशन के लिये वैश्विक साझेदारी की द्वितीय बैठक | मार्च, 2023 | हैदराबाद |
| द्वितीय शिक्षा कार्य समूह की बैठक | मार्च, 2023 | अमृतसर |
| द्वितीय सतत् वित्त कार्य समूह की बैठक | मार्च, 2023 | उदयपुर |
| द्वितीय फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप की बैठक | मार्च, 2023 | चेन्नई |
| द्वितीय पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह की बैठक | मार्च, 2023 | गांधीनगर |
| पहली ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट वर्किंग ग्रुप की बैठक | मार्च, 2023 | मुंबई |
| द्वितीय कृषि कार्य समूह की बैठक | मार्च, 2023 | चंडीगढ़ |
| पहली आपदा प्रबंधन कार्य समूह की बैठक | मार्च-अप्रैल, 2023 | गांधीनगर |
| द्वितीय शेरपा मीटिंग | मार्च-अप्रैल, 2023 | कुमाराकोम (केरल) |

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | |
|---|---|---|
| द्वितीय पर्यटन कार्य समूह की बैठक | अप्रैल, 2023 | सिलिगुड़ी |
| द्वितीय ऊर्जा संक्रमण कार्य समूह की बैठक | अप्रैल, 2023 | गांधीनगर |
| द्वितीय रोजगार कार्य समूह की बैठक | अप्रैल, 2023 | गुवाहाटी |
| द्वितीय विकास कार्य समूह की बैठक | अप्रैल, 2023 | कुमाराकोम |
| द्वितीय डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह की बैठक | अप्रैल, 2023 | हैदराबाद |
| तीसरी शिक्षा कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | भुवनेश्वर |
| तीसरी विकास कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | गोवा |
| दूसरी संस्कृति कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | भुवनेश्वर |
| तीसरी ऊर्जा संक्रमण कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | मुंबई |
| तृतीय पर्यावरण एवं जलवायु कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | मुंबई |
| तीसरी पर्यटन कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | श्रीनगर |
| द्वितीय डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | मुंबई |
| दूसरी ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कार्य समूह की बैठक | मई, 2023 | बेंगलुरु |
| द्वितीय एंटी-करप्शन कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | ऋषिकेश |
| तीसरी स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | हैदराबाद |
| चौथी विकास कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | नई दिल्ली |
| विकास मंत्रियों की बैठक | जून, 2023 | वाराणसी |
| तीसरी डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | पुणे |
| तीसरी फ्रेमवर्क कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | कोच्चि |
| कृषि मंत्रियों की बैठक | जून, 2023 | हैदराबाद |
| चौथी पर्यटन कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | गोवा |
| तीसरी सतत् वित्त कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | महाबलीपुरम् (तमिलनाडु) |
| चौथी शिक्षा कार्य समूह की बैठक | जून, 2023 | पुणे |
| पर्यटन मंत्रियों की बैठक | जून, 2023 | गोवा |
| शिक्षा मंत्रियों की बैठक | जून, 2023 | पुणे |
| तीसरी शेरपा बैठक | जुलाई, 2023 | हम्पी (कर्नाटक) |
| तीसरी ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कार्य समूह की बैठक | जुलाई, 2023 | केवड़िया (गुजरात) |
| तीसरी संस्कृति कार्य समूह की बैठक | जुलाई, 2023 | हम्पी |
| चौथी ऊर्जा संक्रमण कार्य समूह की बैठक | जुलाई, 2023 | गोवा |
| चौथी रोजगार कार्य समूह की बैठक | जुलाई, 2023 | इंदौर |
| श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक | जुलाई, 2023 | इंदौर |
| ऊर्जा मंत्रियों की बैठक | जुलाई, 2023 | गोवा |
| चौथी पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह की बैठक | जुलाई, 2023 | चेन्नई |
| भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रियों की बैठक | अगस्त, 2023 | कोलकाता |
| महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय बैठक | अगस्त, 2023 | गांधीनगर |
| चौथी डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह की बैठक | अगस्त, 2023 | बेंगलुरु |
| चौथी स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक | अगस्त, 2023 | गांधीनगर |
| चौथी संस्कृति कार्य समूह की बैठक | अगस्त, 2023 | वाराणसी |
| चौथी ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कार्य समूह की बैठक | अगस्त, 2023 | जयपुर |
| संस्कृति मंत्रियों की बैठक | अगस्त, 2023 | वाराणसी |
| चौथी शेरपा बैठक | सितंबर, 2023 | नई दिल्ली |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



# चंद्रयान-3




## चंद्रयान-3

- चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र मिशन तथा चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिग हेतु इसरो का दूसरा प्रयास था, जिसे इसरो ने सफलतापूर्वक लैंड किया।
- चंद्रयान-3 मिशन ने 14 जुलाई, 2023 को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से उड़ान भरी।
- चंद्रयान-3 मिशन में स्वदेशी प्रोपल्शन मॉडयूल, स्वदेशी लैंडर 'विक्रम' और स्वदेशी रोवर 'प्रज्ञान', चंद्रयान-2 मिशन के समान ही शामिल किये गये हैं।
- चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिग होते ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया।
- चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास स्थित मैजिनस-यू क्रेटर के पास 40 दिनों की यात्रा के बाद 23 अगस्त 2023 को सायं 6 बजकर 4 मिनट पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिग की।

## चंद्रयान-3 मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण व्यक्ति

1. एस. सोमनाथ : इसरो अध्यक्ष
2. पी. वीरमुथुवेल : चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट डायरेक्टर
3. मोहन कुमार : मिशन डायरेक्टर

- चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान के टायरों ने चंद्रमा की सतह पर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिह्नों को बनाया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा कि है कि चंद्रमा पर जिस जगह चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर उतरा है, उसे 'शिव शक्ति पाइंट' कहा जायेगा तथा जिस स्थान पर चंद्रयान-2 मिशन के पदचिन्ह पड़े थे, उस स्थान को 'तिरंगा प्वाइंट' के नाम से जाना जायेगा। इस मिशन का अनुमानित बजट 615 करोड़ रुपये है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिग वाले दिन 23 अगस्त, 2023 को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' (नेशनल स्पेस डे) मनाने की घोषणा की।
- 29 अगस्त, 2023 को इसरो द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार चंद्रयान-3 मिशन के अंतर्गत प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सल्फर की मौजूदगी की पुष्टि की है।

## चंद्रयान-3 की विशेषतायें एवं उद्देश्य

- चंद्रयान-3 को तीन स्तरीय (ठोस, तरल व क्रायोजेनिक) लॉन्च व्हीकल मार्क-3 LVM3-M4 द्वारा लॉन्च किया गया।
- लैंडर और रोवर का मिशन लाइफ, एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के लगभग 14 दिन) का होगा, क्योंकि लैंडर व रोवर दोनों ही सौर ऊर्जा पर कार्य करते हैं।
- चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल में एक नवीन प्रयोग स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ (SHAPE) किया गया, जिसका लक्ष्य परावर्तित प्रकाश का विश्लेषण कर संभावित रहने योग्य छोटे ग्रहों की खोज करना है।



Join Telegram: @apna_library



## चंद्रयान-3 में बदलाव और सुधार

- चंद्रयान-3 में चारों तरफ सौर पैनल लगाए गये हैं, जबकि चंद्रयान-2 में केवल दो सौर पैनल लगे थे।
- लैंडर की गति मापने हेतु लेज़र डॉप्लर वेलोसीमीटर नामक एक नया उपकरण जोड़ा गया है, जो लैंडर की गति की माप हेतु चंद्रमा की सतह पर लेजर बीम उत्सर्जित करेगा। रोवर में 6 पहिये लगाये गये हैं।
- लैंडर को अधिक ईंधन से लैस किया गया है, ताकि आवश्यकतानुसार लैंडिग स्थल अथवा वैकल्पिक स्थानों तक लंबी दूरी तय की जा सके।
- चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सुगम लैंडिग करना तथा लैंडर व रोवर का कुशलतापूर्वक संचालन तथा वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन चंद्रयान-3 मिशन का मुख्य उद्देश्य है।

## भारत के अन्य चंद्रयान मिशन

### चंद्रयान-1

- भारत का प्रथम चंद्रमा अन्वेषण मिशन 2008 में चंद्रयान-1 के साथ आरंभ हुआ, जिसका उद्देश्य चंद्रमा के त्रि-आयामी एटलस को निर्मित करना और खनिजों का मानचित्रण करना था। इसका प्रक्षेपण यान PSLV-C11 था।
- चंद्रयान-1 ने चंद्रमा की सतह पर पानी और हाइड्रॉक्सिल का पता लगाने के साथ अन्य कई महत्वपूर्ण खोजें की।

### चंद्रयान-2

- चंद्रयान-2 को वर्ष 2019 में GSLV-MK3 M1 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया था। इसमें एक आर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल थे। ऑर्बिटर ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। यद्यपि लैंडर और रोवर चंद्रमा की सतह पर लैंड करते हुये दुर्घटनाग्रस्त हो गये। चंद्रयान-2 मिशन के समय इसरो के अध्यक्ष के. सिवन थे।

## अन्य प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों के मुख्य चंद्रमा मिशन

- नासा (NASA) : आर्टेमिस-I, आर्टेमिस-II
- ROSCOMOS : LUNA-25
- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) : मून स्नाइपर



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



# एशियन गेम्स 2022

19वें एशियन गेम्स

ह्यांगझू



चेन्चेन कांगकॉन्ग लियानलियन

- **संस्करण :** 19वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** ह्यांगझू (चीन)
- **आयोजन तिथि :** 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023
- **आधिकारिक शुभंकर :** चेन्चेन, कांगकॉन्ग तथा लियानलियन
- **आधिकारिक उद्घाटनकर्ता :** शी जिनपिंग, राष्ट्रपति (चीन)
- **कुल प्रतिभागी देश :** 45

## एशियन गेम्स 2022 पदक तालिका

### शीर्ष पाँच देश

| देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 201 | 111 | 71 | 383 |
| जापान | 52 | 67 | 69 | 188 |
| दक्षिण कोरिया | 42 | 59 | 89 | 190 |
| भारत | 28 | 38 | 41 | 107 |
| उज्बेकिस्तान | 22 | 18 | 31 | 71 |

- 19वें एशियन गेम्स में भारत ने प्रथम स्वर्ण पदक निशानेबाजी में प्राप्त किया।
- 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत के निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर, रूद्रांक्ष पाटिल तथा दिव्यांश पँवार की तिकड़ी ने यह उपलब्धि हासिल की।
- भारत ने द्वितीय स्वर्ण पदक क्रिकेट (महिला वर्ग) में प्राप्त किया।
- भारत की महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में फाइनल में श्रीलंका को 19 रनों से पराजित किया।
- भारत की घुड़सवारी टीम ने तृतीय स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- दिव्यकृति सिंह, सुदीप्ति हजेला, हृदय विपुल चेड्डा तथा अनुष अग्रवाल की टीम ने ड्रेसेज स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की।
- 41 वर्षों के पश्चात् घुड़सवारी में यह भारत का प्रथम स्वर्ण पदक है।
- 19 वें एशियन गेम्स में भारत के लिए प्रथम व्यक्तिगत स्वर्ण पदक महिला निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा में प्राप्त किया।
- 19वें एशियन गेम्स में भारत की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने रजत पदक प्राप्त किया। एशियन गेम्स के इतिहास में ऐसा करने वाली अदिति अशोक प्रथम भारतीय महिला गोल्फर हैं।
- प्रथम एशियन गेम्स का आयोजन वर्ष 1951 ई. में नई दिल्ली में हुआ था।
- एशियन गेम्स प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित होते हैं।
- कोविड-19 महामारी के कारण एशियन गेम्स 2022 का आयोजन वर्ष 2023 में किया गया।
- एशियन गेम्स 2022 का उद्घाटन समारोह 23 सितंबर, 2023 को आयोजित हुआ।
- एशियन गेम्स 2022 के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक हरमनप्रीत सिंह तथा लवलीना बोरगोहेन थे।
- एशियन गेम्स 2022 का समापन समारोह 8 अक्टूबर, 2023 को संपन्न हुआ।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- एशियन गेम्स 2022 के समापन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक पी.आर. श्रीजेश थे।
- वर्ष 2026 में एशियन गेम्स के 20वें संस्करण का आयोजन आईची एवं नागोया (जापान) में प्रस्तावित है।
- **एशियन गेम्स 2022 के अंतर्गत भारत ने कुल 28 स्वर्ण पदक प्राप्त किये जोकि निम्नलिखित हैं-**

| टीम/खिलाड़ी | संबंधित खेल/वर्ग/स्पर्धा |
|---|---|
| ऐश्वर्य तोमर, रूद्रांक्ष पाटिल, दिव्यांश पँवार | पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा (निशानेबाजी) |
| भारतीय क्रिकेट टीम | महिला क्रिकेट |
| दिव्यकृति सिंह, सुदीप्ति हजेला, हृदय विपुल चेड्डा, अनुष अग्रवाल | टीम ड्रेसेज स्पर्धा (घुड़सवारी) |
| ईशा सिंह, मनु भाकर, रिदम सांगवान | 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा (निशानेबाजी) |
| सिफत कौर सामरा | 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा (निशानेबाजी) |
| शिव नरवाल, सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा | 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम स्पर्धा (निशानेबाजी) |
| ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले, अखिल श्योराण | पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा (निशानेबाजी) |
| पलक गुलिया | महिला 10 मीटर एयर पिस्टल (निशानेबाजी) |
| रोहन बोपन्ना, रूतुजा भोंसले | मिक्स्ड डबल्स (लॉन टेनिस) |
| अभय सिंह, सौरव घोषाल, हरिंदर पाल संधू, महेश मनगांवकर | पुरुष टीम स्पर्धा (स्क्वॉश) |
| कीनान चेनाई, पृथ्वीराज टोंडाइमन, जोरावर सिंह | पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा (निशानेबाजी) |
| अविनाश साबले | पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज (एथलेटिक्स) |
| तजिंदरपाल सिंह तूर | पुरुष शॉट-पुट (एथलेटिक्स) |
| पारूल चौधरी | महिला 5000 मीटर दौड़ (एथलेटिक्स) |
| अन्नू रानी | महिला जैवलिन थ्रो (एथलेटिक्स) |
| ज्योति सुरेखा, ओजस प्रवीण देवतले | मिक्स्ड टीम कंपाउंड (तीरंदाजी) |
| नीरज चोपड़ा | पुरुष जैवलिन थ्रो (एथलेटिक्स) |
| अमोज जैकब, मोहम्मद अनश, मुहम्मद अजमल, राजेश रमेश | पुरुष 4 × 400 मीटर रिले (एथलेटिक्स) |
| परनीत कौर, अदिति गोपीचंद स्वामी, ज्योति सुरेखा | महिला टीम कंपाउंड (तीरंदाजी) |
| सात्विकसाईंराज रेड्डी, चिराग शेट्टी | पुरुष युगल (बैडमिंटन) |
| हरिंदर पाल संधू, दीपिका पल्लिकल | मिक्स्ड डबल्स (स्क्वॉश) |
| ओजस प्रवीण देवतले, अभिषेक वर्मा, प्रथमेश जावकर | पुरुष टीम कंपाउंड (तीरंदाजी) |
| भारतीय हॉकी टीम | पुरुष हॉकी |
| ज्योति सुरेखा | महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा (तीरंदाजी) |
| ओजस प्रवीण देवतले | पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा (तीरंदाजी) |
| भारतीय क्रिकेट टीम | पुरुष क्रिकेट |
| भारतीय कबड्डी टीम | पुरुष कबड्डी |
| भारतीय कबड्डी टीम | महिला कबड्डी |

## महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत अब तक दो बार एशियन गेम्स की मेजबानी कर चुका है। (प्रथम बार - 1951, नई दिल्ली) तथा (द्वितीय बार - 1982, नई दिल्ली)
- एशियन गेम्स के 18वें संस्करण का आयोजन वर्ष 2018 में जकार्ता (इंडोनेशिया) में हुआ था। इसके अंतर्गत भारत ने कुल 70 पदक प्राप्त किये थे। (16 स्वर्ण पदक, 23 रजत पदक, 31 कांस्य पदक)।
- 19वें एशियन गेम्स का आदर्श वाक्य 'Heart to Heart, @ Future' है।
- 19वें एशियन गेम्स के तीनों शुभंकर रोबोट्स को सामूहिक रूप से 'मेमोरीज़ ऑफ जियांगन' कहते हैं।
- 19वें एशियन गेम्स की मशाल 'इटरनल फ्लेम' है।
- 19वें एशियन गेम्स में परेड ऑफ नेशन्स की शुरूआत अफगानिस्तान खिलाड़ियों के दल ने की।
- 19वें एशियन गेम्स की परेड ऑफ नेशन्स में अंतिम दल के रूप में चीन रहा।
- 19वें एशियन गेम्स में भारतीय एथलीटों ने एथलेटिक्स के अंतर्गत सर्वाधिक कुल 29 पदक प्राप्त किये। (6 स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक, 9 कांस्य पदक)।
- 19वें एशियन गेम्स में दूसरे क्रम पर भारतीय निशानेबाजों ने कुल 22 पदक प्राप्त किये। (7 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक, 6 कांस्य पदक)
- 19वें एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक (7) निशानेबाजी में प्राप्त किये।
- 19वें एशियन गेम्स में भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 88.88 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक तथा किशोर जेना ने

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



87.54 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक प्राप्त किया।

- 19वें एशियन गेम्स में भारत के शॉट-पुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर ने 20.36 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने 19वें एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पवन सहरावत के नेतृत्व में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने फाइनल में ईरान को 33-29 के अंतर से पराजित करके 8वीं बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- भारतीय महिला कबड्डी टीम ने 19वें एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रीतू नेगी के नेतृत्व में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में चाइनीज ताइपे को 26-25 के अंतर से पराजित करके तीसरी बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह 19वें एशियन गेम्स में भारत का 100वाँ पदक था। भारत एशियन गेम्स के इतिहास में प्रथम बार 100 पदकों की संख्या से ऊपर रहा। **(कुल पदक 107)**
- भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 19वें एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में भारत ने फाइनल में अफगानिस्तान को पराजित किया।
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 19वें एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत ने फाइनल में जापान को 5-1 के अंतर से पराजित किया।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने 19वें एशियन गेम्स में सविता पूनिया के नेतृत्व में जापान को 2-1 से पराजित करके कांस्य पदक प्राप्त किया।
- अन्नू रानी (भारत की महिला जैवलिन थ्रोअर) ने 19वें एशियन गेम्स में 62.92 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण प्रदक प्राप्त किया। एशियन गेम्स के इतिहास में भारत के लिए जैवलिन थ्रो (महिला वर्ग) में यह प्रथम स्वर्ण पदक है तथा ऐसा करने वाली अन्नू रानी प्रथम भारतीय महिला बनीं।
- भारत की महिला ट्रैक एण्ड फील्ड खिलाड़ी पारूल चौधरी ने 19वें एशियन गेम्स में 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक प्राप्त किया।
- भारत की पुरुष बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईंराज रेड्डी तथा चिराग शेट्टी ने 19वें एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। फाइनल में भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के चोइ सोलंग्यु और किम वोन्हो की जोड़ी को दो सेटों में 21-18, 21-16 के अंतर से पराजित किया। एशियन गेम्स के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाली यह प्रथम भारतीय जोड़ी है।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



# इज़राइल-फिलिस्तीन विवाद



अक्टूबर महीने की शुरूआत में ही, इज़राइल और फिलिस्तीनी चरमपंथियों के संगठन हमास के बीच एक बार पुनः जंग की शुरूआत हो गई है। हमास के लड़ाकों ने इज़राइल पर हजारों रॉकेट दागे और कई उग्रवादी सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए इज़राइल के विभिन्न शहरों और कस्बों में घुस गए। हमास द्वारा किए गए इन हमलों के चलते, इज़राइल के सैकड़ों लोग मारे गए और घायल हो गए। इस हमले के जवाब में इज़राइल ने भी सख्त कार्रवाई शुरू कर, औपचारिक रूप से हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। इज़राइल के रक्षा मंत्री ने अपने रक्षा बलों को गाजा पट्टी, जिस पर वर्ष 2007 से फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास का कब्जा है, की पूर्ण घेराबंदी करने का निर्देश दिया। इन सबके चलते इज़राइल-फिलिस्तीन के बीच सदियों से चला आ रहा विवाद एक बार फिर से पुनर्जीवित हो गया है, जिसे रोकने के लिये वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

## विवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

इज़राइल और फिलिस्तीन के मध्य संघर्ष का आरंभ कोई हाल-फिलहाल के समय में उभरी घटना नहीं है, बल्कि इसकी शुरूआत 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी के आरंभ से देखी जा सकती है, जब फिलिस्तीन में यहूदियों के आप्रवासन में वृद्धि हुई। इसके चलते यहूदी आगंतुकों और अरब लोगों के बीच तनाव उत्पन्न होने लगा। वर्ष 1917 में ब्रिटिश सरकार द्वारा जारी 'बाल्फोर घोषणापत्र' में फिलिस्तीन के भीतर 'यहूदी लोगों के लिये राष्ट्रीय गृह' की स्थापना हेतु समर्थन व्यक्त किया गया। इस घोषणा पत्र के बाद से ही यहूदियों के लिये एक पृथक देश के गठन का आधार तैयार हो गया। ऐसा माना जाता है कि बाल्फोर घोषणा पत्र ही वह प्रमुख वजह थी, जिसने इज़राइल-फिलिस्तीन मतभेद को जन्म दिया। दरअसल, इस बाल्फोर घोषणापत्र में यह इंगित किया गया था कि ब्रिटेन, यहूदियों को उनकी पवित्र भूमि फिलिस्तीन देगा और वहाँ उनका पुनर्वास करवाएगा। इन सभी के चलते भारी मात्रा में यहूदियों का पलायन फिलिस्तीन में हुआ।

फिलिस्तीन में अपना प्रभुत्व मजबूत करने के बाद यहूदियों ने अरब फिलिस्तीनियों को वहाँ से भगाना शुरू कर दिया। इसके चलते यहूदियों और अरब फिलिस्तिनियों के बीच कई प्रकार के विद्रोह शुरू हो गए। साथ ही वर्ष 1920 से वर्ष 1940 के बीच यूरोप में यहूदियों के साथ अनेक अत्याचार किये गए। हिटलर के शासन के अंतर्गत पूरे यूरोप में भयंकर स्तर पर यहूदियों का नरसंहार हुआ। करीब 42 लाख यहूदियों को गैस चैंबर में डालकर मार दिया गया। ऐसे में यूरोप में रह रहे यहूदियों को फिलिस्तीन के अलावा कोई भी दूसरी जगह अधिक सुरक्षित नहीं लगी और उन्होंने फिलिस्तीन की ओर पलायन शुरू कर दिया। इसके परिणामस्वरूप यहूदियों और अरब लोगों के बीच मतभेद काफी ज्यादा बढ़ गया था।

यहूदियों और अरब फिलिस्तीनियों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर वर्ष 1947 में यह मुद्दा संयुक्त राष्ट्र के समक्ष भेजा गया। इस मामले पर संयुक्त राष्ट्र संघ में वोटिंग हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने फिलिस्तीन में स्वतंत्र यहूदी और अरब राज्य के निर्माण के लिये एक विभाजन योजना प्रस्तुत की, जिसे यहूदी नेताओं ने तो स्वीकार कर लिया था लेकिन अरब नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया था। दरअसल, इस विभाजन योजना में यहूदी बहुसंख्यक क्षेत्र इज़राइल को दिये जाने, अरब बहुसंख्यक देश फिलिस्तीनियों को दिये जाने तथा 'यरुशलम' को अंतर्राष्ट्रीय शहर बनाये जाने का प्रावधान था।

लेकिन, अरब नेताओं द्वारा इस योजना को अस्वीकार किये जाने के बाद यहूदियों तथा अरब फिलिस्तीनियों के बीच विवाद और बढ़ गया जिसके परिणामस्वरूप यहूदी नेताओं ने वर्ष 1948 में इज़राइल के निर्माण का ऐलान कर दिया। इज़राइल ने जैसे ही अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की, पड़ोसी अरब राज्यों के साथ उसका युद्ध शुरू हो गया। इस संघर्ष के चलते हजारों फिलिस्तीनियों का विस्थापन हुआ जिसने भविष्य के तनाव की नींव रखी। गौरतलब है कि यहूदियों और अरब फिलिस्तीनियों के बीच हुए इस युद्ध को अरब-इज़राइल युद्ध (1948) के नाम से जाना जाता है। इस युद्ध के अंत में इज़राइल ने संयुक्त राष्ट्र की विभाजन योजना की अपेक्षा फिलिस्तीन के लगभग 50% से अधिक क्षेत्र पर अपना नियंत्रण कर लिया था।

अरब देशों (मिस्र, इराक, सीरिया और जॉर्डन) तथा इज़राइल के बीच लड़े गए इस पहले युद्ध के परिणामस्वरूप यरुशलम का पश्चिमी हिस्सा इज़राइल की राजधानी बना था तथा यरुशलम का पूर्वी हिस्सा जॉर्डन को प्राप्त हुआ था। इस युद्ध के बाद ही इज़राइल ने विस्तारवादी नीति अपनाई थी और उसने यरुशलम के पूर्वी हिस्से की तरफ विस्तार करने पर बल दिया था। आगे चलकर इज़राइल की संसद ने एक कानून पारित कर संपूर्ण यरुशलम को इज़राइल की राजधानी घोषित कर दिया था।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



गौरतलब है कि यरुशलम यहूदी, इस्लाम और ईसाई धर्म तीनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यरुशलम में इस्लाम की सबसे पवित्र मस्जिदों में से एक 'अल-अक्सा मस्जिद', यहूदियों का प्रार्थना स्थल 'टेंपल माउंट' और ईसाइयों का 'चर्च ऑफ द होली सेपल्कर' स्थित है।

फिलिस्तीन और इज़राइल के बीच होने वाले संघर्ष के आलोक में ही फिलिस्तीन के लोगों ने फिलिस्तीन मुक्ति संगठन का निर्माण किया, जिसका मुख्य उद्देश्य फिलिस्तीन के लोगों का पुर्नवास करना, उनकी सुरक्षा करना तथा उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिये इज़राइल के विरुद्ध कार्य करना था। इज़राइल और फिलिस्तीन के मध्य चलने वाले इस लंबे संघर्ष के बीच फिलिस्तीन के लोगों ने आतंकवाद के माध्यम से अपने उद्देश्यों को पूरा करने का विचार बनाया और वर्ष 1987 में 'हमास' आतंकवादी संगठन का गठन किया। इस आतंकवादी संगठन का उद्देश्य जिहाद का सहारा लेकर स्वतंत्र फिलिस्तीन की स्थापना करने के लिये विस्तृत भू-भाग पर कब्जा करना और आंतकवाद के माध्यम से इज़राइल को कमजोर करना है।

गौरतलब है कि हमास एक कट्टर सुन्नी मुस्लिम संगठन है जिसे सीरिया और ईरान जैसे देशों द्वारा समर्थन प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में इस आतंकवादी संगठन ने गाजा पट्टी नामक स्थल पर अपना कब्जा स्थापित कर रखा है जोकि फिलिस्तीनी जनसंख्या बहुल क्षेत्र है और भूमध्य सागर के तट पर स्थित है। दरअसल, हमास, संयुक्त राष्ट्र संगठन तथा ओस्लो शांति समझौते द्वारा सुझाए गए Two State Solution को मानने के लिये तैयार नहीं है और यह इस क्षेत्र में इज़राइल के सभी दावों को पूर्ण रूप से खारिज करता है।

## वर्तमान में जारी इज़राइल-हमास संघर्ष



वर्तमान में जारी इज़राइल-हमास संघर्ष भूमि, सप्रंभुता और सुरक्षा को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जारी विवाद का ही एक अंग है। इस हालिया संघर्ष का आरंभ 7 अक्टूबर 2023 को हुआ जब हमास ने अचानक इज़राइल पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए इज़्राइल ने गाजा पर भारी हवाई हमलें किए। इस संघर्ष के चलते दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग हताहत हुए और भारी जान-माल का नुकसान हुआ।

हाल ही में इज़राइल पर हमास द्वारा हमला किए जाने का एक कारण, सऊदी अरब तथा इज़राइल के साथ-साथ अन्य देशों को एक साथ लाने के प्रयासों को बाधित करना माना जा सकता है जो इज़राइल के साथ अपने संबंधों को मैत्रीपूर्ण बनाना चाहते हैं। दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, सऊदी अरब आदि देशों के साथ इज़राइल के संबधों के चलते, इन देशों के बीच अंतर-निर्भरता और अंतर्संबंध की स्थिति बनेगी जो फिलिस्तीन के लिये चिंता का विषय बनेगा। साथ ही हमास का मानना है कि इज़राइल के साथ क्षेत्रीय शक्तियों के संबंधों में सामान्यीकरण से फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर पुन: कब्जा करने के मामले में इज़राइल की स्थिति और मजबूत होगी।

## इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख

भारत वर्ष 1947 में संयुक्त राष्ट्र की विभाजन योजना का विरोध करने वाले कुछ देशों में एक था। भारत ने वर्ष 1950 में इज़राइल को मान्यता प्रदान की थी और वर्ष 1988 में फिलिस्तीन को राज्य के रूप में मान्यता प्रदान की थी। विश्व में सबसे लंबे समय तक चलने वाले इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत की नीति पहले चार दशकों के लिये फिलिस्तीन का समर्थक होने से लेकर बाद के तीन दशकों में इज़राइल के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों के साथ संतुलन बनाने वाली रही। लिंक वेस्ट पॉलिसी के एक हिस्से के रूप में भारत ने इज़राइल और फिलिस्तीन के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग देखने का दृष्टिकोण अपनाया ताकि दोनों देशों के साथ भारत परस्पर स्वतंत्र और विशिष्ट संबंध विकसित कर सके। अभी तक भारत ने एक ओर फिलिस्तीन आत्मनिर्णय के प्रति अपनी ऐतिहासिक नैतिक समर्थक की छवि को बनाए रखने की कोशिश की है, तो दूसरी ओर इज़राइल के साथ सैन्य, आर्थिक एवं अन्य रणनीतिक संबंधों में संलग्न बने रहने का प्रयास किया है। इसके अलावा भारत, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के सबंध में Two State Solution में विश्वास रखता है तथा शांतिपूर्ण तरीके से इस संघर्ष को हल करने के साधन के रूप में आपसी संवाद एवं कूटनीति की वकालत करता है।

## निष्कर्ष

इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच लंबे समय से चला आ रहा यह संघर्ष विश्व की विभिन्न जटिल समस्याओं में से एक है इसलिये इससे संबंधित विभिन्न पक्षों को तथा विश्व की प्रमुख महाशक्तियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी भली-भाँति समझनी चाहिए और इस समस्या के समाधान के लिये सार्थक कदम उठाने चाहिए। साथ ही इस क्षेत्र में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों को यह भी समझना चाहिए कि हिंसा और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकते हैं। इसके अलावा, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को गंभीरता से इस समस्या के समाधान की तरफ आगे बढ़ना चाहिए, ताकि इस क्षेत्र में उपस्थित मानवाधिकार सुनिश्चित किए जा सकें तथा यहाँ के लोगों को एक बेहतर जीवन प्रदान किया जा सके।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदाधिकारी

## राष्ट्रीय पदाधिकारी

(30 सितंबर, 2023 तक अद्यतन आँकड़ों के अनुसार)

### भारत के प्रमुख शीर्ष पदाधिकारी

भारत की राष्ट्रपति -द्रौपदी मुर्मू (क्रम - 15वाँ)
भारत के उप-राष्ट्रपति -श्री जगदीप धनखड़ (क्रम - 14वाँ)
भारत के प्रधानमंत्री -श्री नरेन्द्र मोदी (क्रम - 14वाँ)

### भारत के मुख्य न्यायिक पदाधिकारी

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश -धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ (क्रम - 50वाँ)
भारत के महान्यायवादी -आर. वेंकटरमणि (क्रम - 16वाँ)
भारत के सॉलिसिटर जनरल -तुषार मेहता

### भारतीय संसद के मुख्य पदाधिकारी

लोकसभा के अध्यक्ष -ओम बिरला (क्रम - 17वाँ)
लोकसभा के महासचिव -उत्पल कुमार सिंह
राज्यसभा के सभापति -श्री जगदीप धनखड़ (उप-राष्ट्रपति)
राज्यसभा के उपसभापति -हरिवंश नारायण सिंह
राज्यसभा के महासचिव -पी.सी. मोदी

### भारतीय निर्वाचन (चुनाव) आयोग के मुख्य पदाधिकारी

भारत के मुख्य निर्वाचन (चुनाव) आयुक्त -राजीव कुमार (क्रम - 25वाँ)
भारत के निर्वाचन (चुनाव) आयुक्त -अनूप चंद्र पाण्डेय तथा अरुण गोयल

### भारत के CAG तथा CGA पदाधिकारी

भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक -गिरीश चंद्र मुर्मू (क्रम - 14वाँ)
भारत के लेखा महानियंत्रक -एस.एस. दुबे (क्रम - 28वाँ)

### भारतीय सेनाओं के मुख्य पदाधिकारी

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ -अनिल चौहान (क्रम - दूसरा)
भारतीय थल-सेना के अध्यक्ष -मनोज पाण्डेय
भारतीय नौ-सेना के अध्यक्ष -आर. हरि कुमार
भारतीय वायु-सेना के अध्यक्ष -विवेक राम चौधरी

### भारत सरकार के प्रमुख सलाहकार तथा सचिव

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार -अजीत कुमार डोवाल
भारत के उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार -पंकज कुमार सिंह
भारत के प्रमुख आर्थिक सलाहकार -वी. अनन्त नागेश्वरन
भारत के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार -अजय कुमार सूद
भारत के कैबिनेट सचिव -राजीव गौबा
भारत के गृह सचिव -अजय कुमार भल्ला
भारत के विदेश सचिव -विनय मोहन क्वात्रा
भारत के रक्षा सचिव -गिरिधर अरमने
भारत के वित्त सचिव -टी.वी. सोमनाथन

### भारत की संसदीय समितियों के प्रमुख पदाधिकारी

सार्वजनिक उपक्रम समिति के अध्यक्ष -संतोष कुमार गंगवार
लोक-लेखा समिति के अध्यक्ष -अधीर रंजन चौधरी

### भारत के मुख्य आयोग तथा उनके अध्यक्ष

नीति आयोग के अध्यक्ष -श्री नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री)
नीति आयोग के उपाध्यक्ष -श्री सुमन के. बेरी
नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी -श्री बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम
सातवें वेतन आयोग के अध्यक्ष -अशोक कुमार माथुर
पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष -नंद किशोर सिंह
बाईसवें विधि आयोग के अध्यक्ष -ऋतुराज अवस्थी
संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के अध्यक्ष -डॉ. मनोज सोनी
कर्मचारी चयन आयोग (SSC) के अध्यक्ष -एस. किशोर
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) के अध्यक्ष -श्री हंसराज गंगाराम अहीर
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) के अध्यक्ष -श्री हर्ष चौहान
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) के अध्यक्ष -श्री इकबाल सिंह लालपुरा

SearchOnTG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की अध्यक्ष -श्रीमती रेखा शर्मा (क्रम - 9वाँ)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष -न्यायमूर्ति श्री अरुण कुमार मिश्रा

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) के अध्यक्ष -न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) के अध्यक्ष -प्रियंक कानूनगो

## भारतीय अर्द्ध-सैनिक बलों के प्रमुख पदाधिकारी

भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा (आई.आर.पी.एफ.एस.) के महानिदेशक -मनोज यादव

भारतीय तटरक्षक बल (आई.सी.जी.) के महानिदेशक -राकेश पाल

सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के महानिदेशक -नितिन अग्रवाल

सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी.) के महानिदेशक -रश्मि शुक्ला

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी.) के महानिदेशक -अनीश दयाल सिंह

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) के महानिदेशक -शीलवर्द्धन सिंह

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) के महानिदेशक -एस.एल. थॉओसेन

असम राइफल्स (ए.आर.) के महानिदेशक -प्रदीप चंद्रन नायर

## भारत के प्रमुख जाँच संगठनों/गुप्तचर संस्थाओं के मुख्य पदाधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण (जाँच) ब्यूरो के निदेशक -प्रवीण सूद

केंद्रीय अन्वेषण (जाँच) ब्यूरो के विशेष निदेशक -अजय भटनागर

अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (RAW) के मुख्य (चीफ) -रवि सिन्हा

इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के मुख्य (चीफ) -तपन कुमार डेका

भारत के मुख्य सूचना आयोग के आयुक्त -यशवर्धन कुमार सिन्हा

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त -प्रवीण कुमार श्रीवास्तव

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक -सत्य नारायण प्रधान

राष्ट्रीय अन्वेषण (जाँच) एजेंसी के महानिदेशक -दिनकर गुप्ता

प्रवर्तन निदेशालय के अंतरिम निदेशक -राहुल नवीन

## प्रमुख भारतीय प्राधिकरण, बोर्ड, सार्वजनिक उपक्रम, आयोग के मुख्य पदाधिकारी

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) की अध्यक्ष -श्रीमती रवनीत कौर

भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड की अध्यक्ष -माधबी पुरी बुच

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष -संजय कुमार अग्रवाल

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष -नितिन गुप्ता

रेलवे (रेल बोर्ड) की अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी -जया वर्मा सिन्हा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष -संतोष कुमार यादव

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी -अमित अग्रवाल

भारत संचार निगम लिमिटेड के निदेशक -प्रवीण कुमार पुरवार

भारतीय दूरसंचार विनयामक प्राधिकरण के अध्यक्ष -डॉ. पी.डी. वाघेला

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष -संजीव कुमार

## प्रमुख भारतीय खेल संगठन तथा उनके मुख्य पदाधिकारी

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष -पी.टी. ऊषा

भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष -दीपा मलिक

भारतीय बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष -हिमंता बिस्वा सरमा

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष -कल्याण चौबे

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष -दिलीप टर्की

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) के अध्यक्ष -रोजर बिन्नी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) के आचरण अधिकारी तथा लोकपाल -विनीत सरन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) की सीनियर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष - अजित अगरकर

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच - राहुल द्रविड़

## प्रमुख भारतीय शिक्षण संस्थाओं के मुख्य पदाधिकारी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के निदेशक -दिनेश प्रसाद सकलानी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अध्यक्ष -निधि छिब्बर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चैयरमेन -प्रो. एम. जगदीश कुमार

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति -प्रो. योगेश सिंह

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति -प्रो. शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के कुलपति -प्रो. नागेश्वर राव

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति -डॉ. सुधीर के. जैन

जामिया मिलिया इस्लामिया की कुलपति -प्रो. नज़मा अख्तर

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान तथा संगठन के मुख्य पदाधिकारी

रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) के अध्यक्ष -डॉ. समीर वी. कामत

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष -एस.पी. सोमनाथ

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक -डॉ. एन. कलैसेल्वी

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बी.ए.आर.सी.) के निदेशक –विवेक भसीन

परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के अध्यक्ष -दिनेश कुमार शुक्ला

परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष -डॉ. अजित कुमार मोहंती

## प्रमुख भारतीय मीडिया (प्रेस) एवं मुख्य पदाधिकारी

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष -आर. माधवन

प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक -मनीष देसाई

प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष -के.एन. शांता कुमार

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के अध्यक्ष -परेश रावल

आकाशवाणी और समाचार सेवा प्रभाग की प्रधान महानिदेशक -डॉ. वसुधा गुप्ता

## प्रमुख भारतीय बैंक, वित्तीय संस्थान, वाणिज्यिक संस्थान, बीमा संस्थान एवं मुख्य पदाधिकारी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर -शक्तिकांत दास

भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष -दिनेश कुमार खारा

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष -श्री शाजी के.वी.

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के अध्यक्ष -शिवासुब्रह्मण्यम रमण

भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष -आर. दिनेश

भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक (एम.डी.) -आर. दुरईस्वामी

भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष -सिद्धार्थ मोहंती

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष -देबाशीष पाण्डा

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक -डॉ. राजेंद्र कुमार

फिक्की के अध्यक्ष -शुभ्राकांत पाण्डा

फिक्की के महासचिव -शैलेश पाठक

इफको के अध्यक्ष -दिलीप संघाणी

## अंतर्राष्ट्रीय पदाधिकारी

(30 सितंबर 2023 तक अद्यतन आँकड़ों के अनुसार)

| प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठन/संस्था | पदाधिकारी (महासचिव, महानिदेशक, अध्यक्ष) | पदाधिकारी संबंधित देश |
|---|---|---|
| संयुक्त राष्ट्र संघ | एंटोनियो गुटेरस | पुर्तगाल |
| संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम | अचिम स्टेनर | ब्राजील |
| विश्व स्वास्थ्य संगठन | टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसस | इथोपिया |
| विश्व व्यापार संगठन | न्गोज़ि ओकोंजो इवेला | नाइजीरिया |
| विश्व बैंक | अजय बंगा | भारत |
| अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष | क्रिस्टालिना जॉर्जीवा | बुल्गारिया |
| अंकटाड | रिबेका ग्रिनस्पैन | कोस्टारिका |
| यूनीसेफ | कैथरीन एम. रसेल | यू.एस.ए. |
| यूनेस्को | ऑड्रे अज़ोले | फ्रांस |
| अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन | गिल्बर्ट हॉन्बो | टोगो |
| खाद्य तथा कृषि संगठन | कु डोंग्यु | चीन |
| अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय | जोन ई. डोनोग्यू | यू.एस.ए. |
| इंटरपोल | महासचिव – जुर्गेन स्टॉक<br>अध्यक्ष – अहमद नसेर अल रायसी | जर्मनी<br>यू.ए.ई |
| नाटो | जेन्स स्टोलटेन बर्ग | नॉर्वे |
| अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन | अजय माथुर | भारत |
| न्यू डेवलपमेंट बैंक | डिल्मा रूसेफ | ब्राजील |
| एशियाई विकास बैंक | मासात्सुगु असाकावा | जापान |
| ओपेक | हैथम अल-घैस | कुवैत |
| अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी | रॉफेल मारियानो ग्रॉसी | अर्जेंटीना |
| आसियान | काओ किम हॉर्न | कम्बोडिया |
| कॉमनवेल्थ ऑफ नेशन्स | पेट्रीसिया जे. स्कॉटलैंड | – |
| शंघाई सहयोग संगठन | झांग मिंग | चीन |
| एमनेस्टी | एग्नेस कॉलमार्ड | फ्रांस |
| अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् | ग्रेग बॉर्कले | न्यूजीलैंड |
| अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति | थॉमस बाख | जर्मनी |
| फीफा | गिआनी इन्फैंटिनो | – |
| अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ | तैय्यब इकराम | मकाऊ |
| विश्व एथलेटिक्स संघ | अध्यक्ष-सेबेस्टियन को<br>उपाध्यक्ष – आदिल सुमरीवाला | इंग्लैंड<br>भारत |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# केंद्रीय मंत्रिपरिषद्

**वर्तमान स्थिति में केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में प्रमुख कैबिनेट मंत्री तथा उनसे संबंधित मंत्रालय**

(30 सितंबर, 2023 तक अद्यतन आँकड़ों के अनुसार)

| कैबिनेट मंत्री | संबंधित मंत्रालय/पद |
|---|---|
| श्री नरेंद्र मोदी | प्रधानमंत्री |
| श्री अमित शाह | गृह एवं सहकारिता मंत्री |
| श्री राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री |
| श्रीमती निर्मला सीतारमण | वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री |
| श्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर | विदेश मंत्री |
| श्री नितिन गडकरी | सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री |
| श्री नरेंद्र सिंह तोमर | कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री |
| श्री अश्विनी वैष्णव | रेलवे, संचार तथा सूचना-प्रौद्योगिकी (आई.टी.) मंत्री |
| श्री अनुराग ठाकुर | युवा मामले, खेल एवं सूचना-प्रसारण मंत्री |
| श्री पीयूष गोयल | उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय |
| श्री धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा एवं कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री |
| श्री मनसुख मंडाविया | स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं रासायनिक उर्वरक मंत्री |
| श्री हरदीप सिंह पुरी | आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्री |
| श्रीमती स्मृति ईरानी | महिला तथा बाल विकास मंत्रालय, अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री (अतिरिक्त प्रभार) |
| श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया | नागरिक उड्डयन मंत्रालय, इस्पात मंत्री (अतिरिक्त प्रभार) |
| श्री अर्जुन मुंडा | जनजातीय मामलों के मंत्री |
| श्री गजेंद्र सिंह शेखावत | जल शक्ति मंत्रालय |
| श्री गिरिराज सिंह | ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज्य मंत्रालय |
| श्री परषोत्तम रूपाला | मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री |
| श्री गंगापुरम किशन रेड्डी | पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री |
| श्री वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्री |
| श्री सर्बानंद सोनोवाल | आयुष मंत्री; बंदरगाह, शिपिंग एवं जलमार्ग मंत्री |
| श्री भूपेंद्र यादव | पर्यावरण, वन तथा जलवायु मंत्रालय; श्रम तथा रोजगार मंत्रालय |
| श्री राज कुमार सिंह | विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री |
| श्री महेंद्र नाथ पाण्डेय | भारी उद्योग मंत्रालय |
| श्री पशुपति कुमार पारस | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री |
| श्री प्रहलाद जोशी | संसदीय कार्य एवं कोयला और खान मंत्री |
| श्री नारायण तातु राने | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री |
| श्री किरेन रिजिजू | पृथ्वी-विज्ञान मंत्रालय |

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

| मंत्री | संबंधित मंत्रालय/पद |
|---|---|
| श्री अर्जुन राम मेघवाल | कानून (विधि) एवं न्याय मंत्रालय |
| श्री राव इंद्रजीत सिंह | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार), कॉर्पोरेट मंत्रालय |
| डॉ. जितेन्द्र सिंह | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## प्रमुख राज्य मंत्री

| मंत्री | संबंधित मंत्रालय/पद |
|---|---|
| श्रीमती अनुप्रिया पटेल | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय |
| श्री प्रहलाद सिंह पटेल | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय |
| जनरल (रि.) वी.के. सिंह | नागरिक उड्डयन मंत्रालय, सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय |
| श्री अश्विनी कुमार चौबे | पर्यावरण, वन तथा जलवायु मंत्रालय और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय |
| श्रीमती मीनाक्षी लेखी | विदेश मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय |
| साध्वी निरंजन ज्योति | ग्रामीण विकास मंत्रालय; उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय |
| श्री अर्जुन राम मेघवाल | संस्कृति मंत्रालय, संसदीय कार्य मंत्री |
| डॉ. संजीव कुमार बालियान | मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय |
| श्री एस.पी. सिंह बघेल | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# भारत के राज्य

| राज्य | राजधानी | निर्माण वर्ष | राज्यपाल | मुख्यमंत्री | लोकसभा सीटें | राज्यसभा सीटें | विधानसभा सीटें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिहार | पटना | 22 मार्च, 1912 | राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर | नीतीश कुमार | 40 | 16 | 243 |
| ओड़िशा | भुवनेश्वर | 1 अप्रैल, 1936 | प्रो. गणेशी लाल | नवीन पटनायक | 21 | 10 | 147 |
| राजस्थान | जयपुर | 30 मार्च, 1949 | कलराज मिश्र | अशोक गहलोत | 25 | 10 | 200 |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 24 जनवरी, 1950 | आनंदीबेन पटेल | योगी आदित्यनाथ | 80 | 31 | 403 |
| तमिलनाडु | चेन्नई | 26 जनवरी, 1950 | आर.एन. रवि | एम.के. स्टालिन | 39 | 18 | 234 |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 1 नवंबर, 1956 | सी.वी. आनन्द बोस | ममता बनर्जी | 42 | 16 | 294 |
| असम | दिसपुर | 26 जनवरी, 1950 | गुलाबचंद कटारिया | हेमंता बिस्वा सरमा | 14 | 7 | 126 |
| आंध्र प्रदेश | विशाखापट्टनम | 1 अक्टूबर, 1953 | एस. अब्दुल नजीर | जगमोहन रेड्डी | 25 | 11 | 175 |
| मध्य प्रदेश | भोपाल | 1 नवंबर, 1956 | मंगूभाई छगनभाई पटेल | शिवराज सिंह चौहान | 29 | 11 | 230 |
| कर्नाटक | बेंगलुरु | 1 नवंबर, 1956 | थावरचंद गहलोत | सिद्धारमैया | 28 | 12 | 224 |
| केरल | तिरुवनंतपुरम् | 1 नवंबर, 1956 | आरिफ मोहम्मद खान | पिनाराई विजयन | 20 | 9 | 140 |
| गुजरात | गांधीनगर | 1 मई, 1960 | आचार्य देवव्रत | भूपेंद्र पटेल | 26 | 11 | 182 |
| महाराष्ट्र | मुंबई | 1 मई, 1960 | रमेश बैस | एकनाथ शिंदे | 48 | 19 | 288 |
| गोवा | पणजी | 30 मई, 1987 | पी.एस. श्रीधरन पिल्लई | प्रमोद सावंत | 2 | 1 | 40 |
| नागालैण्ड | कोहिमा | 1 दिसंबर, 1963 | ला गणेशन | नेफ्यू रियो | 1 | 1 | 60 |
| पंजाब | चंडीगढ़ | 1 नवंबर, 1966 | बनवारी लाल पुरोहित (अतिरिक्त प्रभार) | भगवंत मान | 13 | 7 | 117 |
| हरियाणा | चंडीगढ़ | 1 नवंबर, 1966 | बंडारू दत्तात्रेय | मनोहर लाल खट्टर | 10 | 5 | 90 |
| हिमाचल प्रदेश | शिमला | 25 जनवरी, 1971 | शिव प्रताप शुक्ल | सुखविंदर सिंह सुक्खू | 4 | 3 | 68 |
| मणिपुर | इंफाल | 21 जनवरी, 1972 | अनुसुईया उइके | एन. बीरेन सिंह | 2 | 1 | 60 |
| त्रिपुरा | अगरतला | 21 जनवरी, 1972 | सत्यदेव नारायण आर्य | माणिक साहा | 2 | 1 | 60 |
| मेघालय | शिलॉग | 21 जनवरी, 1972 | फागू चौहान | कॉनराड संगमा | 2 | 1 | 60 |
| सिक्किम | गंगटोक | 16 मई, 1975 | लक्ष्मण प्रसाद आचार्य | प्रेम सिंह तमांग | 1 | 1 | 32 |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | 20 फरवरी, 1987 | लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक (सेवानिवृत्त) | पेमा खांडू | 2 | 1 | 60 |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मिजोरम | आइजोल | 20 फरवरी, 1987 | डॉ. कंभमपति हरिबाबू | जोरमथंगा | 1 | 1 | 40 |
| छत्तीसगढ़ | रायपुर | 1 नवंबर, 2000 | बिस्वा भूषण हरिचंदन | भूपेश बघेल | 11 | 5 | 90 |
| उत्तराखंड | देहरादून (शीतकालीन)/ गैरसैण (ग्रीष्मकालीन) | 9 नवंबर, 2000 | लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) | पुष्कर सिंह धामी | 5 | 3 | 70 |
| झारखण्ड | राँची | 15 नवंबर, 2000 | सी.पी. राधाकृष्णन | हेमंत सोरेन | 14 | 6 | 81 |
| तेलंगाना | हैदराबाद | 2 जून, 2014 | डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन | के. चंद्रशेखर राव | 17 | 7 | 119 |

## केंद्रशासित प्रदेश

| केंद्रशासित प्रदेश | राजधानी | निर्माण वर्ष | उप-राज्यपाल/ प्रशासक | मुख्यमंत्री | लोकसभा सीटें | राज्यसभा सीटें | विधानसभा सीटें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुदुचेरी (पांडिचेरी) | पुदुचेरी | 1 नवंबर, 1954 | डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन (अतिरिक्त प्रभार) | एन. रंगास्वामी | 1 | 1 | 30 |
| दिल्ली | नई दिल्ली | 1 नवंबर, 1956 | विनय कुमार सक्सेना | अरविंद केजरीवाल | 7 | 3 | 70 |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप | पोर्टब्लेयर | 1 नवंबर, 1956 | एडमिरल डी.के. जोशी | – | 1 | – | |
| लक्षद्वीप | कवरत्ती | 1 नवंबर, 1956 | प्रफुल्ल पटेल (प्रशासक) | – | 1 | – | |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 1 नवंबर, 1966 | बनवारी लाल पुरोहित (प्रशासक) | – | 1 | – | |
| जम्मू-कश्मीर | श्रीनगर (ग्रीष्मकाल), जम्मू (शीतकाल) | 31 अक्टूबर, 2019 | मनोज सिन्हा | | 5 | 4 | 90 |
| लद्दाख | लेह | 31 अक्टूबर, 2019 | ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) | 1 | 1 | | |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | दमन | 26 जनवरी, 2020 | प्रफुल्ल पटेल (प्रशासक) | | 2 | | |

**विशेष नोट :** वर्तमान में केवल दो केंद्रशासित प्रदेशों (दिल्ली तथा पुदुचेरी) में ही राज्य विधानसभा हैं, इसलिए यहाँ पर ही मुख्यमंत्री पदासीन हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# भारत के उच्च न्यायालय

| उच्च न्यायालय | मुख्य न्यायाधीश | मुख्य पीठ | खंड पीठ | राज्य क्षेत्रीय अधिकारिता | निर्माण वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| इलाहाबाद उच्च न्यायालय | प्रीतिंकर दिवाकर | प्रयागराज | लखनऊ | उत्तर प्रदेश | 1866 |
| पटना उच्च न्यायालय | के. विनोद चंद्रन | पटना | | बिहार | 1916 |
| राजस्थान उच्च न्यायालय | ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह | जोधपुर | जयपुर | राजस्थान | 1949 |
| कलकत्ता उच्च न्यायालय | टी.एस. शिवगणनम् | कोलकाता | पोर्ट ब्लेयर | पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1862 |
| बॉम्बे उच्च न्यायालय | देवेंद्र कुमार उपाध्याय | मुंबई | नागपुर, पणजी और औरंगाबाद | महाराष्ट्र, गोवा, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 1862 |
| मद्रास उच्च न्यायालय | संजय वी. गंगापुरवाला | चेन्नई | मदुरै | तमिलनाडु, पुडुचेरी (पांडिचेरी) | 1862 |
| मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय | आर.वी. मलिमथ | जबलपुर | ग्वालियर, इंदौर | मध्य प्रदेश | 1956 |
| दिल्ली उच्च न्यायालय | सतीश चन्द्र शर्मा | नई दिल्ली | | एन.सी.टी. दिल्ली | 1966 |
| गुजरात उच्च न्यायालय | सुनीता अग्रवाल | अहमदाबाद | | गुजरात | 1960 |
| केरल उच्च न्यायालय | आशीष जितेंद्र देसाई | एर्नाकुलम, कोच्चि | | केरल, लक्षद्वीप | 1956 |
| उड़ीसा उच्च न्यायालय | विद्युत रंजन सांरगी | कटक | | ओडिशा | 1948 |
| गौहाटी उच्च न्यायालय | संदीप मेहता | गुवाहाटी | कोहिमा, आईजोल, ईटानगर | असम, नागालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश | 1948 |
| जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय | एन. कोटिश्वर सिंह | श्रीनगर (ग्रीष्मकाल) जम्मू (शीतकाल) | – | जम्मू-कश्मीर, लद्दाख | 1928 |
| कर्नाटक उच्च न्यायालय | प्रसन्ना बी. वरले | बंगलुरु | धारवाड़, गुलबर्ग | कर्नाटक | 1884 |
| पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय | रितु बाहरी (कार्यवाहक) | चंडीगढ़ | | पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ | 1966 |
| हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय | एम.एस. रामचन्द्र राव | शिमला | | हिमाचल प्रदेश | 1971 |
| सिक्किम उच्च न्यायालय | विश्वनाथ सोमाद्दर | गंगटोक | | सिक्किम | 1975 |
| उत्तराखंड उच्च न्यायालय | विपिन सांघी | नैनीताल | | उत्तराखंड | 2000 |
| छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय | रमेश सिन्हा | बिलासपुर | | छत्तीसगढ़ | 2000 |
| झारखंड उच्च न्यायालय | संजय कुमार मिश्रा | राँची | | झारखंड | 2000 |
| त्रिपुरा उच्च न्यायालय | अपरेश कुमार सिंह | अगरतला | | त्रिपुरा | 2013 |
| मेघालय उच्च न्यायालय | संजीब बनर्जी | शिलांग | | मेघालय | 2013 |
| मणिपुर उच्च न्यायालय | एम.वी. मुरलीधरन | इंफाल | | मणिपुर | 2013 |
| तेलंगाना उच्च न्यायालय | आलोक अराधे | हैदराबाद | | तेलंगाना | 2019 |
| आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय | धीरज सिंह ठाकुर | अमरावती | | आंध्र प्रदेश | 2019 |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## त्रिपुरा ने शुरू की ई-कैबिनेट प्रणाली

- त्रिपुरा सरकार ने राज्य में डिजिटल व्यवस्था विकसित करने के लिये राज्य सचिवालय में ई-कैबिनेट प्रणाली शुरू की।
- त्रिपुरा ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बाद चौथा राज्य और पूर्वोत्तर का दूसरा राज्य बन गया है।
- ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने से राज्य में कार्बन फुटप्रिंट और इनवायरनमेंट डिग्रेडेशन को कम किया जा सकेगा।

## देश का पहला कार्टोग्राफी संग्रहालय : जॉर्ज-एवरेस्ट

- विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मसूरी (उत्तराखंड) में जार्ज एवरेस्ट कार्टोग्राफी संग्रहालय का उद्घाटन किया गया।
- यह देश का पहला कार्टोग्राफी संग्रहालय है और इसका निर्माण जॉर्ज एवरेस्ट हाउस में किया गया है जोकि सर्वेक्षक सर जॉर्ज एवरेस्ट का पूर्व घर है।
- नवनिर्मित जॉर्ज एवरेस्ट कार्टोग्राफी संग्रहालय कार्टोग्राफी, सर्वेक्षण और पर्वतारोहण के समृद्ध इतिहास को संरक्षित करने के लिये समर्पित है।
- इस संग्रहालय का निर्माण एशियाई विकास बैंक (ADB) की मदद से किया गया है।

## ऑस्कर्स 2024 में मलयालम फिल्म को मिली एंट्री

- हाल ही में मलयालम फिल्म '2018 : एवरीवन इज ए हीरो' को सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म श्रेणी के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिये अकादमी पुरस्कार या ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री मिली है।
- यह फिल्म 2018 में भारी बारिश के कारण केरल को प्रभावित करने वाली भीषण बाढ़ का वर्णन करती है।
- यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म है।

## इंडस ऐप स्टोर

- डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक कंपनी PhonePe ने Google के Play Store एकाधिकार को चुनौती देने के लिये 'इंडस ऐप स्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म' नामक ऐप स्टोर लॉन्च किया।
- यह ऐप स्टोर 12 स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध होगा और डेवलपर्स को Google के प्लेटफॉर्म शुल्क और कमीशन शुल्क का विकल्प देगा।
- इंडस ऐपस्टोर पर ऐप लिस्टिंग पहले वर्ष के लिये मुफ्त होगी परंतु उसके बाद नाममात्र का वार्षिक शुल्क देना होगा।

## अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में AFSPA की समय सीमा बढ़ी

- केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में AFSPA (सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम) को 1 अक्टूबर 2023 से छह महीने के लिये बढ़ा दिया है।
- AFSPA यानि Armed Forces Special Powers Act को लेकर राज्य और केंद्र दोनों सरकारें अधिसूचना जारी कर सकती हैं।
- गृह मंत्रालय (केंद्र सरकार) केवल नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में AFSPA का विस्तार करने के लिये समय-समय पर अशांत क्षेत्र अधिसूचना जारी करता है। मणिपुर और असम में AFSPA का विस्तार करने वाली अधिसूचना राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती है।

## भारत की पहली ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडिया गेट (नई दिल्ली) से देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस को हरी झंडी दिखाई।
- इस बस का निर्माण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) द्वारा किया गया है और यह बस केवल पानी का उत्सर्जन करती है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## भारत-संयुक्त राष्ट्र क्षमता निर्माण पहल

- भारत और संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त रूप से ग्लोबल साउथ के देशों में विकास को बढ़ावा देने के लिये 'भारत-संयुक्त राष्ट्र क्षमता निर्माण पहल' शुरू की।
- इस पहल का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के देशों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के विकास के अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं और विशेषज्ञता को साझा करना है।
- यह पहल भारत की G-20 अध्यक्षता के दौरान स्थापित विकास लक्ष्यों को भी पूरा करेगी।

## भारत के 75% गाँव हुए ODF+

- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण II के तहत देश के कुल गाँवों में से तीन-चौथाई यानी 75% गाँवों ने ODF+ (Open Defecation Free +) का दर्जा हासिल कर लिया है।
- यह 2024-25 तक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
- दरअसल, ODF+ गाँव, वह गाँव होता है जिसने न केवल खुले में शौच से मुक्त (ODF) का दर्जा बरकरार रखा है, बल्कि उसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को भी सफलतापूर्वक लागू किया है।

## I2U2 समूह के सदस्य करेंगे 'संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम' की स्थापना

- भारत, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के संयुक्त समूह I2U2 ने 'संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम' की घोषणा की।
- इस परियोजना का उद्देश्य नीति निर्माताओं, संस्थानों और उद्यमियों के लिये अद्वितीय अंतरिक्ष आधारित उपकरण बनाना है जो पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन चुनौतियों से जुड़े उनके कार्य में मदद कर सके और मानवता की भलाई के लिये अंतरिक्ष डेटा के अनुप्रयोगों में सहयोग कर सके।
- गौरतलब है कि I2U2 समूह की स्थापना अक्टूबर, 2021 में हुई थी। I2 का अर्थ इंडिया और इजरायल से, वहीं U2 का अर्थ यूनाइटेड अरब अमीरात और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से है।

## महिला आरक्षण विधेयक, 2023

- हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने महिला आरक्षण विधेयक, 2023 अथवा नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित कर दिया।
- यह महिला आरक्षण संबंधी विधेयक 128वाँ संवैधानिक संशोधन विधेयक है जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है।
- यह विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा।
- 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद यह ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक, 106वाँ संविधान संशोधन अधिनियम बन गया है।

## पहली ग्लोबल स्टॉकटेक रिपोर्ट

- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) द्वारा यह रिपोर्ट जारी की गई।
- 'ग्लोबल स्टॉकटेक' का प्राथमिक उद्देश्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए अलग-अलग देशों के प्रयासों का आकलन करना है।
- यह रिपोर्ट कुल 17 प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत करती है।
- 'ग्लोबल स्टॉकटेक' वर्ष 2015 में पेरिस समझौते के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है।

## एयर इंडिया का प्रोजेक्ट अभिनंदन

- यह भारत की प्रमुख एयरलाइन, एयर इंडिया की एक नई पहल है।
- एयर इंडिया का यह प्रोजेक्ट यात्रियों की संतुष्टि को बढ़ाने और यात्रा अनुभव को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 'ऑपरेशन पोलो' की 75वीं वर्षगाँठ

- 13 सितंबर, 2023 को हैदराबाद रियासत के विरूद्ध चलाए गये ऑपरेशन पोलो की 75वीं वर्षगाँठ मनाई गई।
- सरदार पटेल की निगरानी में चलाया गया यह महत्वपूर्ण अभियान 17 सितंबर 1948 को समाप्त हुआ।

## तूफान डेनियल के प्रभाव

- यह तूफान लीबिया नामक देश में आया। तूफान के कारण बाँध टूट जाने से लीबिया के पूर्वी शहर डर्ना का एक-चौथाई भाग नष्ट हो गया।
- इस तूफान का नाम हेलेनिक राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा (ग्रीस) द्वारा रखा गया था।

## अमेरिका के किलाऊआ ज्वालामुखी में हुआ विस्फोट

- अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS - United States Geological Survey) ने बताया है कि हवाई के बिग आइलैंड पर दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में से एक किलाऊआ ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- यह ज्वालामुखी जनवरी और जून के बाद इस साल में तीसरी बार फटा है।

## 'पिरोला' नया कोविड वैरिएंट

- इस वैरिएंट को BA 2.86 भी कहा जाता है।
- इससे संक्रमित होने पर व्यक्ति को पेट तथा त्वचा से जुड़ी समस्याएँ, जुकाम, बुखार जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

## भारत में बना विश्व का पहला पोर्टेबल आपदा अस्पताल –'आरोग्य मैत्री क्यूब'

- भारत ने दुनिया का पहला पोर्टेबल आपदा अस्पताल 'आरोग्य मैत्री क्यूब' बनाया है।
- जिसे 72 क्यूब्स में पैक करके एयरलिफ्ट किया जा सकता है।
- यह पूर्णतः स्वदेशी अस्पताल मात्र 8 मिनट में देश में कहीं भी स्थापित किया जा सकता है।
- सभी उपकरण रिचार्जेबल हैं। इसमें 200 लोगों को 48 घंटे तक तत्काल इलाज मुहैया कराने की क्षमता है।

## ताइवान में समुद्री तूफान 'हाईकुई' ने मचाई तबाही

- यह समुद्री तूफान 'ताइवान' में आया।
- पूरे ताइवान और बटानेस द्वीप में इस तूफान के कारण भारी वर्षा, तेज हवाएँ चलीं।

## अफ्रीकी देश गैबॉन में सेना का तख्तापलट

- राष्ट्रपति अली बोंगो ओन्डिम्बा को नजरबंद कर जनरल ओलिगुई, गैबॉन देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनें।
- गैबान देश की राजधानी 'लिबरविले' (लिब्रेविल) है।
- यह ओपेक तेल कार्टेल का सदस्य है।

## केंद्र सरकार ने एक राष्ट्, एक चुनाव के लिए बनाई समिति

- केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए एक समिति का गठन किया।
- गौरतलब है कि वर्ष 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुआ करते थे।

## 'गुजरात घोषणा पत्र'

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'प्रथम WHO पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023' का परिणाम दस्तावेज जारी किया।
- इस दस्तावेज को 'गुजरात घोषणा पत्र' का नाम दिया गया।
- यह घोषणापत्र सभी के लिए स्वास्थ्य और कल्याण का लक्ष्य पाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा क्षमता के उपयोग की पुष्टि करता है।

## OBC पर रोहिणी रिपोर्ट जारी

- हाल ही में, न्यायमूर्ति जी. रोहिणी की अध्यक्षता वाले आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) जाति समूहों के उप-वर्गीकरण के लिये सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।
- इस आयोग का गठन 2 अक्टूबर, 2017 को संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत किया गया था। इस आयोग का गठन OBC आरक्षण का लाभ कुछ चुनिंदा वर्गों द्वारा उठाने और इस आरक्षण से जुड़ी विसंगतियों में सुधार के लिये किया गया था।
- गौरतलब है कि इस आयोग के कार्यकाल में 14 बार विस्तार हुआ है जिसकी सिफारिशों को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।
- **क्या है OBC का उप-वर्गीकरण**
  - इसका उद्देश्य OBC जातियों या समुदायों के बड़े समूहों के भीतर उप-श्रेणियाँ बनाने से संबंधित है, ताकि OBC सूची में विद्यमान विभिन्न जातियों के बीच आरक्षण के लाभ का समान वितरण सुनिश्चित हो सके।
- OBC समुदायों को केंद्र सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 27 फीसदी आरक्षण मिलता है, लेकिन ऐसी धारणा है कि OBC की केंद्रीय सूची में शामिल 2600 से अधिक समुदायों में से केवल कुछ ही संपन्न समुदाय इस 27 फीसदी का लाभ प्राप्त कर पाएँ हैं।

## डिवाइन लाइट हाउस

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा की राजधानी (भुवनेश्वर) के निकट दसाबतिया में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में डिवाइन लाइट हाउस की आधारशिला रखी।
- राष्ट्रपति मुर्मू ने परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी की भूमिका को पहचानते हुए मानवता की भलाई के भौतिक और आध्यात्मिक विकास दोनों के महत्व पर जोर दिया।
- आपकी जानकारी के लिये बता दें कि ओडिशा राज्य की स्थापना 1 अप्रैल, 1936 में हुई थी, इसीलिए 1 अप्रैल को राज्य में उत्कल दिवस के रूप में मनाते हैं।

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## JALDOST एयरबोट

- राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (NAL) ने हाल ही में एक JALDOST एयरबोट का अनावरण किया है।
- इस एयरबोट को जल निकायों से तैरते कचरे को हटाने के लिये डिजाइन किया गया है।
- इसके अलावा यह एयरबोट जल निकायों से अतिरिक्त जलीय खरपतवार को भी हटाएगा।
- NAL ने इस एयरबोट के दो संस्करण विकसित किए हैं-JALDOST मार्क-1 और एक उन्नत संस्करण JALDOST मार्क-2।
- NAL - National Aerospace Laboratories को वर्ष 1959 में Council of Scientific and Industrial Research (CSIR) द्वारा स्थापित किया गया था।

## BhartNet प्रोजेक्ट का अगला चरण

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट परियोजना के अगले चरण के लिये 1.39 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है।
- यह भारतनेट परियोजना का तीसरा चरण है। इससे पहले वर्ष 2017 में कैबिनेट ने योजना के पहले दो चरणों के लिए 42068 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी।
- इस परियोजना के अगले चरण में सरकार अगले 2.5 वर्षों में सभी 640000 गाँवों को इंटरनेट से जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाएगी।
- गौरतलब है कि नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) को अक्टूबर, 2011 में लॉन्च किया गया था जिसका वर्ष 2015 में नाम बदलकर भारतनेट परियोजना कर दिया गया।
- यह परियोजना दूरसंचार विभाग (संचार मंत्रालय) के अंतर्गत आती है तथा भारत ब्राडबैंड नेटवर्क (BBNL), जिसका गत वर्ष BSNL मे विलय कर दिया गया, इसकी कार्यान्वयन एजेंसी है।

## दिल्ली सर्विस बिल

- दिल्ली सर्विस बिल को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 कहा जाता है।
- इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद केंद्र सरकार को दिल्ली में अधिकारियों के तबादलें, नियुक्ति व निगरानी समेत कई शक्तियाँ प्राप्त हो जाएगीं।
- साथ ही राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों से पूछताछ और निलंबन जैसी कार्रवाई केंद्र सरकार के नियंत्रण में होंगी।
- इसके अलावा कानून में उपराज्यपाल को विभिन्न मामलों में अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करने की शक्ति भी प्रदान की गई है।
- इस कानून में राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण के गठन का भी प्रावधान है।
- गौरतलब है कि वर्ष 1991 में संविधान में 69वाँ संविधान संशोधन कर दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया था।

## ऑपरेटिंग सिस्टम - माया (Maya)

- रक्षा मंत्रालय ने इंटरनेट से जुड़े सभी कंप्यूटरों में एक नए ऑपरेटिंग सिस्टम - माया (Maya) का प्रयोग करने का फैसला लिया है।
- दरअसल, देशभर में रक्षा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे पर बढ़ते साइबर और मैलवेयर हमलों के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है।
- यह नया ऑपरेटिंग सिस्टम, माइक्रोसॉफ्ट के Windows ऑपरेटिंग सिस्टम को रिप्लेस करेगा और यह ओपन सोर्स Ubuntu प्लेटफॉर्म पर आधारित है।
- माया ऑपरेटिंग सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO), उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (C-DAC) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों की सहायता से विकसित किया जा रहा है।

## एलायंस टू प्रोटेक्ट अमेजन रेनफॉरेस्ट

- हाल ही में आठ दक्षिण अमेरिकी देशों ने अमेजन वर्षा वनों की रक्षा के लिये एक गठबंधन बनाने पर सहमति जताई है।
- इस गठबंधन के निर्माण की घोषणा अमेजन सहयोग संधि संगठन के ब्राजील में हुए दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुई।
- अमेजन सहयोग संधि संगठन के सभी आठ देशों - बोलिविया, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, गुयाना, पेरु, सूरीनाम और वेनेजुएला ने बेलम (ब्राजील) में संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये ताकि अमेजन वर्षा वन क्षेत्र में सतत् विकास को बढ़ावा मिल सके।
- साथ ही इस क्षेत्र में वनों की कटाई को रोकने और इसे बढ़ावा देने वाले संगठित अपराध से निपटने आदि हेतु एक रोडमैप भी तैयार किया गया।
- गौरतलब है कि अमेजन वर्षा वन, अमेजन नदी और इसकी सहायक नदियों के जल निकास बेसिन में मौजूद है और इन्हें पृथ्वी के फेफड़ों के रूप में भी जाना जाता है।

## प्राचीन डायनासोर की नई प्रजाति की खोज

- वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक प्राचीन डायनासोर की नई प्रजाति की खोज की है।
- खोजी गई इस डायनासोर प्रजाति को थारोसोरस इंडिकस नाम

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


दिया गया है।

- इस प्रजाति के जीवाश्म अवशेष, भारत के थार रेगिस्तान में जैसलमेर में खोजे गए हैं।
- यह खोज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), रूड़की और भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने की है।
- ये लंबी गर्दन वाले डाइक्रायोसॉरिड डायनासोर हैं।

## ऑयल इंडिया लिमिटेड को मिला महारत्न दर्जा

- हाल ही में वित्त मंत्रालय ने तेल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'ऑयल इंडिया लिमिटेड' को महारत्न का दर्जा प्रदान किया है।
- ऑयल इंडिया लिमिटेड, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत देश की दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय तेल और गैस कंपनी है।
- गौरतलब है कि महारत्न का दर्जा पाने के लिये कंपनी का औसत कारोबार 25000 करोड़ रुपये से अधिक, औसत वार्षिक शुद्ध संपत्ति 15000 करोड़ रुपये से अधिक और पिछले तीन वर्षों के दौरान औसत वार्षिक शुद्ध लाभ 5000 करोड़ रुपये से अधिक होना चाहिए।
- ऑयल इंडिया लिमिटेड भारत की 13वीं महारत्न कंपनी/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम बनी है।

## MPOWER नीति के तहत तंबाकू नियंत्रण पर रिपोर्ट जारी

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने तंबाकू नियंत्रण उपायों पर MPOWER नीति के तहत एक व्यापक रिपोर्ट जारी की है।
- यह रिपोर्ट MPOWER उपायों की शुरूआत के बाद से विश्व स्तर पर हुई प्रगति का मूल्यांकन करती है जिसके प्रमुख निष्कर्ष निम्न है।
  - दुनिया भर में, धुम्रपान का प्रचलन 2007 में 22.8% से घटकर 2021 में 17% हो गया है।
  - MPOWER उपायों को लागू करने वाले देशों की संख्या वर्ष 2008 में 44 थी जो बढ़कर वर्ष 2022 में 151 हो गई है।
  - रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 44 देश अभी भी कोई MPOWER उपाय लागू नहीं करते हैं।
- **MPOWER उपाय**
  - वर्ष 2008 में MPOWER तंबाकू नियंत्रण उपायों की शुरूआत WHO द्वारा की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य प्रभावी तंबाकू नियंत्रण को सुनिश्चित करना है। 6 MPOWER रणनीतियों में शामिल हैं-
  - M : तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी करें।
  - P : लोगों को तंबाकू के धुएँ से बचाएँ।
  - O : धुम्रपान छोड़ने के लिये सहायता करें।
  - W : तंबाकू के खतरे के बारे में चेतावनी दें।
  - E : तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू करें।
  - R : तंबाकू पर कर बढ़ाएँ।

## आदिचनल्लूर (तमिलनाडु) में बनेगा देश का पहला ऑनसाइट प्रतिष्ठित स्थल संग्रहालय

- केंद्रीय वित्त मंत्री ने 5 अगस्त, 2023 को तमिलनाडु के थुथूकड़ी जिले के प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल आदिचनल्लूर में एक प्रतिष्ठित स्थल संग्रहालय की आधारशिला रखी।
- यह पुरातात्विक स्थल केंद्रीय बजट 2020-21 में प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित किए जाने के लिये घोषित पाँच प्रतिष्ठित स्थलों में से एक है।
- इस स्थल की खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के निदेशक डॉ. टी. अरुण राज के नेतृत्व में की गई है।

## यूक्रेन शांति वार्ता

- हाल ही में सऊदी अरब के जेद्दाह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और अन्य अधिकारियों के शिखर सम्मेलन में यूक्रेन शांति वार्ता आयोजित हुई।
- इस वार्ता में राष्ट्रपति जेलेंस्की (यूक्रेन) के 10 सूत्रीय शांति योजना पर विचार-विमर्श हुआ।
- भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजित डोभाल ने इस वार्ता में भाग लिया। लेकिन रूस को इस बैठक में आमंत्रित भी नहीं किया गया।
- गौरतलब है कि 24 फरवरी, 2022 को रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया। इस आक्रमण में दोनों पक्षों को अत्यधिक जन-धन की हानि हुई है।

## गृह मंत्रालय ने शुरू किया आयुष वीजा

- गृह मंत्रालय ने हाल ही में एक नई वीजा (VISA) श्रेणी 'आयुष वीजा' की शुरूआत की है।
- आयुष वीजा को, आयुष प्रणालियों या भारतीय चिकित्सा प्रणालियों के तहत चिकित्सीय देखभाल, कल्याण और योग जैसी विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों का लाभ विदेशी नागरिकों को देने के लिए डिजाइन किया गया है।
- इससे भारत में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा मिलेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- साथ ही आयुष वीजा; विदेशी नागरिकों को आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी सहित चिकित्सा की पारंपरिक भारतीय प्रणालियों तक पहुँच भी प्रदान करेगा।

## अराश-डोर्रा गैस क्षेत्र विवाद

- हाल ही में सऊदी अरब और कुवैत ने विवादित अराश-डोर्रा गैस क्षेत्र पर ईरान के दावे को खारिज कर इस क्षेत्र पर अपना एकमात्र स्वामित्व होने का दावा किया है।
- दरअसल, अराश-डोर्रा गैस क्षेत्र अरब की खाड़ी के समीप स्थित एक संसाधन संपन्न अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र है।
- इस क्षेत्र पर सऊदी अरब, कुवैत और ईरान तीनों अपने अधिकार का दावा करते हैं जोकि तीनों देशों के बीच लंबे समय से विवाद का केंद्र बिंदु बना हुआ है।
- वर्तमान में विवाद और गंभीर तब हो गया, जब ईरान ने सऊदी अरब और कुवैत की आपत्तियों के बावजूद इस क्षेत्र में अन्वेषण जारी रखने की धमकी दी है।

## चीन का सिल्क रोडस्टर प्लेटफॉर्म लॉन्च

- हाल ही में चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशियटिव (BRI) जिसे वन बेल्ट, वन रोड इनिशियटिव के रूप में भी जाना जाता है की 10वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में 'सिल्क रोडस्टर प्लेटफॉर्म' पेश किया है।
- इस प्लेटफॉर्म या मंच के तहत पाँच परियोजनाएँ शुरू की गई है।
- इस प्लेटफॉर्म का मकसद चीन में स्थानीय सरकारों, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और संस्थानों से संसाधनों का समन्वय कर सहयोग को बढ़ावा देना और साझेदार देशों के साथ लोगों के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है।
- BRI एक महत्वाकांक्षी वैश्विक बुनियादी ढाँचा विकास और निवेश रणनीति है जिसे चीन द्वारा वर्ष 2013 में शुरू किया गया था।
- इस पहल का उद्देश्य सड़क, रेलवे, बंदरगाह और अन्य सुविधाओं सहित बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के नेटवर्क के माध्यम से एशिया को यूरोप और अफ्रीका से जोड़ना है।

## श्रीलंका विशिष्ट डिजिटल पहचान परियोजना (SL-UDI)

- भारत ने श्रीलंका को उसकी विशिष्ट डिजिटल पहचान परियोजना के लिये 45 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।
- दरअसल, श्रीलंका विशिष्ट डिजिटल पहचान परियोजना (SL-UDI) की शुरूआत मार्च 2022 में श्रीलंका और भारत के बीच एक समझौता-ज्ञापन द्वारा की गई थी।
- SL-UDI का लक्ष्य श्रीलंका में डिजिटल पहचान प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। इसके अंतर्गत बायोग्राफिक और बायोमेट्रिक डेटा एकत्र करना शामिल है; जिसमें चेहरे, आईरिस और फिंगर प्रिंट की जानकारी होती है।

## इराक ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा हाल ही में इराक को ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित किया गया है।
- WHO ने इराक को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में ट्रेकोमा को सफलतापूर्वक खत्म करने वाले 18वें देश के रूप में मान्यता प्रदान की है।
- वर्ष 2012 में इराक ने इस बीमारी को खत्म करने के लिये राष्ट्रीय ट्रेकोमा कार्यक्रम शुरू किया था।
- गौरतलब है कि ट्रेकोमा एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग है। यह जीवाणुजनक रोग है जो 'क्लैमाइडिया ट्रेकोमैटिस' नामक जीवाणु के संक्रमण के कारण होता है।

## विश्व स्तनपान सप्ताह-2023

- वर्ल्ड अलायंस फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन (WABA), विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (UNICEF) ने संयुक्त रूप में 1 से 7 अगस्त को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया।
- इस वर्ष इस सप्ताह की थीम – 'लेट्स मेक ब्रेस्टफीडिंग एंड वर्क, वर्क!' है।
- इस थीम के माध्यम से WHO और UNICEF ने स्तनपान लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने में सहायता हेतु सरकारों, नागरिकों, समाज संगठनों और निजी क्षेत्रों से अपने प्रयासों में वृद्धि करने का आग्रह किया गया है।
- वर्ल्ड अलायंस फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन की स्थापना वर्ष 1991 में एक वैश्विक नेटवर्क के रूप में हुई थी और वर्ष 1992 में पहली बार विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया था।

## 'मोटुफौआ कंक्रीट वॉटर सिस्टर्न' स्वच्छ जल परियोजना

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र में भारत ने तुवालु की 'मोटुफौआ कंक्रीट वॉटर सिस्टर्न' स्वच्छ जल परियोजना के लिये 700000 अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। यह भारत का स्थायी मिशन है।
- भारत द्वारा यह आर्थिक सहायता तुवालु के एकमात्र पब्लिक स्कूल 'मोटुफौआ सेकेंडरी स्कूल' में स्वच्छ पानी के भंडारण और आपूर्ति के लिये भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष से दी जाएगी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- वर्ष 2017 में स्थापित भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष, विकासशील देशों में उन परियोजनाओं को सहायता प्रदान करता है जिनका उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान देना है।

## फार्मास्यूटिकल कंपनियों को GMP मानक लागू करने के निर्देश

- हाल ही में भारत सरकार ने सभी फार्मास्यूटिकल कंपनियों को अपनी प्रक्रियाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप लाते हुए गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (GMP) मानक लागू करने का निर्देश दिया है।
- हालिया दिशा-निर्देशों के तहत, 250 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार करने वाली कंपनियों को छह महीने के भीतर तथा 250 करोड़ रुपये से कम कारोबार करने वाली कंपनियों को 1 वर्ष के भीतर GMP मानकों को लागू करना है।
- नए दिशा-निर्देश GMP मानकों से जुड़ी प्रक्रियाओं को प्रबंधित करने के लिये कंप्यूटरीकृत सिस्टम के उपयोग पर जोर देते हैं ताकि बिना किसी छेड़छाड़ के प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने के लिये सभी चरणों और परीक्षणों का स्वचालित रूप से रिकॉर्ड रखा जा सके।
- दरअसल, GMP मानक यह सुनिश्चित करने की एक प्रणाली है कि फार्मा उत्पादों का उत्पादन और नियंत्रण गुणवत्ता मानकों के अनुसार हो रहा है या नहीं।

## उष्णकटिबंधीय तूफान 'खानून'

- हाल ही में एक भीषण उष्णकटिबंधीय तूफान 'खानून' ने पूर्वी चीन सागर में जापान और दक्षिण कोरिया के तटों पर भीषण तबाही मचाई है।
- खानून तूफान नाम थाइलैंड द्वारा दिया गया है जिसका अर्थ कटहल होता है।

## केरल राज्य का नाम बदलने वाला प्रस्ताव पारित

- केरल के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केरल विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से संविधान और सभी कार्यालय रिकॉर्ड में केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने का आग्रह किया है।
- केरल विधानसभा ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित कर केंद्र से संविधान के अनुच्छेद-3 के तहत तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है।
- दरअसल, भारतीय संविधान का अनुच्छेद-3 नए राज्यों के गठन और मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन से संबंधित है।
- गौरतलब है कि मलयालम भाषा में केरल को 'केरलम' लिखा जाता है।

## इंटरपोल ग्लोबल अकादमी नेटवर्क में शामिल हुई CBI अकादमी

- हाल ही में केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) अकादमी एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से इंटरपोल ग्लोबल अकादमी नेटवर्क में शामिल हुई।
- CBI अकादमी, इंटरपोल ग्लोबल अकादमी नेटवर्क में शामिल होने वाली 10वीं संस्था है।
- गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में स्थित CBI अकादमी अपराध जाँच, अभियोजन और सतर्कता कार्यप्रणाली के क्षेत्र में एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है।
- हाल ही के वर्षों में यह अकादमी दक्षिण एशिया की एक प्रमुख पुलिस प्रशिक्षण संस्था के रूप में उभरी है।
- गौरतलब है कि इंटरपोल एक अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संस्था है। इसकी स्थापना वर्ष 1923 में हुई और इसका मुख्यालय **फ्रांस के लियोन शहर** में है।

## जम्मू-कश्मीर में स्थित डाकघर बना देश का पहला डाकघर

- हाल ही में जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में स्थित एक डाकघर को देश के पहले डाकघर का खिताब मिला है।
- केरन (जम्मू-कश्मीर) का यह डाकघर वास्तविक नियंत्रण रेखा (LOC) के समीप किशनगंगा नदी के तट पर स्थित है।
- इससे पहले तक इस डाकघर को देश के आखिरी डाकघर के रूप में जाना जाता था।
- आपकी जानकारी के लिये बता दें कि **उत्तराखंड** में भारत-चीन सीमा पर स्थित चमोली के **गाँव माणा**, जिसे पूर्व में भारत के आखिरी गाँव के नाम से जाना जाता था, को अब **भारत के पहले गाँव** के नाम से संबोधित किया जाता है।

## उज्जैन (मध्य प्रदेश) में बनेगा देश का पहला यूनिटी मॉल

- हाल ही में देश का पहला यूनिटी मॉल मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन में बनाने की घोषणा हुई है।
- इसके निर्माण के लिये भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 284 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं।
- यूनिटी मॉल एक जिला, एक उत्पाद; भौगोलिक संकेतक प्राप्त उत्पादों; हस्तशिल्प उत्पादों तथा अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिये **वन-स्टॉप मार्केट प्लेस** के रूप में कार्य करेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- गौरतलब है कि देश भर में यूनिटी मॉल स्थापित करने की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इसी वर्ष प्रस्तुत किए गए बजट में की गई थी।

## हाथी जनगणना में कर्नाटक को मिला पहला स्थान

- हाल ही में हुई हाथी जनगणना के अनुसार, कर्नाटक राज्य में हाथियों की सबसे बड़ी आबादी दर्ज की गई है।
- 2017 में हुई पिछली जनगणना के अनुसार, कर्नाटक में हाथी जनसंख्या 6049 थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 6395 हो गई है।
- यह जनगणना, कर्नाटक वन विभाग द्वारा कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु राज्यों में 17 मई से 19 मई, 2023 के बीच की गई थी।
- गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के रूप में मनाते हैं।

## इंडोनेशिया का गोल्डन वीजा कार्यक्रम

- इंडोनेशिया वर्ष 2023 के अंत तक अपना स्वयं का गोल्डन वीजा कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहा है।
- इस कार्यक्रम का लक्ष्य विदेशी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय उद्यमशीलता तथा व्यावसायिक प्रतिभा को आकर्षित करने के लिये अपनी आप्रवासन नीति को संशोधित करना है।
- इंडोनेशिया द्वारा यह कदम पाँच और दस साल के लिये **''दूसरे होम वीजा''** की शुरूआत के बाद उठाया गया है, जो महत्वपूर्ण वित्तीय हिस्सेदारी वाले व्यक्तियों को लक्षित करता है।

## PM-eBus सेवा

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में PM-eBus सेवा को मंजूरी प्रदान की है।
- दरअसल, यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर सिटी बस संचालन के विस्तार हेतु एक योजना है।
- यह योजना/सेवा ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देगी तथा इसकी अनुमानित लागत 57613 करोड़ रुपये होगी।
- इसके तहत सिटी बस संचालन में लगभग 10000 नई इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएँगी। इसके लिये केंद्र सरकार एक निर्दिष्ट सीमा तक सब्सिडी भी प्रदान करेगी।
- यह बस सेवा; 2011 की जनगणना के अनुसार, तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी जिनमें केंद्रशासित प्रदेश तथा इनकी राजधानी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और पर्वतीय राज्य शामिल हैं।

## डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को मिला 5 साल का विस्तार

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के पाँच साल के विस्तार को मंजूरी प्रदान की।
- इसके तहत वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक 14903 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित है।
- **कार्यक्रम के प्रमुख लक्ष्य निम्न प्रकार होंगे-**
  - फ्यूचर स्किल्स प्राइम प्रोग्राम के तहत 6.25 लाख IT पेशेवरों का फिर से कौशल विकास करना।
  - UMANG ऐप/प्लेटफॉर्म के तहत 540 अतिरिक्त सेवाएँ उपलब्ध कराना।
  - राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटर मिशन के तहत 9 अतिरिक्त सुपर कंप्यूटर जुड़ेंगे।
  - AI सक्षम बहु-भाषा अनुवाद उपकरण-भाषिणी, संविधान की अनुसूची-8 में शामिल सभी भाषाओं में शुरू किया जाएगा।
  - राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (NKN) का आधुनिकीकरण किया जाएगा।
  - डिजिलॉकर की सुविधा MSME और अन्य संगठनों के लिए भी उपलब्ध होगी।
  - टियर-2/3 शहरों के 1200 स्टार्टअप्स को समर्थन दिया जाएगा।

## तमिलनाडु में खुलेगा भारत का पहला सामान्य ड्रोन परीक्षण केंद्र

- हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने ड्रोन के लिये देश का पहला सामान्य परीक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।
- यह केंद्र तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में तमिलनाडु राज्य उद्योग संवर्धन निगम (SIPCOT) औद्योगिक पार्क में स्थापित किया जाएगा।
- गौरतलब है कि वर्तमान में ऐसी एकीकृत (Integrated) सुविधा केवल DRDO के पास चित्रदुर्ग (कर्नाटक) में उपलब्ध है।
- ड्रोन को मानव रहित विमान (Unmanned Aerial Vehicle-UAV) भी कहा जाता है।

## बेंगलुरु (कर्नाटक) में खुला भारत का पहला 3D मुद्रित डाकघर

- हाल ही में केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा भारत के पहले 3D मुद्रित डाकघर का उद्घाटन बेंगलुरु (कर्नाटक) में किया गया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इस डाकघर का निर्माण पूर्वी बेंगलुरु के कैम्ब्रिज लेआउट में किया गया है।
- इसका निर्माण 3D कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक की मदद से लार्सन एंड टुब्रो कंस्ट्रक्शन द्वारा IIT मद्रास के सहयोग से किया गया है।
- 3D प्रिंटिंग मूलत: विनिर्माण की एक तकनीक है जिसका उपयोग करके त्रिविमीय (3D) ऑब्जेक्ट का निर्माण किया जाता है।

## इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन

- जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गॉर्डन को 15 लाख फूलों के साथ एशिया के सबसे बड़े गॉर्डन के रूप में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स (लंदन) में शामिल किया गया।
- ट्यूलिप गार्डन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित है।

## 'हिलेरी' तूफान

- 'हिलेरी' तूफान, श्रेणी-4 का एक प्रमुख तूफान है जो पूर्वी प्रशांत महासागर में उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के पश्चिमी तट पर आया।
- इस तूफान का गठन आंशिक रूप से अल-नीनो नामक प्राकृतिक जलवायु पैटर्न के कारण हुआ।
- गौरतलब है कि तूफानों को सैफिर-सिम्पसन तूफान विंड स्केल पर वर्गीकृत किया जाता है तथा हवा की गति के आधार पर 1 से 5 के पैमाने पर उनकी श्रेणी तय की जाती है।
- श्रेणी-3 या इससे ऊपर की श्रेणी वाले तूफानों को, प्रमुख तूफान के रूप में वर्गीकृत करते हैं।

## तमिलनाडु में बनेगा दक्षिण-पूर्व एशिया का सबसे बड़ा विलवणीकरण संयंत्र

- तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले के पेरूर में एक अत्याधुनिक विलवणीकरण संयंत्र की आधारशिला रखी गई।
- यह विलवणीकरण संयंत्र जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (JICA) की मदद से बनाया जा रहा है।
- इस विलवणीकरण संयंत्र की क्षमता 400 मिलियन लीटर प्रतिदिन है।

## 5वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण आकलन जारी

- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिये राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण आकलन का 5वाँ संस्करण जारी किया।
- यह आकलन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में ई-गवर्नेंस की सर्वोत्तम प्रथाओं और ई-सेवाओं की वितरण स्थिति का विस्तृत विवरण प्रदान करता है।
- **आकलन के तहत सर्वोत्तम प्रथाएँ**
  - मध्य प्रदेश शिक्षा क्षेत्र में अधिकतम ई-सेवाएँ प्रदान करता है। इसके बाद क्रमश: कर्नाटक और केरल का स्थान है।
  - मध्य प्रदेश सरकार ने अपने शिक्षा का अधिकार पोर्टल के माध्यम से 100% सीटों के आवंटन के लिये ऑनलाइन और केंद्रीकृत प्रणाली का उपयोग किया है।
  - ई-सेवाओं की अधिकतम संख्या, स्थानीय शासन और उपयोगिता सेवा क्षेत्र में है।
  - कर्नाटक सरकार ने अपने कर्नाटक स्कूल परीक्षा और मूल्यांकन बोर्ड पोर्टल के माध्यम से राज्य में पूरी परीक्षा प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है।

## ब्रिक्स (BRICS) में 6 नए देश शामिल

- दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 6 नए देशों को सदस्य बनाने पर सहमति मिली।
- ये नए सदस्य देश – अर्जेंटीना, मिस्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। इनकी सदस्यता जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।
- गौरतलब है कि पहला BRICS शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में हुआ था।

## केरल में शुरू हुआ भारत का पहला AI स्कूल

- भारत का पहला AI (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) स्कूल केरल के तिरुवनंतपुरम में लॉन्च हुआ है।
- इस AI स्कूल को iLearning Engines (ILE) अमेरिका और वैदिक ई-स्कूल के सहयोग से शुरू किया गया है।
- वर्तमान में इस AI स्कूल को 8 से 12वीं कक्षा के बच्चों के लिये डिजाइन किया गया है।

## रूसी मिनीन विश्वविद्यालय भारत में करेगा अपना अध्ययन केंद्र स्थापित

- रूसी मिनीन विश्वविद्यालय, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मेरठ में स्थित चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में एक अध्ययन केंद्र स्थापित करेगा।
- यह अध्ययन केंद्र 6 महीने की अवधि में 250 छात्रों को मुफ्त में रूसी भाषा और संस्कृति सिखाएगा।
- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## लघु सिंचाई योजनाओं पर छठी जनगणना रिपोर्ट

- जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने हाल ही में लघु सिंचाई योजनाओं पर छठी जनगणना रिपोर्ट जारी की।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 23.14 मिलियन लघु सिंचाई योजनाएँ हैं जिनमें से 21.93 मिलियन भूजल और 1.21 मिलियन सतही जल योजनाएँ हैं।
- देश में सबसे अधिक लघु सिंचाई योजनाएँ उत्तर प्रदेश में हैं। इसके बाद क्रमशः महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान है।

## कर्नाटक सांस्कृतिक महोत्सव

- श्रीलंका ने अगस्त-2023 में पहले कर्नाटक सांस्कृतिक महोत्सव की मेजबानी की।
- इस महोत्सव का आयोजन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक परिषद ने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र और एम ई-ग्लोबल पीस फाउंडेशन के सहयोग से किया।
- इस आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक विविधता और भारत-श्रीलंका के साझा सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाना और उन्हें मजबूती प्रदान करना है।

## प्रोजेक्ट AMBER

- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने युवाओं को क्लाउड कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये 'प्रोजेक्ट AMBER' (Accelerated Mission for Better Employment and Retention) शुरू किया है।
- यह परियोजना कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, अमेजन वेब सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (AWS) और जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की एक संयुक्त पहल है।
- परियोजना का लक्ष्य दो वर्षों की अवधि में 30,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है जिनमें से 50% महिला प्रशिक्षु होंगी।

## नई दिल्ली में खुलेगा जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य केंद्र

- भारत और एशियन डेवलेपमेंट बैंक (ADB) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक 'जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य केंद्र' की स्थापना करेंगे।
- यह केंद्र जलवायु परिवर्तन और इसके चलते स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों आदि पर शोध एवं ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा।
- एशियाई विकास बैंक की स्थापना वर्ष 1966 में हुई थी और इसका मुख्यालय मनीला (फिलीपींस) में है।

## टोयोटा ने दुनिया की पहली 100% इथेनाल संचालित कार

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अगस्त 2023 में टोयोटा की इनोवा कार का 100% इथेनॉल ईंधन संस्करण लॉन्च किया।
- यह कार दुनिया की पहली BS-VI (स्टेज-II), विद्युतीकृत फ्लेक्स-फ्यूल वाहन है।
- इससे पहले वर्ष 2022 में टोयोटो ने हाइड्रोजन से चलने वाली कार टोयोटो मिराई (Mirai) ईवी भी लॉन्च की थी।

## मिस डिवाइन ब्यूटी पेजेंट 2023

- प्रतिष्ठित मिस डिवाइन ब्यूटी पेजेंट के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 26 अगस्त 2023 को नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ।
- इसमें **प्रियन सेन** ने **डिवाइन मिस अर्थ इंडिया 2023** और **प्रवीणा आंजना** ने **डिवाइन मिस इंटरनेशनल इंडिया 2023** का खिताब जीता।

## सुर-वसुधा

- सुर-वसुधा एक G-20 ऑर्केस्ट्रा समारोह है जिसे भारत की अध्यक्षता में वाराणसी में आयोजित किया गया।
- G-20 देशों के 101 संगीतकारों और गायकों तथा आमंत्रित अतिथियों से बने G-20 ऑर्केस्ट्रा ने विविध संस्कृतियों और पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्रों का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रदर्शित किया।

## भूटान और तिमोर लिस्ते रुबेला मुक्त घोषित

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने जुलाई माह में दो देशों भूटान और तिमोर लिस्ते को रुबेला मुक्त घोषित किया।
- रुबेला एक तीव्र संक्रामक बीमारी है जोकि रुबेला विषाणु द्वारा उन बच्चों में फैलती है जिनका टीकाकरण नहीं होता।
- आपकी जानकारी के लिये बता दें कि 76वीं वार्षिक विश्व स्वास्थ्य सभा का आयोजन जिनेवा, स्विट्जरलैंड में हुआ और वर्ष 2023 की थीम - "WHO at 75 : Saving Lives, Driving Health for All" रही।

## लखनऊ में बना राष्ट्रीय शहीद स्मारक और राष्ट्रीय रेलवे सुरक्षा संग्रहालय

- 24 जुलाई 2023 को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के तत्कालीन

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



महानिदेशक श्री संजय चंदर ने लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में राष्ट्रीय शहीद स्मारक और रेलवे सुरक्षा के लिये राष्ट्रीय संग्रहालय का अनावरण किया।

- इस शहीद स्मारक पर 1957 से अब तक शहीद RPF जवानों के नाम अंकित हैं।
- वहीं, संग्रहालय रेलवे सुरक्षा बल के इतिहास, उत्पत्ति, उपलब्धियों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों आदि को दर्शाता है।
- इस संग्रहालय का मार्गदर्शक आदर्श वाक्य 'ज्ञानवर्धनयचसंरक्षणय' है जो ज्ञान को बढ़ावा देने और विरासत की रक्षा करने के लिये RPF के लिये प्रेरणा के रूप में कार्य करता है।

## बेंगलुरु 'वर्ल्ड सिटीज कल्चर फोरम' में हुआ शामिल

- कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु 'वर्ल्ड सिटीज कल्चर फोरम' में शामिल होने वाला पहला भारतीय शहर बना।
- गौरतलब है कि बेंगलुरु इस फोरम में शामिल होने वाला 41वाँ शहर है।
- 'वर्ल्ड सिटीज कल्चर फोरम' की स्थापना वर्ष 2012 में हुई थी। यह शहरों का एक वैश्विक नेटवर्क है जो भविष्य की समृद्धि में संस्कृति की भूमिका का पता लगाने के लिये अनुसंधान और बुद्धिमत्ता का आदान-प्रदान करता है।

## हरियाणा 'क्रेच नीति' लाने वाला देश का पहला राज्य बना

- 26 जुलाई 2023 को हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग ने हरियाणा राज्य क्रेच नीति की अधिसूचना जारी की।
- इसी के साथ हरियाणा राज्य क्रेच नीति लाने वाला पहला राज्य बन गया है।
- इस नीति के तहत राज्य में 50 से अधिक कर्मचारियों वाले सभी संस्थानों को क्रेच (शिशुगृह) खोलना अनिवार्य होगा।
- ये क्रेच महीने में 26 दिन खुले रहेंगे और इनमें 6 माह से छह साल तक के बच्चों को 8 से 10 घंटे तक रखा जा सकता है।

## चंबल नदी के तट पर बना दुनिया का पहला हेरिटेज रिवर फ्रंट

- राजस्थान के कोटा में चंबल नदी के तट पर दुनिया का पहला हेरिटेज रिवर फ्रंट बनाया गया है।
- इस रिवर फ्रंट के दोनों किनारों पर 26 घाटों का निर्माण किया गया है जिन्हें अलग-अलग थीम पर तैयार किया गया है।
- इन घाटों में से एक विश्व धरोहर घाट पर दुनिया के विभिन्न देशों की 9 प्रसिद्ध इमारतें और वास्तुकला बनी हुई हैं।
- नदी तट पर वृंदावन गार्डन की तर्ज पर बैराज गार्डन भी विकसित किया गया है। इसके अलावा यहाँ देश का पहला LED गॉर्डन भी बनाया गया है।

## नई दिल्ली में भारत मंडपम का हुआ उद्घाटन

- हाल ही में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पुनर्विकसित आईटीपीओ कॉम्प्लैक्स अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह सम्मेलन केंद्र (IECC) परिसर 'भारत मंडपम' का उद्घाटन हुआ।
- IECC कॉम्प्लैक्स को भारत के सबसे बड़े MICE (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियों) गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है।
- इस परियोजना की लागत लगभग 2700 करोड़ रुपये है।
- भारत मंडपम के बहुउद्देशीय हाल की क्षमता 7 हजार लोगों की है।

## नवीन पटनायक बने देश के दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु को पछाड़कर, देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं।
- गौरतलब है कि अभी तक सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के मामले पर पहले स्थान पर सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग है।

## केरल में बनेगा भारत का पहला मत्स्य पालन अटल इनक्यूबेशन केन्द्र

- भारत का पहला मत्स्य पालन अटल इनक्यूबेशन केंद्र केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज (KUFOS) में स्थापित किया जाएगा।
- यह इनक्यूबेशन सेंटर नवाचार के लिये एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो युवाओं को हमारी समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र स्थितियों और मछुआरों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिये, अत्याधुनिक तकनीक एवं समाधान विकसित करने के लिये प्रोत्साहित करेगा।

## इटली में खुला वी.सी. यशवंत घाडगे सुंडियाल मैमोरियल

- भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देते हुए पेरुगिया, इटली में वी.सी. यशवंत घाडगे सुंडियाल मेमोरियल का उद्घाटन हुआ।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- यह मेमोरियल ऊपरी तिबर घाटी (इटली) की लड़ाई में शहीद हुए नाइक यशवंत घाडगे के सम्मान में खोला गया है।
- इस स्मारक का आदर्श वाक्य है – 'ओमाइंस सब ईओडेम सोल' है जिसका हिंदी अनुवाद है – हम सभी एक ही सूर्य के नीचे रहते हैं।'
- यह मेमोरियल उन भारतीय सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में केंद्रीय भूमिका निभाई थी।

## राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल (RISF)

- राजस्थान सरकार ने औद्योगिक ईकाइयों को सुरक्षा देने के लिये केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की तर्ज पर राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन करने का फैसला लिया।
- राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल (RISF) में 3 बटालियन होंगी जिनका मुख्यालय भिवाड़ी, चित्तौड़गढ़ और बालोतरा में होगा।
- CISF एक केंद्रीय सशस्त्र बल है जिसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के तहत गठित किया गया था। यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है।

## रूस ने ट्रांसजेंडर विवाह और लिंग परिवर्तन पर लगाया प्रतिबंध

- हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस की ससंद द्वारा पारित ऐसे कानून को अपनी मंजूरी दे दी, जो ट्रासजेंडर विवाह और लिंग परिवर्तन जैसी प्रथाओं को प्रतिबंधित करता है।
- रूस सरकार द्वारा यह फैसला अपने पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करने के प्रयास के मद्देनजर लिया गया है।
- नए कानून के तहत केवल जन्मजात विसंगतियों के इलाज के लिये चिकित्सा हस्तक्षेप की अनुमति होगी अन्यथा नहीं।
- इसके अलावा यह कानून उन विवाहों को रद्द करता है जिनमें पार्टनर्स में से एक ने लिंग परिवर्तन कराया है।
- साथ ही यह कानून ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पालक या दत्तक माता-पिता बनने से भी रोकता है।

## राजस्थान सरकार का गिग वर्कर्स विधेयक

- राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में 'राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023' पेश किया गया।
- यह विधेयक (देश का पहला गिग-वर्कर्स विधेयक) गिग/प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने का प्रयास करता है।
- इसके तहत गिग श्रमिकों के लिये एक कल्याण बोर्ड का गठन और एक कल्याण कोष को स्थापित किया जाना है।
- विधेयक में श्रमिकों को एक विशेष आई डी (ID) दिये जाने का प्रावधान है जो सभी प्लेटफॉर्म्स पर लागू होगी।
- यह विशिष्ट आई डी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने, उनके कल्याण के लिये उठाये गये कदमों की जानकारी देने और उनकी शिकायतों का निवारण करने में मददगार साबित होगी।

## जम्मू-कश्मीर में शुरू हुई भारत की पहली कैनबिस मेडिसिन परियोजना

- भारत के जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में देश की पहली कैनबिस मेडिसिन परियोजना की शुरूआत हुई।
- इस परियोजना को CSIR-इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन अनुसंधान केंद्र ने, कनाडाई फर्म 'इंडसस्कैन' के साथ निजी सार्वजनिक भागीदारी में शुरू किया गया है।
- इस परियोजना के तहत विभिन्न प्रकार की न्यूरोपैथी, मधुमेह, कैंसर, दर्द आदि के लिये निर्यात गुणवत्ता वाली दवाओं का उत्पादन किया जाएगा।
- कैनबिस जिसे भाँग या मरिजुआना भी कहा जाता है, एक मनोसक्रिय दवा टेट्राहाइड्रोकेनाबिनोल (THC) है, इसका उपयोग सदियों से औषधीय प्रयोजनों में किया जाता रहा है।

## कोच्चि (केरल) में बनेगा भारत का पहला कंस्ट्रक्शन इनोवेशन हब

- केरल के कोच्चि में देश का पहला कंस्ट्रक्शन इनोवेशन हब (CIH) स्थापित किया जाना है।
- यह इनोवेशन हब किफायती और टिकाऊ भवन सुविधाओं को बढ़ावा देगा ताकि हितधारकों के बीच सहयोग, नवाचार और ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा मिल सके।
- केरल स्टार्टअप मिशन, इस कंस्ट्रक्शन इनोवेशन हब के समग्र कार्यक्रमों का प्रबंधन करेगा।

## 'नागदा' बनेगा मध्य प्रदेश का 54वाँ जिला

- 20 जुलाई को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने नागदा (मध्य प्रदेश) को प्रदेश का नया जिला बनाने की घोषणा की।
- इस प्रकार उज्जैन से अलग होने के बाद नागदा प्रदेश का 54वाँ जिला बन जाएगा।
- इससे पहले मध्य प्रदेश में स्थित मऊगंज को राज्य का 53वाँ जिला बनाने की घोषणा भी की जा चुकी है।

## गुजरात में दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन

- सूरत डायमंड बोर्स, संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा मंत्रालय

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



पेंटागन को पीछे छोड़कर अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय बन गया है।

- सूरत डायमंड बोर्स, भारत के गुजरात राज्य में स्थित है और इसमें 4500 हीरा व्यापार से जुड़े कार्यालय हैं।
- यह 15 मंजिला इमारत 35 एकड़ भूमि में फैली हुई है।
- गौरतलब है कि सूरत को विश्व की रत्न राजधानी के रूप में जाना जाता है जहाँ दुनिया के 90% हीरे तराशे जाते हैं।

## भारत की पहली सैटेलाइट नेटवर्क पोर्टल साइट

- One Web कंपनी भारत में दो 'सैटेलाइट नेटवर्क पोर्टल साइट' स्थापित कर रही है।
- इनमें से पहली साइट गुजरात के मेहसाणा जिले में और दूसरी साइट तमिलनाडु में स्थापित की जाएगी।
- इनका उद्देश्य गाँवों, जिला पंचायतों, स्थानीय प्रशासनिक निकायों और सरकारी विभागों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे देश में उच्च गति, किफायती, सुरक्षित सैटेलाइट इंटरनेट पहुँच प्रदान करना है।
- One Web कंपनी की स्थापना ग्रेग-वायलर द्वारा वर्ष 2012 में की गई थी और इसका मुख्यालय लंदन में है।

## दिल्ली हवाई अड्डा चार रनवे वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बना

- दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा चार रनवे वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है।
- इस हवाई अड्डे में चौथे रनवे के जुड़ने से सालाना लगभग 109 मिलियन यात्रियों को लाभ पहुँचेगा।

## एशियाई-प्रशांत मनी लॉन्ड्रिंग ग्रुप का पर्यवेक्षक बना UAE

- संयुक्त अरब अमीरात (UAE), फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रीजनल बॉडी - मनी लॉन्ड्रिंग पर एशिया-प्रशांत समूह का पर्यवेक्षक देश बन गया है।
- UAE, अरब दुनिया का या पहला अरब देश है जिसे इस समूह में पर्यवेक्षक का दर्जा मिला है।
- मनी लॉन्ड्रिंग पर एशिया प्रशांत समूह को वर्ष 1997 में स्थापित किया गया था।

## मध्य प्रदेश में खुलेगी देश की पहली ई-स्पोर्ट्स और ब्रेक डांस अकादमी

- देश की पहली ई-स्पोर्ट्स और ब्रेक डांस अकादमी मध्य प्रदेश राज्य में स्थापित किये जाने की घोषणा हुई।
- दरअसल, सरकार द्वारा इन्हें स्थापित किये जाने का फैसला आगामी ओलंपिक और एशियन गेम्स को ध्यान में रखकर लिया गया।
- राज्य में ये अकादमी युवाओं को पारंपरिक खेलों के अलावा इन खेलों में भी अपना कौशल निखारने का मौका देगीं।

## भारत की पहली क्षेत्रीय AI न्यूज एंकर 'लिसा'

- ओडिशा टीवी ने भारत की पहली क्षेत्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाचार एंकर 'लिसा' को लॉन्च किया।
- इस AI एंकर लिसा में उड़िया और अंग्रेजी सहित कई भाषाएँ बोलने की अद्वितीय क्षमता है।
- इससे पहले मार्च 2023 की शुरूआत में इंडिया टुडे ग्रुप ने 'सना' नामक स्वयं का AI न्यूज एंकर पेश किया था।

## पेरु में फैला गुइलेन बर्रे सिंड्रोम

- दक्षिण अमेरिकी देश पेरु में गुइलेन बर्रे सिंड्रोम रोग के तेजी से फैलने की बात सामने आई।
- इसके चलते पूरे देश में 9 जुलाई 2023 से 90 दिनों के लिये हेल्थ इमरजेंसी भी लागू कर दी गई।
- गुइलेन बर्रे सिंड्रोम (GBS) एक न्यूरोलॉजिकल डिऑर्डर और ऑटोइम्यून बीमारी है। इस बीमारी से पीड़ित मरीज का इम्यून सिस्टम बीमार सेल्स के बजाए उसकी स्वस्थ सेल्स (कोशिकाओं) पर हमला करना शुरू कर देता है।
- GBS, ज्यादातर हमारे ब्रेन और रीढ़ की हड्डी के बाहर के नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है।

## फोर्ब्स-2023 की सबसे अमीर महिलाओं की सूची जारी

- फोर्ब्स 2023 की 100 सबसे अमीर महिलाओं की सूची में भारतीय मूल की 4 महिलाओं ने अपना स्थान बनाया है।
- ये चार महिलाएँ - जयश्री उल्लाल, नीरजा सेठी, नेहा नरखेड़े और इंदिरा नुई हैं।
- इस सूची में डायने हेंड्रिक्स को पहला और जूडी लव एंड फैमिली को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

## बास्तील दिवस परेड

- इस वर्ष फ्रांस की बास्तील दिवस परेड में भारत की तीनों सेनाओं ने हिस्सा लिया।
- इस परेड में भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व कैप्टन अमन जगताप ने, नौसेना दल का नेतृत्व व्रत बघेल ने और भारतीय वायु सेना दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर सिंधु रेड्डी ने किया।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- फ्रांस प्रत्येक वर्ष 14 जुलाई को बास्तील दिवस के रूप में मनाता है जो वर्ष 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के दौरान बास्तील जेल विध्वंस का सालगिरह (वर्षगाँठ) का प्रतीक है।

## 34वाँ अंतर्राष्ट्रीय जीव-विज्ञान ओलंपियाड

- 3 जुलाई से 11 जुलाई 2023 तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में 34वें अंतर्राष्ट्रीय जीव-विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया गया।
- इस वर्ष के ओलंपियाड में भारत के प्रत्येक छात्र द्वारा स्वर्ण पदक हासिल करने के चलते, भारत इस ओलंपियाड की पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।
- इस वर्ष के ओलंपियाड में 76 देशों के 293 छात्रों ने हिस्सा लिया।
- भारत की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एवं स्वर्ण पदक हासिल करने वाले चारों छात्र – ध्रुव आडवाणी (बेंगलुरु, कर्नाटक), इशान पेडनेकर (कोटा, राजस्थान), मेघ छाबड़ा (जालना, महाराष्ट्र) और रोहित पांडा (रिसाली, छत्तीसगढ़) थे।

## उबिनास ज्वालामुखी

- पेरु के उबिनास ज्वालामुखी में विस्फोट के चलते 5 जुलाई 2023 को ज्वालामुखी के आस-पास के क्षेत्रों में 60 दिनों के लिये आपातकाल की घोषणा कर दी गई।
- उबिनास पेरु का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है और मोकेगुआ, पेरु में स्थित है।
- यह क्षेत्र प्रशांत महासागर के किनारे 'रिंग ऑफ फॉयर' का हिस्सा है।

## ग्लोबल क्राइसिस रिस्पांस ग्रुप

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के निमंत्रण पर भारत ग्लोबल क्राइसिस रिस्पांस ग्रुप (GCRG) के चैंपियंस समूह में शामिल हुआ।
- GCRG के चैंपियंस समूह के द्वारा ही, GCRG की देखरेख की जाती है और वर्तमान में इसमें बांग्लादेश, बारबडोस, डेनमार्क, जर्मनी, इंडोनेशिया और सेनेगल की सरकारों के प्रमुख शामिल हैं।
- ग्लोबल क्राइसिस रिस्पांस ग्रुप की स्थापना वर्ष 2022 में खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा और वित्त में तत्काल वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिये की गई थी।

## तंजानिया की किदुथानी परियोजना

- तंजानिया यात्रा पर रहे भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने तंजानिया की पेयजल परियोजना-किदुथानी का दौरा किया।
- यह परियोजना तंजानिया के जांजीबार में जल आपूर्ति प्रणाली के पुनर्वास और सुधार हेतु भारत और जांजीबार के बीच हुए एक समझौते का परिणाम है।
- इस परियोजना से जांजीबार के तीस हजार घरों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो पाएगी।

## इंदौर नगर निगम बना EPR क्रेडिट पाने वाला पहला नगर निगम

- मध्य प्रदेश का इंदौर नगर निगम प्रतिबंधित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के पुनर्चक्रण के लिये विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (EPR) क्रेडिट प्राप्त करने वाला पहला नगर निकाय बन गया।
- नगर निगम द्वारा यह क्रेडिट प्राप्त करना प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और EPR नीति के सफल कार्यान्वयन को दर्शाता है।
- EPR एक पर्यावरणीय नीतिगत दृष्टिकोण है जिसमें किसी उत्पाद के लिये निर्माता की जिम्मेदारी को उत्पाद के जीवन चक्र के उपभोक्ता चरण तक बढ़ाया जाता है।

## नोएडा में खुला भारत का पहला वैदिक थीम पार्क-वेद वन पार्क

- भारत का पहला वैदिक थीम आधारित पार्क – 'वेद वन पार्क' उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर-78 में बनाया गया।
- इस वेद वन पार्क में बरगद, कल्पवृक्ष और नारियल जैसे 50000 से अधिक पौधे हैं। इन सभी पेड़ों का उल्लेख वैदिक साहित्य में किया गया है।
- पार्क को सात क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र का नाम प्रसिद्ध वैदिक ऋषियों – कश्यप, अगस्त्य, विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि, गौतम और भारद्वाज के नाम पर रखा गया है।

## ईरान बना SCO का 9वाँ स्थायी सदस्य

- 4 जुलाई, 2023 को भारत की अध्यक्षता में आयोजित हुई SCO (शंघाई सहयोग संगठन) के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में ईरान को 9वें सदस्य के रूप में मान्यता मिली।
- ईरान के शामिल होने से पहले, SCO में आठ सदस्य देश – चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान थे।
- गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान वर्ष 2017 में SCO के स्थायी सदस्य बने थे।

## न्यूजीलैंड ने पतली प्लास्टिक की थैलियों पर लगाया प्रतिबंध

- न्यूजीलैंड पतली प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- यह प्रतिबंध 1 जुलाई, 2023 से लागू हुआ है जोकि सिंगल-यूज-प्लास्टिक के खिलाफ सरकार के व्यापक अभियान में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।
- ये प्रतिबंध सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद बैग, प्लास्टिक प्लेट, कटोरे और कटलरी के निर्माण, बिक्री और वितरण पर लागू होंगे।

## अक्षर रिवर क्रूज

- केंद्रीय गृहमंत्री ने 2 जुलाई को साबरमती रिवरफ्रंट अहमदाबाद में 'अक्षर रिवर क्रूज' का शुभारंभ किया।
- इस रिवर क्रूज का निर्माण अहमदाबाद नगर निगम और साबरमती रिवरफ्रंट डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मेक इन इंडिया के तहत किया है।
- 30 मीटर लंबे लक्जरी क्रूज में 165 यात्री एक बार में सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं और यह क्रूज लाइव संगीत और स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन जैसे आकर्षणों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

## कनाडा की Digital Nomad Strategy

- कनाडा ने विशेष रूप से तकनीकी उद्योग में कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिये Digital Nomad Strategy (डिजिटल खानाबदोश रणनीति) शुरू करने की घोषणा की।
- इस नीति के तहत विदेशी श्रमिकों को 6 महीने तक कनाडा में रहने की अनुमति होगी, जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकेगा।
- कनाडा का लक्ष्य विदेशी कुशल श्रमिकों को देश में रहने की अनुमति देकर, श्रम की माँग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाना है।

## चेन्नई (तमिलनाडु) ने लॉन्च की भारत की पहली 'पुलिस ड्रोन यूनिट'

- चेन्नई (तमिलनाडु) में ग्रेटर चेन्नई सिटी पुलिस ने विशाल क्षेत्रों पर हवाई निगरानी और आपराधिक गतिविधियों का त्वरित पता लगाने के लिये 'पुलिस ड्रोन यूनिट' लॉन्च की।
- इस ड्रोन पुलिस यूनिट में तीन श्रेणियों के तहत कुल नौ ड्रोन हैं। ये श्रेणियाँ – त्वरित प्रतिक्रिया निगरानी ड्रोन, हेवी लिफ्ट मल्टीरोटर ड्रोन और लंबी दूरी के सर्वेक्षण विंग ड्रोन की है।
- ये सभी ड्रोन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) क्षमताओं से लैस है और इन्हें ग्राउंड स्टेशन से 5-10 किलोमीटर की दूरी तक संचालित किया जा सकता है।

## संस्कृति मंत्रालय ने शुरू की मेरा गाँव, मेरी धरोहर पहल

- भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 'मेरा गाँव, मेरी धरोहर' नामक एक महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन किया गया।
- 'मेरा गाँव, मेरी धरोहर' पहल संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है और इसका लक्ष्य भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 6.5 लाख गाँवों का सांस्कृतिक मानचित्रण करना है।
- ऐसा करके, इस परियोजना का उद्देश्य भारत के गाँवों में मौजूद समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और जीवंत परंपराओं को संरक्षित करना है।
- इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतू संस्कृति मंत्रालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## सागर संपर्क

- हाल ही में Differential Global Navigation Satellite System (DGNSS) या जिसे आम भाषा में सागर संपर्क भी कहा जा रहा है, का उद्घाटन हुआ।
- सागर संपर्क नाम की यह अत्याधुनिक प्रणाली डिजिटल इंडिया अभियान का एक महत्वपूर्ण घटक है जिसका उद्देश्य समुद्री संचालन में दक्षता और प्रभावकारिता बढ़ाना है।
- DGNSS प्रणाली का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय समुद्री क्षेत्र में चल रहे डिजिटल परिवर्तन को और मजबूत करना है।
- बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, DGNSS प्रणाली के विकास और कार्यान्वयन की देखरेख करता है और यह अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों के भी अनुरूप है।

## राजस्थान विधानसभा ने पारित किया न्यूनतम आय गारंटी विधेयक

- न्यूनतम आय गारंटी विधेयक विधानसभा में पारित करवाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है।
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महीने में 25 दिन के अतिरिक्त रोजगार की गारंटी देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।
- इस प्रकार प्रदेश के भीतर मनरेगा के तहत 100 दिन के अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार गारंटी से मिलेगा।
- इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद राज्य में वृद्ध, दिव्यांगजन, विधवा एवं एकल महिला लाभार्थियों को हर महीने न्यूनतम 1000 रुपये की पेंशन मिल सकेगी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## भारत बना दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क वाला देश

- भारत का 1.45 लाख किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क अब संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बन गया है।
- इसी के साथ चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क वाला देश बन गया है।

## तेलंगाना में खुली देश की सबसे बड़ी निजी रेल कोच फैक्ट्री

- देश में सबसे बड़ी निजी रेल कोच फैक्ट्री का तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में उद्घाटन किया गया।
- इस फैक्ट्री का निर्माण मेधा सर्वो ड्राइव्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम के सहयोग से किया गया।
- निजी रेल कोच फैक्ट्री की उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 500 कोच और 50 लोकोमोटिव होगी।

## श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में बनेगा बलिदान स्तंभ

- केंद्रीय गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में प्रताप पार्क में बलिदान स्तंभ के निर्माण का उद्घाटन किया।
- यह स्मारक श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजना का एक हिस्सा है और उन बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये है जिन्होंने राष्ट्र के लिये अपना जीवन बलिदान कर दिया।

## नई दिल्ली में खुला उत्तर भारत का पहला स्किन बैंक

- नई दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में उत्तर भारत के पहले स्किन बैंक/त्वचा बैंक की शुरूआत हुई।
- भारत में इसके अलावा कुल 16 त्वचा बैंक हैं जिनमें से महाराष्ट्र में सात, चेन्नई में चार, कर्नाटक में तीन, मध्य प्रदेश और ओडिशा में एक-एक स्किन बैंक है।
- इन स्किन बैंकों में किसी मृत व्यक्ति की त्वचा उसकी मृत्यु के 6 घंटे के भीतर दान की जा सकती है।

## सिंगापुर एयरलाइंस बनी दुनिया की सबसे अच्छी विमानन कंपनी

- स्काईट्रैक्स 'वर्ल्ड एयरलाइन अवार्ड्स-2023' के अनुसार सिंगापुर एयरलाइंस दुनिया की शीर्ष 10 सबसे अच्छी विमानन कंपनियों में पहले स्थान पर है।
- इसके बाद कतर एयरलाइन्स दूसरे स्थान पर है।
- इन अवार्ड्स में भारत की विस्तारा एयरलाइंस 16वें स्थान पर तथा एयर इंडिया 43वें स्थान पर है।
- स्काईट्रैक्स के अनुसार विश्व की सर्वश्रेष्ठ कम लागत वाली एयरलाइन - एयरएशिया है।

## बिहार में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा रामायण मंदिर

- दुनिया के सबसे बड़े रामायण मंदिर के निर्माण का कार्य बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण जिले के कैथवलिया-बहुआरा गाँव में शुरू हुआ।
- इस मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2025 के अंत तक पूरा हो जाएगा।
- इस मंदिर के निर्माण की अनुमानित लागत 500 करोड़ रुपये है। यह मंदिर कंबोडिया के सबसे बड़े मंदिर अंकोरवाट मंदिर से भी ऊँचा होगा।

## एस्टोनिया ने समलैंगिक विवाह को किया वैध

- एस्टोनिया की संसद ने समान सेक्स विवाह या समलैंगिक विवाह को वैध बनाने वाला कानून पारित किया।
- यह कानून समलैंगिक जोड़ों को विषमलैंगिक जोड़ों के समान अधिकार और लाभ प्रदान करेगा।

## चिली में मिले शाकाहारी डायनासोर प्रजाति के अवशेष

- चिली के पेटागोनिया में वैज्ञानिकों ने एक डक बिल्ड डायनासोर की एक नई प्रजाति की खोज की।
- इस प्रजाति का नाम 'गोन कोकेन नैनोई' है और यह शाकाहारी डायनासोर की प्रजाति है।

## Google ने शुरू किया भारतीय भाषा कार्यक्रम

- Google ने स्थानीय प्रकाशकों की सहायता के लिये 'भारतीय भाषा कार्यक्रम' शुरू किया।
- दरअसल, स्थानीय भाषा के प्रकाशकों को उनके संचालन में मदद करने, उन्हें प्रशिक्षण देने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिये Google ने यह कार्यक्रम शुरू किया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इस कार्यक्रम को Google समाचार पहल (GNI) के तहत लॉन्च किया गया है जोकि एक डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है और इसका उद्देश्य भ्रामक खबरों को लेकर पत्रकारों और न्यूजरूम्स का मार्गदर्शन करना है।

## iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर दक्षता पाठ्यक्रम लॉन्च

- केंद्र सरकार ने iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर दक्षता या DAKSHTA (Development of Attitude, Knowledge, Skill for Holistic Transformation in Administration) नामक पाठ्यक्रम की शुरूआत की।
- 'दक्षता' 18 पाठ्यक्रमों का संग्रह है जिसे सरकार में कार्यरत युवा पेशेवरों और सलाहकारों के लिये डिजाइन किया गया है।
- ये पाठ्यक्रम डेटा संचालित निर्णय लेने, कार्यालय प्रक्रियाओं, प्रभावी संचार, सार्वजनिक नीति अनुसंधान और तनाव प्रबंधन सहित कई विषयों को कवर करते हैं।
- गौरतलब है कि iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म उन सरकारी अधिकारियों के लिये एक मंच प्रदान करता है जो अपनी क्षमता निर्माण एवं कौशल को विकसित करना चाहते हैं।

## बांग्लादेश में विश्व बैंक की सड़क सुरक्षा परियोजना शुरू

- विश्व बैंक (WB) ने दक्षिण एशिया में अपनी पहली सड़क सुरक्षा परियोजना बांग्लादेश में शुरू की है।
- यह परियोजना बांग्लादेश के दो राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क यातायात से होने वाली मौतों को कम करने में मदद करेगी।
- यह परियोजना व्यापक सुरक्षा उपायों को शामिल करेगी जिनमें साइनेज और मार्किंग, पैदल यात्री सुविधाएँ, डिवाइडर, जेबरा क्रॉसिंग, स्पीड-ब्रेकर आदि शामिल हैं।

## ओडिशा में देश के सबसे बड़े प्राकृतिक मेहराब की खोज

- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक टीम ने हाल ही में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में चेंगा पहाड़ी पर भारत के सबसे बड़े प्राकृतिक मेहराब की खोज की।
- यह प्राकृतिक मेहराब एक अंडाकार आकार का मेहराब है जो 30 मीटर लंबा (आधार पर) और 12 मीटर ऊँचा है।
- GSI वैज्ञानिकों के अनुसार इस मेहराब का गठन निम्न से मध्य जुरासिक युग में लगभग 184 से 160 मिलियन वर्ष पहले का है।

## गैबॉन की पहली कृषि सेज (SEZ) परियोजना

- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नई दिल्ली से गेबॉन की पहली कृषि सेज (SEZ - Special Economic Zone) परियोजना को झंडी दिखाकर प्रारंभ किया।
- यह परियोजना AOM ग्रुप जोकि कृषि विकास और नवाचार को बढ़ावा देने वाली एक अग्रणी कंपनी है, द्वारा लागू की जाएगी और इसमें ओडिशा का सेंचुरियन विश्वविद्यालय तकनीकी और ज्ञान भागीदार के रूप में शामिल होगा।
- SEZ देश की राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर स्थित क्षेत्र होते हैं जिनका उद्देश्य व्यापार संतुलन, रोजगार, निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन आदि को बढ़ावा देना है।

## पद्म पुरस्कार विजेताओं को हरियाणा देगा पेंशन

- हरियाणा सरकार ने राज्य के पद्म पुरस्कार विजेताओं को 10000 रुपये की मासिक पेंशन देने का ऐलान किया है।
- साथ ही पद्म पुरस्कार विजेताओं को 'वोल्वो बस' में मुफ्त यात्रा सुविधा देने की घोषणा भी हुई।
- गौरतलब है कि वर्ष 2023 में कुल 106 पद्म पुरस्कार प्रदान किये गए हैं जिनमें 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 91 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

## गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को मिला 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन

- गुवाहाटी रेलवे स्टेशन, पूर्वोत्तर भारत का पहला 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्राप्त करने वाला रेलवे स्टेशन बन गया।
- गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को यात्रियों को उच्च गुणवत्ता, पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिये FSSAI द्वारा ईट राइट स्टेशन प्रमाणन मिला है।
- यह प्रमाणन 2 जून, 2023 से 2 जून, 2025 की अवधि के लिये प्रदान किया गया है।

## ऑनलाइन ड्रेजिंग मॉनिटरिंग सिस्टम – 'सागर समृद्धि'

- केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'वेस्ट-टू-वेल्थ' पहल में तेजी लाने के लिये 'सागर समृद्धि' ऑनलाइन ड्रेजिंग मॉनिटरिंग सिस्टम लॉन्च किया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इस प्रणाली को नेशनल टेक्नोलॉजी सेंटर फॉर पोर्ट्स, वाटरवेज एंड कोस्ट्स द्वारा विकसित किया गया।
- सागर समृद्धि प्रणाली कई रिपोर्ट जैसे- दैनिक ड्रेजिंग रिपोर्ट तैयार करने, ड्रेजिंग के पहले और बाद के सर्वेक्षण डेटा को संसाधित करने और रियल टाइम ड्रेजिंग रिपोर्ट तैयार करने में मदद करेगी।
- साथ इस प्रणाली में ड्रेजर प्रदर्शन, दैनिक और मासिक प्रगति विजुअलाइजेशन, डाउनटाइम निगरानी आदि की सुविधा उपलब्ध होगी।

## फार्मर्स फ्रेश जोन स्टार्टअप

- फार्मर्स फ्रेश जोन (FarmersFZ) एक केरल में स्थित स्टार्टअप है जिसे संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) के 'एक्सेलरेटर प्रोग्राम' के लिये चुना गया।
- यह स्टार्टअप केरल स्टार्टअप मिशन के तहत कार्य करता है और इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करना है।

## कंटेटफुल कनेक्टिविटी प्रोग्राम

- यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिये आर्थिक रूप से व्यवहार्य इंटरनेट कनेक्टिविटी समाधान कार्यक्रम है।
- इस कंटेंटफुल कनेक्टिविटी प्रोग्राम को माइक्रोसॉफ्ट और Airjaldi नेटवर्कस द्वारा शुरू किया गया।
- इस कार्यक्रम के तहत निजी, सार्वजनिक और गैर-लाभकारी क्षेत्रों के सहयोग से हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी तक सभी की पहुँच को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## 5 नए देशों को UNSC का अस्थायी सदस्य चुना गया

- अल्जीरिया, गुयाना, कोरिया गणराज्य, सियरा लियोन और स्लोवेनिया को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के अस्थायी सदस्यों के रूप में चुना गया।
- इनका कार्यकाल जनवरी 2024 से दो साल की अवधि के लिये शुरु होगा और ये वर्तमान अस्थायी सदस्य देशों अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और संयुक्त अरब अमीरात की जगह लेंगे।
- UNSC में 15 देश शामिल हैं जिनमें 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं।

## नोवा कखोवका बाँध

- दक्षिणी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित क्षेत्र में एक विस्फोट के चलते 'नोवा कखोवका' बाँध क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई।
- यह बाँध दक्षिणी यूक्रेन खेरसॉन क्षेत्र में नोवा कखोवका शहर में नीपर नदी पर बना एक प्रमुख जल विद्युत संयंत्र और विशाल जलाशय है।
- 30 मीटर ऊँचे बाँध को वर्ष 1956 में सिंचाई, विद्युत उत्पादन और नौपरिवहन के लिये बनाया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र ने बाह्य अंतरिक्ष हेतु नई संधि की जारी

- संयुक्त राष्ट्र ने 'फॉर ऑल हयूमैनिटी – द फ्यूचर ऑफ आउटर स्पेस गवर्नेंस' शीर्षक से एक नीति जारी की है। जिसका उद्देश्य शांति, सुरक्षा और बाह्य अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ की रोकथाम सुनिश्चित करना है।
- इस नीति में अंतरिक्ष मलबे के प्रसार को एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में रेखांकित किया गया है।
- बाह्य अंतरिक्ष, पृथ्वी के वायुमंडल से परे और आकाशीय पिंडों के बीच विशाल क्षेत्र विस्तार को संदर्भित करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री पर्यटन पोत-MV एम्प्रेस

- केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 5 जून को चेन्नई में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय समुद्री पर्यटन पोत MV-एम्प्रेस को श्रीलंका के लिये रवाना किया।
- इसके साथ ही चेन्नई से अंतर्राष्ट्रीय क्रूज पर्यटन टर्मिनल की शुरूआत हो गई है।
- यह क्रूज पर्यटन सेवा चेन्नई पोर्ट और मेसर्स वाटरवेज लीजर टूरिज्म प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुए एक समझौते का परिणाम है।

## केन्द्रीकृत प्रयोगशाला नेटवर्क में शामिल हुआ भारत

- भारत केंद्रीकृत प्रयोगशाला नेटवर्क (CLN) में शामिल हो गया।
- केंद्रीकृत प्रयोगशाला नेटवर्क टीकों के परीक्षण के लिये काम करता है जिनका उपयोग महामारी, महामारी रोग के प्रकोप के दौरान किया जा सकता है।
- केंद्रीकृत प्रयोगशाला नेटवर्क CEPI (Coalition for Epidemic Preparedness Innovations) का एक हिस्सा है।
- CEPI की स्थापना वर्ष 2017 में हुई थी और इसका मुख्यालय ओस्लो (नार्वे) में है।

## ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना

- 2 जून को ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा बाजार स्टेशन के पास एक ट्रिपल-ट्रेन दुर्घटना हुई।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- यह दुर्घटना पिछले दो दशकों में भारत की सबसे बड़ी रेल दुर्घटनाओं में से एक है जिसमें कोरोमण्डल एक्सप्रेस, बेंगलुरु हावड़ा सुपरफ्रास्ट एक्सप्रेस और बहनागा स्टेशन के पास खड़ी हुई एक मालगाड़ी क्षतिग्रस्त हुई।

## विधि आयोग ने की देशद्रोह के प्रावधान को बरकरार रखने की सिफारिश

- भारत के विधि आयोग ने अपनी 279वीं रिपोर्ट जारी की जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 124A के तहत देशद्रोह के प्रावधान को बरकरार रखने की सिफारिश की गई।
- गौरतलब है कि धारा 124A में 'कानून द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ असंतोष भड़काने के प्रयास' को राजद्रोह के रूप में वर्णित किया गया है।
- रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये और कट्टरपंथी, राष्ट्र विरोधी तथा अलगाववादी तत्वों से देश को बचाने के लिये वर्तमान में देशद्रोह की धारा प्रासंगिक है।

## गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में खुला राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण केन्द्र

- केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के लिये राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया।
- यह केंद्र खाद्य व्यवसायों में संलग्न व्यक्तियों के लिये विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा जिसमें खाद्य व्यवसाय ऑपरेटर, कर्मचारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी और नामित अधिकारी शामिल हैं।
- इसके अलावा, राष्ट्रीय वेंडर्स के लिये खाद्य सुरक्षा दिशा निर्देशों के बारे में प्रशिक्षण माड्यूल प्रदान करने के लिये एक ई-लर्निंग ऐप- खाद्य सुरक्षा और प्रमाणन (FOSTAC) भी लॉन्च किया गया।

## नागपुर AIIMS बना NABH मान्यता प्राप्त करने वाला देश का पहला AIIMS

- देश के सभी AIIMS में नागपुर AIIMS हॉस्पिटल NABH (National Accreditation Board for Hospitals and Healthcare Providers) मान्यता हासिल करने वाला संस्थान है।
- यह मान्यता संस्थान द्वारा कड़े गुणवत्ता मानकों, रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में समग्र उत्कृष्टता के लिये प्रदान की जाती है।

## असम में चली पूर्वोत्तर भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

- प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुवाहाटी से पूर्वोत्तर भारत की और असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- यह 18वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है और यह असम में कामाख्या मंदिर, काजीरंगा अभ्यारण्य, मानस टाइगर रिजर्व, मेघालय में शिलांग और चेरापूँजी तथा अरुणाचल प्रदेश में तवांग जैसे प्रमुख स्थलों को जोड़कर व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी।
- गौरतलब है कि भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चली थी।

## आंध्र प्रदेश की कॉफी और काली मिर्च को मिला जैविक प्रमाण-पत्र

- आंध्र प्रदेश के आदिवासियों द्वारा उगाई गई अराकू वैली कॉफी व काली मिर्च को जैविक प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।
- यह जैविक प्रमाणीकरण एपीडा (APEDA) द्वारा आदिवासी सहकारी समिति गिरिजन सहकारी निगम को उनके द्वारा उगाई गई कॉफी बीन्स के लिये दिया गया।
- आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जैविक प्रमाणीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया जटिल है क्योंकि इसमें तृतीय पक्ष सत्यापन, ऑनलाइन सत्यापन, जियो-टैगिंग और APEDA द्वारा ट्रेसनेट पर जानकारी अद्यतन करना शामिल है।

## आयरलैंड ने मादक पेय पदार्थों पर स्वास्थ्य चेतावनी लेबलिंग की अनिवार्य

- आयरलैंड दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसने लोगों को कैलोरी की मात्रा, अल्कोहल की मात्रा, कैंसर और लीवर की बीमारी के जोखिम और गर्भवती होने पर शराब पीने के खतरों के बारे में सचेत करने के लिये मादक पेय पदार्थों पर स्वास्थ्य लेबलिंग को अनिवार्य कर दिया।
- इस नए कानून के नियम तीन साल में प्रभावी होंगे ताकि व्यवसायों को पर्याप्त समय दिया जा सके।

## श्रीरामचरितमानस बना दुनिया का सबसे लंबा गीत

- गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के तहत श्री रामचरितमानस अब दुनिया का सबसे लंबा गीत बन गया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- उत्तर प्रदेश के बनारस के डॉ. जगदीश पिल्लई ने 138 घंटे 41 मिनट और 2 सेकंड के श्री रामचरितमानस गीत का अपनी आवाज दी है।
- जगदीश पिल्लई उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा बार (यानी 5 बार) गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन चुके हैं।

## भारत का नया संसद भवन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई को विनायक दामोदर सावरकर की 140वीं जयंती पर नए संसद भवन का उद्घाटन किया।
- 971 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नए संसद भवन में लोकसभा के भीतर सीटों की क्षमता 888 और राज्यसभा के भीतर सीटों की क्षमता 384 है।
- 64500 वर्ग मीटर में विस्तारित इस संसद भवन को सेंट्रल विस्टा रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है।
- नए संसद भवन का डिजाइन त्रिकोणीय है और इसमें ऐतिहासिक राजदंड 'सेंगोल' भी स्थापित किया गया है।
- सेंगोल तमिल शब्द सेम्मै से उत्पन्न हुआ है जिसका अर्थ होता है – 'न्यायधर्म'।

## केरल बना देश का पहला ई-शासित राज्य

- केरल भारत का पहला राज्य होगा जो अपनी सार्वजनिक सेवाओं को पूरी तरह ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराएगा।
- केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने 25 मई को केरल राज्य को पूरी तरह से ई-शासित राज्य घोषित किया।
- यह उपलब्धि ई-सेवनम नामक एकल खिड़की सेवा वितरण प्लेटफॉर्म के माध्यम से हासिल की गई है।

## ब्राजील में लगी एनिमल हेल्थ इमरजेंसी

- ब्राजील में बर्ड फ्लू के बढ़ते मामलों के बाद देश में अगले 6 महीनों के लिये ऐनिमल हेल्थ इमरजेंसी लगाई गई।
- एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जो पालतू और जंगली पक्षियों की कई प्रजातियों को प्रभावित करती है।

## राँची (झारखंड) में खुला देश का सबसे बड़ा हाईकोर्ट भवन

- झारखंड के राँची में देश के सबसे बड़े हाईकोर्ट भवन का उद्घाटन हुआ।
- 165 एकड़ में फैले इस भवन का आकार भारत के सुप्रीम कोर्ट से तीन गुना बड़ा है।
- इस हाईकोर्ट भवन में 25 वातानुकूलित कोर्टरूम और 1200 वकीलों के बैठने की क्षमता वाले दो बड़े हॉल और उनके लिये 540 कक्ष हैं।

## UGC की NEP सारथी योजना

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने भारत में उच्च शिक्षा को बदलने में शैक्षणिक सुधार के लिये छात्र एंबेसडर नामक एक नई पहल 'NEP सारथी' की घोषणा की।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) सारथी योजना के तहत, उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों, निदेशकों और प्रधानाचार्यों द्वारा अपने संस्थानों से वांछित मानदंडों को पूरा करने वाले तीन छात्रों को नामांकित किया जाएगा।
- UGC यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कुल नामांकनों में से 300 NEP सारथी का चयन करेगा।

## WHO ने लॉन्च किया इंटरनेशनल पैथोजेन सर्विलांस नेटवर्क

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने संक्रामक रोगों से खतरे का तेजी से पता लगाने और उनके प्रसार को रोकने के लिये जानकारी साझा करने में मदद करने के लिये इंटरनेशनल पैथोजेन सर्विलांस नेटवर्क (ISPN) लॉन्च किया।
- इस नेटवर्क का उद्देश्य संक्रामक रोगों के खतरे को तेजी से पहचानना और ट्रैक करना, सूचनाओं को साझा करना, कोविड महामारी जैसी आपदाओं को रोकने के लिये कार्रवाई करना आदि है।

## नेशनल अकादमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग कैंपस

- केंद्रीय गृहमंत्री ने गुजरात के द्वारका में नेशनल अकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग के स्थायी परिसर की आधारशिला रखी।
- यह पहली राष्ट्रीय अकादमी है जो प्रभावी रूप से तटरेखा की सुरक्षा के लिये पुलिस बलों को प्रशिक्षित करती है।

## नेपाल ने वर्ष 2025 को विशेष पर्यटन वर्ष किया घोषित

- नेपाल की संघीय संसद ने वर्ष 2025 को पर्यटन के लिये एक विशेष वर्ष के रूप में नामित किया।
- साथ ही विक्रम संवत कैलेंडर में 2080 के दशक को 'नेपाल यात्रा दशक' के रूप में मान्यता देने की भी घोषणा की गई।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इसके अलावा राष्ट्रपति द्वारा नेपाल के सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में योगदान देने वाले विदेशी नागरिकों को 'समरमाथा' विशेष सम्मान देने की भी घोषणा की।
- नेपाली सरकार द्वारा ये सभी प्रयास देश के भीतर कोविड-19 के बाद पर्यटन क्षेत्र में आई गिरावट में सुधार लाने और इसमें तेजी लाने के लिये किये गए हैं।

## महाराष्ट्र ने सुशासन नियमन को दी मंजूरी

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुशासन नियम, 2023 को मंजूरी दे दी।
- इसके तहत राज्य प्रशासन को अधिक जवाबदेह, लोगों के लिये सुलभ, सक्रिय और पारदर्शी बनाया जाएगा।
- महाराष्ट्र सुशासन नियमन को मंजूरी देने वाला देश का पहला राज्य बना है।

## तमिलनाडु में देश के सबसे बड़े स्काईवॉक पुल का उद्घाटन

- तमिलनाडु में भारत के सबसे बड़े स्काईवॉक पुल का उद्घाटन हुआ।
- इस स्काईवाक पुल की लंबाई 570 मीटर और चौड़ाई 4.2 मीटर है।
- यह स्काईवॉक पुल तमिलनाडु के माम्बलम रेलवे स्टेशन और टी नगर बस टर्मिनस के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्शन के रूप में कार्य करता है।

## टाटा देश में एप्पल का पहला स्थानीय आईफोन मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर बना

- टाटा समूह भारत ने भविष्य में लॉन्च होने वाले आईफोन-15 और 15 प्लस को मैन्युफैक्चर करने के लिये एप्पल के साथ एक समझौता किया है।
- इसी के साथ, टाटा समूह देश में एप्पल का चौथा आईफोन मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर और पहला स्थानीय भारतीय निर्माता बन गया है।

## केरल मनरेगा श्रमिकों के लिये कल्याण कोष गठित करने वाला पहला राज्य

- केरल ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों के लिये कल्याण कोष गठित करने वाला पहला राज्य बन गया है।
- इस कोष का लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा जिन्होंने 60 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और लगातार अंशदान का भुगतान किया है।
- केरल की अय्यंकाली शहरी रोजगार गारंटी योजना के श्रमिक भी कल्याण कोष का हिस्सा होंगे।

## हैदराबाद का हवाई अड्डा दुनिया का सबसे समयबद्ध हवाई अड्डा

- हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मार्च 2023 में 90.43% के ऑनटाइम प्रदर्शन के साथ दुनिया के सबसे समयबद्ध हवाई अड्डे का दर्जा मिला है।
- बेंगलुरु का केम्पेगौडा इंटरनेशनल हवाई अड्डा दुनिया का दूसरा सबसे समयबद्ध हवाई अड्डा है।

## पुर्तगाल ने दी इच्छा मृत्यु को कानूनी मान्यता

- पुर्तगाल की संसद ने कुछ सीमित परिस्थितियों में चिकित्सकीय रूप से सहायता आधारित इच्छा मृत्यु की अनुमति देने वाले कानून को पारित किया।
- इस कानून के तहत चिकित्सा पेशेवरों को, लोगों की मरने में मदद करने की अनुमति दी जायेगी यदि वे किसी लाइलाज बीमारी या गंभीर चोट के कारण अत्यधिक पीड़ा में हैं।

## चीन ने कनाडाई राजनयिक को पर्सोना नॉन ग्राटा किया घोषित

- कनाडा के एक सांसद को डराने-धमकाने के आरोप में चीनी राजनयिक को चीन वापस भेजने के जवाब में चीन ने शंघाई में कनाडाई राजनयिक को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया।
- पर्सोना नॉन ग्राटा की अवधारणा राजनयिक संबंधों पर वियना अभिसमय में पाई जाती है जिसे वर्ष 1961 में हस्ताक्षरित किया गया था।
- इस अभिसमय/संधि के अनुच्छेद-9 के अनुसार, किसी देश को 'किसी भी समय और अपने निर्णय की व्याख्या किये बिना' राजनयिक स्टाफ के किसी भी सदस्य को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करने का अधिकार है।

## SBM-G के चरण II में भारत के 50% गाँव ODF+ घोषित हुए

- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (SBM-G) के तहत देश के कुल गाँवों में से आधे यानि 50% गाँवों ने मिशन के दूसरे चरण के दौरान ODF+ (Open Defecation Free +) का दर्जा प्राप्त किया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- ODF+ गाँव वह होता है जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त स्थिति को बनाए रखा है।
- ODF+ गाँवों के प्रतिशत के मामले में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं।
  - बड़े राज्यों में : तेलंगाना > कर्नाटक > तमिलनाडु
  - छोटे राज्यों में : गोवा > सिक्किम
  - केंद्रशासित प्रदेश में : अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली और दमन दीव तथा लक्षद्वीप में 100% ODF+ मॉडल गाँव हैं।

## पंजाब ने 'चलने का अधिकार' किया लागू

- पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों की मौतों में लगातार वृद्धि के बीच, पंजाब सरकार ने देश में पहली बार 'चलने के अधिकार' को लागू किया।
- इसके तहत राज्य में हर जगह पैदल चलने के रास्ते और साइकिल ट्रैक बनाए जाएँगे।

## हैदराबाद में बनेगा हरिकृष्णा हेरिटेज टॉवर

- तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में हरे कृष्णा हेरिटेज टावर की नींव रखी।
- इस हेरिटेज टॉवर में श्री राधा कृष्ण और श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर होंगे।
- यह हेरिटेज टॉवर काकतीय वास्तुशिल्प तत्वों के रूप में तेलंगाना विरासत को उजागर करेगा।

## नोएडा में शुरू होगी भारत की पहली पॉड टैक्सी

- उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और फिल्म सिटी के बीच भारत की पहली पॉड टैक्सी प्रारंभ होगी।
- इस परियोजना पर लगभग 810 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।
- पॉड टैक्सियाँ परिवहन के सबसे उन्नत साधनों में से एक है। ये स्वचालित कारें होती हैं जिन्हें यात्रा के लिये ट्रैक की आवश्यकता होती है।

## केरल का इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क

- केरल के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिये केरल सरकार द्वारा इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क जारी किया गया।
- इस पहल ने केरल को अपने उच्च शिक्षा संस्थानों के लिये एक रैंकिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य बना दिया।
- इस रैंकिंग फ्रेमवर्क को वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा लाए गए नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) की तर्ज पर विकसित किया गया है।

## दावकी भूमि बंदरगाह

- भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिये मेघालय में दावकी भूमि बंदरगाह का उद्घाटन हुआ।
- यह बंदरगाह दोनों देशों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है और यह बंदरगाह दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण व्यापार और परिवहन केंद्र के रूप में काम करेगा।

## भारतीय वायुसेना हेरीटेज सेंटर

- केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ में भारतीय वायुसेना के अपनी तरह के पहले विरासत केंद्र का शुभारंभ किया।
- यह विरासत केंद्र 17 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें वर्ष 1965 और वर्ष 1971 के संग्राम, कारगिल युद्ध और बालाकोट एयरस्ट्राइक की निर्णायक स्मृतियों को दीवार पर बने चित्रों तथा प्रतिमानों के माध्यम से दर्शाया गया है।

## एकथा हार्बर बंदरगाह

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव की उनकी समकक्ष मारिया दीदी ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के तटरक्षक बलों के लिये 'एकथा हार्बर' की नींव रखी।
- यह बंदरगाह मालदीव के माले से कुछ मील दूरी पर उत्तर पश्चिम में स्थित सिफवारु में है।
- सिफवारु में इस बंदरगाह का विकास और मरम्मत की सुविधा भारत द्वारा प्रदान की जाएगी।

## ऑपरेशन गोल्डन ऑर्ब

- यूनाइटेड किंगडम के 40वें सम्राट किंग चार्ल्स III के भव्य राज्याभिषेक समारोह को 'ऑपरेशन गोल्डन ऑर्ब' नाम दिया गया।
- चार्ल्स III का राज्याभिषेक उनकी माँ के राज्याभिषेक के 70 साल बाद हुआ।
- इनकी माता का नाम महारानी एलिजाबेथ द्वितीय था और वे 1952 में ब्रिटेन की महारानी के पद पर आसीन हुई थी।

## कुकी-मेइती संघर्ष

- मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा राज्य के गैर-आदिवासी मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा देने की 10

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



साल पुरानी सिफारिश को आगे बढ़ाने का निर्देश देने के कारण मणिपुर में हिंसक सांप्रदायिक झड़पें हुई।

- ऑल-ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर द्वारा मेइती लोगों को राज्य में ST दर्जा प्रदान करने कथित कदम के खिलाफ 'आदिवासी एकजुटता रैली' आयोजित करने के बाद यह हिंसा और बढ़ गई।
- दरअसल, राज्य में घाटियों में जिसमें मणिपुर का लगभग 10% भू-भाग शामिल है, में गैर-आदिवासी मेइती समुदाय का वर्चस्व है, जो राज्य की आबादी का 64% से अधिक है।
- वहीं, 90% भौगोलिक क्षेत्र वाली पहाड़ियों में 35% से अधिक मान्यता प्राप्त जनजातियाँ निवास करती हैं। इन्हें मोटे तौर पर नागा जनजाति और कुकी जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- वर्तमान में हिंसा का प्रमुख कारण मेइती समुदाय को ST का दर्जा दिये जाने वाली बात है।
- दरअसल, मेइती लोगों के पास जनसांख्यिकी और राजनीतिक लाभ है और वे शैक्षणिक रूप से भी अधिक उन्नत है।
- अगर मेइती समुदाय को भी ST का दर्जा मिलता है तो राज्य की वर्तमान जनजातियों के लिये नौकरी में अवसर कम हो जाएँगे और मेइती समुदाय को राज्य के पहाड़ी क्षेत्र में जमीन का अधिग्रहण करने का अवसर भी मिल जाएगा।
- जनजातियों के इसी भय के कारण कुकी-मेइती दोनों समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति बनी हुई है।

## अडानी समूह का पहला एकीकृत डेटा केन्द्र

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन रेड्डी ने 3 मई को Vizag टेक पार्क की आधारशिला रखी।
- अडानी समूह इस विजाग टेक पार्क में दो डेटा सेंटर स्थापित कर रहा है जो कि पूरी तरह से हरित ऊर्जा पर चलेंगे।
- अडानी समूह द्वारा विशाखापट्टनम में स्थापित किया जा रहा डेटा सेंटर सिंगापुर से एक सबमरीन केबल बिछाने की सुविधा प्रदान करेगा।

## रत्नागिरी (महाराष्ट्र) में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स

- दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी जिले में स्थापित होगा।
- इस रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स का निर्माण महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रस्तावित रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड परियोजना के तहत किया जाएगा।
- इस परियोजना पर करीब 3 लाख करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है।

## भारत की पहली अंडरसी ट्विन टनल

- भारत में मुंबई में देश की पहली अंडर सी ट्विन टनल का निर्माण किया जा रहा है।
- इस 2.07 किलोमीटर लंबी टनल का निर्माण बृहद मुंबई नगर निगम के द्वारा किया जा रहा है और यह मुंबई तटीय सड़क परियोजना का हिस्सा है।

## जम्मू-कश्मीर में निर्मित हुआ देश का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज

- अंजी खड्ड ब्रिज जम्मू और कश्मीर में कटरा और रियासी को जोड़ने वाला भारतीय रेलवे का और देश का पहला केबल स्टे ब्रिज है।
- यह पुल चिनाब नदी के तल से 331 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है और इस पुल की कुल लंबाई 725.5 मीटर है।

## राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति 2023

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रैल, 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 को मंजूरी दी।
- इस नीति का प्रमुख लक्ष्य भारत की आयात निर्भरता को लगभग 30% तक कम करना और शीर्ष पाँच वैश्विक विनिर्माण केंद्रों में से एक बनना है।
- यह नीति देश के भीतर शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देगी तथा शैक्षणिक और शोध संस्थानों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी।
- इस नीति का उद्देश्य अगले 25 वर्षों में 10-12 प्रतिशत वैश्विक बाजार की हिस्सेदारी हासिल करना है।
- चिकित्सा उपकरणों के लिये PLI (Product Linked Incentive) योजना के तहत अब तक 26 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

## WHO की बिग कैच अप पहल और PRET पहल

- WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 'कॉल टू एक्शन' के तहत 24-26 अप्रैल, 2023 को जिनेवा (स्विटजरलैंड) में आयोजित बैठक में दो नई पहलों; 'द बिग कैच अप पहल' और 'PRET पहल' की शुरूआत की है।
- 'द बिग कैच अप पहल' का उद्देश्य लाखों बच्चों का टीकाकरण करने और महामारी के दौरान खोई हुई टीकाकरण प्रगति को बहाल करना है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- PRET (The Preparedness and Resilience for Emerging Threats) पहल का उद्देश्य नए उभरते खतरनाक रोगों और भविष्य की महामारियों के लिये देशों को बेहतर तरीके से तैयार करना है।

## नेट जीरो नवाचार वर्चुअल केन्द्र

- भारत और ब्रिटेन संयुक्त रूप से नेट जीरो इनोवेशन वर्चअुल सेंटर बनाएँगे।
- यह वर्चुअल सेंटर नवीकरणीय ऊर्जा, परिवहन प्रणालियों और हरित हाइड्रोजन के डीकार्बोनाइजेशन जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने का मंच प्रदान करेगा।

## RVNL को मिला नवरत्न कंपनी का दर्जा

- भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय रेलवे कंपनी - रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) को 'नवरत्न' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) का दर्जा प्रदान किया गया।
- इस प्रकार RVNL यह दर्जा प्राप्त करने वाली 13वीं नवरत्न कंपनी बनी है।

## भारत का पहला डिजिटल साइंस पार्क

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में 1500 करोड़ रुपये की लागत से बने भारत के पहले डिजिटल साइंस पार्क का शिलान्यास किया।
- 200000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैले इस पार्क में AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट सामग्री आदि जैसी उद्योग 4.0 तकनीकों के क्षेत्र में नए उत्पादों का विकास करने के लिये सुविधाएँ उपलब्ध होगी।
- साथ ही उद्योग और व्यापार इकाईयों के साथ-साथ प्रौद्योगिक स्टार्टअप की सुविधा भी उपलब्ध होगीं।

## भारत की पहली वाटर मेट्रो

- केरल के कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भारत की पहली वाटर मेट्रो का उद्घाटन किया गया।
- यह वाटर मेट्रो बैटरी संचालित इलैक्ट्रिक हाइब्रिड नौका है जिनका उपयोग कोच्चि के आस-पास के 10 द्वीपों पर किया जाएगा।
- कोच्चि में मेट्रो परियोजना कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा विकसित आठ इलैक्ट्रिक हाइब्रिड नौकाओं से शुरू हुई।

## एशिया की सबसे बड़ी अंडरवाटर हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन

- भारत में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे एशिया की सबसे बड़ी अंडरवाटर हाइड्रो-कार्बन पाइपलाइन, इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (IGGL) द्वारा बिछाई गई।
- इस पाइपलाइन की कुल लंबाई 4080 मीटर है और यह असम में जोरहट और मांजुली को जोड़ती है।

## भारत का पहला हैवी लिफ्ट लॉजिस्टिक्स ड्रोन

- भारत में 'ओडिशा स्किल कॉन्क्लेव-2023' में ओडिशा स्थित स्टार्टअप बोनवी एयरो द्वारा भारत का पहला हैवी लिफ्ट लॉजिस्टिक्स ड्रोन लॉन्च किया गया।
- यह ड्रोन 10 किमी से अधिक दूरी तक 50 किग्रा का वजन ले जा सकता है।
- BonV Aero (बोनवी एयरो) IIT मंडी, AIC CV रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी ओडिशा और NITI Aayog का एक संयुक्त उद्यम है।

## जल निकायों की पहली गणना

- जल शक्ति मंत्रालय ने देशभर के जल संसाधनों के विषय में आकलन करते हुए जल निकायों की पहली गणना रिपोर्ट जारी की।
- इस जनगणना के प्रमुख तथ्य निम्न प्रकार से हैं-
  - देशभर में कुल 24,24,540 जल निकाय हैं।
  - पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक (7.47 लाख), उसके बाद उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक जल निकाय है।
  - सिक्किम में सबसे कम जल निकाय है।
  - तमिलनाडु में सबसे अधिक झीलें हें।
  - महाराष्ट्र जल संरक्षण योजनाओं में अव्वल है।
  - ग्रामीण क्षेत्रों में 97.1% और शहरी क्षेत्रों में केवल 2.9% जल निकाय है।

## एशियन इन्फ्रॉस्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक

- एशियन इन्फ्रॉस्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) आबू धाबी ग्लोबल मार्केट में अपना पहला विदेशी कार्यालय खोलेगा।
- यह कार्यालय मध्य-पूर्व और दुनिया का एक रणनीतिक स्थान होगा और यह बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करके AIIB के विकास एजेंडे का समर्थन करेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- AIIB की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी और इसका मुख्यालय बीजिंग (चीन) में है।

## भारत बना दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) की 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023' के अनुसार भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी (1428.6 मिलियन) वाला देश बन गया है।
- यह पहली बार है कि भारत की जनसंख्या वर्ष 1950 के बाद पहले स्थान पर काबिज चीन से अधिक हो गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या वर्ष 2050 तक बढ़कर लगभग 1.66 बिलियन पहुँचने का अनुमान है।
- भारत की जीवन प्रत्याशा महिलाओं के मामले में 74 और पुरुषों के मामलें में 71 है।
- UNFPA को वर्ष 1967 में ट्रस्ट फंड के रूप में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा स्थापित किया गया था। इसका परिचालन 1969 में शुरू हुआ।

## जल बजट अपनाने वाला देश का पहला राज्य बना केरल

- केरल सरकार ने गर्मियों में पानी की भारी कमी की समस्या से निपटने के लिये 15 ब्लॉक पंचायतों में पहली बार जल बजट के पहले चरण का अनावरण किया।
- जल बजट अपनाने वाला केरल देश का पहला राज्य है। यह बजट राज्य को कीमती जल संसाधन की मांग और आपूर्ति का पता लगाने और उसके अनुसार विभाजित करने में मदद करेगा।

## अज्ञात शवों का DNA डेटाबेस तैयार करेगा हिमाचल प्रदेश

- हिमाचल प्रदेश अज्ञात शवों का डीएनए (DNA) डेटाबेस तैयार करने वाला पहला राज्य बना है।
- दरअसल, हर साल राज्य के विभिन्न हिस्सों में 100 से अधिक शव बरामद किये जाते हैं जो दस्तावेजों या पहचान योग्य वस्तुओं की कमी के कारण अज्ञात रहते हैं।
- ऐसे में यह डेटाबेस इन अज्ञात शवों की पहचान में मदद करेगा।

## उत्तरामेरूर शिलालेख

- प्रधानमंत्री मोदी जी ने कुछ महीने पहले भारत के लोकतांत्रिक इतिहास पर चर्चा करते हुए लगभग 1100 साल पुराने उत्तरामेरूर शिलालेख की बात की।
- यह शिलालेख तमिलनाडु के काँचीपुरम में स्थित है और इस शिलालेख को चोल राजा परांतक प्रथम के शासनकाल में बनवाया गया था।
- यह शिलालेख, स्थानीय सभा या ग्राम सभा कैसे कार्य करती थी, सदस्यों का चयन कैसे किया जाता था, उनकी योग्यता तथा जिम्मेदारियाँ क्या थी, आदि की जानकारी देता है।

## भारत की पहली हरित विमानन ईंधन फर्म व उत्पादन ईकाई

- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOCL) और अमेरिका की स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी कंपनी Lanzajet Inc कई घरेलू एयरलाइंस के साथ मिलकर सस्टेनबल एविएशन फ्यूल के उत्पादन के लिये संयुक्त उद्यम स्थापित करेगी।
- इस संयुक्त उद्यम में IOCL की 50%, Lanzajet Inc की 25% और घरेलू एयरलाइन कंपनियों की 25% हिस्सेदारी होगी।
- इस संयुक्त उद्यम के तहत हरियाणा की पानीपत रिफाइनरी में अल्कोहल-टू-जेट तकनीक के साथ सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल बनाने के लिये एक संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल लो कार्बन फुटप्रिंट वाला एक जैव ईंधन होता है जो पारंपरिक जेट ईंधन के समान गुणधर्म रखता है।

## संयुक्त राष्ट्र लोकतंत्र कोष

- भारत, संयुक्त राष्ट्र लोकतंत्र कोष (UNDEF) के 45 दानकर्ताओं के बीच चौथा सबसे बड़ा दानकर्ता देश बन गया है।
- इसके शीर्ष 3 दानकर्ता देश क्रमश: अमेरिका, स्वीडन और जर्मनी हैं।
- इस कोष की स्थापना वर्ष 2005 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी ए. अन्नान द्वारा विश्व भर में लोकतंत्रीकरण के प्रयासों का समर्थन करने के लिये की गई थी।

## तुर्कीए ने लॉन्च किया टी सी जी अनादोलू

- तुर्कीए ने टी सी जी अनादोलू नामक दुनिया का पहला मानवरहित लड़ाकू हवाई विमान वाहक युद्धपोत लॉन्च किया।
- टी सी जी अनादोलू अपनी तरह का दुनिया का पहला युद्धपोत है जहाँ टी बी-3 और किजिलेल्मा ड्रोन और हल्के हर्जेट लड़ाकू मानवरहित विमान उतर व उड़ान भर सकते हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


## तेलंगाना में बनी डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 125 फीट ऊँची प्रतिमा

- तेलंगाना में हुसैन सागर झील के किनारे डॉ. अंबेडकर की 125 फुट ऊँची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।
- यह प्रतिमा देश में डॉ. अंबेडकर की सबसे ऊँची प्रतिमा है।

## घाना ने ऑक्सफोर्ड की मलेरिया वैक्सीन को दी मंजूरी

- घाना (अफ्रीकी देश) ने यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित एक उच्च दक्षता वाले मलेरिया टीके को अपनी मंजूरी दे दी।
- ऐसा करने वाला घाना, विश्व का पहला देश बन गया है।
- इस टीके का नाम R21/Matrix-M है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के 75% दक्षता लक्ष्य से भी अधिक दक्ष (कारगर) टीका है।
- पहली मलेरिया वैक्सीन का नाम मासक्विरिक्स (Mosquirix) है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2021 में अनुमोदित किया गया था।

## गरुड़ एयरोस्पेस

- मेड इन इंडिया ड्रोन स्टार्टअप-गरुड़ एयरोस्पेस जो चेन्नई (तमिलनाडु) का एक स्टार्टअप है, कृषि ड्रोन बनाने के लिये सब्सिडी प्राप्त करने वाली पहली कंपनी बन गई है।
- यह सब्सिडी भारत के ड्रोन उद्योग के विकास का समर्थन करने के लिये भारत सरकार द्वारा शुरू की गई कई पहलों में से एक है।
- गरुड़ किसान ड्रोन फसल के स्वास्थ्य प्रबंधन, निगरानी और पानी या उर्वरक की आवश्यकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने में किसानों की सहायता करेंगे।

## रैपिड एक्स : भारत की पहली सेमी हाई स्पीड रीजनल रेल सर्विस

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड रीजनल रेल सर्विस को 'रैपिड एक्स' नाम दिया।
- यह ट्रेन 'रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम' कॉरिडोर पर चलेगी जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रमुख शहरी क्षेत्रों को जोड़ने के लिये बनाया जा रहा है।
- भारत का पहला सेमी हाई स्पीड रीजनल रैपिड ट्रॉंसिट सिस्टम (RRTS) दिल्ली को मेरठ से जोड़ेगा।

## रामबन (जम्मू-कश्मीर) में हुआ कुन्फर पीरा सुरंग का उद्घाटन

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 11 अप्रैल 2023 को रामबन (जम्मू और कश्मीर) में कुन्फर पीरा सुरंग का उद्घाटन किया।
- यह सुरंग जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उधमपुर और रामबन के बीच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की चार लेन परियोजना का हिस्सा है।
- इस सुरंग की ट्यूब-1 की लंबाई 924 मीटर है जो नाशरी और रामबन के बीच भीड़-भाड़ वाले और टेढ़े-मेढ़े दुर्घटना संभावित क्षेत्र को बाईपास करेगी। इस सुरंग की ट्यूब-2 पर भी काम चल रहा है।

## तुलसीघाट रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट

- भारतीय विदेश मंत्री ने युगांडा के कंपाला में अपनी तीन दिन की यात्रा के दौरान वाराणसी की 'तुलसी घाट रिस्टोरेशन परियोजना' की शुरूआत की।
- इस परियोजना के तहत युगांडा में भारतीय समुदाय के कई सदस्य वाराणसी का दौरा करना जारी रखेंगे और इसके विकास में योगदान देंगे।

## MPLADS फंड

- वित्त वर्ष 2022-23 में MPLADS (Members of Parliament Local Area Development Scheme) फंड का सबसे अच्छा उपयोग गुजरात राज्य ने किया।
- इसके बाद फंड का सबसे अच्छा उपयोग करने में दूसरे स्थान पर झारखंड राज्य और तीसरे स्थान पर कर्नाटक राज्य है।
- चूँकि MPLADS फंड से राज्यों को प्राप्त धन राज्य द्वारा चुने गए सांसदों की संख्या के अनुपात में होता है, इसलिये उत्तर प्रदेश इस फंड से सर्वाधिक धन प्राप्त करने वाला राज्य बना।
- MPLADS फंड के तहत सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में हर साल 5 करोड़ रुपये के खर्च के विकास कार्यक्रमों की सिफारिश कर सकते हैं।
- MPLADS फंड के तहत आवंटित राशि नॉन लैप्सेबल (Non-Lapsable) होती है।

## आम आदमी पार्टी को मिला राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा

- निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी (AAP) को 4 राज्यों में राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा मिलने के बाद राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्रदान किया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- साथ ही निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा वापस ले लिया।
- वहीं, त्रिपुरा में टिपरा मोथा पार्टी, मेघालय में वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी और नागालैंड में लोक जनशक्ति पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा मिला है।

## एशियाई गिद्धों के लिये पहला संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र

- उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र, एशियाई गिद्धों के संरक्षण और प्रजनन के लिये दुनिया का पहला केंद्र स्थापित होगा।
- यह संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र, कैम्पा फंड, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और वन्य जीव अनुसंधान की एक संयुक्त परियोजना है।

## बहरीन का गोल्डन लाइसेंस

- बहरीन ने देश में निवेश और नौकरियों को बढ़ाने हेतु प्रमुख कंपनियों के लिये गोल्डन लाइसेंस लॉन्च किया।
- गोल्डन लाइसेंस प्राप्त कंपनियों को बहरीन में निवेश के लिये भूमि के आवंटन में प्राथमिकता मिलेगी और वे अन्य बुनियादी सेवाओं और उपयोगिताओं का लाभ उठा सकेंगे।

## मुंबई में एप्पल स्टोर

- एप्पल भारत में अपना पहला भौतिक स्टोर महाराष्ट्र के मुंबई में स्थापित करने जा रहा है।
- यह स्टोर जियो वर्ल्ड ड्राइव माल में खुलेगा।

## भारत बना ECOSOC के तीन महत्वपूर्ण निकायों का सदस्य

- भारत को ECOSOC यानि संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद के तीन महत्वपूर्ण निकायों का सदस्य चुना गया है।
- ये तीन निकाय – संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग, मादक पदार्थ रोकथाम आयोग और संयुक्त राष्ट्र एच.आई.वी. एड्स कार्यक्रम समन्वय बोर्ड हैं।
- संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग की स्थापना वर्ष 1947 में की गई थी जो अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकी गतिविधियों पर नजर रखने वाली सर्वोच्च संस्था है। भारत जनवरी, 2024 से 4 साल के कार्यकाल के लिये इसका सदस्य चुना गया है।
- संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ रोकथाम आयोग की स्थापना वर्ष 1946 में हुई थी। भारत जनवरी, 2024 से 4 साल के कार्यकाल के लिये इसका सदस्य चुना गया।
- संयुक्त राष्ट्र एड्स कार्यक्रम समन्वय बोर्ड की स्थापना वर्ष 1994 में हुई थी। भारत जनवरी, 2024 से 3 साल के कार्यकाल के लिये इसका सदस्य चुना गया।

## Hue and Cry नोटिस

- पंजाब सरकार ने भगोड़े खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ ह्यू एंड क्राई नोटिस जारी किया।
- ह्यू एंड क्राइ नोटिस तब जारी किया जाता है जब कोई संदिग्ध या अपराधी, पुलिस द्वारा न पकड़ा जाये अर्थात् अनेक कोशिशों के बाद पुलिस ऐसे व्यक्ति को ढूँढ़ने में विफल रही हो।
- दरअसल, यह नोटिस सामुदायिक पुलिसिंग का एक भाग है।
- यदि किसी संदिग्ध या अपराधी हेतु यह नोटिस जारी होता है तो सार्वजनिक स्थानों पर उसके दिखाई पड़ने पर जनता को संदिग्ध या अपराधी की पहचान करने व उसे पकड़ने में पुलिस की मदद के लिये चिल्लाना पड़ता है।

## डिजिटल रेडियो स्टेशन 'रेडियो संगवारी'

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने राज्य के पहले डिजिटल रेडियो स्टेशन 'रेडियो संगवारी' का शुभारंभ किया।
- रेडियो संगवारी को 2G इंटरनेट स्पीड पर भी आराम से सुना जा सकता है और इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक संस्कृति और गीत संगीत को आमजन तक पहुँचाया जायेगा।

## फिनलैंड बना नाटो का 31वाँ सदस्य

- NATO अर्थात् उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन, 1949 में स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन है।
- फिनलैंड इस सैन्य गठबंधन का 31वाँ सदस्य देश बन गया है।

## इटली ने ChatGPT पर लगाया प्रतिबंध

- नवंबर 2022 में लॉन्च हुए ChatGPT जोकि एक उन्नत चैटबॉट है, को इटली ने बैन कर दिया।
- ऐसा करने वाला इटली पहला पश्चिमी देश है। ChatGPT चीन, ईरान, रूस और उत्तर कोरिया में पहले से ही प्रतिबंधित है।
- ChatGPT का निर्माण Open AI स्टार्टअप (अमेरिकी स्टार्टअप) ने किया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## अजरबैजान और ताजिकिस्तान मलेरिया मुक्त घोषित

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने अजरबैजान और ताजिकिस्तान को मलेरिया मुक्त घोषित किया।
- किसी भी देश को मलेरिया मुक्त तब घोषित किया जाता है तब उस देश में मादा एनाफिलीज मच्छरों द्वारा मलेरिया संक्रमण का मामला पिछले तीन वर्षों से दर्ज न हुआ हो।
- मलेरिया एक मच्छर जनित रोग है जो प्लाज्मोडियम परजीवी के कारण होता है।

## जॉर्जिया ने हिंदू फोबिया के खिलाफ प्रस्ताव किया पारित

- अमेरिकी राज्य जॉर्जिया 'हिंदूफोबिया' (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करते हुए प्रस्ताव पारित करने वाला पहला अमेरिकी राज्य है।
- इस संबंध में पहला प्रयास उत्तरी-अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन के अटलांटा चैप्टर द्वारा शुरू किया गया था।

## भारत की पहली गिर नस्ल की क्लोन (गंगा)

- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (NDRI), करनाल ने दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिये देसी नस्ल की **गिर गाय** की भारत की पहली क्लोन मादा बछड़ा 'गंगा' का उत्पादन किया है।
- NDRI की एक परियोजना के तहत, गिर और साहीवाल जैसी देशी गाय की नस्लों की क्लोनिंग पर काम किया जा रहा है।

## वर्ल्ड ट्री सिटी लिस्ट-2022

- मुंबई (महाराष्ट्र) को लगातार दूसरे वर्ष वर्ल्ड ट्री सिटी 2022 की सूची में शामिल किया गया।
- मुंबई को वर्ष 2021 में भी हैदराबाद के साथ इस सूची में शामिल किया गया था।
- ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम आर्बर डे फाउंडेशन तथा खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा चलाया जा रहा है।

## न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम

- सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पाँच वर्षों के लिये एक नई केंद्र प्रायोजित योजना 'न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम' शुरू की।
- इसका लक्ष्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के 5 करोड़ निरक्षरों को शिक्षित करना है।
- इस योजना के पाँच घटक निम्नलिखित हैं-
  - मूलभूत साक्षरता और अंकज्ञान
  - महत्वपूर्ण जीवन कौशल
  - व्यावसायिक कौशल विकास
  - बुनियादी शिक्षा
  - सतत् शिक्षा

## मारबर्ग वायरस बीमारी

- तंजानिया ने मारबर्ग वायरस डिजीज (MVD) के संक्रमण के बाद उत्तर-पश्चिमी, कागेरा क्षेत्र को एपिडेमिक क्षेत्र घोषित किया।
- मारबर्ग वायरस डिजीज (MVD) की खोज जर्मनी और सर्बिया में वर्ष 1967 में की गई थी।
- यह बहुत ही घातक बीमारी है जो आमतौर पर रक्तस्रावी बुखार का कारण बनती है।

## सार्वभौमिक स्वीकृति दिवस

- विश्व स्तर पर डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने के लिये 28 मार्च को सार्वभौमिक स्वीकृति दिवस मनाया गया।
- इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य समावेशी और बहुभाषी इंटरनेट के लिये प्रयास करना है।
- दरअसल, सार्वभौमिक स्वीकृति के माध्यम से, हम गैर-इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ बातचीत कर सकते हैं और देश तथा दुनिया भर में डिजिटल समावेशन को बढ़ावा दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक लाने वाला देश का पहला राज्य राजस्थान

- राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक, 2022 को पारित कर दिया है।
- इसके चलते स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक लाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है।
- इस कानून के तहत, प्रत्येक निवासी को राज्य में किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में पूर्व भुगतान के बिना 'आपातकालीन उपचार' के साथ मुफ्त इलाज का लाभ उठाने का अधिकार होगा।
- इसके अलावा, एक मरीज को यह अधिकार भी होगा कि वह उस दुकान या लैब को चुन सकता है, जहाँ से वह दवा खरीदना चाहता है।
- राजस्थान सरकार चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराती है। (2023-24 के लिए)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## फारस की खाड़ी में प्राचीन मोती शहर की खोज

- पुरातत्वविदों ने मार्च में फारस की खाड़ी में सबसे पुराने मोती शहर की खोज की।
- यह प्राचीन मोती शहर संयुक्त अरब अमीरात के सिनियाह द्वीप पर मिला है।
- यह द्वीप संयुक्त राष्ट्र अमीरात के उम्म अल-क्वैन शहर में स्थित है और यह शहर छठी शताब्दी का है।

## भगवान बसवेश्वर जी और नादप्रभु केम्पेगोडा जी की मूर्तियों का अनावरण

- केंद्रीय गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में राज्य विधानसभा परिसर में भगवान बसवेश्वर जी और नादप्रभु केम्पेगोड़ा जी की मूर्तियों का अनावरण किया।
- भगवान बसवेश्वर 12वीं शताब्दी के एक दार्शनिक और समाज सुधारक थे। उन्हें लिंगायत धर्म का संस्थापक माना जाता है, जो कर्नाटक में एक प्रमुख धार्मिक समूह है।
- वहीं, नादप्रभु केम्पेगोड़ा एक सामंती शासक थे जिन्होंने 16वीं शताब्दी की शुरूआत में बेंगलुरु शहर की स्थापना की थी। इन्हें आधुनिक बेंगलुरु का संस्थापक माना जाता है।

## मनरेगा मजदूरी दरों में संशोधन

- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मार्च महीने में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव की अधिसूचना जारी की।
- मजदूरी दरों में वृद्धि 7 रुपये से लेकर 26 रुपये तक हुई है और यह 1 अप्रैल से लागू हुई।
- हरियाणा राज्य में सबसे अधिक मजदूरी दर 357 रुपये प्रतिदिन और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे कम 221 रुपये प्रतिदिन हो गई है।
- राजस्थान राज्य में मनरेगा के तहत मजदूरी दर में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।
- मनरेगा मजदूरी दर में सबसे कम प्रतिशत वृद्धि दर्ज करने वाले राज्यों में कर्नाटक, गोवा, मेघालय और मणिपुर शामिल हैं।
- उत्तर प्रदेश राज्य में भी मनरेगा मजदूरी दर 213 रुपये प्रतिदिन से बढ़कर 230 रुपये प्रतिदिन हो गई है।

## संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन-2023

- पहला संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन-2023 अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में आयोजित हुआ।
- इस जल सम्मेलन की थीम 'सतत विकास के लिये जल' थी।
- जल दिवस के अवसर पर महासचिव द्वारा जल कार्रवाई दशक 2018-2028 में निर्धारित दशक के उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिये इसका आयोजन किया गया।

## मिस्र बना BRICS बैंक का नया सदस्य

- मार्च महीने में मिस्र आधिकारिक तौर पर BRICS के न्यू डेवलपमेंट बैंक के नए सदस्य के रूप में शामिल हुआ।
- दरअसल, मिस्र अपने बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है और यह बैंक इसमें बड़े पैमाने पर सहयोग दे सकता है।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसे ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा वर्ष 2014 में स्थापित किया गया था। इसका मुख्यालय शंघाई (चीन) में है।

## अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ का क्षेत्रीय कार्यालय

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में नए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया।
- भारत में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ का नया क्षेत्रीय कार्यालय 6G प्रौद्योगिकी के लिये उचित वातावरण तैयार करने में मदद करेगा।
- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। इसका मुख्यालय जिनेवा में है।

## RBI का डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने ओडिशा के भुवनेश्वर में एक 'ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर' और 'एंटरप्राइज कंप्यूटिंग एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान' का शिलान्यास किया।
- यह नया डेटा सेंटर और प्रशिक्षण संस्थान, RBI और वित्तीय क्षेत्र की उभरती हुई जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा।

## मीडिया कार्मिक सुरक्षा विधेयक-2023

- छत्तीसगढ़ विधानसभा ने मार्च महीने में छत्तीसगढ़ मीडिया कार्मिक सुरक्षा विधेयक-2023 प्रस्तुत एवं पारित किया।
- छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा राज्य है जिसने मीडिया कार्मिक सुरक्षा विधेयक पारित किया है।

## अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर चैंपियनशिप

- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 71वीं अखिल भारतीय पुलिस

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



एथलेटिक्स क्लस्टर चैंपियनशिप का आयोजन हुआ।

- यह चैंपियनशिप सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित की गई।
- इस प्रतियोगिता का शुभंकर - तेजस नाम का एक बारहसिंघा हिरण था।
- इस प्रतियोगिता में देशभर से केंद्रीय पुलिस बल, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के 1368 खिलाड़ी शामिल हुए।

## नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ग्रीन पोर्ट एंड शिपिंग

- हरियाणा के गुरुग्राम में भारत के पहले नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ग्रीन पोर्ट एंड शिपिंग का उद्घाटन किया गया।
- यह एक्सीलेंस सेंटर बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय तथा ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (TERI) के बीच सहयोग का परिणाम है।
- यह सेंटर, उद्योगों के लिये नोडल ईकाई के रूप में कार्य करेगा। साथ ही भारत में ग्रीन शिपिंग के लिये नियामक ढाँचे और वैकल्पिक प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए रोडमैप को भी विकसित करने में भी सहयोग देगा।

## राष्ट्रपति निलयम

- राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू ने 22 मार्च, 2023 को तेलंगाना के सिकंदराबाद के बोलारम में राष्ट्रपति निलयम जनता के लिये खोल दिया।
- यह पहली बार है जब इस हेरिटेज बिल्डिंग को आम जनता के लिये खोला जा रहा है।
- राष्ट्रपति निलयम को भारत की आजादी के बाद निजाम से लिया गया था और राष्ट्रपति सचिवालय को सौंप दिया गया था। इसका निर्माण वर्ष 1860 में हुआ था।

## राजस्थान का अधिवक्ता संरक्षण कानून

- राजस्थान वकीलों की सुरक्षा के लिये कानून पारित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।
- इस विधेयक या कानून का उद्देश्य अधिवक्ताओं के खिलाफ मारपीट, गंभीर चोट, आपराधिक बल और आपराधिक धमकी के अपराधों और उनकी संपत्ति को नुकसान से बचाना है।

## वीमेन एंड मेन इन इंडिया-2022

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया 2022' शीर्षक से प्रकाशन का 24वाँ अंक जारी किया।
- यह प्रकाशन एक व्यापक और व्यावहारिक दस्तावेज है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर डेटा प्रदान करता है।
- प्रमुख डेटा-
  - लिंगानुपात : जन्म के समय लिंगानुपात 2018-20 में बढ़कर 907 हो गया।
  - श्रम बल की भागीदारी : 2021-22 में पुरुषों के लिये यह दर 77.2 और महिलाओं के लिये 32.8 थी।
  - जनसंख्या वृद्धि : जनसंख्या वृद्धि 2021 में गिरकर 1.1% प्रतिवर्ष हो गई।

## विक्रम संवत 2080

- उत्तर भारत के हिंदू समुदाय में नव वर्ष का पर्व चैत्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है जो इस वर्ष 22 मार्च को है।
- इसी के साथ 22 मार्च से विक्रम संवत 2080 की शुरूआत हो गई।
- विक्रम संवत भारत में हिंदुओं द्वारा उपयोग किया जाने वाला पारंपरिक कैलेंडर है जो प्रसिद्ध ग्रेगोरियन कैलेंडर से 57 साल आगे होता है।

## विश्व के महानतम स्थानों की सूची में दो भारतीय स्थल

- टाइम पत्रिका ने वर्ष 2023 के लिये विश्व के महानतम स्थानों की अपनी वार्षिक सूची जारी की।
- 50 स्थानों वाली इस सूची में दो भारतीय स्थान - मयूरभंज और लद्दाख शामिल हैं।
- इस सूची में लद्दाख को 31वाँ और मयूरभंज (ओडिशा) को 32वाँ स्थान मिला है।

## PM मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क

- प्रधानमंत्री द्वारा तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 'PM मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क' स्थापित करने की घोषणा की गई।
- ये टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे और कपड़ा क्षेत्र के लिये अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा प्रदान करेंगे।
- PM-MITRA का पूरा नाम - प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल है और यह प्रधानमंत्री के 5F विजन ' 'फॉर्म से फाइबर से फैक्ट्री तक फैशन से विदेश (फॉरेन) तक' से प्रेरित है।

## मूल पशुपालन सांख्यिकी 2022

- केंद्रीय मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने मार्च माह में 'मूल पशुपालन सांख्यिकी 2022' को लॉन्च किया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


- यह सांख्यिकी चार प्रमुख पशुधन उत्पादों – दूध, अंडा, मांस और ऊन का विवरण प्रदान करती है।
- **दूध उत्पादन :**
  - 2021-22 में भारत 221.06 मिलियन टन के कुल दूध उत्पादन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।
  - शीर्ष तीन प्रमुख दूध उत्पादक राज्य क्रमशः राजस्थान (15.05%), उत्तर प्रदेश (14.93%) और मध्य प्रदेश (8.06%) है।
- **अंडा उत्पादन :**
  - 2021-22 में कुल अंडा उत्पादन 129.60 बिलियन रहा।
  - शीर्ष तीन अंडा उत्पादक राज्य क्रमशः आंध्र प्रदेश (20.41%), तमिलनाडु (16.08%) और तेलंगाना (12.86%) है।
- **माँस उत्पादन-**
  - देश में 2021-22 में मांस उत्पादन 9.29 मिलियन टन था।
  - शीर्ष तीन मांस उत्पादक राज्य क्रमशः महाराष्ट्र (12.25%), उत्तर प्रदेश (12.14%) और पश्चिम बंगाल (11.63%) है।
- **ऊन उत्पादन –**
  - देश में 2021-22 में कुल ऊन उत्पादन 33.13 हजार टन था जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.30% कम था।
  - शीर्ष तीन ऊन उत्पादक राज्य क्रमशः राजस्थान (45.91%), जम्मू और कश्मीर (23.19%) और गुजरात (6.12%) हैं।

## भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 18 मार्च 2023 को भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन की शुरूआत की।
- यह दोनों देशों के बीच पहली सीमा पार ऊर्जा पाइपलाइन है। इस पाइपलाइन के माध्यम से प्रतिवर्ष 10 लाख मीट्रिक टन हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति बांग्लादेश को की जायेगी।
- यह पाइपलाइन 131.5 किलोमीटर लंबी है। इस पाइप लाइन का 126.5 किमी हिस्सा बांग्लादेश में और 5 किमी हिस्सा भारत में है।
- यह पाइपलाइन डीजल को नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के सिलिगुड़ी विपणन टर्मिनल से बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के पार्वतीपुर डिपो तक पहुँचाएगी।

## दुनिया का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर चिप निर्माण केन्द्र

- सैमसंग ने दक्षिण कोरिया के सियोल में कंप्यूटर चिप्स बनाने के लिये दुनिया का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर चिप निर्माण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है।
- सेमीकंडक्टर ऐसी सामग्री है जिसकी चालकता सुचालक और कुचालक के बीच होती है। ये शुद्ध धातु, सिलिकॉन अथवा जर्मेनियम या गैलियम, आर्सेनाइड हो सकते हैं।

## अमेरिका ने मैकमोहन लाइन को दी मान्यता

- अमेरिका ने औपचारिक रूप से मैकमोहन रेखा को भारत और चीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता दी।
- साथ ही एक प्रस्ताव के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग माना और भारत की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का भी समर्थन किया।
- मैकमोहन रेखा वर्ष 1914 के शिमला कन्वेंशन के दौरान खींची गई थी। यह पूर्वी क्षेत्र में चीन और भारत के बीच वास्तविक सीमा के रूप में मौजूद है। यह रेखा विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश और तिब्बत के बीच, पश्चिम में भूटान से लेकर पूर्व में म्यांमार तक की सीमा का प्रतिनिधित्व करती है।

## $CO_2$ आयात करने और समुद्र में स्टोर करने वाला पहला देश बना डेनमार्क

- डेनमार्क विदेशों से $CO_2$ आयात करके इसे समुद्र के नीचे स्टोर करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।
- डेनमार्क उत्तरी सागर के नीचे इस आयातित कार्बन डाई ऑक्साइड को स्टोर करेगा।

## कर्नाटक में दुनिया का सबसे लंबा प्लेटफॉर्म

- कर्नाटक राज्य के हुबली में स्थित श्री सिद्धरुधा स्वामीजी रेलवे स्टेशन 1507 मीटर लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म के साथ दुनिया का सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म वाला रेलवे स्टेशन बन गया।
- उत्तर प्रदेश का गोरखपुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म 1366.33 मीटर लंबाई के साथ दूसरा सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म है।

## जबलपुर (मध्य प्रदेश) में बनेगा भारत का पहला जियोलॉजिकल पार्क

- भारत का पहला भू-वैज्ञानिक उद्यान (जियोलॉजिकल पार्क) मध्य प्रदेश के जबलपुर के लम्हेटा में नर्मदा नदी के किनारे बनेगा।
- जियोलॉजिकल पार्क एक एकीकृत क्षेत्र होता है, जो एक स्थायी तरीके से भूवैज्ञानिक विरासत के संरक्षण और उपयोग को आगे बढ़ाता है।


Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## उत्तराखंड में बनेगा इलैक्ट्रिक तीर्थ कॉरिडोर

- उत्तराखंड में लगभग 900 किलोमीटर लंबे चारधाम यात्रा मार्ग में देश का पहला इलैक्ट्रिक तीर्थ कॉरिडोर बनने जा रहा है।
- इस कॉरिडोर पर प्राइवेट इलैक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिये प्रत्येक 30 किलोमीटर पर चार्जिंग पॉइंट बनाये जा रहे हैं।
- चारधाम परियोजना का उद्देश्य हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) के लिये कनेक्टिविटी में सुधार करना है जिससे इन केंद्रों की यात्रा सुरक्षित, तीव्र और अधिक सुविधाजनक हो सके।

## कोलंबिया ने महिलाओं के लिये शुरू की सैन्य सेवा

- दक्षिणी अमेरिकी देश कोलंबिया में 25 वर्षों में पहली बार महिलाओं को सेना में शामिल करने की अनुमति दी गई।
- कोलंबिया ने 18-24 आयु वर्ग की महिलाओं को स्वेच्छा से सेना में शामिल होने की अनुमति दी है। यह प्रयास सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये है।

## इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस

- भारत बड़ी बिल्लियों (Big Cats) की सुरक्षा के लिये अपने नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन स्थापित करेगा।
- यह प्रस्तावित इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) सात बड़ी बिल्लियों - बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुए, प्यूमा, जगुआर और चीते की सुरक्षा एवं संरक्षण की दिशा में कार्य करेगा।
- इस गठबंधन की सदस्यता 97 रेंज देशों के साथ-साथ अन्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लिये भी खुली होगी।
- भारत विश्व का एकमात्र राष्ट्र है जहाँ प्यूमा और जगुआर को छोड़कर बाघ, शेर, तेंदुएँ, हिम तेंदुएँ और चीते पाये जाते हैं।

## बाहू-बल्ली : दुनिया का पहला बांस क्रैश बैरियर

- दुनिया का पहला 200 मीटर लंबा बांस क्रैश बैरियर 'बाहू-बल्ली' वाणी-वरौरा हाइवे, विदर्भ (महाराष्ट्र) में स्थापित किया गया।
- इस बैम्बू क्रैश बैरियर जिसे 'बाहू-बल्ली' नाम दिया गया है, को इंडियन रोड कांग्रेस द्वारा भी मान्यता प्राप्त है।

## डेंगू के लिये भारत की पहली DNA वैक्सीन

- इंडियन नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज के शोधकर्ताओं ने डेंगू बुखार के उपचार हेतु भारत की पहली एवं एकमात्र DNA वैक्सीन विकसित की।
- इस वैक्सीन को अफ्रीका और अमेरिका के नौ अन्य संस्थानों के सहयोग से डेंगू बुखार के उपचार हेतु निर्मित किया गया है।
- DNA वैक्सीन में DNA के एक छोटे से हिस्से का उपयोग किया जाता है जो एक विशिष्ट एंटीजन हेतु रोगजनक जैसे वायरस या जीवाणु से प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को त्वरित करने के कोड करता है।

## निर्वाचन आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी SC निर्णय

- भारत के सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में निर्देश दिया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी।
- शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि लोकसभा में विपक्ष का नेता नहीं है तो सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये गठित समिति में होगा।
- इस संबंध में संसद द्वारा कानून नहीं बनने तक यह पैनल/समिति लागू रहेगी।

## डीकिन विश्वविद्यालय

- डीकिन विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) की स्वीकृति पाने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया।
- इसे गुजरात के गिफ्ट सिटी (गांधीनगर) में स्थापित किया जाएगा।
- डीकिन विश्वविद्यालय भारतीय और विदेशी दोनों छात्रों को GIFT, IFSCA में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलिया में प्रदान किये जाने वाले समान डिग्री पाठ्यक्रमों की सुविधा उपलब्ध कराएगा।
- IFSCA की स्थापना अप्रैल 2020 में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण विधेयक, 2019 के तहत की गई थी। इसका मुख्यालय गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में स्थित है।

## ओडिशा में मिला 1300 वर्ष पुराना बौद्ध स्तूप

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने ओडिशा के जाजपुर जिले में खोंडालाइट खनन स्थल पर 1300 वर्ष पुराने स्तूप की खोज की है।
- यह स्तूप लगभग 4.5 मीटर ऊँचा है और प्रारंभिक आकलन से

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



पता चला है कि यह 7वीं या 8वीं शताब्दी का हो सकता है।

## विंडसर फ्रेमवर्क

- यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ ने एक विंडसर फ्रेमवर्क को अपनाया जोकि दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल की जगह लेगा।
- विंडसर फ्रेमवर्क को यू.के. और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार एवं अन्य संबंधों में सुधार के लिये लाया गया है।

## MIIRA पहल

- भारत द्वारा मोटे अनाजों की खपत एवं उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये मीरा या MIIRA (Millet International Initiative For Research and Awareness) पहल की घोषणा की।
- इस पहल का उद्देश्य मोटे अनाजों से संबंधित शोध एवं अनुसंधान के लिये दुनियाभर के मोटा अनाज अनुसंधान संगठनों को जोड़ना है।
- इस पहल के लिये भारत सीड मनी का योगदान देगा, जबकि प्रत्येक G-20 सदस्य को सदस्यता शुल्क के रूप में इसमें योगदान देना होगा।

## असम में आयोजित हुआ चिंतन शिविर

- केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में आयुष मंत्रालय के पहले चिंतन शिविर का उद्घाटन किया।
- इस दो दिवसीय चिंतन शिविर में आयुष क्षेत्र की जबरदस्त क्षमता, आयुष चिकित्सा पद्धतियों के लाभों, आयुष क्षेत्र में अनुसंधान आदि विषयों पर गहन चर्चा हुई।

## ग्रेट बैकयार्ड पक्षी गणना

- ग्रेट बैकयार्ड पक्षी गणना (GBBC) इंडिया, ग्लोबल ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट का भारतीय कार्यान्वयन है।
- वर्ष 2023 में 17-20 फरवरी के बीच GBBC का आयोजन हुआ और GBBC के 2023 के संस्करण में 1067 प्रजातियों को शामिल किया गया।
- वर्ष 2023 बर्ड चेकलिस्ट अपलोड करने के मामले में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।
- वहीं, प्रजातियों के मामले में कोलंबिया और इक्वाडोर के बाद भारत तीसरे स्थान पर है।
- GBBC, 2023 के तहत पश्चिम बंगाल 489 प्रजातियों की सूचना के साथ पहले स्थान पर है वहीं, उत्तराखंड (426) और अरुणाचल प्रदेश (407) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- बर्ड काउंट इंडिया के अनुसार, सर्वाधिक बर्ड चेकलिस्ट वाला राज्य केरल है। इसके बाद क्रमशः महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान है।

## बैंडिकूट रोबोट

- केरल के मंदिरों के शहर 'गुरुवयूर' में मैन होल/सीवेज की सफाई के लिये रोबोटिक स्केवेंजर 'बैंडिकूट' लॉन्च किया गया।
- इस प्रकार केरल मैनहोलों को साफ करने के लिये रोबोट का इस्तेमाल करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।
- इस रोबोट का निर्माण केरल स्थित जेनरोबोटिक्स द्वारा किया गया है जिसने कुछ समय पहले केरल स्टार्टअप मिशन द्वारा आयोजित हडल ग्लोबल 2022 कॉन्क्लेव में 'केरल प्राइड' पुरस्कार जीता था।

## तमिलनाडु का कीलादी साइट संग्रहालय

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में कीलादी साइट संग्रहालय का निर्माण कर रहा है।
- इस संग्रहालय में अब तक खोजी गई 18000 से अधिक महत्वपूर्ण कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जाएगी।
- कीलादी स्थल दक्षिण तमिलनाडु की एक छोटी-सी बस्ती है। यह मंदिरों के शहर 'मदुरै' से लगभग 12 किमी दक्षिण-पूर्व में वैगई नदी के किनारे स्थित है।

## मुंबई के चर्चगेट रेलवे स्टेशन का नामकरण

- मुंबई के चर्चगेट रेलवे स्टेशन का नाम भारतीय रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर सी डी देशमुख (चिंतामन द्वारकानाथ देशमुख) के नाम पर रखने की घोषणा हुई।
- महाराष्ट्र के एक छोटे से गाँव में जन्मे सी डी देशमुख के प्रयासों के चलते ही वर्ष 1948 में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI) की स्थापना हुई थी।
- सी. डी. देशमुख को वर्ष 1959 में रेमन मैग्सेसे से सम्मानित किया गया।

## भारत का पहला एग्री चैटबॉट - Ama Krush AI

- ओडिशा के राज्यपाल ने 'कृषि ओडिशा-2023' के समापन सत्र में कृषि क्षेत्र के लिये भारत का पहला AI चैटबॉट 'Ama-Krush AI' लॉन्च किया।
- यह चैटबॉक्स किसानों को सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेगा। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं और 40 से अधिक वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों के ऋण उत्पादों की जानकारी प्रदान करेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


## अहमदाबाद में स्थापित होगा देश का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट

- देश की पहली सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण इकाई गुजरात के अहमदाबाद में स्थापित की जाएगी।
- इसका निर्माण भारतीय समूह वेदांता और दिग्गज इलैक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता फॉक्सकॉन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- यह भारत में सेमीकंडक्टर्स के लिये पहली मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी होगी।

## दुनिया का सबसे बड़ा दिव्यांग पार्क

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र के नागपुर में दुनिया के सबसे बड़े दिव्यांग पार्क 'अनुभूति समावेशी पार्क' की आधारशिला रखी।
- इस पार्क में विकलांगों के लिये 21 प्रकार की अनुकूलित सुविधाएँ होंगी जिनमें हाइड्रोथेरेपी इकाई, जल चिकित्सा, मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिये स्वतंत्र कक्ष आदि प्रमुख हैं।

## फतेहाबाद (हरियाणा) में स्थापित होगा उत्तर भारत का पहला परमाणु संयंत्र

- उत्तर भारत का पहला परमाणु संयंत्र हरियाणा के फतेहाबाद जिले में स्थापित होगा।
- इस परमाणु संयंत्र में 700 मेगावाट की क्षमता वाली दो ईकाइयाँ स्वदेशी रूप से डिजाइन होंगी।

## रेल डाक गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा

- भारतीय रेल ने सेवा क्षेत्र के लिये वस्तुओं को समय पर पहुँचाने के लिये 'रेल डाक गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा' शुरू की।
- इस सेवा के तहत, भारतीय डाक विभाग ग्राहकों की खेप प्राप्त कर उन्हें रेलवे स्टेशन तक पहुँचायेगा, जहाँ से उन्हें उनके गंतव्य तक पहुँचाया जाएगा।
- इस सेवा का प्रारंभ - दिल्ली से कोलकाता, बेंगलुरु से गुवाहाटी, सूरत से मुजफ्फरपुर और हैदराबाद से हजरत निजामुद्दीन के लिये किया गया।

## नई दिल्ली में बनेगा राष्ट्रीय मेट्रो रेल ज्ञान केन्द्र

- देश के पहले राष्ट्रीय मेट्रो रेल ज्ञान केंद्र की स्थापना नई दिल्ली में विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के पास होगी।
- इस केंद्र को प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी 'जी ए इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर बनाया जाएगा।
- यह केंद्र मेट्रो रेल पेशेवरों को प्रशिक्षण देने, क्षमता निर्माण का विकास करने, अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियों को समर्थन देने और ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा।

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिये केंद्र प्रायोजित योजना - वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को मंजूरी प्रदान की।
- इस योजना के लिये 4800 करोड़ का आवंटन किया गया है।
- इसका मकसद भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित चिन्हित सीमावर्ती गाँवों का व्यापक विकास करना, लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना एवं इन गाँवों से पलायन रोकना है।

## जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम के भंडार

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में लिथियम के भंडार की खोज की।
- लिथियम एक दुर्लभ धातु है और इलैक्ट्रिक बैटरी के लिये विश्व में इसकी बहुत अधिक माँग है।
- लिथियम मोबाइल फोन, लैपटॉप, डिजिटल कैमरा और इलैक्ट्रिक वाहनों के लिये रिचार्जेबल बैटरी के प्रमुख घटकों में से एक है।

## जम्मू-कश्मीर में खुला भारत का पहला ग्लास इग्लू रेस्तरां

- भारत के जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के हिल स्टेशन गुलमर्ग में बर्फ से ढ़के पहाड़ों के बीच ग्लास इग्लू रेस्टोरेंट खुला।
- इस अनोखे रेस्टोरेंट को गुलमर्ग के एक होटल कोलाहोई ग्रीन हाइट्स द्वारा विकसित किया गया है।

## दुनिया की पहली लिविंग हेरिटेज यूनिवर्सिटी

- भारत के पश्चिमी बंगाल के शांति निकेतन में स्थित विश्व भारती यूनिवर्सिटी को, यूनेस्को ने दुनिया की पहली लिविंग हेरिटेज यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान करने की घोषणा की।
- यह पहली बार है जब दुनिया में किसी जीवित विश्वविद्यालय को यूनेस्को से विरासत का टैग मिलने जा रहा है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज ने लॉन्च किया देश का पहला हाइड्रोजन ट्रक

- रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाइड्रोजन से चलने वाला ट्रक पेश किया।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


- यह देश का पहला $H_2$ ICE टेक्नोलॉजी वाला ट्रक है।
- $H_2$ ICE (हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन) संचालित ट्रक से लगभग जीरो उत्सर्जन होता है।
- इसकी परिचालन लागत भी कम होती है।

## ग्रीन बॉन्ड लाने वाला पहला नगर निकाय बना इंदौर

- इंदौर नगर निगम हरित बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला शहरी निकाय बना।
- इस बॉन्ड के जरिये निगम 244 करोड़ रुपये की राशि जुटाएगा।

## VFS ग्लोबल वीजा एप्लीकेशन सेंटर

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में VFS ग्लोबल वीजा एप्लीकेशन सेंटर का उद्घाटन किया।
- आधुनिक सुविधाओं से लैस इस सेंटर की एक वर्ष में लगभग 1.2 लाख आवेदनों को संसाधित करने की क्षमता होगी।

## सुप्रीम कोर्ट का स्थापना दिवस

- 4 फरवरी, 2023 को 73 सालों में पहली बार सुप्रीम कोर्ट का स्थापना दिवस मनाया गया।
- इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम में सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुंदरेश मेनन को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया।
- सुप्रीम कोर्ट के स्थापना दिवस को मनाने की शुरूआत चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में की जा रही है।

## लद्दाख की यायात्सो झील जैव विविधता विरासत स्थल हुई घोषित

- लद्दाख में 4820 मीटर ऊँचाई पर स्थित 'यायात्सो झील' को लद्दाख का पहला जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया गया।
- यह झील अपनी खूबसूरती के साथ पक्षियों के लिये स्वर्ग के रूप में जानी जाती है और भारत में काली गर्दन वाले क्रेन के उच्चतम प्रजनन स्थलों में से एक है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने शुरू किया प्रोजेक्ट एलोरा

- प्रोजेक्ट एलोरा की शुरूआत माइक्रोसॉफ्ट द्वारा की गई।
- ELLORA का पूरा नाम 'Enabling Low Resource Languages' है।
- इसका उद्देश्य भारत की स्थानीय भाषाओं जैसे गोंडी, मुंडारी आदि को तथा स्थानीय संस्कृतियों को संरक्षित करने के लिये भाषा प्रौद्योगिकी को सक्षम करना है।
- स्थानीय भाषाओं के डिजिटल दुनिया में प्रवेश से उनके विलुप्त होने का खतरा नहीं होगा।

## इजरायल का हाइफा बंदरगाह

- अडानी समूह ने इजरायल के हाइफा बंदरगाह का अधिग्रहण कर लिया।
- इस अधिग्रहण के चलते एशिया और यूरोप के बीच समुद्री यातायात में बढोत्तरी होगी।
- हाइफा बंदरगाह मालवाहक जहाजों के संबंध में इजरायल का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है।

## श्री अन्न के लिये ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- भारत को श्री अन्न (मोटा अनाज) के लिये वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से हैदराबाद के 'भारतीय मोटा अनाज अनुसंधान संस्थान' को ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने लॉन्च किया AI चैटबाट - जुगलबंदी

- माइक्रोसॉफ्ट ने ग्रामीण भारत के लिये एक बहुभाषी AI चैटबाट जुगलबंदी लॉन्च किया।
- जुगलबंदी लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाटसएप के माध्यम से सुलभ AI संचालित बहुभाषी चैटबॉट है।
- यह कई भाषाओं में उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों को समझकर व्यक्तिगत सहायता प्रदान करता है।

## अहमदाबाद में हुआ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन

- राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद ने अहमदाबाद, गुजरात में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, 2023 का आयोजन किया।
- इस कांग्रेस की थीम "Understanding Eco System for Health and Wellbeing" थी।
- भारत में वर्ष 1993 से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## She Feeds The World कार्यक्रम

- पेप्सिको और CARE ने भारत में "She Feeds the World" कार्यक्रम शुरू किया है।
- यह कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये है। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्न हैं-
  - फसल की उपज बढ़ाना
  - BPL परिवारों की महिलाओं की आय में वृद्धि करना
  - स्वस्थ और संतुलित आहार तक पहुँच प्रदान करना
  - सतत् कृषि पर महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना
- प्रारंभ में इस कार्यक्रम को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले और अलीपुरद्वार जिले में लागू किया जाएगा।
- CARE का पूरा नाम Cooperative for Assistance and Relief Everywhere है और यह गरीबी के खिलाफ लड़ने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।

## वुमनिया पहल

- गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM) ने विभिन्न सरकारी मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिये "Womania on GeM" नामक पहल शुरू की है।
- इस पहल का मकसद महिला उद्यमियों और महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना है। साथ ही लिंग समावेशी आर्थिक विकास करने के लिये महिला उद्यमिता को विकसित करना है।
- यह पहल महिला उद्यमियों के लिये आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देगी और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करेगी।

## रिमोट इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (RVM)

- भारत के चुनाव आयोग ने रिमोट इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के लिये एक प्रोटोटाइप विकसित किया है।
- इसका उद्देश्य पूरे भारत में घरेलू प्रवासियों को मतदान की सुविधा मुहैया कराना है।
- RVM यानी रिमोट इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन घरेलू प्रवासियों को अपने गृहनगर वापस जाए बिना मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगी।
- RVM एक बहु-निर्वाचन क्षेत्र की इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन है जो एक दूरस्थ मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों को संभाल सकती है।

## केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कर्नाटक के देवनहल्ली में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखी।
- इस प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य पुलिस बलों के कार्य करने की सुविधाओं को अधिक सुगम बनाना है।
- साथ ही यह संस्थान कर्नाटक के पड़ोसी राज्यों महाराष्ट्र, गोवा और दमन दीव को फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में मदद भी करेगा।

## गोवा में बना देश का दूसरा सबसे लंबा केबल पुल

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गोवा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल वाले आठ लेन जुआरी ब्रिज का उद्घाटन किया।
- जुआरी ब्रिज उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा के बीच एक पुल है जो जुआरी नदी (गोवा) में ज्वारीय भाग पर स्थित है।
- देश का सबसे लंबा केबल ब्रिज गुजरात के भरुच में नर्मदा नदी पर बना है।

## छत्तीसगढ़ के निजात अभियान को मिला अमेरिकी IACP पुरस्कार

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव पुलिस के नशा विरोधी अभियान ''निजात अभियान'' को संस्थागत श्रेणी के ''लीडरशिप इन क्राइम प्रिवेंशन कैटेगरी' में अमेरिका के प्रतिष्ठित IACP 2022 अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- निजात अभियान एक कार्रवाई एवं जागरूकता अभियान है जिसमें अवैध नशे के सौदागरों पर सख्त कार्रवाई करना, नशे के विरूद्ध जनजागरूकता का प्रसार करना और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास शामिल है।

## तेलंगाना के भद्राचलम और रामप्पा मंदिर प्रसाद योजना में हुए शामिल

- भारत के राष्ट्रपति ने तेलंगाना में 'भद्राचलम मंदिरों के समूह' व रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत बुनियादी ढाँचे के विकास संबंधी परियोजनाओं की आधारशिला रखी।
- साथ ही इन दोनों परियोजनाओं को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना में शामिल किया गया है।
- भद्राचलम मंदिरों का समूह गोदावरी नदी के बाएँ तट पर स्थित है और इन मंदिरों को 350 वर्षों से अधिक पुराना बताया जाता है।
- वहीं, रुद्रेश्वर या रामप्पा मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जिसे 1213 ई. में काकतीय शासकों द्वारा बनाया गया था। यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल है।
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 में चिन्हित तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से तीर्थयात्रा कायाकल्प और

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



आध्यात्मिक संवर्धन पर राष्ट्रीय मिशन (PRASAD) शुरू किया गया था। अक्टूबर, 2017 में योजना का नाम बदलकर 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (PRASAD) कर दिया गया।

## ग्लासगो (स्काटलैंड) में बनेगा ब्रिटिश इंडियन आर्मी स्मारक

- ग्लासगो सिटी काउंसिल ने स्काटलैंड के ग्लासगो शहर में ब्रिटिश सेना में भारतीय सैनिकों की सेवा और बलिदान को मान्यता देने के लिये एक स्मारक बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है।
- यह स्मारक उन लाखों भारतीय सैनिकों की याद में निर्मित किया जाएगा जिन्होंने दोनों विश्व युद्धों में ब्रिटिश सैनिकों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी।
- स्मारक बनाने की पहल 'कलरफुल हेरिटेज मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट' की ओर से की जा रही है।

## क्रोएशिया बना यूरोपीय संघ की मुद्रा अपनाने वाला 20वाँ सदस्य

- 1 जनवरी, 2023 को क्रोएशिया यूरोपीय संघ की मुद्रा को अपनाने वाला 20वाँ देश बन गया है।
- यूरो मुद्रा, यूरोपीय संघ की आधिकारिक मुद्रा है और यूरो अपनाने से क्रोशियाई लोगों को यात्रा करना और व्यापार करना सरल हो जाएगा।
- साथ ही विदेश जाने वाले क्रोएशियाई लोगों के लिये मुद्रा विनिमय की परेशानी दूर हो जाएगी।
- क्रोएशिया, वर्ष 2013 में यूरोपीय संघ का 28वाँ सदस्य बना था।

## एशियाई प्रशांत डाक संघ

- भारत जनवरी 2023 से एशियाई प्रशांत डाक संघ (APPU) की अध्यक्षता करेगा।
- APPU का लक्ष्य डाक सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिये सदस्य देशों के बीच डाक संबंधों का विस्तार, सुविधा देना और सुधार करना है।
- APPU का मुख्यालय बैंकॉक (थाइलैंड) में है और डॉ. विनय प्रकाश सिंह इसके वर्तमान महासचिव है।

## सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2614.51 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से SJVN लिमिटेड द्वारा हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना को स्वीकृति दी।
- इस जल विद्युत परियोजना की क्षमता 382 मेगावाट है। इस परियोजना से 1382 मिलियन यूनिट विद्युत का वार्षिक उत्पादन होगा।
- सतलुज नदी को 'शतुद्री' के नाम से भी जाना जाता है और यह सिंधु नदी की सबसे पूर्वी सहायक नदी है।

## नई दिल्ली में आयोजित हुआ साड़ी महोत्सव - "विरासत"

- साड़ी महोत्सव 'विरासत' का दूसरा चरण 3-17 जनवरी, 2023 के बीच नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- 'विरासत' भारत की हाथ से बुनी 75 साड़ियों का उत्सव है और केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय इस उत्सव का आयोजन कर रहा है।
- विरासत पारंपरिक साड़ियों को प्रोत्साहित करता है और पारंपरिक बुनकर साड़ियों की दस्तकारी किस्मों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु एक मंच प्रदान करता है।
- विरासत साड़ी उत्सव का पहला चरण 16 दिसंबर 2022 से शुरू होकर 30 दिसंबर, 2022 को संपन्न हुआ था।

## कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में चलेगी भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो

- पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के अंदर से भारत की पहली अंडरवाटर सुरंग बनाई जा रही है ताकि इस सुरंग में से भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो का संचालन किया जा सके।
- हुगली नदी में पानी के नीचे मेट्रो रेल सेवा कोलकाता और हावड़ा शहरों को जोड़ेगी।
- सुरंग बनने के बाद पानी के अंदर 520 मीटर की दूरी को मेट्रो महज 45 सेकेंड में तय करेगी।
- भारत की प्रथम मेट्रो सेवा का शुभारंभ 24 अक्टूबर, 1984 को कोलकाता में ही हुआ था।

## केरल में खुला विश्व का पहला ताड़ के पत्ते का पाण्डुलिपि संग्रहालय

- केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में दुनिया का ताड़ के पत्तों का पहला पाण्डुलिपि संग्रहालय खोला गया है।
- यह संग्रहालय भारत की धरती पर यूरोपीय शक्तियों को हराने वाले एशिया के पहले साम्राज्य त्रावणकोर की लोकप्रिय कहानियों को समेटे हुए है।
- यह संग्रहालय राज्य की सांस्कृतिक संपदा बढ़ाने के अलावा शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक विद्वानों के लिये भी महत्वपूर्ण है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## सीरियम एविएशन एनालिटिक्स की वैश्विक हवाई अड्डों की सूची-2020

- वर्ष 2022 के टॉप-परफॉर्मिंग ग्लोबल एयरपोर्ट्स : सीरियम एविएशन एनालिटिक्स स्टडी के मुताबिक शीर्ष 10 वैश्विक हवाई अड्डों में बेंगलुरु का केम्पेगोडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा दूसरे और दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सातवें स्थान पर है।
- इस सूची में प्रथम स्थान पर जापान का हनेडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल है।
- इस स्टडी के अनुसार, दुनिया की शीर्ष कम लागत वाली एयरलाइन जापान की Starflyer है।

## लो स्मोक सुपीरियर कैरोसीन तेल

- भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) ने जम्मू में भारतीय सेना के लिये लो स्मोक सुपीरियर कैरोसीन ऑयल लॉन्च करने की घोषणा की।
- दरअसल, सामान्य मिट्टी के तेल के दहन से काफी धुआँ निकलता है जो सेना के जवानों के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। ऐसे में कम धुएँ वाला मिट्टी का तेल सेना को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- BPCL एक महारत्न कंपनी है और इसकी स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी।

## देश का पहला पूरी तरह से डिजिटल बैंकिंग वाला राज्य

- केरल राज्य भारत का पहला पूरी तरह से डिजिटल बैंकिंग वाला राज्य बन गया है।
- केरल राज्य सभी जिलों में कम से कम एक बचत और चालू खाते को डिजिटलाइज करने वाला पहला राज्य भी है।
- वर्ष 2021 में त्रिशूर जिला, राज्य में पूर्ण डिजिटल बैंकिंग लागू करने वाला पहला जिला बन गया था।

## ऑनलाइन गेमिंग में भारत का पहला उत्कृष्टता केंद्र

- ऑनलाइन गेमिंग में भारत का पहला उत्कृष्टता केंद्र मेघालय के शिलांग में खोलने की घोषणा हुई।
- इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना से पूरे उत्तर-पूर्व क्षेत्र के स्टार्टअप और उद्यमियों को अगली पीढ़ी के ऑनलाइन गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिये प्रोत्साहन मिलने की संभावना है।

## नीलकुरंजी पौधा

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नीलकुरंजी को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-III के तहत संरक्षित पौधों की सूची में शामिल किया।
- नीलकुरंजी एक मोनोकार्पिक पौधा है। एक बार फूल आने के बाद इसका पौधा खत्म हो जाता है। फिर नए बीज के पनपने के लिये और उसमें फूल आने के लिये 12 साल का इंतजार करना पड़ता है।
- इसके नीले रंग के कारण ही इस क्षेत्र के पहाड़ों को नीलगिरी नाम दिया गया है।

## तमिलनाडु में मनाया गया जल्लीकट्टू-2023

- 15 जनवरी, 2023 से तमिलनाडु के मदुरै में जल्लीकट्टू की शुरूआत हुई।
- जल्लीकट्टू तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों का एक परंपरागत खेल व लोकप्रिय आयोजन है।
- जल्लीकट्टू खेल में बैलों से इंसानों की लड़ाई कराई जाती है और इस जल्लीकट्टू खेल को तमिलनाडु के गौरव तथा संस्कृति का प्रतीक कहा जाता है।

## जम्मू-कश्मीर बना ई-गवर्नेंस मोड में शामिल होने वाला पहला केंद्रशासित प्रदेश

- जम्मू और कश्मीर प्रशासन के डिजिटल तरीके को पूरी तरह से अपनाने वाला भारत का पहला केंद्रशासित प्रदेश बन गया है।
- वर्तमान में केंद्रशासित प्रदेश में सभी सरकारी और प्रशासनिक सेवाएँ डिजिटल रूप से प्रदान की जा रही है।
- सभी सरकारी सेवाओं को डिजिटल मोड में उपलब्ध करवाने के लिये 'डिजिटल जम्मू और कश्मीर कार्यक्रम' भी शुरू किया है।

## लद्दाख में ULPIN योजना लॉन्च

- लद्दाख के उपराज्यपाल आर.के. माथुर ने केंद्रशासित प्रदेश में ULPIN यानि Unique Land Parcel Identification Number (विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या) का शुभारंभ किया।
- 14 अंकों वाला ULPIN भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण में मदद करेगा और भूमि अधिकार संबंधी विवादों को निपटाने में भी सहायता प्रदान करेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## 100 से अधिक चीतों को स्थानांतरित करने के लिये भारत और दक्षिण अफ्रीका में समझौता

- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एक महत्वाकांक्षी परियोजना के हिस्से के रूप में भारत को 100 से अधिक चीतों को स्थानांतरित करने के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- इस योजना के तहत अगले 8 से 10 वर्षों के बीच सालाना 12 चीतों को स्थानांतरित कर भारत लाया जाएगा।

## उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2020-21 जारी

- शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2020-21 जारी किया है जिसमें देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है।
- यह सर्वेक्षण विभिन्न मापदंडों जैसे छात्र नामांकन, शिक्षकों का डेटा, अवसंरचना संबंधी जानकारी, वित्तीय स्थिति आदि पर विस्तृत जानकारी एकत्र करता है।
- सर्वेक्षण के अनुसार, सर्वाधिक नामांकित छात्रों की संख्या के मामलें में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु शीर्ष पर स्थित हैं।
- कॉलेजों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक शीर्ष 3 राज्य हैं।
- उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 2019-20 में 3.85 करोड़ से बढ़कर 2020-21 में लगभग 4.14 करोड़ हो गया है।
- वहीं, महिला नामांकन 2019-20 में 1.88 करोड़ से बढ़कर 2020-21 में 2.01 करोड़ हो गया है।
- स्नातक स्तर पर कला के विषयों में नामांकन सबसे अधिक (33.5%) है।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# आर्थिक परिदृश्य

## सरकारी बॉण्ड GBI-EM में होंगे शामिल

- जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने जून 2024 से भारतीय सरकारी बॉण्ड (भारत सरकार द्वारा निर्गत बॉण्ड) को GBI-EM यानी 'ग्लोबल बॉण्ड इंडेक्स – इमर्जिंग मार्केट्स' में शामिल करने का निर्णय लिया है।
- जेपी मॉर्गन GBI-EM पूरे विश्व में व्यापक रूप से अनुसरण किया जाने वाला एक प्रभावशाली बेंचमार्क सूचकांक है जो उभरते बाजार देशों या विकासशील देशों द्वारा जारी किये जाने वाले स्थानीय मुद्रा मूल्यवर्ग वाले सॉवरेन बॉण्ड के प्रदर्शन की निगरानी करता है।
- GBI-EM को जून 2005 में लॉन्च किया गया था और यह पहला व्यापक ग्लोबल लोकल इमर्जिंग मार्केट्स सूचकांक है।

## सिंगापुर बनी दुनिया की सबसे मुक्त अर्थव्यवस्था

- हाल ही में कनाडाई थिंक टैंक फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार सिंगापुर, हांगकांग को पछाड़कर दुनिया की सबसे मुक्त अर्थव्यवस्था बन गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार विश्व की शीर्ष 5 मुक्त अर्थव्यवस्थाएँ– सिंगापुर, हांगकांग, स्विट्जरलैंड, न्यूजीलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका है।
- दुनिया की मुक्त अर्थव्यवस्थाओं की सूची में भारत 87वें और चीन 111वें स्थान पर है।

## नार्थ ईस्ट के मिथुन को मिला 'खाद्य पशु' का टैग

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI - Food Safety and Standards Authority of India) ने सितंबर 2023 से मिथुन को खाद्य पशु के रूप में मान्यता प्रदान की।
- इसके चलते किसानों और आदिवासी ग्रामीण समुदायों को मिथुन के मांस की बिक्री और प्रसंस्करण से व्यावसायिक रूप से लाभ मिलेगा।
- Indian Council of Agricultural Research (ICAR) ने किसानों को 'मिथुन' का प्रतिस्पर्धी कीमतों पर व्यापार करने में मदद करने के उद्देश्य से M-ANITRA ऐप भी लॉन्च किया।
- मिथुन अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में पाए जाने वाले बोविडे परिवार की जुगाली करने वाली प्रजाति है।
- मिथुनया गयाल, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड का राज्य पशु भी है।

## IRDAI 'बीमा सुगम' को करेगा लॉन्च

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI - Insurance Regulatory Development Authority of India) 'बीमा सुगम' नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पेश करने जा रहा है।
- 'बीमा सुगम' का लक्ष्य बीमा उत्पादों और सेवाओं के लिये दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार बनना है।
- साथ ही इसका लक्ष्य ग्राहकों के लिये उनके बीमा कवरेज को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिये एकल खिड़की मंच के रूप में सेवा प्रदान करना है।
- यह एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जहाँ ग्राहक विभिन्न कंपनियों द्वारा दिये गये कई विकल्पों में से एक उपयुक्त योजना चुन सकते हैं।

## स्किल इंडिया डिजिटल

- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता से संबंधित विभिन्न सरकारी पहलों को एक ही मंच पर समेकित करने के उद्देश्य से एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा – स्किल इंडिया डिजिटल लॉन्च किया।
- स्किल इंडिया डिजिटल का लक्ष्य सरकारी पहलों के लिये सूचना प्रवेश द्वार के रूप में काम करते हुए प्रतिभा की नियुक्ति, आजीवन सीखने और करियर में उन्नति की सुविधा प्रदान करके व्यक्तियों को लाभान्वित करना है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' पहल

- सरकार द्वारा हाल ही में घोषित 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' पहल का उद्देश्य ग्राहकों द्वारा अपनी खरीदारी के लिये बिल माँगने की प्रथा को बढ़ावा देना है।
- यह पहल ग्राहकों को पुरस्कार जीतने का मौका प्रदान करके, चालान का अनुरोध करने और अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करती है ताकि वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता और अनुपालन को बढ़ावा मिल सके।
- यह पहल कई पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था भी करती है जिसमें GST (Goods and Service Tax) चालान के लिए 800 मासिक ड्रा शामिल हैं और प्रत्येक का पुरस्कार मूल्य ₹ 10,000 (दस हजार रुपये) है।

## Online Dispute Resolution System

- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI - Securities and Exchange Board of India) निवेशकों के हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक ऑनलाइन विवाद समाधान तंत्र (Online Dispute Resolution System) शुरू करने जा रहा है।
- इस विवाद समाधान तंत्र का उद्देश्य पीड़ित निवेशकों को विभिन्न मध्यस्थों या बिचौलियों के खिलाफ मीडिएशन और आर्बिट्रेशन की सुविधा प्रदान करना है।

## विवाद से विश्वास-2 योजना

- वित्त मंत्रालय ने सरकार और उससे जुड़े उपक्रमों के संविदात्मक विवादों के समाधान की सुविधा के लिये 'विवाद से विश्वास-2' योजना शुरू की।
- यह एक स्वैच्छिक विवाद निपटान प्रणाली है तथा इसका उद्देश्य विवादों को सुलझाने और व्यापार अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिये आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत 30 सितंबर 2022 तक के विवादों को कवर किया जाएगा, जिससे काफी संख्या में लंबित मामलें इसके दायरे में आ जाएँगे।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष के बजट के दौरान निष्पक्ष और कुशल विवाद समाधान को बढ़ावा देने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए, इस योजना की शुरूआत करने की घोषणा की थी।

## मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने वर्ष 2023 के लिए भारत का विकास अनुमान बढ़ाया

- देशों की अर्थव्यवस्था का आकलन करने वाली वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने वर्ष 2023 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।
- यह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान 6.5 प्रतिशत से अधिक है।
- मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस, मूडीज कॉरपोरेशन की बॉण्ड-क्रेडिट की रेटिंग करने वाली कंपनी है। यह वाणिज्यिक और सरकारी संस्थाओं के द्वारा जारी किए गए बॉण्डों पर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय अनुसंधान प्रदान करती है।
- मूडीज की स्थापना वर्ष 1909 में हुई।
- मूडीज का मुख्यालय "7 वर्ल्ड ट्रेड सेंटर न्यूयॉर्क सिटी (USA) में है।

## NSO की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की GDP विकास दर (पहली तिमाही)

- वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की GDP (Gross Domestic Product) विकास दर 7.8% रही।
- इस रिपोर्ट को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा 31 अगस्त को जारी किया गया।
- वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में भारत की GVA विकास दर भी 7.8% रही।

## भारत ने पहली बार रुपए में क्रूड ऑयल का पेमेंट किया

- भारत ने मध्यपूर्व के देश UAE को पहली बार रुपये में क्रूड ऑयल का पेमेंट किया।
- 14 अगस्त, 2023 को 10 लाख बैरेल तेल के बिल का भुगतान किया था।
- यह अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOC) के बीच स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली के तहत कच्चे तेल का पहला लेन-देन हुआ।

## RBI की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा

- RBI (Reserve Bank of India) ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा (10 अगस्त, 2023) में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यह रेपो रेट वर्तमान में 6.5% है।
- RBI के वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसकी घोषणा की है।
- भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जिस ब्याज दर पर बैंको को लोन दिया जाता है, उसे रेपो रेट कहा जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| ब्याज दर (Interest Rates) | प्रतिशत (Percentage) |
|---|---|
| SDF | 6.25% |
| CRR | 4.5% |
| Bank Rate | 6.75% |
| SLR | 18.00% |
| Repo Rate | 6.50% |
| Reverse Repo Rate | 3.35% |

## कॉर्पोरेट ऋण बाजार विकास कोष (CDMDF)

- SEBI (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) ने कॉर्पोरेट ऋण बाजार विकास कोष (CDMDF - Corporate Debt Market Development Fund) की स्थापना की है।
- इसका उद्देश्य एक स्थायी संस्थागत संरचना का निर्माण कर द्वितीयक बाजार तरलता को बढ़ाना है, जिसे बाजार में बढ़ने वाले दबाव की अवधि के दौरान सक्रिय किया जा सके।
- CDMDF केवल पाँच वर्ष तक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सूचीबद्ध कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों को खरीदने के लिए अधिकृत है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 4 महीने के निचले स्तर पर पहुँचा

- देश का विदेशी मुद्रा भंडार (Foreign Exchange Reserves) 8 सितंबर को 4.99 अरब डॉलर से घटकर 593.037 अरब डॉलर रहा।
- यह विदेशी मुद्रा भंडार का पिछले चार महीने का निचला स्तर है।
- अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया था।

## Turbo UPI

- प्रमुख फिनटेक कंपनी रेजरपे ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) नेटवर्क के लिये एक-चरणीय भुगतान समाधान 'Turbo UPI' लॉन्च किया।
- Turbo UPI भुगतान को तेज बनाने और संभावित भुगतान विफलताओं को कम करेगा। इसके चलते उपयोगकर्ताओं के लिये भुगतान अनुभव 5 गुना तेज होने की संभावना है।
- दरअसल, रेजरपे का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं के लिये भुगतान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है जिससे कि वे पेमेंट चेकआउट के दौरान तीसरे पक्ष की UPI ऐप पर रीडायरेक्ट किए बिना सीधे (Direct) पेमेंट कर सके।

## अंतरदृष्टि डैशबोर्ड

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 6 जून 2023 को 'अंतरदृष्टि' नामक एक वित्तीय समावेशन डैशबोर्ड लॉन्च किया।
- इस अंतरदृष्टि डैश बोर्ड के माध्यम से वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन तय मानकों के अनुरूप किया जा सकेगा।
- यह डैशबोर्ड प्रासंगिक मानकों को कैप्चर करके वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन और निगरानी करने के लिये आवश्यक इनपुट प्रदान करेगा।
- डैशबोर्ड की मदद से देश में व्यापक स्तर पर वित्तीय सेवाओं की कमी वाले क्षेत्रों का पता लगाया जा सकेगा और फिर इसको आधार बनाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पूँजीगत निवेश बढ़ाने हेतु 'विशेष सहायता योजना'

- वित्त मंत्रालय ने भारत में राज्यों के द्वारा पूँजीगत व्यय को बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सहायता योजना की शुरूआत की।
- इस सहायता योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2023-24 में की गई थी।
- पूँजीगत निवेश के लिये राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिये विशेष सहायता योजना को शुरू किया गया। इस योजना के तहत राज्यों को वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान कुल 1.3 लाख करोड़ रुपये की धनराशि 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में प्रदान की जाएगी।
- इसका उद्देश्य राज्यों को सशक्त बनाना और बुनियादी ढाँचे के विकास और क्षेत्रीय प्रगति के लिये उनकी पहलों का समर्थन करना है।

## भारत में बेरोजगारी दर में गिरावट दर्ज

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 की पहली तिमाही में भारत की शहरी बेरोजगारी 6.8% के निचले स्तर पर पहुँच गई।
- यह पिछली तिमाही की बेरोजगारी दर 7.2% के सापेक्ष काफी कम है।
- ये वर्तमान आँकड़े आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) पर आधारित है।
- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (Periodic Labour Force Survey) यह एक त्रैमासिक सर्वेक्षण है जो बेरोजगारी दर, श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर और रोजगार की स्थिति आदि विभिन्न श्रम बल संकेतकों पर केंद्रित है।
- वर्ष 2023 की पहली तिमाही में, पुरुषों में बेरोजगारी दर 6.1% और महिलाओं में 9.2% थी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में भारत की शहरी बेरोजगारी दर 6.6% दर्ज की गई है।
- जनवरी-मार्च 2023 में श्रमिक-जनसंख्या अनुपात 45.2% पर पहुँच गया।

## GAIL को मिला AEO T3 (अधिकृत आर्थिक परिचालक का दर्जा)

- भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी GAIL इंडिया लिमिटेड को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, वित्त मंत्रालय द्वारा अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (AEO) T3 का दर्जा दिया गया।
- यह मान्यता निर्यातकों और आयातकों के लिये उच्चतम स्तर की सुविधा का प्रतीक है, जो GAIL को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एक विश्वसनीय और सुरक्षित भागीदार के रूप में स्थापित करती है।
- AEO T3 प्रमाणन तस्करी, धोखाधड़ी और आतंकवाद जैसे वैश्विक व्यापार से जुड़े जोखिमों को कम करने में GAIL के प्रयासों को मान्यता देता है।
- विश्व सीमा शुल्क संगठन द्वारा प्रशासित AEO कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को मजबूत करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है।

## वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की GDP वृद्धि दर

- सांख्यिकी मंत्रालय के पहले अनुमान में वित्त वर्ष 2022-23 के लिये भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर 7.2% रही।
- यह पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की 9.1% वृद्धि दर से थोड़ा कम है।
- मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में GDP वृद्धि दर 13.1% रही थी, वहीं अंतिम तिमाही में GDP वृद्धि दर 6.1% रही।
- केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 6.4% रहा।

## बैंक ऑफ इंडिया (BOI) ने शुरू की महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आधिकारिक तौर पर महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना शुरू की गई।
- ऐसा करने वाला बैंक ऑफ इंडिया देश का पहला बैंक बन गया है।
- इस योजना की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इस साल अपने बजट भाषण के दौरान की गई थी।
- व्यक्तिगत लड़कियाँ या महिलाएँ तथा अभिभावक किसी नाबालिक लड़की की ओर से महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना के तहत खाता खोल सकते हैं।
- इस योजना के तहत खाते 31 मार्च 2025 तक खोले जा सकते हैं। यह योजना खाताधारकों को प्रतिवर्ष 7.5% की त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज दर प्रदान करती है।
- इस योजना के तहत खोले गए खाते में न्यूनतम निवेश राशि ₹ 1000 और अधिकतम निवेश राशि ₹ 2 लाख तक जमा की जा सकती है।

## HDFC बैंक बना दुनिया का चौथा सबसे मूल्यवान बैंक

- हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्प के साथ 1 जुलाई 2023 को विलय पूरा होने के बाद, HDFC बैंक इक्विटी बाजार पूँजीकरण के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बैंक बन गया।
- ब्लूमबर्ग द्वारा संकलित आँकड़ों के अनुसार, HDFC बैंक जे पी मार्गन चेस एंड कंपनी, इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ अमेरिका कार्प के बाद लगभग 172 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ चौथे स्थान पर है।
- HDFC बैंक की शुरूआत वर्ष 1994 में निजी क्षेत्र के बैंक के रूप में हुई और इसका मुख्यालय मुंबई में है।

## एप्पल बनी दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी

- एप्पल दूसरी बार 3 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूँजीकरण को हासिल कर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई।
- वर्तमान में 4 अन्य अमेरिकी कंपनियों अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन और एनवीडिया का बाजार पूँजीकरण भी 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है।
- तेल और गैस कंपनी 'सऊदी अरामको' 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के बाजार पूँजीकरण वाली एकमात्र गैर-तकनीकी कंपनी है।

## अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सेवा

- इंडिया पोस्ट और कनाडा पोस्ट ने दोनों देशों के बीच ई-कॉमर्स निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिये 'अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सर्विस शुरू करने के लिये समझौता किया।
- इंडिया पोस्ट पहले से ही 38 भागीदार देशों के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सर्विस' शुरू कर चुका है तथा कनाडा इस क्रम में 39वाँ देश होगा।
- अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सर्विस को स्थानीय डाकघरों की मदद

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library





लेकर ई-कॉमर्स निर्यातकों की सीमा पार शिपिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है।

## मूल्य स्थिरीकरण कोष

- टमाटर की कीमतों में मौजूदा उछाल को संबोधित करने के लिये सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण कोष (Price Stabilisation Fund) के माध्यम से टमाटर की खरीद शुरू की।
- इस प्रकार खरीदे गए टमाटर उपभोक्ताओं को काफी रियायती दरों पर उपलब्ध कराए गए।
- मूल्य स्थिरीकरण कोष की शुरूआत वित्तीय वर्ष 2014-15 में की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं और चयनित वस्तुओं के अत्यधिक मूल्य में उतार-चढ़ाव को अवशोषित करना और कम करना है।

## विदेश व्यापार नीति 2023

- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने नई विदेश व्यापार नीति 2023 की घोषणा की।
- यह नीति मुख्य रूप से चार स्तंभों पर आधारित है-
  - (A) छूट के लिये प्रोत्साहन
  - (B) सहयोग के माध्यम से निर्यात प्रोत्साहन-निर्यातक, राज्य, जिले, भारतीय मिशन।
  - (C) ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, लेन-देन लागत में कमी और ई-पहल।
  - (D) उभरते क्षेत्र : ई-कॉमर्स निर्यात हब के रूप में विकासशील जिले और SCOMET (Special Chemicals, Organism, Materials Equipment and Technologies) नीति को सुव्यवस्थित करना।
- विदेश व्यापार नीति (2023) का लक्ष्य निर्यातकों के लिये व्यवसाय करने की सुगमता को सरल बनाने के लिये प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग तथा ऑटोमेशन पर ध्यान केंद्रित करना है।
- इस नीति में वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक एक्सपोर्ट टारगेट को हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस नीति के तहत मौजूदा 39 शहरों के अलावा फरीदाबाद, मिर्जापुर, मुरादाबाद और वाराणसी को निर्यात उत्कृष्टता के शहर के रूप में नामित किया गया।
- इस नीति में निर्यातकों को निर्यात प्रदर्शन के आधार पर (उनकी फर्म के निर्यात प्रदर्शन के आधार पर) स्टार रेटिंग दिये जाने का प्रावधान भी शामिल किया गया।
- इस व्यापार नीति में कहा गया है कि SCOMET (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकियाँ) नीति के तहत दोहरे उपयोग वाले उत्पादों के निर्यात को व्यवस्थित किया जाएगा।
- इन सभी के अलावा इस विदेश व्यापार नीति में जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने, ई-कॉमर्स निर्यातों को सुविधा प्रदान करने, मर्चेंटिंग व्यापार, एमनेस्टी योजना आदि की भी विस्तृत चर्चा की गई।
- इस नीति को 1 अप्रैल, 2023 से लागू माना जाएगा। इसके पहले विदेश व्यापार नीति 2015-20 लागू थी।

## एयरटेल-IPPB ने शुरू की 'व्हाट्सऐप बैंकिंग सेवाएँ'

- एयरटेल-इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने नई दिल्ली में व्हाट्सएप बैंकिंग सेवाएँ लान्च की।
- इससे ग्राहक बैंकिंग सेवाओं को अपने मोबाइल फोन पर सुविधाजनक रूप से एक्सेस कर सकते हैं।
- इस व्हाट्सएप बैंकिंग समाधान का उद्देश्य बहु-भाषा समर्थन प्रदान करना है ताकि ग्राहकों (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों) के लिये बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाना आसान हो जाता है।

## RBI ने जारी किया ग्रीन डिपॉजिट फ्रेमवर्क

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने भारत में ग्रीन फाइनेंस इकोसिस्टम विकसित करने के उद्देश्य से ग्राहकों के लिये ग्रीन डिपॉजिट (हरित जमा) की पेशकश करने हेतु एक फ्रेमवर्क की घोषणा की।
- यह फ्रेमवर्क 1 जून, 2023 से लागू हुआ।
- ग्रीन डिपॉजिट निश्चित अवधि के लिये एक विनियमित ईकाई द्वारा प्राप्त ब्याज युक्त जमा को संदर्भित करता है। इसमें ग्रीन फाइनेंस के आवंटन हेतु निर्धारित आय होती है।
- ग्रीन फाइनेंस इकोसिस्टम एक वित्तीय प्रणाली को संदर्भित करता है जो पर्यावरणीय रूप से स्थायी परियोजनाओं और गतिविधियों में निवेश का समर्थन कर उन्हें सक्षम बनाता है।
- इसमें कई प्रकार के वित्तीय उत्पाद जैसे ग्रीन बांड्स, ग्रीन लोन, ग्रीन इंश्योरेंस और ग्रीन फंड आदि शामिल होते हैं।

## अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2022-23 के व्यापार संबंधी आँकड़ों के अनुसार अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया।
- भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 7.65 प्रतिशत वृद्धि के साथ 128.55 अरब डॉलर का हो गया।
- वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में चीन 113.83 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ, अमेरिका के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
- संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और सिंगापुर का स्थान इस संदर्भ में क्रमशः तीसरा, चौथा और पाँचवा है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- वित्तीय वर्ष 2022-23 में, भारत का अमेरिका के साथ 28 बिलियन डॉलर का व्यापार अधिशेष और चीन के साथ 83.2 अरब डॉलर का व्यापार घाटा है।

## वर्ष 2022-23 के लिये निर्यात आँकड़े जारी

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 के निर्यात आँकड़े जारी किए गए।
- इन आँकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 13.84% की वृद्धि के साथ भारत का कुल निर्यात 770.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल व्यापार घाटा 122 बिलियन डॉलर और सेवा अधिशेष 144.76 बिलियन डॉलर रहा।

| भारत से आयात करने वाले प्रमुख देश | भारत को निर्यात करने वाले प्रमुख देश |
|---|---|
| अमेरिका | चीन |
| संयुक्त अरब अमीरात | संयुक्त अरब अमीरात |
| नीदरलैंड | अमेरिका |
| चीन | रूस |

## रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने CBDC को अपनाया

- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस प्रीमियम भुगतान के लिये भारतीय रिजर्व बैंक की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) ई-रुपया स्वीकार करने वाली भारत की पहली सामान्य बीमा कंपनी बनी।
- जिन ग्राहकों के पास किसी भी बैंक के साथ सक्रिय ई-रूपी वॉलेट है, वे आसान, सुरक्षित, तत्काल भुगतान करने के लिये रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के CBDC क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं।
- ई-रुपया एक डिजिटल टोकन मनी है जो एक बैंक नोट के बराबर है और RBI द्वारा समर्थित कानूनी निविदा या संप्रभु मुद्रा है।
- RBI द्वारा 1 दिसंबर, 2022 को चार शहरों-मुंबई, नई दिल्ली, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में ई-रुपये (CBDC) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया।

## तमिलनाडु सबसे अधिक बाजार उधारी वाला राज्य : RBI

- भारतीय रिजर्व बैंक के आँकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु लगातार तीसरे वर्ष सबसे अधिक बाजार उधारी वाला राज्य है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान, राज्य विकास ऋण के माध्यम से तमिलनाडु का सकल बाजार उधार ₹ 68,000 करोड़ था।
- इसके बाद आंध्र प्रदेश ₹ 51,860 करोड़ और महाराष्ट्र ₹ 50,000 करोड़ के सकल बाजार उधार के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- शीर्ष 10 उधार लेने वाले राज्यों के विश्लेषण से पता चलता है कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपनी उधारी में तेजी से कमी की है।

## केरल स्टार्टअप मिशन बना दुनिया का नंबर-1 सार्वजनिक व्यापार इनक्यूबेटर

- यूबीआई ग्लोबल ने केरल स्टार्टअप मिशन, को यूबीआई ग्लोबल वर्ल्ड बेंचमार्क स्टडी 2021-22 के तहत दुनिया का शीर्ष सार्वजनिक व्यवसाय इनक्यूबेटर माना है।
- यूबीआई ग्लोबल स्वीडन स्थित एक इनोवेशन इंटेलिजेंस कंपनी और कम्यूनिटी है जिसकी स्थापना वर्ष 2013 में स्टॉकहोम में हुई थी।

## RBI का '100 दिन 100 भुगतान' अभियान

- भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिये '100 दिन 100 भुगतान' अभियान की घोषणा की।
- इस अभियान के तहत देश के प्रत्येक जिले में प्रत्येक बैंक के शीर्ष 100 दावा न किए गए जमाओं का पता लगाया जाएगा और 100 दिनों के भीतर उसका निपटान किया जाएगा।
- RBI द्वारा इस अभियान की शुरूआत 1 जून, 2023 से हुई। इस अभियान के तहत बचत/चालू खातों में शेष राशि जो 10 वर्षों से परिचालित नहीं हैं या परिपक्वता की तारीख से 10 वर्षों के भीतर सावधि जमाओं का दावा नहीं किया गया, उन्हें लावारिस जमाराशियों के रूप में वर्गीकृत किया गया।
- ऐसी जमाराशियों को बैंक, RBI द्वारा बनाए गए जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता फंड में स्थानांतरित करेंगे।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र NPA प्रबंधन में शीर्ष पर

- पुणे (महाराष्ट्र) स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान गैर-निष्पादित संपत्तियों (NPA) के प्रबंधन में शीर्ष पर रहा।
- इसके बाद HDFC बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- अगर बात केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की करें, तो बैंक

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


ऑफ महाराष्ट्र NPA प्रबंधन में पहले तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया दूसरे स्थान पर था।
- पूँजी पर्याप्तता अनुपात (CAR), कम लागत वाले चालू खाता और बचत खाता (CASA) जमा में और असाधारण प्रावधान कवरेज के मामले में भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र पहले स्थान पर था।

## CBDC का उपयोग करने वाला पहला नगर निगम

- बिहार राज्य का पटना नगर निगम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) का उपयोग करने वाला भारत का पहला नगर निगम है।
- नगर निगम में पेमेंट से लेकर बाकी कामकाज के लिये भी ई-रुपये (CBDC) का उपयोग होगा।
- वर्तमान में पटना नगर निगम में 30 प्रतिशत ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है जिसे 90 से 95 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया गया है।
- गौरतलब है कि CBDC ई-रुपया RBI द्वारा समर्थित एक प्रकार की डिजिटल टोकन मनी है जिसे 1 दिसंबर 2022 को लॉन्च किया गया था।

## क्रिप्टो या वर्चुअल संपत्ति पर भी लागू होगा PMLA कानून

- वित्त मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी की जिसमें कहा गया है कि वर्चुअल डिजिटल संपत्तियाँ और फिएट करेंसी यानी क्रिप्टो और वर्चुअल डिजिटल संपत्ति भी धनशोधन अधिनियम, 2002 (Prevention of Money Laundering Act, 2002) के दायरे में आयेंगी।
- इसके तहत भारतीय क्रिप्टो एक्सचेंजों को, वित्तीय खुफिया ईकाई FIU-IND को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देनी होगी।
- गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में सरकार द्वारा ऐसी संपत्तियों के लेन-देन से होने वाली आय पर 30% कर लगाया गया था।

## SWAMIH Investment Fund

- SWAMIH इन्वेस्टमेंट फंड ने 12000 करोड़ की लागत वाली लगभग 130 परियोजनाओं को अंतिम स्वीकृति प्रदान की।
- इस इन्वेस्टमेंट फंड को वर्ष 2019 में स्टेट बैंक समूह की कंपनी SBI CAP वेंचर्स लिमिटेड द्वारा, वित्त मंत्रालय के सहयोग से शुरू किया गया था।
- यह एक सामाजिक प्रभाव कोष है जिसे रूकी हुई, ब्राउन-फील्ड और RERA पंजीकृत आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिये ऋण वित्त-पोषण प्रदान करने के लिये डिजाइन किया गया।

## 'हर पेमेंट डिजिटल' मिशन

- भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रत्येक भारतीय को डिजिटल भुगतान का उपयोगकर्ता बनाने के अपने प्रयासों के तहत हर पेमेंट डिजिटल मिशन शुरू किया।
- इस मिशन का उद्देश्य नए उपयोगकर्ताओं को शामिल करते हुए डिजिटल भुगतान को आसान और सुविधाजनक बनाना है।

## Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)

- Centre for Processing Accelerated Corporate Exit यानी C-PACE एक नव स्थापित निकाय है जिसका उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत रिकॉर्ड से कंपनी के नाम को हटाने के लिये आवेदनों को संसाधित करना और निपटाना है।
- C-PACE को मानेसर, हरियाणा में स्थापित किया गया है, जो उन कंपनियों के लिये वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करेगा, जो अपना व्यवसाय बंद करना चाहती हैं और कंपनियों के रजिस्टर से अपना नाम हटाना चाहती है।
- C-PACE के लिये अधिसूचना 17 मार्च को जारी की गई और यह 1 अप्रैल, 2023 से लागू होगा।

## अमेरिका का सिलिकॉन वैली बैंक वित्तीय संस्थागत विफलता के कारण बंद

- अमेरिका में एक बड़ी वित्तीय संस्थागत विफलता के चलते देश का सबसे बड़ा सिलिकॉन वैली बैंक बंद हो गया।
- सिलिकॉन वैली बैंक प्रौद्योगिकी क्षेत्र, स्टार्टअप्स (Startups) और तकनीकी कर्मचारियों के बीच एक प्रमुख वित्तीय माध्यम था।
- अमेरिका प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों में से लगभग आधी कंपनियाँ इस बैंक की ग्राहक थीं।

## 18 विदेशी बैंकों को रुपये में बाजार की अनुमति

- भारतीय रिजर्व बैंक ने 18 देशों के बैंकों को भारतीय रुपये में भुगतान निपटाने के लिये विशेष वोस्ट्रो रुपया खाता खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है।
- इन 18 देशों में बोत्सवाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इज़राइल, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं।
- गौरतलब है कि वोस्ट्रो खाता/अकाउंट वह खाता होता है जिसका

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



उपयोग घरेलू बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिये किया जाता है।

## प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स शुल्क

- केंद्र सरकार ने एक सर्कुलर जारी करते हुए 2000 रुपये से अधिक के UPI भुगतानों के लिये, भुगतान ऐप पर अधिभार (शुल्क) लगाया।
- दरअसल, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने एक सर्कुलर जारी किया जिसमें यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 'प्रीपेड पेमेंट इस्ट्रूमेंट्स' शुल्क लगाने की बात कही गई।
- इसके तहत 1 अप्रैल, 2023 से UPI मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 2000 रुपये या इससे अधिक के लेन-देन पर 1.1% की दर से प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स शुल्क लगाया जाएगा।
- हालाँकि NPCI ने यह भी स्पष्ट किया कि बैंक अकाउंट से बैंक अकाउंट आधारित UPI पेमेंट्स या सामान्य UPI पेमेंट्स पर यह शुल्क नहीं लगेगा।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की स्थापना RBI और इंडियन बैंक एसोसिएशन (IBA) ने वर्ष 2008 में संयुक्त रूप से की थी।

## कृषि स्टार्टअप्स के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड

- संसद में बजट प्रस्तुति के दौरान, वित्त मंत्री ने घोषणा की कि भारत में कृषि स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ाने के लिये सरकार एक एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड की स्थापना करेगी।
- यह फंड न केवल नए कृषि स्टार्टअप्स को अभिनव और किफायती समाधान प्रदान करेगा बल्कि किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।
- साथ ही इस फंड का उपयोग युवा उद्यमियों को कृषि स्टार्टअप्स शुरू करने के लिये प्रोत्साहित करने में भी किया जाएगा।

## एंजेल टैक्स संबंधी संशोधन प्रस्ताव

- केंद्रीय बजट 2023 के दौरान, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने एंजेल टैक्स में संशोधन का प्रस्ताव रखा।
- इस संशोधन के तहत अब, स्टार्टअप्स द्वारा प्राप्त की जाने वाली इक्विटी राशि आयकर के अधीन होगी न कि एंजेल टैक्स के अधीन।
- एंजेल टैक्स को लेकर किया गया यह नया बदलाव पहले से घट रहे स्टार्टअप निवेश को और प्रभावित करेगा।
- दरअसल, स्टार्टअप्स कंपनियाँ अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये फंड जुटाती हैं और इसके लिये पैसे देने वाली कंपनी या व्यक्ति को शेयर जारी किये जाते हैं। ज्यादातर ये शेयर अपनी कीमत की तुलना में काफी अधिक कीमत पर जारी किये जाते हैं। इस प्रकार शेयर बेचने से प्राप्त हुई अतिरिक्त राशि को इनकम माना जाता है और इस पर जो टैक्स लगता है, उसे एंजेल टैक्स कहा जाता है।
- लेकिन एंजेल टैक्स को लेकर की गई वित्तमंत्री की हालिया घोषणा के बाद अब यह इनकम टैक्स शेयरों को बेचने पर मिली अतिरिक्त राशि पर न लगकर, शेयरों को बेचकर मिलने वाली कुल राशि पर लगेगा।

## वित्तवर्ष 2021-22 में फॉरेन इनवार्ड रेमिटेंस (विदेशी आवक प्रेषण)

- वर्ष 2021-22 के दौरान, भारत को 89,127 मिलियन डॉलर का विदेशी आवक प्रेषण (Foreign Inward Remittance) प्राप्त हुआ।
- यह रेमिटेंस भारत को एक वर्ष में प्राप्त अब तक का सर्वाधिक विदेशी आवक प्रेषण था। इससे पहले वित्त वर्ष 2020-21 में भारत को 80,185 मिलियन डॉलर का विदेशी आवक प्रेषण प्राप्त हुआ था।
- भारत को वर्ष 2021-22 में प्राप्त हुए विदेशी आवक प्रेषण में सबसे बड़ी हिस्सेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका की है जो कि कुल प्राप्त प्रेषण का/रेमिटेंस का 23.4% है। इसके बाद क्रमशः संयुक्त अरब अमीरात (18%) और यूनाइटेड किंगडम (6.8%) की हिस्सेदारी है।
- किसी देश में, विदेशों से (सभी माध्यमों से) प्राप्त होने वाले धन को विदेशी आवक प्रेषण या विदेशी अंतर्वाह प्रेषण के रूप में जाना जाता है।

## Phone Pe ने शुरू की अंतर्राष्ट्रीय UPI भुगतान सेवा

- Phone Pe जोकि भारत का शीर्ष भुगतान ऐप है, ने भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय UPI भुगतान सेवा शुरू की।
- इसके चलते भारतीय PhonePe यूजर्स अब विदेशी व्यवसायों को भुगतान करने के लिये UPI का उपयोग कर सकेंगे।
- इस सुविधा का उपयोग करके यूजर्स खरीददारी करते समय अपने भारतीय बैंक से विदेशी मुद्रा में सीधे भुगतान करने में सक्षम होंगे।

## हार्बिंगर-2023

- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने अपने दूसरे वैश्विक हैकथान 'हार्बिंगर 2023 : परिवर्तन के लिये नवाचार' की घोषणा 'समावेशी डिजिटल सेवा' विषय के साथ की।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इस हैकथान में फिनटेक (Fintech) कंपनियों को ऐसे समाधान विकसित करने के लिये आमंत्रित किया गया जिनमें डिजिटल वित्तीय सेवाओं को विकलांगों के लिये सुलभ बनाना, सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्राओं की पहुँच बढ़ाना, विनियमन संस्थाओं को अधिक कुशल अनुपालन की सुविधा प्रदान करना, ब्लॉकचेन की मापनीयता को बढ़ाना आदि शामिल हैं।

## ऑफलाइन डिजिटल भुगतान पायलट परियोजना

- HDFC बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के नियामक सेंड बॉक्स कार्यक्रम के तहत 'ऑफलाइन पे' नामक ऑफलाइन डिजिटल भुगतान पायलट परियोजना को शुरू किया।
- HDFC ने इस पायलट परियोजना को 'क्रंच फिश डिजिटल कैश' के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है।
- यह अपनी तरह की पहली ऑफलाइन डिजिटल भुगतान समाधान सुविधा होगी। ऑफलाइन मोड में डिजिटल भुगतान समाधान शुरू करने वाला HDFC भारत का पहला बैंक है।

## इलैक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी

- इंडियन ओवरसीज बैंक ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर E-BG (इलैक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी) योजना की शुरूआत की।
- इलैक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी, बैंकों द्वारा जारी किये जाने वाला एक महत्वपूर्ण साधन है जिसमें बैंक, आवेदक के कुछ कार्यों/प्रदर्शनों को पूरा न करने पर एक विशिष्ट राशि की गारंटी देने का वचन देता है।
- E-BG डिजिटल मुद्रांकन और डिजिटल हस्ताक्षर के साथ पूरी तरह से पेपरलेस होती है।

## FATF ने रूस की सदस्यता की रद्द

- पेरिस स्थित वैश्विक वित्तीय अपराध पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) ने रूस की सदस्यता को समाप्त कर दिया।
- दरअसल, FATF का कहना है कि यूक्रेन में रूसी संघ की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है और FATF के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।
- FATF एक अंतरसरकारी संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी और वर्तमान में इसमें 39 (देश एवं संघ) शामिल हैं।

## QR आधारित कॉइन वेडिंग मशीन लॉन्च

- RBI (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) ने QR कोड आधारित कॉइन वेडिंग मशीन को लॉन्च किया।
- QR आधारित काइन वेडिंग मशीन को इसलिये लॉन्च किया जा रहा है क्योंकि मौजूदा कॉइन वेडिंग मशीनों में नकली नोटों की संख्या बढ़ रही है।
- QR आधारित मशीनों में करेंसी नोटों की जरूरत नहीं होती है। ये मशीनें सिक्के मुहैया कराने के लिए UPI आधारित कोड सिस्टम का इस्तेमाल करती है।

## वित्त वर्ष 2022-23 में प्रत्यक्ष कर संग्रह

- वित्त मंत्रालय के अधीन सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (CBDT) ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिये प्रत्यक्ष कर संग्रह के संशोधित अनुमान जारी किये। (फरवरी, 2023)
- इसके अनुसार वर्ष 2022-23 में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.67 लाख करोड़ रुपये था जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक था। (10 फरवरी 2023 तक)
- इस बढ़ोत्तरी का कारण कॉरपोरेट आयकर संग्रह और व्यक्तिगत आयकर संग्रह दोनों रहे।
- कॉरपोरेट आयकर में पिछले वर्ष की तुलना में 19.33% की वृद्धि और व्यक्तिगत आयकर संग्रह में पिछले वर्ष की तुलना में 29.63% की वृद्धि हुई।

## सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड्स

- RBI ने चालू वित्त वर्ष के पहले राउंड में 5 वर्ष और 10 वर्ष की अवधि के लिये ग्रीन बॉण्ड्स जारी करेगा।
- 4000 करोड़ रुपये के बॉण्ड्स 5 साल की मैच्योरिटी और 4000 करोड़ रुपये के बॉण्ड्स 10 साल की मैच्योरिटी वाले होंगे।
- ग्रीन बॉण्ड किसी भी संप्रभु संस्था, अंतर-सरकारी समूह और कॉरपोरेट्स द्वारा जारी किए जा सकते हैं।
- इन बांड्स के माध्यम से जुटायी गई राशि का उपयोग पर्यावरण की दृष्टि से संधारणीय परियोजनाओं में करना होता है।
- सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड की घोषणा केंद्रीय बजट 2022-23 में की गई थी।

## T+1 निपटान प्रणाली

- भारत शीर्ष सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में 'ट्रेड प्लस वन' (T+1) निपटान चक्र शुरू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है।
- भारत से पहले केवल चीन ने इस प्रणाली को अपनाया है।
- T + 1 प्रणाली के तहत व्यापार से संबंधित निपटान, लेन-देन पूरा होने के एक दिन या 24 घंटे के भीतर संपन्न करना होता है।
- वर्ष 2001 तक, शेयर बाजारों में साप्ताहिक निपटान प्रणाली प्रचलन में थी। इसके बाद T + 3 और फिर T + 2 निपटान प्रणाली प्रचलन में आई।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## BIND योजना

- BIND का पूरा नाम Broadcasting Infrastructure and Network Development है।
- आर्थिक-मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2025-26 तक की अवधि के लिये BIND योजना को मंजूरी प्रदान की है।
- BIND एक केंद्रीय क्षेत्रक की योजना है। इसका लक्ष्य सार्वजनिक प्रसारणकर्ता प्रसार भारती यानी ऑल इंडिया रेडियो (AIR) और दूरदर्शन का आधुनिकीकरण करना है।
- यह योजना प्रसार भारती के बुनियादी ढाँचे के विस्तार और उन्नयन, उच्च गुणवत्तायुक्त कंटेंट के सृजन आदि से संबंधित व्यय के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## भारत का सबसे तेज भुगतान ऐप PayRup लॉन्च

- भारत का सबसे तेज भुगतान ऐप PayRup बेंगलुरु से लॉन्च किया गया।
- PayRup, Web 3.0 की बेहतरीन तकनीक के साथ बनाया है और यह एक उन्नत डिजिटल भुगतान अनुभव प्रदान करता है।
- PayRup ऐप उपयोगकर्ता, यूटिलिटी बिल, लैंडलाइन बिल, मोबाइल रिचार्ज, DTH रिचार्ज आदि का भुगतान इस ऐप के माध्यम से कर सकते हैं।

## डिजिटल इंडिया इनोवेशन फंड

- केंद्र सरकार ने डीप टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिये 'डिजिटल इंडिया इनोवेशन फंड' लॉन्च करने की घोषणा की।
- डीपटेक या डीप टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स ऐसे स्टार्टअप्स होते हैं जो इंजीनियरिंग नवाचार या वैज्ञानिक खोजों और अग्रिमों के आधार पर नवाचार को बढ़ावा देते हैं।
- डीप टेक स्टार्टअप्स को अनुसंधान और विकास, प्रोटोटाइप, परिकल्पना को मान्य करने एवं प्रौद्योगिकी विकास के लिये प्रारंभिक चरणों में पर्याप्त पूँजी की आवश्यकता होती है।
- गौरतलब है कि वर्ष 2021 के अंत में भारत में 3000 से अधिक डीप टेक स्टार्टअप थे जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा आदि नई तकनीकों से जुड़े हुए थे।

## वर्ष 2022 में MSME सामानों का सबसे बड़ा खरीदार बना रक्षा मंत्रालय

- वर्ष 2022 में रक्षा मंत्रालय ने गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस प्लेटफॉर्म के माध्यम से MSME क्षेत्र से 16747 करोड़ रुपये के सामान और सेवाओं की खरीददारी की।
- वहीं सभी राज्यों में उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक (9642 करोड़ रुपये) का सामान और सेवाएँ खरीदी।
- गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) को 2016 में लॉन्च किया गया था।
- GeM का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना और छोटे स्थानीय विक्रेताओं का समर्थन करना है।

## NSE बना दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज

- NSE यानी National Stock Exchange, भारत का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज है।
- वर्ष 2022 में NSE का दैनिक औसत कारोबार 470 करोड़ रुपये तक पहुँच गया।
- इसके साथ NSE दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज बन गया है।
- यह रैंक वर्ल्ड फेडरेशन एक्सचेंज के आँकड़ों पर आधारित है जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्टॉक एक्सचेंजों के आँकड़े रखता है।

## गुजरात और राजस्थान भारत में शीर्ष निवेश स्थल

- Centre for Monitoring Indian Economy के आँकड़ों के अनुसार, गुजरात राज्य घरेलू और विदेशी दोनों निगमों से नए निवेश को आकर्षित करने में शीर्ष स्थान पर है।
- इसके बाद राजस्थान राज्य, वर्ष 2022 में भारत में निवेश के लिये दूसरे सबसे आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा।
- विनिर्माण क्षमता, निवेश के अवसरों और परिचालन विशेष आर्थिक क्षेत्रों के मामलें में गुजरात भारत का शीर्ष औद्योगिक राज्य है।

## भारत में बेरोजगारी दर 16 महीनों में उच्चतम स्तर पर पहुँची

- Centre for Monitoring Indian Economy (CMIE) के आँकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2022 में भारत की बेरोजगारी दर 8.30% पर पहुँच गई, जो 16 महीनों में बेरोजगारी दर का उच्चतम स्तर है।
- दिसंबर में उच्चतम बेरोजगारी दर वाले शीर्ष 3 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- हरियाणा (37.4%)
- राजस्थान (28.5%)
- दिल्ली (20.8%)

- दिसंबर में निम्नतम बेरोजगारी दर वाले शीर्ष 3 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश
  - ओडिशा (0.9%)
  - गुजरात (2.3%)
  - कर्नाटक (2.5)%

## केंद्रीय बजट 2023-24

- केंद्रीय बजट 2023-24 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2023 को संसद में पेश किया।
- यह अमृतकाल का पहला बजट है। अमृतकाल (2022-47) तक अगले 25 वर्ष के लिए है।
- अमृतकाल के विजन को हासिल करने के लिए 3 चीजों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
  1. युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देते हुए, नागरिकों के लिए अवसर
  2. विकास और रोजगार सृजन में वृद्धि
  3. वृहत आर्थिक वातावरण को सुदृढ़ करना
- भारत @100 तक की हमारी यात्रा के दौरान चार मौके रूपांतकारी हो सकते हैं-
  1. महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण
  2. पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास)
  3. पर्यटन को मिशन मोड में बढ़ावा देना
  4. हरित विकास
- बजट 2023-24 में 7 प्राथमिकताएँ निर्धारित की गई जो अमृतकाल के दौरान सप्तर्षि की भाँति हमारा मार्गदर्शन करेंगी।
  1. समावेशी विकास
  2. अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुँच
  3. युवा शक्ति
  4. अवसंरचना और निवेश
  5. निहित क्षमता का विकास
  6. हरित विकास
  7. वित्तीय क्षेत्र

  (सप्तर्षि 7 प्राथमिकताएँ)

### प्राथमिकता 1 : समावेशी विकास

#### कृषि

- **बागवानी :** आत्मनिर्भर बागवानी स्वच्छ पादप कार्यक्रम का शुभारंभ 2200 करोड़ रुपये के व्यय से किया गया।
- भारत को 'श्री अन्न' (पोषक-अनाज) हेतु एक वैश्विक केंद्र बनाने के लिए भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा।
- मछुआरों के लिए 6000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'पीएम मत्स्य संपदा योजना' की एक नई उप-योजना शुरू की जाएगी।
- पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा।

#### शिक्षा और कौशल

- बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना करना।
- पंचायत और वार्ड स्तरों पर पुस्तकालय खोलने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करना।

#### स्वास्थ्य

- 157 नए 'नर्सिंग कॉलेज' स्थापित किये जाएँगे।
- वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु एक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
- इससे प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 7 करोड़ लोगों (0-40 वर्ष की आयु) की यूनिवर्सल स्क्रीनिंग होगी।

### प्राथमिकता 2 : अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुँच

- सरकार 500 ब्लॉकों को कवर करते हुए 'आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम' शुरू करेगी।

#### प्रधानमंत्री कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) विकास मिशन

- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु PVTG विकास मिशन शुरू किया जाएगा।
- अगले 3 वर्ष में मिशन को लागू करने के लिए 15000 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।
- केंद्र 3.5 लाख आदिवासी छात्रों की सेवा करने वाले 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 38800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भी भर्ती करेगा।
- कर्नाटक के सूखाग्रस्त मध्य क्षेत्र में स्थायी सूक्ष्म सिंचाई तथा पेयजल के लिए बहिस्तल वाटर टैंकों को भरने हेतु ऊपरी भद्रा परियोजना को 5300 करोड़ की केंद्रीय सहायता दी जाएगी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के परिव्यय को 66% बढ़ाकर ₹ 79,000 करोड़ रुपये से अधिक किया जा रहा है।

#### भारत साझा शिलालेख निधान (भारत श्री)

- यह एक प्रकार का डिजिटल पुरालेख संग्रहालय है। इसके प्रथम चरण में एक लाख प्राचीन शिलालेखों का डिजिटलीकरण करके इसमें स्थापित किया जाएगा।

### प्राथमिकता 3 : युवा शक्ति

- अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0' शुरू की जाएगी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने हेतु अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएँगे।
- 'देखो अपना देश' पहल का उद्देश्य विदेशी पर्यटन के स्थान पर अपने देश में घूमो। (पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से)
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम : सीमावर्ती गाँव में पर्यटन के बुनियादी ढाँचों का विकास किया जाएगा।
- **यूनिटी मॉल :** राज्यों के स्वयं के एक जिला एक उत्पाद, जी आई उत्पाद और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए तथा उनकी बिक्री करने के लिए प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर यूनिटी मॉल स्थापित किया जाएगा।

## प्राथमिकता 4 : अवसंरचना और निवेश

### रेलवे

- रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये का पूँजी परिव्यय प्रदान किया गया है।

**नोट :**

यह अब तक का सबसे अधिक परिव्यय है।

### विमानन

- क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार हेतु 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे को पुनर्विकसित किया जाएगा।
- एक शहरी अवसंरचना विकास निधि (UIDF) की स्थापना की जाएगी, इसका प्रबंधन 'राष्ट्रीय आवास बैंक' द्वारा किया जाएगा, इस उद्देश्य के लिए वार्षिक आधार पर 10000 करोड़ रुपये आवंटित किये जाएँगे।

## प्राथमिकता 5 : निहित क्षमता का विकास

- इंजीनियरिंग संस्थानों में 5G सेवाओं का उपयोग कर अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएँ स्थापित की जाएँगी।
- आईगॉट कर्मयोगी : सिविल सेवकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए।
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए तीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएँगे।
- सामान्य बिजनेस पहचानकर्ता के लिए 'स्थायी खाता संख्या (PAN)' ही उसका पहचान पत्र होगा।
- कारगर न्याय प्रशासन के लिए ई-न्यायालय परियोजना का चरण-3 शुरू किया जाएगा। (₹ 7000 करोड़ के व्यय से)
- 42 केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन के लिए जन विश्वास विधेयक पेश किया गया।

## प्राथमिकता 6 : हरित विकास

### मिशन लाईफ

- इसकी चर्चा बजट भाषण में की गई।
- पर्यावरण के प्रति सजग जीवन शैली के आंदोलन को गति देने के लिए शुरू किया गया था।
- इसे प्रधानमंत्री ने गुजरात से शुरू किया था।

### हरित हाइड्रोजन मिशन ( ₹ 19700 करोड़ )

- इस मिशन की मदद से अर्थव्यवस्था को कम कार्बन तीव्रता में परिवर्तित करने, जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता को कम करके वर्ष 2030 तक 5 MMT के वार्षिक उत्पादन तक पहुँचने का लक्ष्य है।

### गोबरधन योजना

- गैल्वनाइजिंग आर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सिज धन
- इस योजना के तहत ₹ 10000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 500 नए 'अवशिष्ट से आमदनी' संयंत्र स्थापित किये जाएँगे।

### पीएम-प्रणाम : पृथ्वी माता के पुनरुद्धार, इसके प्रति सजगता, पोषण और सुधार

- रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग तथा इनके स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया जाएगा।

### मिष्टी (MISHTI) योजना

- मैंग्रोव पौधारोपण के लिए तटीय पर्यावास और ठोस आमदनी के लिए इस मैंग्रोव पहल की शुरूआत की जाएगी।

### अमृत धरोहर योजना

- अगले तीन वर्षों में सरकार इस योजना के माध्यम से आर्द्रभूमि और जैव विविधता को बढ़ावा देगी।

## प्राथमिकता 7 : वित्तीय क्षेत्र

- वित्तीय और अनुषंगी सूचना की केंद्रीय रिपोजिटरी के रूप में काम करने हेतु राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री स्थापित की जाएगी। इससे ऋण का कुशल प्रवाह संभव होगा।

### महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र योजना

- आजादी के अमृत महोत्सव के स्मरण स्वरूप, मार्च 2025 तक दो वर्ष की अवधि के लिए इस नई लघु बचत योजना में महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

**नोट :**

इसमें 2 लाख जमा सुविधा 7.5% ब्याज दर मिलेगी।

- वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के लिए अधिकतम जमा सीमा को ₹ 15 लाख से बढ़ाकर ₹ 30 लाख रुपये कर दिया जाएगा।

### राजकोषीय प्रबंधन

- राज्यों को 50 वर्ष का ब्याज मुफ्त ऋण उपलब्ध होगा, जिसे वर्ष 2023-24 के भीतर पूँजीगत व्यय पर खर्च किया जाना है।
- राज्यों के लिए राजकोषीय घाटा GSDP का 3.5% किया गया है। (0.5% विद्युत क्षेत्र के सुधारों के लिए सहबद्ध)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



### व्यक्तिगत आयकर

- कर स्लैब सीमा घटाकर 5 किए गए।
- कर छूट सीमा को बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया गया।

| कर स्लैब ( लाख रुपये में ) | कर दर ( % में ) |
|---|---|
| 0-3 | शून्य |
| 3-6 | 5 |
| 6-9 | 10 |
| 9-12 | 15 |
| 12-15 | 20 |
| 15 से ऊपर | 30 |

### रुपया कहाँ से आता है (Rupee Comes From)




### रुपया कहाँ जाता है (Rupee Goes To)




**नोट :**

भारत में सर्वाधिक पैसा **ऋण और अन्य देयताएँ** से प्राप्त होता है।

भारत का सर्वाधिक पैसा **ब्याज भुगतान** में खर्च हो जाता है।

- कुल बजट 2023-24 : 45,03,097 करोड़ रुपये
  - राजस्व प्राप्तियाँ : 26,32,281 करोड़
  - पूँजीगत प्राप्तियाँ : 18,70,816 करोड़
- कुल खर्च होने का अनुमान : 45,03,097 करोड़ रुपये
  - राजस्व खर्च : 35,02,136 करोड़
  - पूँजीगत खर्च : 10,00,961 करोड़
- विभिन्न घाटे (बजट 2023-24)

| घाटा | बजट अनुमान |
|---|---|
| राजस्व घाटा | GDP का 2.9% |
| राजकोषीय घाटा | GDP का 5.9% |
| प्राथमिक घाटा | GDP का 2.3% |

**नोट :**

सरकार ने वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटा को GDP का 4.5% तक लाने का लक्ष्य रखा है।

रिबेट की सूचना को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया है।

- बजट 2023-24 में मंत्रालय पर व्यय (करोड़ रुपये में)

| मंत्रालय | बजटीय ( 2023-24 ) | परिवर्तन का % ( 2022-23 से 2023-24 ) |
|---|---|---|
| रेलवे | 2,41,268 | 48.6% |
| जल शक्ति | 97,278 | 31.4% |
| सड़क परिवहन और राजमार्ग | 2,70,435 | 24.6% |
| संचार | 1,23,393 | 17.0% |

**नोट :**

खाद्य सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी में कमी के कारण उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालयों के लिए आवंटन में सर्वाधिक कमी (लगभग 31.3%) आई है।

- बजट 2023-24 में विभिन्न योजनाओं के लिए आवंटन (करोड़ रुपये में)

| मुख्य योजनाएँ | बजटीय ( 2023-24 ) | परिवर्तन का % ( 2022-23 से 2023-24 ) |
|---|---|---|
| प्रधानमंत्री आवास योजना | 79,590 | 3.2% |
| जल जीवन मिशन/ राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल मिशन | 70,000 | 27.3% |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | |
|---|---|---|
| मनरेगा | 60,000 | –32.9% |
| पीएम-किसान | 60,000 | 0.0% |
| राष्ट्रीय शिक्षा मिशन | 38,953 | 19.4% |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | 36,785 | 9.1% |

## बजट का इतिहास

- पहला बजट ब्रिटिश भारत में 7 अप्रैल, 1860 ई. में जेम्स विल्सन ने पेश किया था।
- आजाद भारत का पहला बजट 26 नवंबर, 1947 को तत्कालीन वित्तमंत्री आर. के. षणमुखम शेट्टी द्वारा पेश किया गया था।
- आर. के. षणमुखम शेट्टी ने 1948-49 को बजट में पहली बार अंतरिम शब्द का प्रयोग किया।
- गणतंत्र भारत का पहला बजट 28 फरवरी 1950 को जॉन मथाई ने पेश किया था।
- 1958-59 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने बजट पेश किया। ऐसा करने वाले वे पहले प्रधानमंत्री थे।
- इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते बजट पेश किया था।
- निर्मला सीतारमण देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्तमंत्री बनीं।
- मोरारजी देसाई ने अब तक सर्वाधिक दस बार बजट पेश किया है।
- 1924 से 1999 तक बजट फरवरी के अंतिम दिन शाम पाँच बजे पेश किया जाता था। यह प्रथा 1924 में सर बेसिल ब्लैकेट ने शुरू की थी।
- वर्ष 2000 से बजट सुबह 11 बजे पेश किया जाने लगा।

## आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23

- आर्थिक सर्वेक्षण बजट के एक दिन पहले प्रस्तुत किया जाता है। 31 जनवरी 2023 को आर्थिक समीक्षा 2022-23 संसद में प्रस्तुत की गई।
- आर्थिक सर्वेक्षण को मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्गदर्शन में जारी किया जाता है तथा वित्त मंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाता है।
- इस आर्थिक सर्वेक्षण को मुख्य आर्थिक सलाहकार 'वी. अनन्त नागेश्वरन' की देखरेख में तैयार किया गया है।
- इस बार के आर्थिक सर्वेक्षण की थीम है ''मध्यावधि स्थिति - आशावादी तथा विश्वसनीय'' (Mid-Term Position : Optimistic and Confident)




## जीडीपी वृद्धि दर

- विकास दर मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 7% रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में विकास दर 8.7% रही थी।
- 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी विकास दर 6.0 से 6.8 प्रतिशत रहेगी।
- मौजूदा डॉलर के मापदंड के अनुसार भारत विश्व की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय ₹ 96,522 तथा प्रति व्यक्ति आय की वार्षिक वृद्धि दर 5.5% है।
- **वित्तीय वर्ष 2023 के लिए एजेंसियों का विकास दर का अनुमान**

| विभिन्न एजेंसियाँ | विकास दर |
|---|---|
| एडीबी, मूडीज, फिच, गोल्डमैन, सैश | 7.0 प्रतिशत |
| विश्व बैंक | 6.9 प्रतिशत |
| आरबीआई, एसबीआई, आइएमएफ | 6.8 प्रतिशत |
| ओईसीडी | 6.6 प्रतिशत |

## मुद्रा स्फीति

RBI ने वित्त वर्ष 2023 में मुद्रास्फीति की दर 6.8% रहने का अनुमान लगाया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## राजकोषीय घाटा

- बजट अनुमान के अनुसार 2022-23 के दौरान राजकोषीय घाटा 6.4% रहा, पिछले वर्ष में यह 6.7% रहा है।
- सर्वे के अनुसार 2022 में जीएसटी करदाताओं की संख्या 70 लाख से दोगुना होकर 1.4 करोड़ पर पहुँच गई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार

- दिसंबर, 2022 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 562.72 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- नवंबर, 2022 के अंत तक भारत विश्व में छठा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार धारक देश है।
- भारत अब चीनी के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता होने के साथ ही साथ ब्राजील के बाद चीनी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है।

## भारत के विदेशी व्यापार के प्रमुख भागीदार देश

- भारत से निर्यात के प्रमुख गंतव्य और उनका कुल निर्यात में अंश : USA - 59.57%, UAE - 23.13%, नीदरलैंड - 13.67%, चीन - 11.03%
- भारत के आयात के प्रमुख स्रोत देश और उनका कुल आयात में अंश : चीन - 13.8%, UAE - 7.5%, USA - 6.9%, रूस - 5.9%
- अप्रैल-दिसंबर 2022 में निर्यात 332.8 अरब अमेरिकी डॉलर का हुआ है।
- निर्यात के 30 उत्पादों में से 13 कृषि क्षेत्र से शामिल रहे हैं। पहली बार शीर्ष 10 निर्यात उत्पादों में चावल शामिल हुआ है। जिसका स्थान 9वाँ है।

## निर्यात में शामिल शीर्ष क्षेत्र

1. इंजीनियरिंग गुड्स - 23.98%
2. पेट्रोलियम उत्पाद - 21.12%
3. जेम्स एवं ज्वेलरी - 8.71%

## वर्ष 2022 में शीर्ष धन प्रेषण प्राप्तकर्ता देश

1. भारत : 100 बिलियन (अमेरिकी डॉलर)
2. मेक्सिको : 60 बिलियन (अमेरिकी डॉलर)
3. चीन : 51 बिलियन (अमेरिकी डॉलर)

**नोट :**

भारत दुनिया में सेवा क्षेत्र के लिए सातवाँ सबसे बड़ा निर्यातक है।

## कृषि और खाद्य प्रबंधन

- वित्त वर्ष 2022-23 में कृषि क्षेत्र का सकल मूल्य वर्द्धन (GVA) मूलभूत कीमतों पर 3.5% रहा।
- भारत के कृषि क्षेत्र में पिछले छह वर्षों में 4.6% की औसत वार्षिक वृद्धि दर देखी गई है।
- चौथे अग्रिम अनुमानित आँकड़ों के अनुसार 2021-22 में कुल खाद्यान्न उत्पादन भारत में 315.7 मिलियन टन हुआ है।

## प्रमुख फसलों के शीर्ष तीन उत्पादक राज्य (वर्ष 2021-22)

| फसल | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| चावल | पश्चिम बंगाल | उत्तर प्रदेश | पंजाब |
| गेहूँ | उत्तर प्रदेश | मध्य प्रदेश | पंजाब |
| मक्का | कर्नाटक | मध्य प्रदेश | महाराष्ट्र |
| कुल/मोटे अनाज | कर्नाटक | राजस्थान | महाराष्ट्र |
| चना | महाराष्ट्र | कर्नाटक | उत्तर प्रदेश |
| (कुल) दालें | मध्य प्रदेश | महाराष्ट्र | राजस्थान |
| कुल खाद्यान्न | उत्तर प्रदेश | मध्य प्रदेश | पंजाब |
| मूँगफली | गुजरात | राजस्थान | तमिलनाडु |
| रेपसीड और सरसों | राजस्थान | मध्य प्रदेश | हरियाणा |
| कुल (तिलहन) | राजस्थान | मध्य प्रदेश | गुजरात |
| कपास | गुजरात | महाराष्ट्र | तेलंगाना |
| गन्ना | उत्तर प्रदेश | महाराष्ट्र | कर्नाटक |

- वर्ष 2020-21 में कृषि क्षेत्र में निजी निवेश 9.3% बढ़ा।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1 जनवरी, 2023 से एक वर्ष के लिए लगभग 81.4 करोड़ लाभार्थियों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की व्यवस्था।

## ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार का संकेत

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) 2019-21 के अनुसार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित आँकड़े

| विभिन्न संकेतक | NFHS 4 (2015-17) | NFHS 5 (2019-21) |
|---|---|---|
| जन्म के समय लिंगानुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाएँ) | 927 | 931 |
| कुल प्रजनन दर | 2.4 | 2.1 |
| शिशु मृत्यु दर (प्रति 1000 जीवित जन्म) | 40.7 | 35.2 |
| नवजात मृत्यु दर (प्रति 1000 जीवित जन्म) | 29.5 | 24.9 |
| 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु | 49.7 | 41.9 |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## जल जीवन मिशन

- जल जीवन मिशन अगस्त 2019 में प्रारंभ हुआ था, तब 17% घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी।
- मिशन की शुरूआत के बाद से 18 जनवरी 2023 तक 19.4 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 11 करोड़ परिवारों को उनके घरों में नल से जल आपूर्ति मिल रही है।
- चार राज्य गोवा, गुजरात, तेलंगाना और हरियाणा तथा 3 केंद्रशासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली, दमनदीव तथा पुडुचेरी 'हर घर जल राज्य/केंद्रशासित प्रदेश' बन गए हैं। इनमें 100% घरों में नल से जल आपूर्ति हो रही है।

## जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण ( भविष्य की तैयारी )

- भारत ने कार्बन शून्य उत्सर्जन का संकल्प व्यक्त किया। भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य वर्ष 2070 तक हासिल कर लेगा।
- 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' से भारत वर्ष 2047 तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा।
- भारत में वन और वृक्षों के आवरण का कार्बन स्टॉक लगभग 7204 मिलियन टन है।
- भारतीय राज्यों में अरुणाचल प्रदेश के वनों में अधिकतम कार्बन स्टॉक है।
- वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार वर्ष 2021 में देश के मैंग्रोव वन 4992 वर्ग किलोमीटर हैं।
- आर्थिक समीक्षा के अनुसार भारत में एशियाई शेरों की आबादी 674 बताई गई है, जबकि वर्ष 2015 में यह संख्या मात्र 523 ही थी।

## आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अन्य प्रमुख बिंदु

- भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन गया है।
- भारत का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनना है।
- 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5 वर्षों के निम्नतर स्तर 7.20% पर रही।
- वर्ष 2030 तक लगभग 50 प्रतिशत संचयी बिजली अधिष्ठापित क्षमता गैर जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा स्रोतों से हासिल होगी।
- फार्मा उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चार गुना वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष 2022 में 699 मिलियन डॉलर हो गया।
- भारत का ई-कॉमर्स बाजार 2025 तक सालाना 18 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2022 के दौरान 10457 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों/सड़कों का निर्माण किया गया।
- भारत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 117.8 करोड़ (सितंबर 2022 तक) है। 44.3 प्रतिशत उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्रों में है।
- 68031 किलोमीटर मार्ग से अधिक लंबाई के साथ भारतीय रेलवे विश्व का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है।
- भारत में जलमार्गों की कुल नौगम्य लंबाई 14850 किलोमीटर है।
  - राष्ट्रीय जलमार्गों की सबसे ज्यादा लंबाई पश्चिम बंगाल में है।
  - हाल ही में 106 नये जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) घोषित किया गया, जिससे देश में NW की कुल संख्या 111 हो गई।

## वर्ष 2022-23 में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में भारत का स्थान

| विभिन्न क्षेत्र | भारत का स्थान |
|---|---|
| दुग्ध उत्पादन में | पहला |
| मोबाइल फोन निर्माण में | दूसरा |
| ऑटोमोबाइल क्षेत्र में | तीसरा |
| विदेशी मुद्रा भंडार में | छठा |
| वैक्सीन निर्माण में | पहला |
| रेलवे नेटवर्क में | चौथा |
| अंडा उत्पादन में | तीसरा |
| कच्चे इस्पात के उत्पादन में | दूसरा |

## उत्तर प्रदेश बजट 2023-24

- उत्तर प्रदेश बजट (2023-24) को प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा प्रस्तुत किया गया। (22 फरवरी 2023)
- बजट का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास।
- बजट (2023-24) की थीम **"त्वरित, सर्वसमावेशी और समग्र विकास"**।
- उत्तर प्रदेश के वार्षिक बजट का आकार 6.90 लाख करोड़ रुपये है।
- देश की जीडीपी में प्रदेश का योगदान 8 प्रतिशत से अधिक का है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जी.एस.डी.पी. में वृद्धि की दर 19% अनुमानित की गयी है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में ₹ 32,721.96 करोड़ की नई योजनाएँ सम्मिलित की गई हैं।
- वर्ष 2017 से पूर्व; प्रदेश की बेरोजगारी दर 14.4 प्रतिशत थी, आज यह घटकर लगभग 4.2 प्रतिशत हो गयी है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.48 प्रतिशत है।
- प्रदेश में सर्वाधिक पैसा स्वयं का कर राजस्व (38.8%) से प्राप्त होता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में अधिकतम ₹ 5 लाख का प्रावधान है।
- इस योजना हेतु ₹ 750 करोड़ की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- "राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (प्रयागराज)" की स्थापना हेतु ₹ 103 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- जनपद मेरठ व वाराणसी में डेयरी परियोजनाओं हेतु ₹ 60 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- 'महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' (कुशीनगर) की स्थापना हेतु ₹ 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- महाकुंभ मेला, 2025 के भव्य आयोजन की विश्व स्तरीय तैयारी के लिए ₹ 2500 करोड़ का प्रावधान है।
- निजी नलकूप उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में 100% की छूट प्रदान की गई। इसके लिए ₹ 1500 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रदेश में 3 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है। (जेवर तथा अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माणाधीन हैं।)
- आगे आने वाले वर्षों में प्रदेश में 5 अंतर्राष्ट्रीय तथा 16 घरेलू एयरपोर्ट के साथ कुल 21 एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएँगे।
- प्रदेश सरकार द्वारा घोषित नवीन MSME नीति-2022 में रोजगार सृजन में 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि प्रस्तावित है।
- प्रदेश में ODOP एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने हेतु यूनिटी मॉल की स्थापना के लिए वित्तीय वर्ष के बजट में ₹ 200 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## उत्तर प्रदेश आर्थिक समीक्षा-2022-23

- प्रदेश के आर्थिक विश्लेषणात्मक प्रस्तुतिकरण हेतु अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा वार्षिक रूप से **'उत्तर प्रदेश की आर्थिक समीक्षा'** का प्रकाशन किया जाता है।
- इस आर्थिक समीक्षा या प्रकाशन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, कृषि, वन एवं पर्यावरण, पशुधन, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायत, औद्योगिक प्रगति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, समाज कल्याण आदि के संबंध में अद्यतन आँकड़ों को प्रस्तुत किया जाता है।
- उत्तर प्रदेश आर्थिक समीक्षा-2022-23 का वर्तमान संस्करण 17 अध्यायों में विभक्त है।

### 1. राज्य अर्थव्यवस्था एवं लोकवित्त

- वर्ष 2021-22 के त्वरित अनुमान के अनुसार, स्थिर कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) की वृद्धि दर 9.64% और प्रचलित/चालू कीमतों पर GSDP की वृद्धि दर 16.76% रही।
- वर्ष 2021-22 के त्वरित अनुमान के अनुसार स्थिर कीमतों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) की वृद्धि दर 9.49% और चालू कीमतों पर GSVA की वृद्धि दर 14.84% रही।
- वर्ष 2021-22 में प्रदेश का GSVA यानी सकल राज्य मूल्यवर्द्धन स्थिर कीमतों पर 1123455 करोड़ रुपये और चालू कीमतों पर 1727540 करोड़ रुपये रहा।
- वर्ष 2021-22 के त्वरित अनुमान के अनुसार, प्रदेश की निवल राज्य घरेलू उत्पाद (NSDP) के संदर्भ में प्रति व्यक्ति आय चालू कीमतों पर वर्ष 2011-12 के 32002 रुपये से बढ़कर वर्ष 2021-2022 में 70792 रुपये हो गई।
- वहीं, वर्ष 2021-22 में प्रदेश की NSDP के संदर्भ में स्थिर कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय 42525 रुपये रही।

### 2. बैंकिंग एवं संस्थागत वित्त

- स्टैंण्ड अप इंडिया योजना में उत्तर प्रदेश, भारत में प्रथम स्थान पर है।
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना में देश में खोले गये कुल 45.41 करोड़ खातों में, उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 7.93 करोड़ खातों (17.46%) के साथ देश में प्रथम स्थान पर है।
- प्रदेश में कृषि क्षेत्र में दिये जा रहे ऋण में अधिकांश हिस्सेदारी लघुकालीन कृषि गतिविधियों की है।

### 3. कृषि

- वर्ष 2021-22 में राज्य आय के त्वरित अनुमानों के अनुसार प्राथमिक क्षेत्र का प्रचलित/चालू कीमतों पर सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) में योगदान 28.4% रहा।
- उत्तर प्रदेश गेहूँ तथा खाद्यान्न उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है।
- राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई- NAM) के अंतर्गत कृषकों को उपज का सही मूल्य दिलाने के लिये उत्तर प्रदेश की 125 मण्डियों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिसंबर, 2022 तक 1148.93 करोड़ रुपये का डिजिटल व्यापार किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत 133 कृषकों को ₹ 189.07 लाख की धनराशि वितरित की गई।

### 4. वन एवं पर्यावरण

- प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षारोपण कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 240928 वर्ग किमी का मात्र 9.23% है।
- प्रदेश में वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2021 में 91 वर्ग किमी की वृद्धि हुई।
- पक्षियों के वास स्थल, क्रियाकलापों तथा विदेशी पक्षियों के माइग्रेशन की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है।
- प्रदेश के समस्त पक्षी विहारों एवं वन्य जीव विहारों के विकास



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


हेतु भारत सरकार और राज्य सरकार मिलकर इंटीग्रेटेड डेवलेपमेंट ऑफ वाइल्ड लाइफ हैबिटेट्स योजना चला रही है।

## 5. पशुधन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य

- 20वीं पशुगणना (वर्ष 2019) के अनुसार देश में सर्वाधिक पशुधन (692.20 लाख) उत्तर प्रदेश में है।
- वर्ष 2021-22 में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन की विकास/वृद्धि दर (Growth rate) 4.85% रही।
- प्रदेश को मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने हेतु निजी क्षेत्र में मिनी हैचरियों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## 6. उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण

- एकीकृत बागवानी विकास मिशन (राज्य औद्यानिक मिशन) प्रदेश के 45 जनपदों में संचालित किया जा रहा है। शेष 30 जनपदों में औद्यानिक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।
- प्रदेश में तीन फलों आम, अमरुद एवं आँवला के विकास हेतु फल पट्टी विकसित की गई है।
- प्रदेश में घरेलू क्षेत्र की खाद्य प्रसंस्करण की सुविधाओं के लिये 77 राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई है।

## 7. खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली

- महिलाओं, बच्चो व पुरुषों में आयरन की कमी तथा कुपोषण दूर करने के लिये सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चंदौली में फोर्टीफाइड राइस (Fortified Rice) का वितरण जनवरी, 2021 से प्रारंभ हुआ।
- अप्रैल, 2023 से मार्च 2024 तक राज्य के सभी जनपदों को फोर्टीफाइड चावल के वितरण की योजना है।
- खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 हेतु धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2040 रुपये प्रति कुंतल एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 2060 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया।

## 8. ग्राम्य विकास एवं पंचायत सशक्तिकरण

- प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10803 अमृत सरोवरों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसमें से 8562 पर कार्य पूर्ण हो चुका है।
- मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में 26 करोड़ मानव दिवस का सृजन किया गया तथा 2022-23 में 32 करोड़ मानव दिवस सृजन किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## 9. औद्योगिक प्रगति

- वर्ष 2021-22 के त्वरित अनुमान के अनुसार, द्वितीयक क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2021-22 की स्थिर कीमतों पर 10.3% की वृद्धि तथा चालू कीमतों पर 14.9% की वृद्धि रही।
- प्रदेश सरकार द्वारा 28 सितंबर, 2022 को नवीन MSME नीति 2022 घोषित की गई है। इस नई नीति में रोजगार सृजन में 15% की वार्षिक वृद्धि प्रत्याशित है।
- प्रदेश के शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना संचालित है जिसके तहत उद्योग स्थापना हेतु 25 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख रुपये तक ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।
- प्रदेश में मुख्य खनिज पदार्थो के अंतर्गत बॉक्साइट, डायस्पोर, डोलोमाइट, जिप्सम, चूने का पत्थर, मैग्नेसाइट, गेरु, फास्फोराइट, पायरोफाइलाइट, सिलिकासैण्ड, गंधक, स्टीटाइट तथा कोयला आदि सम्मिलित है।

## 10. सेवा क्षेत्र

- वर्ष 2021-22 के त्वरित अनुमान के अनुसार, चालू कीमतों पर प्रदेश के सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) में सेवा क्षेत्र का योगदान 2011-12 में 45.51 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 46.95 प्रतिशत हो गया।
- उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र का योगदान सबसे अधिक है।

## 11. अवस्थापना, ऊर्जा एवं संचार

- बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे नियंत्रित परियोजना (ग्रीन फील्ड) का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा जुलाई 2022 में ग्राम कैथेरी, जालौन में किया गया।
- प्रदेश सरकार ने प्रदेश के पश्चिमी भाग (मेरठ) को पूर्वी भाग (प्रयागराज) से जोड़ने के लिये लगभग 600 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण प्रोजेक्ट को अपनी मंजूरी दे दी।
- मार्ग एवं सेतु के निर्माण संबंधी समस्त गतिविधियों को ट्रैक करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं पूर्ण पारदर्शिता के उद्देश्य से 'चाणक्य', 'विश्वकर्मा' व 'प्रहरी' ऑनलाइन पोर्टल लागू किये हैं।
- उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2022 में प्रख्यापित सौर ऊर्जा नीति के माध्यम से आगामी 5 वर्षों में 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा गया है।

## 12. पर्यटन एवं नागरिक विमानन

- उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में (जनवरी से अक्टूबर 2022 तक) कुल 2487.42 लाख पर्यटक आये, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 2483.31 लाख तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या 4.10 लाख थी।
- अयोध्या में दीपोत्सव, 2022 का भव्य आयोजन हुआ जिसमें 15.76 लाख दीये (दीपक) प्रज्जवलित कर स्वंय का वर्ष 2021 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए गिनीज वर्ल्ड बनाया गया।
- जेवर में नोएडा ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ उत्तर प्रदेश शीघ्र ही 5 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला देश का पहला

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



प्रदेश बन जायेगा।

- प्रदेश सरकार ने पर्यटकों की सुविधा हेतु एकीकृत वन स्टॉप ट्रैवल्स सॉल्यूशन पोर्टल लॉन्च किया है।

## 13. शिक्षा

- प्रदेश में शिक्षा पर किये गए कुल व्यय का सर्वाधिक अंश प्राथमिक शिक्षा तत्पश्चात माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा पर किया गया है।
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा राज्य अध्यापक पुस्कारों की संख्या 17 से बढ़ाकर 75 एवं पुरस्कार धनराशि 10000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये की गई।
- चैंपियंस ऑफ चेंज पोर्टल पर प्रदर्शित मार्च 2022 की डेल्टा रैकिंग के अनुसार महत्वाकांक्षी जनपद **सोनभद्र** 7वीं रैंक के साथ टॉप 10 रैंक में शामिल हुआ।
- उत्तर प्रदेश प्रथम राज्य है जिसके द्वारा स्वयं प्रभा चैनल तथा दूरदर्शन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण कार्य कराया गया।

## 14. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा

- वर्तमान में प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज संचालित है जिनमें 35 राज्य सरकार द्वारा एवं 30 निजी क्षेत्र द्वारा संचालित है।
- न्यूमोनिया से होने वाली मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से प्रदेश में नवंबर 2020 से 'सांस' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आने वाले गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिये मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की शुरुआत मार्च, 2019 में की गई।

## 15. समाज कल्याण

- प्रदेश में वर्तमान में 18 जनपदों में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय निर्माणाधीन है। 5 नये विद्यालय कन्नौज, गौतमबुद्ध नगर, शाहजहाँपुर, सुल्तानपुर एवं मिर्जापुर में निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।
- राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे के परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर भारत सरकार द्वारा 20000 रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 10000 रुपये की एक मुश्त सहायता दी जाती है।

## 16. श्रमशक्ति एवं सेवायोजन

- बेरोजगारों को सेवायोजन सहायता प्रदान करने के लिये प्रदेश में 106 सेवायोजन कार्यालय स्थापित हैं।
- रोजगार मेलों के माध्यम से प्रदेश के बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु सेवायोजन वेबपोर्टल संचालित है।

## 17. सतत् विकास

- प्रदेश के 64 विभागों को सम्मिलित करते हुए विजन डॉक्यूमेंट 2030 तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक गरीबी हटाने, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, भोजन तथा बिजली आदि उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

| SDG लक्ष्य | उत्तर प्रदेश की प्रदर्शन स्थिति |
|---|---|
| SDG-3 (उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली) | परफार्मर |
| SDG-4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) | परफार्मर |
| SDG-5 (लैंगिक समानता) | परफार्मर |
| SDG-7 (सस्ती एवं प्रदूषण मुक्त ऊर्जा) | एचीवर |
| SDG-11 (संवहनीय शहर और समुदाय) | फ्रंट रनर |
| SDG-12 (संवहनीय उपभोग एवं उत्पादन) | फ्रंट रनर |



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## हाइकुन पनडुब्बी

- ताइवान ने अपनी पहली घरेलू निर्मित पनडुब्बी 'हाइकुन' का काऊशुंग बंदरगाह में अनावरण किया। इसका नाम एक पौराणिक विशाल मछली हाइकुन के नाम पर रखा गया है। इस पनडुब्बी की निर्माणकर्ता CSBC कार्पोरेशन नामक कंपनी है।

## PET 46 एंजाइम

- कील यूनिवर्सिटी (जर्मनी) के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में गहरे समुद्र में एक ऐसे एंजाइम PET46 की खोज की है, जो प्लास्टिक की बोतलों में पाये जाने वाले पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थलेट (PET) प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम है। यह एंजाइम 70 डिग्री सेल्सियस पर अधिक कुशलता से कार्य करने में सक्षम है।

## नूर-3 उपग्रह

- ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने त्रिचरणीय रॉकेट कासेड की सहायता से 'नूर 3' सैन्य उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- नूर 3 एक इमेजिंग सैटेलाइट है।

## ओसिरिस-रेक्स (OSIRIS-REx) मिशन

- नासा का ओसिरिस-रेक्स स्पेसक्राफ्ट लगभग 7 वर्ष की अपनी यात्रा के बाद 'बेन्नु' नामक क्षुद्रग्रह से लगभग 250 ग्राम (9 औंस) मिट्टी और पत्थरों के नमूने लेकर Utah desert (USA) में पैराशूट की सहायता से वापस लौट आया है।
- नासा के अनुसार ये बहुत कम मात्रा में प्राप्त मिट्टी के नमूने हमें क्षुद्रग्रहों के प्रकारों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे, जो पृथ्वी को खतरे में डाल सकते हैं।

## मर्कावा मार्क-5 युद्धक टैंक

- इजराइल ने अपनी 5वीं पीढ़ी के युद्धक टैंक मर्कावा मार्क-5 का अनावरण किया है, जिसे बराक नाम से भी जाना जाता है, जिसका हिब्रू भाषा में अर्थ बिजली होता है।

## दुर्लभ धातु 'वैनेडियम'

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के वैज्ञानिकों ने गुजरात में अलंग के पास खंभात की खाड़ी (अरब सागर) की तलछट से एकत्र नमूनों में दुर्लभ धातु वैनेडियम की खोज की है।

## एंटी टैंक माइंस 'विभव'

- भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित स्व-निष्क्रिय एंटी टैंक माइंस 'विभव' को अपने काफिले में शामिल किया है।
- यह रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO - Defence Research and Development Organisation) के साथ एक संयुक्त उद्यम कल्याणी ग्रुप द्वारा विकसित किया गया है।

## मून स्नाइपर

- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) ने 7 सितंबर 2023 को अपने चंद्रमा अन्वेषण अंतरिक्ष यान 'मून स्नाइपर' को जापानी रॉकेट 'H-2A' से लॉन्च किया है।
- स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेशन मून (SLIM) लैंडर को चंद्रमा की सतह पर अपने लक्ष्य स्थल के 100 मीटर के दायरे में उतारना तथा चंद्रमा की संरचना के निर्माण के विषय में अन्वेषण इस मिशन के मुख्य उद्देश्य है।

## आदित्य एल-1

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्री हरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से PSLV C-57 रॉकेट की सहायता से भारत के पहले सौर मिशन 'आदित्य एल-1' का सफल प्रक्षेपण किया।
- आदित्य एल-1 को सूर्य और पृथ्वी के मध्य लैग्रेंज प्वाइंट 'एल-1' के पास 'हैलो ऑर्बिट' में स्थापित किया जायेगा। इस मिशन का उद्देश्य सोलर कोरोना, प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सौर पवनों के विषय में मूल्यवान जानकारियाँ इकट्ठा करना है।
- आदित्य एल-1 का प्राथमिक उद्देश्य सूर्य के विकिरण, ऊष्मा, कण-प्रवाह तथा चुंबकीय क्षेत्र सहित सूर्य के व्यवहार आदि के संबंध में गहरी समझ हासिल करना है। आदित्य एल-1 के साथ 7 पेलोड भी अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे।
- आदित्य एल-1 की परियोजना निदेशक निगार शाजी हैं।

## ओटीजी रिंग

- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने कॉन्टैक्टलैस पेमेंट वियरेबल रिंग 'ओटीजी' या '7 रिंग' के नाम से लॉन्च की है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इस रिंग को भारतीय फिनटेक स्टार्टअप लिवक्विक के सहयोग से विकसित किया गया है।
- 'ओटीजी रिंग' को नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। इस रिंग की मदद से किसी भी पीओएस मशीन पर टैप करके भुगतान किया जा सकता है।

## किम कुन ओके पनडुब्बी

- उत्तर कोरिया ने अपनी पहली परिचालित सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी 'किम कुन ओके' लॉन्च की है, जिसका नाम पनडुब्बी 'नंबर 841' भी है।
- पनडुब्बी नंबर 841 सोवियत काल की रोमियो श्रेणी की पनडुब्बी का संशोधित संस्करण है, जिसे उत्तर कोरिया ने चीन से प्राप्त किया था और बाद में इसका स्वदेशी स्तर पर उत्पादन शुरू किया।
- यह पनडुब्बी बैलिस्टिक मिसाइल और क्रूज मिसाइलों से लैस है।

## लूना-25 मिशन

- लूना-25 रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉस्मॉस द्वारा 10 अगस्त, 2023 को सोयुज 2.1 बी रॉकेट को रूस के सुदूर पूर्व में अमूर ओब्लास्ट में स्थित वोस्तोचन कॉस्मोड्रोम लॉन्च स्टेशन से लॉन्च किया, यह विगत 47 वर्षों में रूस का पहला चंद्र मिशन था।
- लूना-25 मिशन को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बोगुसलाव्स्की क्रेटर के निकट लैण्ड करना था।
- 19 अगस्त, 2023 को रूसी अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा जारी बयान के अनुसार लूना-25 का संपर्क नियंत्रण केंद्र से टूटने के पश्चात् यह चंद्रमा की सतह से टकराकर नष्ट हो गया।

## मोहाजेर-10 ड्रोन

- ईरान के रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बल 'रसद' ने रक्षा उद्योग दिवस के अवसर पर मोहाजेर-10 ड्रोन का सफल अनावरण किया।
- मोहाजेर-10 ड्रोन की रेंज 2 हजार किलोमीटर है और 210 किमी/घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह ड्रोन 7000 मीटर की ऊँचाई पर उड़ान भर सकता है और यह लगभग 300 किलोग्राम हथियार ले जाने में सक्षम है।

## UPI-ATM

- जापान की हिताची पेमेंट सर्विसेज ने नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के साथ मिलकर भारत का पहला व्हाइट लेबल एटीएम के रूप में यूपीआई-एटीएम (UPI-ATM) को मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में लॉन्च किया गया।
- इसके इस्तेमाल के दौरान व्यक्ति को सबसे पहले वह धनराशि एटीएम मशीन में दर्ज करनी होगी, जो उसको निकालनी है, उसके बाद उसके सामने क्यूआर कोड (QR Code) आयेगा, उस क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई पिन को डालकर धनराशि को निकाला जा सकता है। इस तरह के एटीएम में डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करे बिना ही धनराशि को निकाला जा सकता है।

## इंद्रजाल

- हैदराबाद में स्थित रोबोटिक्स फर्म 'ग्रेने रोबोटिक्स' ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक अत्याधुनिक स्वायत्त एंटी ड्रोन प्रणाली इंद्रजाल का अनावरण किया। इंद्रजाल दुनिया की एकमात्र व्यापक क्षेत्र को कवर करने वाली मानवरहित विमान प्रणाली है। इस प्रणाली की लागत लगभग 5 करोड़ है।
- यह एंटी ड्रोन प्रणाली 360 डिग्री घुमाव के साथ लगभग 4000 किलोमीटर के क्षेत्र को कवर कर सकती है। इस प्रणाली का प्रयोग दुश्मन देश के UAV, स्मार्ट बम, रॉकेट शावर, नैनो और माइक्रो ड्रोन तथा झुंड ड्रोन के विरुद्ध किया जायेगा।

## नभमित्र उपकरण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) ने अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र में समुद्री अभियानों के दौरान मछुआरों की सुरक्षा हेतु नभमित्र नामक उपकरण का विकास किया है।
- इस उपकरण का सफल परीक्षण नींदकारा में हुआ, जहाँ मछली पकड़ने के जहाज पर इसको लगाया गया और इसकी क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया। इस उपग्रह-आधारित संचार प्रणाली के द्वारा चक्रवात और मौसम संबंधी जानकारियाँ स्थानीय भाषाओं में दी जायेगी।

## महेन्द्रगिरी

- 1 सितंबर, 2023 को मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई में प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट के 7वें स्टील्थ युद्धपोत 'महेन्द्रगिरी' का जलावतरण किया गया।
- महेन्द्रगिरी का नाम ओडिशा राज्य में स्थित पूर्वी घाट की एक प्रमुख चोटी महेन्द्रगिरी के नाम पर रखा गया है।
- यह स्टील्थ युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 क्लास (शिवालिक क्लास) का विकसित रूप है, जिसमें उन्नत स्टील्थ क्षमताएँ, उन्नत हथियार, सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रणालियाँ शामिल हैं।

## रेडियो फ्रिक्वेन्सी सीकर ऑफ आकाश (Radio Frequency Seeker of Akash)

- भारत डायनोमिक्स लिमिटेड (BDL) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) को आकाश हथियार प्रणाली का पहला रेडियो फ्रिक्वेन्सी सीकर सौंपकर मिसाइल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।
- रेडियो फ्रिक्वेन्सी सीकर एक महत्वपूर्ण और प्रौद्योगिकी गहन उप-प्रणाली है, जिसका उपयोग टर्मिनल चरण में लक्ष्य ट्रैकिंग के लिए सतह से हवा में मारने वाली मिसाइलों और हवा से हवा में मारने वाली मिसाइलों में किया जायेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## स्पेस एक्स क्रू-7 मिशन

- नासा (NASA) के स्पेस एक्स क्रू-7 मिशन के अंतर्गत 4 क्रू सदस्यों का एक नया दल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लॉन्च की तैयारी कर रहा है। यह उड़ान स्पेस एक्स के साथ नासा की अंतरिक्ष स्टेशन तक सातवीं क्रू रोटेशन एवं वाणिज्यिक उड़ान है। यह उड़ान स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट की मदद से विशालकाय अंतरिक्ष यान 'एन्डूरेन्स' (Endurance) द्वारा संपन्न होगी।
- स्पेस एक्स क्रू-7 मिशन के अंतरिक्ष यात्री
  1. जैस्मीन मोघाबेली (NASA - नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन)
  2. एंड्रियास मोगेन्सन (ESA - यूरोपियन स्पेस एजेंसी)
  3. सातोशी फुरुकावा (JAXA - जापान एरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी)
  4. कान्स्टेंटिन बोरिसोव (ROSCOSMOS - रशियन स्पेस एजेंसी)

## अफ्रीकी जीन वैरिएंट 'CHD1L'

- हाल ही में नेचर जर्नल पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि अफ्रीकी मूल के कुछ लोगों में एक विशिष्ट जीन वैरिएंट 'CHD1L' होता है, जो ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) के सबसे खतरनाक स्वरूप HIV-1 के वायरल लोड को कम करता है और शरीर के DNA में होने वाली क्षति के सुधार हेतु अनुमति देता है।

## आइंस्टीन क्रॉस (Einstein's Cross)

- लाइव साइंस मैंगजीन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, खगोलविद्ों ने आइंस्टीन क्रॉस नामक एक दुर्लभ खगोलीय खोज की है। खगोलविद्ों द्वारा एक लेंसिंग आकाशगंगा के चारों ओर क्वासर की चार चमकदार छवियों द्वारा बनाये गये क्रॉस समान पैटर्न के कारण इस घटना को आइंस्टीन क्रॉस नाम दिया गया। इस घटना की सर्वप्रथम भविष्यवाणी सर अल्बर्ट आइंस्टीन ने वर्ष 1915 में अपने सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत सर अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1915 में अपने सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत के परिणामस्वरूप की थी।
- आइंस्टीन क्रॉस नामक घटना में एक आकाशगंगा न केवल लेसिंग कर रही है, बल्कि पृथ्वी से अरबों प्रकाश वर्ष दूर एक अन्य आकाशगंगा से आने वाले प्रकाश को भी चतुष्कोणित भी कर रही है।

## नीराक्षी

- नीराक्षी जिसका अर्थ है 'पानी में आँखें'; भारत का पहला अंडरवाटर बारुदी सुरंगों का पता लगाने वाला वाहन है, साथ ही पानी के भीतर विभिन्न प्रकार के कार्यों के सर्वेक्षण हेतु भी इसका प्रयोग किया जायेगा।
- नीराक्षी नारंगी रंग का लगभग एक फुट व्यास और लगभग 45 किलोग्राम वजन वाले 2.1 मीटर लंबे बेलनाकार मानवरहित वाहन है, जो लगभग 4 घंटे तक चल सकता है और लगभग 300 मीटर समुद्र की गहराई में कार्य करने में सक्षम है।
- नीराक्षी (Autonomous Under Water Vehicle For Mine Detection) AUV का निर्माण कोलकाता स्थित गॉर्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और एमएसएमई (MSME) इकाई AEPL द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

## मत्स्य 6000

- 'मत्स्य 6000' का निर्माण राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (चेन्नई) के द्वारा किया गया है। 'मत्स्य 6000' मानवयुक्त वैज्ञानिक पनडुब्बी है, जो 'समुद्रयान मिशन' (डीप ओशन मिशन) में वैज्ञानिक खनिज संसाधनों के अनुसंधान हेतु 6000 मीटर की गहराई तक तीन लोगों को सामान्य परिस्थितियों में 12 घंटे तक ले जाने में सक्षम है। आपातकाल में इसकी क्षमता 96 घंटे है।
- समुद्रयान मिशन (डीप ओशन मिशन) जून 2021 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था। इसका उद्देश्य संसाधनों के लिए गहरे समुद्र का पता लगाना तथा इन संसाधनों के स्थायी उपयोग हेतु प्रौद्योगिकियों का विकास करना तथा भारत सरकार की 'ब्लू इकोनॉमी' पहल का समर्थन करना है। इस मिशन में पाँच साल की अवधि में चरणबद्ध रूप से 4077 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।

## कुलसेकरापट्टिनम (तमिलनाडु)

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) तमिलनाडु के कुलसेकरापट्टिनम में छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए एक नया स्पेसपोर्ट स्थापित करेगा। इस स्पेसपोर्ट का निर्माण छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष तक कम लागत और लचीली पहुँच प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया है।
- तमिलनाडु राज्य के तटीय जिले थूथुकुडी के कुलसेकरापट्टिनम में निर्मित इस नवीन स्पेसपोर्ट हेतु 2000 एकड़ जमीन में से लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा इसरो को हस्तान्तरित किया गया है।

## स्वाति माउंटेन रडार (Swati Weapon Locating Radar - Mountain)

- 'स्वाति माउंटेन रडार' स्वाति हथियार लोकेटिंग रडार सिस्टम का पर्वतीय संस्करण है। यह स्वदेशी रूप से निर्मित, हल्का और अधिक कॉम्पैक्ट संस्करण है। इसका प्रयोग पहाड़ी और उच्च ऊँचाई वाले इलाकों में किया जायेगा।
- 'स्वाति माउंटेन रडार' का निर्माण 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' (BEL) द्वारा किया गया है। देश की युद्धक्षेत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और अधिक मजबूत बनाने हेतु इनका प्रयोग किया जायेगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- उत्तर प्रदेश के आगरा में हुये एक समारोह में सेना स्टॉफ के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जे.बी. चौधरी ने रडार प्रणाली को हरी झंडी दिखाई।
- स्वाति रडार का पहला संस्करण स्वाति मैदान पहले से ही कार्यरत है। मैदानी संस्करण को मुख्य रूप से शत्रु बंदूकों, मोर्टारों और रॉकेटों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया था।

## पिबोट (PIBOT - Pilot + Robot)

- कोरिया एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (KAIST) के इंजीनियरों और शोधकर्ताओं की एक टीम ने दुनिया का पहला ह्यूमनाइड पायलट 'पिबोट' विकसित किया है। यह पिबोट कॉकपिट में सभी एकल नियंत्रणों में हेरफेर करके एक मानव पायलट की तरह हवाई जहाज को उड़ा सकता है।

## जेनरेटिव ए आई (AI) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- प्रमुख आईटी फर्म विप्रो (WIPRO) ने IIT दिल्ली के साथ साझेदारी में जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया है।
- यह केंद्र IIT दिल्ली में यार्डी स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के परिसर में स्थापित किया जायेगा।

## ग्राफीन-औरोरा कार्यक्रम (Graphene-Aurora Program)

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और केरल सरकार के संयुक्त वित्त पोषण के द्वारा डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल ने 94.85 करोड़ के बजट से ग्राफीन-औरोरा कार्यक्रम को क्रियान्वित किया।
- इस कार्यक्रम के तहत विकसित ग्राफीन उत्पादों के अनुसंधान हेतु कोच्चि के मेकर्स विलेज में स्थापित इंडिया इनोवेशन सेंटर-ग्राफीन का प्रयोग किया जायेगा।
- यह उभरती हुई ग्राफीन प्रौद्योगिकी और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करेगा, जो बड़े पैमाने पर ग्राफीन प्रौद्योगिकी के व्यवसायीकरण के लिए एमएसएमई (MSME) उद्योगों तथा स्टार्टअप का मार्गदर्शन, विकास, कार्यान्वयन और समर्थन करेगा।

## विंध्यगिरी

- 17 अगस्त, 2023 को भारत की राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू ने कोलकाता में गॉर्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड में प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट का स्टील्थ युद्धपोत विंध्यगिरी का हुगली नदी में जलावरण किया।
- विंध्यगिरी, प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट श्रृंखला का छठा जहाज है, जिसका नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला से लिया गया है।
- यह फ्रिगेट प्रोजेक्ट 17 क्लास फ्रिगेट्स (शिवालिक क्लास) का एक विकसित रूप है, जिसमें उन्नत स्टील्थ क्षमताएँ, उन्नत हथियार, सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणालियाँ शामिल हैं।

## हेरॉन मार्क-2 ड्रोन

- हेरॉन मार्क-2 ड्रोन, हेरॉन मार्क-1 (2009 से वायुसेना में शामिल) का उन्नत संस्करण है। यह एक मध्यम ऊँचाई और अत्यधिक रेंज वाला मेल ड्रोन है।
- हेरॉन मार्क-2 ड्रोन की अधिकतम रेंज 3000 किलोमीटर है। यह 35000 फीट की ऊँचाई तक 150 समुद्री मील की गति से 24 घंटे की समय सीमा के लिए उड़ सकता है। यह ड्रोन एक ही बार में उड़ान भरकर चीन व पाकिस्तान दोनों देशों की सीमाओं की निगरानी कर सकता है।
- हेरॉन मार्क-2 ड्रोन में विभिन्न प्रकार के उन्नत और शक्तिशाली सेंसर्स का प्रयोग किया गया है, जिनमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR), इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इन्फ्रारेड (EO/IR) कैमरा और लेजर डेजिगनेटर शामिल है।
- हेरॉन मार्क-2 ड्रोन का निर्माण इजराइल एयरोस्पेस इंड्स्टीज द्वारा किया गया है।

## स्टारफायर एल्गोरिदम

- STARFIRE का पूरा नाम Simulation of Terrestrial Radio Frequency Interference in Orbits around Earth है।
- स्टारफायर एल्गोरिदम का विकास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने किया है।
- स्टारफायर एल्गोरिदम के प्रयोग से अंतरिक्ष में अवांछित रेडियो फ्रीक्वेंसी से निपटने में सहायता मिलेगी, जिसके परिणामस्वरूप अंतरिक्ष में खगोल विज्ञान मिशनों से प्राप्त डाटा में अत्यधिक सटीकता होगी।

## प्रबल रिवॉल्वर

- 'प्रबल' भारत की पहली लॉन्ग-रेंज रिवॉल्वर है। प्रबल रिवॉल्वर का निर्माण एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (AWEIL), कानपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा किया गया है।
- AWEIL द्वारा डिजाइन और निर्मित यह रिवॉल्वर 700 ग्राम वजनी और 50 मीटर की रेंज वाली एक हल्की असरदार रिवॉल्वर है। प्रबल रिवॉल्वर के बैरल की लंबाई 76 mm है।

## जुपिटर-3

- निजी एयरोस्पेस कंपनी 'स्पेसएक्स' ने सबसे बड़े निजी संचार उपग्रह 'जुपिटर-3' को फॉल्कन हैवी रॉकेट से नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-39 ए से लॉन्च किया।
- इस जुपिटर-3 संचार उपग्रह के चलते इन-फ्लाइट वाई-फाई, समुद्री कनेक्शन, मोबाइल नेटवर्क, एंटरप्राइज नेटवर्क और संपूर्ण उत्तर तथा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप क्षेत्र में सामुदायिक वाई-फाई की क्षमता में सुधार होगा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## Llama 2

- मेटा और माइक्रोसॉफ्ट कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ओपन सोर्स अगली पीढ़ी के भाषा मॉडल Llama 2 को साझा रूप से लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह अत्याधुनिक भाषा मॉडल अब अनुसंधान और व्यावसायिक उपयोग दोनों के लिए उपलब्ध है।
- Llama 2 भविष्य में ChatGPT (Open AI का) और बार्ड (गूगल का) का संभावित प्रतियोगी बन सकता है।

## सागर संपर्क प्रणाली

- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने 'सागर संपर्क' नामक एक स्वदेशी डिफरेंशियल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (DGNSS) है। DGNSS एक स्थल आधारित संवर्द्धन प्रणाली है, जो ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम में त्रुटियों को ठीक करके उनकी सटीकता को बढ़ाता है।

## xAI

- स्पेसएक्स के संस्थापक, एलन मस्क ने अपने बहुप्रतीक्षित कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्टार्टअप, 'xAI' को लॉन्च किया है। इसका प्राथमिक उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उद्योग में प्रमुख प्रौद्योगिकी निगमों को बढ़ाना है।

## मेजराना जीरो मोड्स

- हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के शोधकर्ताओं ने मेजराना जीरो मोड्स नामक कणों की खोज की है, जिनका प्रयोग क्वांटम कंप्यूटिंग में किया जाएगा।
- मेजराना जीरो मोड, एक इलेक्ट्रॉन और एक छिद्र से निर्मित अधिक स्थिर क्यूबिट रूप में उपयोग किया जा सकता है। टोपोलॉजिकल क्वांटम कंप्यूटिंग में इस कण के प्रयोग से अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

## जुके-2

- चीन ने विश्व के पहले मीथेन संचालित रॉकेट 'जुके-2' का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है, जिसके द्वारा सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा (SSO) में परीक्षण पेलोड को सफलतापूर्वक पहुँचाया गया है।
- चीनी निजी एयरोस्पेस कंपनी लैंडस्पेस द्वारा निर्मित जुके-2 रॉकेट को गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर द्वारा लॉन्च किया गया है।
- जुके-2 दो चरणों वाला तरल-प्रणोदक रॉकेट है, इसका व्यास 3.35 मीटर तथा लंबाई 49.5 मीटर है।

## सुसाइड ड्रोन 'कामिकेज़'

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर ने 'कामिकेज़' नामक एक स्वदेशी आत्मघाती (सुसाइड) ड्रोन विकसित किया है। यह ड्रोन 100 किमी तक 6 किलोग्राम वजनी हथियार ले जाने में सक्षम है। इस ड्रोन को 100 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग 40 मिनट का समय लगता है।

## AI स्किल्स लैब

- Dell टेक्नोलॉजीज और Intel ने तेलंगाना में लॉर्ड्स इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित AI स्किल्स लैब स्थापित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- इस कार्यक्रम में बूटकैंप, एआई-थॉन और वर्चुअल शोकेस के माध्यम से 170 घंटे के एआई पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को कोचिंग प्रदान की जायेगी।
- इस साझेदारी का उद्देश्य डिजिटल कौशल के अंतर को पाटना और Intel के 'AI फॉर यूथ' कार्यक्रम द्वारा छात्रों को सशक्त बनाना है।

## Open Kylin 1.0

- हाल ही में चीन ने स्वदेशी कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम OpenKylin 1.0 लॉन्च किया। यह चीन का अपना निजी प्रथम ओपन-सोर्स डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम है। यह एक Linux ऑपरेटिंग सिस्टम है।

## नोरा-50

- भारत और जापान सरकार के समझौते के तहत भारत, जापान के इंटीग्रेटेड मास्ट यूनाइटेड कंबाइंड रेडियो एंटीना 'नोरा-50' का आयात करेगा।
- नोरा-50 विभिन्न एंटेना को जोड़कर सींग के आकार में बनाया गया एक यूनाइटेड कंबाइंड रेडियो एंटीना है। यह उपकरण रडार क्रॉस सेक्शन को कम करता है और परिचालन क्षमताओं में सुधार करता है।

## यूक्लिड स्पेस टेलीस्कोप

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने डार्क एनर्जी और डार्क मैटर की खोज तथा अनुसंधान हेतु 1.4 बिलियन यूरो के निवेश द्वारा यूक्लिड स्पेस टेलीस्कोप को 1 जुलाई 2023 को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया।
- इस टेलीस्कोप का नाम 'ज्यामिति के जनक' कहे जाने वाले प्राचीन यूनानी गणितज्ञ यूक्लिड के नाम पर रखा गया है।
- यूक्लिड टेलीस्कोप, जो 4.7 मीटर लंबा और लगभग उतना ही चौड़ा है, इसमें दो वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग किया गया है जो दृश्य प्रकाश और निकट अवरक्त प्रकाश दोनों में ही ब्रह्मांड का निरीक्षण करने में सक्षम है।

## KAPP-3

- गुजरात के काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना में भारत के पहले स्वदेशी रूप से निर्मित 700 मेगावॉट के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर KAPP-3 ने वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ कर दिया है।
- इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार ने चार स्थानों - गोरखपुर (हरियाणा), चुटका (मध्य प्रदेश), माही बांसवाड़ा (राजस्थान)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



तथा कैगा (कर्नाटक) में 10 स्वदेशी रूप से विकसित दाबित भारी जल रिएक्टर (Pressurized Heavy Water Reactor) के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है।

## इंटीग्रेटेड सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स 'ध्रुव'

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 21 जून, 2023 को कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान में एकीकृत (इंटीग्रेटेड) सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स (ICS) 'ध्रुव' का अनावरण किया।
- रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में यह बताया कि आई सी एस ध्रुव आधुनिक स्वदेशी रूप से निर्मित सिम्युलेटर की मेजबानी करता है, जो भारतीय नौसेना में व्यावहारिक प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगा। इन सिम्युलेटरों की परिकल्पना नेविगेशन, बेड़ा प्रचालनों और नौसेना के युद्ध कौशलों पर वास्तविक समय (रियल टाइम) अनुभव प्रदान करने के लिए की गयी है।

## SATRIA 1 उपग्रह

- अमेरिकी निजी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने कैप कैनावरेल स्पेस फोर्स स्टेशन फ्लोरिडा से इंडोनेशिया के एक नये संचार उपग्रह SATRIA 1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- SATRIA 1 संचार उपग्रह के द्वारा इंडोनेशिया में कनेक्टिविटी समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए मुफ्त इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करने की परिकल्पना की गयी है।

## अंजदीप वाटर क्राफ्ट

- गॉर्डन रिच शिपबिल्डर्स लिमिटेड, कोलकाता द्वारा निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट प्रोजेक्ट के आठ जहाजों में तीसरा वाटरक्राफ्ट 'अंजदीप' को 13 जून 2023 को मैसर्स लॉर्सन एंड टुब्रो ने कट्टुपल्ली (तमिलनाडु) में लॉन्च किया। इस लॉन्च समारोह की अध्यक्षता नौसेना के वीएडीएम आर. बी. पंडित ने की।
- इससे पहले दिसंबर 2022 में पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर वाटर क्राफ्ट अर्नाला तथा मार्च 2023 को दूसरा वाटरक्राफ्ट एँड्राथ लॉन्च किया गया था।

## फतह मिसाइल

- ईरान ने अपनी पहली घरेलू स्तर पर निर्मित हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल 'फतह' का अनावरण किया गया। फतह मिसाइल की रेंज 1400 किमी है और मिसाइल की गति 15 मैक है।
- 5 मैक से अधिक गति की मिसाइलों को हाइपरसोनिक मिसाइल कहा जाता है।

## PSLV-C56/DS-SAR मिशन

- 30 जुलाई 2023 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से PSLV-C56 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था।
- PSLV-C56 के द्वारा सिंगापुर के उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। जिसमें DSTA (सिंगापुर सरकार का प्रतिनिधित्व) और ST इंजीनियरिंग के साझेदारी द्वारा निर्मित DS-SAR प्रमुख उपग्रह है।

## GSLV-F12/NVS-01 मिशन

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) द्वारा NVS-01 उपग्रह को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से GSLV-F12 के द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया और NVS-01 उपग्रह को उसकी निर्धारित भू-तुल्यकालिक अंतरण कक्षा में स्थापित किया।
- NVS-01 द्वितीय पीढ़ी के पाँच उपग्रहों की श्रृंखला का पहला उपग्रह है, जिन्हें NavIC (Navigation with Indian Constellation) सेवाएँ प्रदान करने हेतु विकसित किया गया है। NavIC इसरो द्वारा स्थापित एक क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है।
- NVS-01 उपग्रह में पहली बार 'स्वदेशी परमाणु घड़ी' का भी प्रयोग किया गया है।

## INS-कृपाण

- भारत ने वियतनाम को स्वदेश निर्मित इन-सर्विस मिसाइल कार्वेट INS-कृपाण को उपहार में दिया है। आईएनएस कृपाण एक खुखरी श्रेणी की मिसाइल कार्वेट है, जिसे 1991 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।
- इस युद्धपोत की लंबाई 90 मीटर, चौड़ाई 10.45 मीटर और विस्थापन क्षमता लगभग 1450 टन है।

## सर्वेक्षण पोत संशोधक

- सर्वेक्षण पोत 'संशोधक' का निर्माण लॉर्सन एंड टुब्रो के द्वारा गॉर्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियरिंग लिमिटेड, कोलकाता के सहयोग से किया गया है। यह चार सर्वेक्षण पोत-वृहद (Survey Vehicle-Large) परियोजना का चौथा पोत है। इसका जलावतरण कट्टुपल्ली (तमिलनाडु) में किया गया है।
- सर्वेक्षण पोत 'संशोधक' 110 मीटर लंबा, 16 मीटर चौड़ा और 3400 टन वजनी है।

## AI ऐरावत सुपर कंप्यूटर

- 21 से 25 मई 2023 को हैम्बर्ग (जर्मनी) में आयोजित इंटरनेशनल सुपर कंप्यूटर हाई परफॉर्मेंस कॉन्फ्रेंस में विश्व के टॉप 500 सुपर कंप्यूटरों की सूची जारी की गयी।
- टॉप 500 की नवीनतम सूची में अमेरिका के सुपर कंप्यूटर 'फ्रंटियर' को विश्व का सबसे द्रुततम (Fastest) सुपर कंप्यूटर घोषित किया गया है।
- टॉप 500 की सूची में भारत के 4 सुपरकंप्यूटरों को स्थान प्राप्त हुआ है, जिसमें C-DAC, पुणे में स्थापित ऐरावत PSAI (सूची में 75वाँ स्थान) को भारत का द्रुततम (Fastest) सुपरकंप्यूटर घोषित किया गया।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## Taifa-1 उपग्रह

- केन्या ने 15 अप्रैल, 2023 को कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग बेस से स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से अपने पहले ऑपरेशनल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट 'Taifa-1' को लॉन्च किया।
- इस उपग्रह का प्राथमिक उद्देश्य केन्या का आपदा प्रबंधन और खाद्य असुरक्षा से निपटने में मदद करने के लिए, बाढ़, सूखा और जंगल की आग सहित कृषि और पर्यावरणीय डेटा एकत्र करना है।

## अग्नि प्राइम मिसाइल

- हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने स्वदेशी रूप से विकसित नई पीढ़ी की मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप (ओडिशा) से सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- अग्नि प्राइम, अग्नि श्रेणी की सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइलों का अत्याधुनिक संस्करण है। इसकी मारक क्षमता 1000 किमी से 2000 किमी तक है। यह एक कनस्तरीकृत मिसाइल है, जिसे रोड या रेल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। यह एक द्विचरणीय मिसाइल है।

## JUICE Mission

- 14 अप्रैल 2023 को फ्रेंच गुयाना स्थित यूरोपीयन स्पेस पोर्ट से एरियन-5 रॉकेट द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पति और उसके बर्फीले चंद्रमाओं-गैनीमेड, कैलिस्टो तथा यूरोपा की जानकारी प्राप्त करने के लिए जुपिटर आइसी मून्स एक्सप्लोरर (JUICE) मिशन का प्रक्षेपण किया गया। इस मिशन की वर्ष 2031 तक बृहस्पति ग्रह पर पहुँचने की संभावना है।

## RLV-LEX मिशन

- 2 अप्रैल 2023 को इसरो (ISRO) द्वारा 'दोबारा उपयोग' में लाये जा सकने वाले प्रक्षेपण यान की स्वत: लैंडिग का मिशन (Reusable Launch Vehicle Autonomous Landing Mission - RLV-LEX) सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। इस मिशन के लिए प्रक्षेपण यान को एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज, चित्रदुर्ग (कर्नाटक) से लॉन्च किया गया।

## LVM3 - M3 मिशन

- LVM3-M3 को वन वेब इंडिया-2 के नाम से भी जाना जाता है। इस मिशन के द्वारा वन वेब ग्रुप कंपनी के 36 उपग्रहों को 450 किमी वाली वृत्ताकार कक्षा में स्थापित कर दिया जायेगा।
- इस मिशन को इसरो के LVM3-M3 प्रक्षेपण यान से श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से प्रक्षेपित किया गया। इस मिशन में 5805 वजनी पेलोड को रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया।
- वन वेब इंडिया-2 मिशन इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित वन वेब कंपनी के उपग्रहों के लिए दूसरा व्यावसायिक उपग्रह मिशन था।

## टेरॉन-1

- विश्व के प्रथम 3D प्रिटेंड रॉकेट टेरॉन-1 जिसका निर्माण 'रिलेटिविटी स्पेस' नामक एयरोस्पेस स्टार्टअप ने किया, इस रॉकेट को अमेरिका के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन, फ्लोरिडा से लॉन्च किया गया।
- टेरॉन-1 रॉकेट विश्व की अभी तक सबसे बड़ी 3D प्रिटेंड संरचनाओं में से एक है।
- टेरॉन-1 रॉकेट 7.5 फीट व्यास वाला तथा 110 फीट लंबा 3D प्रिटेंड रॉकेट है।

## ALMA टेलीस्कोप

- ALMA (Atacama Large Millimetre Array) उत्तरी चिली के अटाकामा मरुस्थल में स्थित रेडियो टेलीस्कोप है। इसके सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर को अपग्रेड किया गया है। अपग्रेड ALMA अधिक डेटा एकत्र करने और स्पष्ट छवियों को निर्मित करने के लिए सक्षम होगा।
- ALMA एक अत्याधुनिक टेलीस्कोप है, जो मिलीमीटर और सबमिलीमीटर तरंग दैर्ध्य पर आकाशीय पिंडों का अध्ययन करता है और ये धूल के कणों के माध्यम से बादलों में प्रवेश कर सकता है एवं आकाशगंगाओं व तारों की जाँच करने में मदद करेगा।

## SSLV-D2/EOS-07 मिशन

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) का सबसे छोटा यान, लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (Small Satellite Launch Vehicle) को दूसरे प्रयास में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से प्रक्षेपित किया गया।
- SSLV-D2 प्रक्षेपण यान इसरो के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह EOS-07 तथा दो सहयात्री उपग्रहों; जानुस-1 व आजादीसैट-2 को भी अंतरिक्ष में स्थापित करेगा।

## हैदराबाद : चौथी औद्योगिक क्रांति का केंद्र

- विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने हैदराबाद, तेलंगाना को चौथी औद्योगिक क्रांति के केंद्र (C4IR) की स्थापना के लिये चुना।
- C4IR (Center for the Fourth Industrial Revolution) तेलंगाना एक स्वायत्त, गैर-लाभकारी संगठन होगा जो स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- चौथी औद्योगिक क्रांति की प्रमुख प्रौद्योगिकियों में क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा, स्वायत्त रोबोट, साइबर सुरक्षा, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) शामिल हैं।

## Chat GPT

- एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अनुसंधान कंपनी Open AI ने उपयोगकर्ताओं हेतु अपना सबसे शक्तिशाली AI चैटबॉट, ChatGPT शुरू किया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- यह चैटबॉट विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिये प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न कर सकता है; जैसे - प्रश्नों का उत्तर देना, स्पष्टीकरण प्रदान करना और संवाद में शामिल होना।
- GPT की फुल फॉर्म - जेनरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर होती है।

## Bhar OS ऑपरेटिंग सिस्टम

- Bhar OS एक एंड्रायड ओपन सोर्स प्रोजेक्ट आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम है।
- Bhar OS और गूगल के एंड्रायड OS के बीच प्रमुख अंतर यह है कि Bhar OS में गूगल सेवाओं को शामिल नहीं किया गया है।
- इसे आई.आई.टी. मद्रास के सहयोग से Jandk ऑपरेशंस प्राइवेट लिमिटेड ने विकसित किया है।
- यह ऑपरेटिंग सिस्टम उपयोगकर्ताओं को अपनी पसंद के ऐप को इंस्टाल करने की अनुमति देगा।

## कनाडा करेगा दुनिया के पहले फोटोनिक आधारित क्वांटम कंप्यूटर का निर्माण

- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दुनिया के पहले फोटोनिक आधारित, क्वांटम कंप्यूटर के निर्माण और व्यवसायीकरण के लिये निवेश की घोषणा की है।
- इस फोटोनिक आधारित क्वांटम कंप्यूटर का उपयोग जटिल डेटा समस्याओं को हल करने, वित्त, परिवहन, पर्यावरण, मॉडलिंग और स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है।
- पारंपरिक कंप्यूटर सूचनाओं को 'बिट्स' या '1' या '0' में प्रोसेस करते हैं और एक ही समय में '1' या '0' को प्रोसेस कर सकते हैं।
- जबकि, क्वांटम कंप्यूटर 'क्यूबिट्स' (या क्वांटम बिट्स) में गणना करते हैं और ये एक समय में '1' और '0' दोनों को एक साथ प्रोसेस कर सकते हैं।

## येलो बैंड डिजीज

- येलो बैंड डिजीज एक तेजी से फैलने वाली बीमारी है जो थाइलैंड के समुद्र तल में स्थित प्रवालों को नष्ट कर रही है।
- येलो-बैंड रोग, पहली बार कैरिबियन सागर में देखा गया था, जहाँ इसने हजारों हेक्टेयर में प्रवाल भित्तियों को नुकसान पहुँचाया था।
- इस रोग का उक्त नाम कोरल के नष्ट होने से पहले पीले रंग में बदलने के कारण रखा गया है।

## आर्कटिक स्वीडन में प्रथम उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र

- यूरोपीय संघ ने आर्कटिक स्वीडन में मेनलैंड ऑर्बिटल प्रक्षेपण परिसर का उद्घाटन किया।
- यह इस क्षेत्र में प्रथम उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र है जिसकी मदद से छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया जा सकेगा।

## पहली दो मंजिला 3-D प्रिंटेड आवासीय ईकाई का उद्घाटन

- भारतीय सेना ने अहमदाबाद कैंट में सैनिकों के लिये अपनी पहली 3D प्रिंटेड आवासीय ईकाई का उद्घाटन किया।
- इस आवासीय ईकाई का निर्माण मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज द्वारा किया गया।
- 3D प्रिंटेड ईकाई के निर्माण में 3D प्रिंटर का उपयोग किया जाता है जो परत दर परत तरीके से 3D संरचना को तैयार करता है।
- दरअसल, 3D प्रिंटिग विनिर्माण तकनीक में सबसे पहले डिजिटल स्वरूप में एक त्रिविमीय वस्तु को डिजाइन किया जाता है। इसके पश्चात् 3D प्रिंटर के द्वारा उसे भौतिक स्वरूप में प्राप्त किया जाता है।

## सुखोई-30 MKI विमान से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

- भारतीय वायु सेना ने सुखोई-30 MKI विमान से ब्रह्मोस हवाई प्रक्षेपण मिसाइल के विस्तारित रेंज संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- ब्रह्मोस मिसाइल लगभग 400 किमी की रेंज में किसी भी लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है।
- ब्रह्मोस मिसाइल, भारत-रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित मिसाइल है। इसकी गति 2.8 मैक है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के ऊपर रखा गया है।
- वहीं, सुखोई-30 MKI, रूस के सुखोई और भारत के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सहयोग से निर्मित लंबी दूरी का फाइटर जेट है।

## चीन हाइड्रोजन संचालित ट्रेन शुरू करने वाला एशिया का पहला देश

- चीन हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को शुरू करने वाला एशिया का पहला और विश्व का दूसरा देश बन गया है।
- हाइड्रोजन संचालित ट्रेन शुरू करने वाला पहला देश जर्मनी है।
- गौरतलब है कि हाइड्रोजन ट्रेन में हाइड्रोजन फ्यूल सेल का इस्तेमाल होता है जिसमें ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग किया जाता है।
- फ्यूल सेल में हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन को सम्मिश्रित कर विद्युत का निर्माण किया जाता है। इस प्रक्रिया में उप-उत्पाद के रूप में पानी का निर्माण होता है।
- परंपरागत बैटरियों की तरह हाइड्रोजन फ्यूल सेल में भी रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदला जाता है।

## भारत का पहला 5G सक्षम ड्रोन

- टेक स्टार्टअप फर्म आईजी ड्रोन्स के द्वारा भारत के पहले 5G

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



सक्षम ड्रोन का विकास किया गया है।

- यह ड्रोन वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग में सक्षम है और इस ड्रोन को स्काईवॉक नाम दिया गया है।
- स्काईवॉक लगभग पाँच घंटे तक 10 किलो का पेलोड लेकर उड़ान भर सकता है। साथ ही यह ड्रोन आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस और थर्मल इमेजिंग जैसी क्षमताओं से भी लैस है।
- इसका उपयोग रक्षा और चिकित्सा अनुप्रयोगों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी किया जा सकेगा।

## डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय चरम मौसमी घटनाओं से संबंधित अधिक सटीक पूर्वानुमानों के लिये वर्ष 2025 तक पूरे देश में डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क स्थापित करने की तैयारी कर रहा है।
- IMD (भारतीय मौसम विज्ञान विभाग) ने अपने 148वें स्थापना दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में डॉप्लर वेदर रडार प्रणाली का उद्घाटन किया।
- डॉप्लर सिद्धांत के आधार पर रडार को एक 'पैराबॉलिक डिश एंटीना' और एक फोम सैंडविच स्फेरिकल रेडोम का उपयोग कर मौसम संबंधी सटीक अनुमान लगाने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

## जियोस्पेशियल हैकथॉन (Geo-spatial Hackothan)-2023

- भारत के भू-स्थानिक पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 'भू-स्थानिक हैकथॉन' का शुभारंभ किया गया है।
- इसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों-2030 को हासिल करने के लिये, हमारे देश में प्रभावी नीति विकास, प्रोग्रामिंग और परियोजना प्रचालन हेतु विश्वनीय भू-स्थानिक जानकारी प्राप्त करना है।

## STEM इनोवेशन एंड लर्निंग सेंटर

- अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ने भारत के पहले STEM इनोवेशन एंड लर्निंग सेंटर का चेन्नई (तमिलनाडु) में उद्घाटन किया है।
- यह केंद्र छात्रों को रोबोटिक्स, एआई (AI), स्पेस टेक्नोलॉजी और STEM (Science, Technology, Engineering and Mathematics) इनक्यूवेशन वर्कस्टेशन के माध्यम से एक ट्रांसडिसिप्लिनरी लर्निंग दृष्टिकोण से परिचित कराएगा।
- STEM की अवधारणा 'US नेशनल साइंस फाउंडेशन' द्वारा वर्ष 2001 में प्रस्तुत की गई थी।

## दुनिया की पहली कोविडरोधी नासिका वैक्सीन लॉन्च

- भारत बायोटेक ने दुनिया के पहले कोविडरोधी नासिका टीके 'Incovacc' को लॉन्च किया।
- यह टीका भारत बायोटेक द्वारा बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस के सहयोग से विकसित किया गया है।

## K-9 वज्र तोपें

- रक्षा मंत्रालय ने 100 और K-9 वज्र ट्रैक्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्ज़र तोपों की खरीद के लिये प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- K-9 वज्र, 52 कैलिबर ट्रैक्ड सेल्फ प्रोपेल्ड, होवित्जर तोप है जिसे लार्सन एंड टुब्रो द्वारा भारत में बनाया गया है।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB - Central Pollution Control Board) द्वारा संचालित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 के तहत पुरस्कारों की घोषणा की। इसमें पुरस्कारों की तीन श्रेणियाँ हैं-
  - 10 लाख से अधिक आबादी वाले शीर्ष 3 शहर
    1. इंदौर (मध्य प्रदेश)
    2. आगरा (उत्तर प्रदेश)
    3. ठाणे (महाराष्ट्र)
  - 3 से 10 लाख तक की आबादी वाले शीर्ष 3 शहर
    1. अमरावती (महाराष्ट्र)
    2. मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)
    3. गुंटूर (आंध्र प्रदेश)
  - 3 लाख से कम आबादी वाले शीर्ष 3 शहर
    1. परवाणू (हिमाचल प्रदेश)
    2. काला अंब (हिमाचल प्रदेश)
    3. अंगुल (ओडिशा)
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में शहरों का मूल्यांकन आठ प्रमुख बिंदुओं पर किया गया; जिनमें बायोमास और नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियंत्रण, वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक उत्सर्जन, सड़क की धूल, निर्माण और विध्वंस कचरे से धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और PM 10 (पार्टिकुलेट मैटर-10) सांद्रता शामिल है।

## सी-रॉबिन्स की नयी प्रजाति

- हाल ही में जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों ने पश्चिम बंगाल के दीघा मोहना में गहरे पानी में जीवित नारंगी रंग की समुद्री मछली, जिसे सी-रॉबिन्स या गर्नार्ड्स कहा जाता है; की खोज की है।
- इस मछली का वैज्ञानिक नाम Pterygotrigla Intermedica है और यह ट्राइग्लिडे परिवार से संबंधित है।

## रैफलेसिया जीनस फूल

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वनस्पतिशास्त्रियों और वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि दुनिया का सबसे बड़ा फूल रैफलेसिया जीनस विलुप्त होने की कगार पर है।

## मरीन सैंड वॉच

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP - United Nations Environment Programme)) ने समुद्री पर्यावरण की ड्रेजिंग गतिविधियों में लगे बड़े जहाजों की निगरानी के लिए 'मरीन सैंड वॉच' नामक एक नया डेटा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) की स्थापना सन् 1972 में की गयी थी। इसका मुख्यालय नैरोबी (केन्या) में है।

## बटागाइका क्रेटर

- विश्व के सबसे बड़े पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर, बटागाइका क्रेटर (सुदूर पूर्वी साइबेरियाई टैगा वन क्षेत्र में स्थित) के हवाई सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ है कि यह क्रेटर बहुत तेजी से अपनी सीमा विस्तार कर रहा है। वैज्ञानिकों ने इस धसाँव को 'मेगा स्लंप' नाम दिया है। इस क्रेटर की कुल लंबाई 1 किलोमीटर है और यह लगभग 10 मीटर प्रतिवर्ष की दर से अपना सीमा विस्तार कर रहा है।
- पर्माफ्रॉस्ट कम-से-कम दो वर्षों तक पूरी तरह से बर्फ से जमी हुई ठंडी जमीन को कहते हैं।

## CSIR PRIMA ET 11

- हाल ही में सीएसआईआर - केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (CSIR-CMERI/ Council of Scientific and Industrial Research - Central Mechanical Engineering Research Institute) ने मुख्य रूप से भारत के लघु और सीमांत किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए CSIR PRIMA ET 11 नामक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं विकसित किया है।
- इस ट्रैक्टर में V2L (Vehicle to load) पोर्ट लगा हुआ है, जिसका प्रयोग ट्रैक्टर के संचालन में न होने की स्थिति में पंप और सिंचाई आदि के लिए किया जा सकता है।

## नमोह-108

- वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR - Council of Scientific and Industrial Research) के प्रमुख अनुसंधान संस्थान CSIR - राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


संस्थान (CSIR-NBRI), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय पुष्प 'कमल' की एक नयी किस्म 'नमोह 108' का अनावरण किया। यह अनावरण NBRI (National Botanical Research Institute), लखनऊ के सप्ताह भर चलने वाले महोत्सव 'वन वीक, वन लैब' प्रोग्राम के दौरान हुआ। इस समारोह का नेतृत्व CSIR की महानिदेशक एन. कलाईसेल्वी द्वारा किया गया।

- 'नमोह-108' कमल की किस्म जिसमें 108 पत्तियाँ हैं, का विकास मणिपुर राज्य के एक पौधे से किया गया है। यह किस्म मार्च से दिसंबर तक खिलने की क्षमता रखती है।
- 'वन वीक, वन लैब प्रोग्राम' में ही कमल के रेशों से बने परिधान और कमल के पौधों से विकसित इत्र 'फ्रोटस' भी जारी किया गया।

## यूरिया गोल्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के सीकर नामक शहर से यूरिया की नई किस्म 'यूरिया गोल्ड' लॉन्च की। यह सल्फर कोटेड यूरिया है। इसके प्रयोग से खेतों में कम खाद डालनी पड़ेगी और यह मृदा की उर्वरता और फसल के उत्पादन दोनों को बढ़ायेगा।
- यूरिया गोल्ड का निर्माण राष्ट्रीय केमिकल एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यह गुणवत्ता और आर्थिक दृष्टि से भी अन्य यूरिया उत्पादों से बेहतर है।
- साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीकर (राजस्थान) से ही 1.25 लाख PM किसान समृद्धि केंद्र भी राष्ट्र को समर्पित किये।

## देविका नदी कायाकल्प परियोजना

- देविका नदी का उद्‌गम जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले की पहाड़ी शुद्ध महादेव मंदिर से होता है तथा यह पश्चिमी पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान में) की ओर बहती हुई रावी नदी में जाकर मिल जाती है।
- देविका नदी हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है क्योंकि इसे गंगा नदी की बहन के रूप में पूजा जाता है।
- देविका नदी कायाकल्प परियोजना ने देविका नदी के पारिस्थितिक और सांस्कृतिक पर्यावरण को बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## महादेई वन्यजीव अभ्यारण्य

- हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा खंडपीठ ने गोवा सरकार को महादेई वन्यजीव अभ्यारण्य और इसके आसपास के क्षेत्र को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत टाइगर रिजर्व घोषित करने का निर्देश जारी किया है।
- महादेई वन्यजीव अभ्यारण्य गोवा के उत्तरी भाग, संगुएम तालुका के वालपोई शहर के पास स्थित है। इस वन्यजीव अभ्यारण्य में बाघ, भारतीय गौर, भौंकने वाले हिरण, जंगली सांभर आदि जानवर पाये जाते हैं।

## प्रोजेक्ट काटरु

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास के शोधकर्ताओं ने कम लागत वाले मोबाइल स्मार्ट वायु प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम 'प्रोजेक्ट काटरु' को विकसित किया है। तमिल भाषा में हवा को काटरु कहा जाता है, इसलिए इस प्रोजेक्ट का नाम काटरु रखा गया।
- प्रोजेक्ट काटरु का मकसद मोबाइल वायु प्रदूषण निगरानी ढाँचे को विकसित करके वायु प्रदूषण निगरानी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करना है।

## स्पेयर द ऐयर (Spare the Air)

- ग्रीनपीस इंडिया की 'स्पेयर द ऐयर' शीर्षक वाली वायु प्रदूषण पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट के निष्कर्ष में भारत के 11 मेगा शहरों में बेंगलुरु सर्वाधिक प्रदूषित शहर घोषित हुआ है।
- बेंगलुरु के अलावा भोपाल, चेन्नई, कोच्चि, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और पुणे में यह अध्ययन किया गया। इस अध्ययन का मुख्य फोकस PM 2.5, PM 10 और $NO_2$ पर था।
- रिपोर्ट के अनुसार बेंगलुरु के लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO - World Health Organisation) द्वारा निर्धारित वायु गुणवत्ता मानकों से पाँच गुना खराब हवा में साँस लेते हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# खेल परिदृश्य : राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय

## स्पोर्ट्स इवेंट्स

### एशिया कप 2023 (क्रिकेट)

- **संस्करण :** 16वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** श्रीलंका तथा पाकिस्तान
- **आयोजन तिथि :** 30 अगस्त 2023 से 17 सितंबर, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 6
- **विजेता :** भारत (8वीं बार)
- फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से पराजित किया।
- **फाइनल में मैन ऑफ द मैच :** मो. सिराज (21 रन देकर 6 विकेट लिए)
- **मैन ऑफ द टूर्नामेंट (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) :** कुलदीप यादव (भारत)
- **सर्वाधिक रन :** शुभमन गिल (भारत)
- **सर्वाधिक विकेट :** मथीशा पथिराना (श्रीलंका)

### BNI इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** मेडान (इंडोनेशिया)
- **आयोजन तिथि :** 5 सितंबर 2023 से 10 सितंबर, 2023
- **पुरुष एकल वर्ग विजेता :** किरन जॉर्ज (भारत)
- **पुरुष एकल वर्ग उपविजेता :** कू ताकाहाशी (जापान)
- **महिला एकल वर्ग विजेता :** एस्टर नूरूमि ट्राई वार्डोयो (इंडोनेशिया)
- **महिला एकल वर्ग उपविजेता :** चिउ पिन-चियान (चाइनीज ताइपे)

### 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बालेवाड़ी, पुणे (महाराष्ट्र)
- **आयोजन तिथि :** 10 से 11 सितंबर, 2023
- **विजेता :** महाराष्ट्र
- **उपविजेता :** कर्नाटक
- महाराष्ट्र ने फाइनल में कर्नाटक को 31-10 के अंतर से पराजित करके इस चैंपियनशिप को जीता।
- इस चैंपियनशिप में भारत के 14 राज्यों के 120 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

### FIBA (Federation Internationale de Basketball) विश्व कप 2023

- **संस्करण :** 19वाँ
- **कुल आयोजन स्थल/देश :** 3 (जापान, इंडोनेशिया, फिलीपींस)
- **आयोजन तिथि :** 25 अगस्त 2023 से 10 सितंबर, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 32
- **विजेता :** जर्मनी (प्रथम बार)
- **उपविजेता :** सर्बिया
- जर्मनी की बॉस्केटबॉल टीम ने फाइनल में सर्बिया की बॉस्केटबाल टीम को 83-77 के अंतर से पराजित किया।
- **मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर :** डेनिश स्क्रोदर (जर्मनी)
- FIBA विश्व कप 2027 का आयोजन कतर में प्रस्तावित है।

### यू.एस. ओपन 2023/यू.एस. ओपन टेनिस ग्रैंड स्लैम 2023

- **संस्करण :** 143वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** न्यूयॉर्क सिटी (यू.एस.ए.)
- **आयोजन तिथि :** 28 अगस्त 2023 से 10 सितंबर, 2023
- **पुरुष एकल वर्ग विजेता :** नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
- **पुरुष एकल वर्ग उपविजेता :** डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- **महिला एकल वर्ग विजेता :** कोको गॉफ (यू.एस.ए.)
- **महिला एकल वर्ग उपविजेता :** आर्यना सबलेंका (बेलारूस)
- **पुरुष युगल वर्ग विजेता :** राजीव राम (यू.एस.ए.) तथा जो सैलिसबरी (यू.के.)
- **पुरुष युगल वर्ग उपविजेता :** रोहन बोपन्ना (भारत) तथा मैथ्यू इब्डेन (ऑस्ट्रेलिया)
- **महिला युगल वर्ग विजेता :** गैब्रियला डाब्रोव्स्की (कनाडा) तथा एरिन रूटलिफ (न्यूजीलैंड)
- **महिला युगल वर्ग उपविजेता :** लौरा सीजेमंड (जर्मनी) तथा वेरा ज्वोनारेवा (रूस)
- **मिश्रित युगल वर्ग विजेता :** अन्ना डेनिलिना (कजाकिस्तान) तथा हैरी हेलियोवारा (फिनलैंड)
- **मिश्रित युगल वर्ग उपविजेता :** जेसिका पेगुला (यू.एस.ए.) तथा ऑस्टिन क्रेजिसेक (यू.एस.ए.)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## SAFF (South Asian Football Federation) U-16 चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 8वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** थिम्पू (भूटान)
- **आयोजन तिथि :** 2 से 10 सितंबर, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 6
- **विजेता :** भारत (5वीं बार)
- **उपविजेता :** बांग्लादेश
- भारत ने बांग्लादेश को फाइनल में 2-0 के अंतर से पराजित किया। फाइनल मैच का आयोजन चांगलिमिथांग स्टेडियम, थिम्पू (भूटान) में हुआ।
- **टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर :** मो. अरबाश (भारत)
- **टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी :** मो. अरबाश (भारत)
- **टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर :** सूरज सिंह (भारत)
- **फेयर प्ले अवॉर्ड :** पाकिस्तान

## इंटरनेशनल ओलंपियाड फॉर इंफॉर्मेटिक्स 2023

- **संस्करण :** 35वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** सेज्ड (हंगरी)
- **आयोजन तिथि :** 28 अगस्त से 4 सितंबर, 2023
- **भारत की टीम के प्रतिनिधित्वकर्ता :** क्षितिज सोडानी, पारस कसमलकर, श्रेयान रे तथा सुशील राजा यू
- भारत ने 9 वर्षों के पश्चात् इंटरनेशनल ओलंपियाड फॉर इंफॉर्मेटिक्स 2023 में स्वर्ण पदक जीता।
- क्षितिज सोडानी (स्वर्ण पदक)
- पारस कसमलकर (रजत पदक)
- श्रेयान रे (रजत पदक)
- सुशील राजा यू (कांस्य पदक)
- इंटरनेशनल ओलंपियाड फॉर इंफॉर्मेटिक्स 2024 का आयोजन मिस्र में प्रस्तावित है।

## एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 26वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया)
- **आयोजन तिथि :** 3 से 10 सितंबर, 2023
- भारत की पुरुष टीम ने इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- सेमीफाइनल में चाइनीज ताइपे की टीम ने भारतीय टीम को 3-0 के अंतर से पराजित किया।

## डूरंड कप 2023 (फुटबॉल)

- **संस्करण :** 132वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** गुवाहाटी (असम), कोकराझार (असम), कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
- **आयोजन तिथि :** 3 अगस्त से 3 सितंबर, 2023
- **विजेता :** मोहन बागान SG (Super Giant)
- **उपविजेता :** ईस्ट बंगाल
- फाइनल में मोहन बागान SG ने ईस्ट बंगाल को 1-0 के अंतर से पराजित किया। मोहन बागान SG ने 17वीं बार डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

## हॉकी 5S एशिया कप 2023/एशियन हॉकी 5S चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** प्रथम
- **आयोजन स्थल/देश :** सलालाह (ओमान)
- **संपूर्ण टूर्नामेंट आयोजन तिथि :** 25 अगस्त से 2 सितंबर, 2023
- **महिला वर्ग आयोजन तिथि :** 25 अगस्त से 28 अगस्त, 2023
- **पुरुष वर्ग आयोजन तिथि :** 29 अगस्त से 2 सितंबर, 2023
- महिला वर्ग में भारत ने फाइनल में थाईलैंड को 7-2 के अंतर से पराजित करके खिताब अपने नाम किया।
- पुरुष वर्ग में भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को पेनल्टी शूटऑउट में 2-0 के अंतर से पराजित करके खिताब अपने नाम किया।

## ज्यूरिख डायमण्ड लीग 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** ज्यूरिख
- भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने इस लीग में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता।
- **स्वर्ण पदक :** जैकब वाडलेज्च (चेक गणराज्य)
- **कांस्य पदक :** जूलियन वेबर (जर्मनी)

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बुडापेस्ट (हंगरी)
- **आयोजन तिथि :** 19 से 27 अगस्त, 2023
- भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में 88.17 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- **रजत पदक :** अरशद नदीम (पाकिस्तान)
- **कांस्य पदक :** जैकब वाडलेज्च (चेक गणराज्य)
- यू.एस.ए. की महिला धावक शा'कैरी रिचर्ड्सन ने इस चैंपियनशिप में ट्रैक एण्ड फील्ड स्पर्धा की 100 मीटर रेस में 10.65 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता।

## FIDE (Federation Internationale des Echecs) वर्ल्ड रैपिड टीम चैंपियनशिप 2023 (शतरंज)

- **संस्करण :** प्रथम

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **आयोजन स्थल/देश :** डसेलडोर्फ (जर्मनी)
- **आयोजन तिथि :** 25 से 29 अगस्त, 2023
- **प्रथम स्थान :** टीम WR Chess
- **द्वितीय स्थान :** टीम Freedom
- **तृतीय स्थान :** टीम MGD1

## BWF (Badminton World Federation) विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** कोपेनहेगन (डेनमार्क)
- **आयोजन तिथि :** 21 से 27 अगस्त, 2023
- भारत के पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी एच.एस. प्रणय ने इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- **पुरुष एकल स्वर्ण पदक विजेता :** कुनलावुत विटिडसर्न (थाईलैंड)
- **पुरुष एकल रजत पदक विजेता :** कोडाई नाराओका (जापान)
- **महिला एकल स्वर्ण पदक विजेता :** एन से-यंग (दक्षिण कोरिया)
- **महिला एकल रजत पदक विजेता :** कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- **महिला एकल कांस्य पदक विजेता :** चेन युफेई (चीन)

## IBSA (International Blind Sports Federation) विश्व खेल 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बर्मिंघम (यू.के.)
- दृष्टिबाधित एथलीटों हेतु IBSA विश्व खेल, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का उच्च स्तरीय बहु-खेल आयोजन है जोकि प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर होता है।
- भारत की महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम ने IBSA विश्व खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से पराजित किया।

## FIDE शतरंज विश्व कप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बाकू (अजरबैजान)
- भारत के आर. प्रज्ञाननंद फाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कॉर्लसन से पराजित हुए। विश्व के प्रथम वरीयता प्राप्त मैग्नस कॉर्लसन ने अपना प्रथम विश्व कप खिताब जीता।
- आर. प्रज्ञाननंद शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुँचने वाले विश्वनाथ आनंद के पश्चात् दूसरे भारतीय बने। इनका संबंध भारत के तमिलनाडु राज्य से है।

## सिंगापुर इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड चैलेंज 2023 (SIMOC - Singapore International Math Olympiad Challenge)

- भारत के राजा अनिरुद्ध श्रीराम ने सिंगापुर इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड चैलेंज-2023 में रजत पदक जीता।
- सिंगापुर में आयोजित इस बौद्धिक कौशल की प्रतियोगिता में विश्व स्तर पर 32 देशों के लगभग 2000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व 23 छात्रों ने किया।
- आठ वर्षीय राजा अनिरुद्ध श्रीराम भारत के तिरुपति (आंध्र प्रदेश) से संबंधित है।

## FIFA (International Federation of Association Football) महिला फुटबॉल विश्व कप 2023

- **संस्करण :** 9वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड
- **आयोजन तिथि :** 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 32
- **विजेता :** स्पेन (प्रथम बार)
- **उपविजेता :** इंग्लैंड
- स्पेन की महिला फुटबॉल टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को 1-0 के अंतर से पराजित करके प्रथम बार फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप जीता। फाइनल मैच का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम, सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में 20 अगस्त 2023 को हुआ।
- स्पेन, जर्मनी के पश्चात् पुरुष तथा महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाला विश्व का दूसरा देश बना।
- **बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट (गोल्डन बॉल पुरस्कार) :** ऐताना बोनमाती (स्पेन)
- **बेस्ट यंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट :** सलमा पारलुएलो (स्पेन)
- **बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट (गोल्डन ग्लव पुरस्कार) :** मैरी इयरप्स (इंग्लैंड)
- **गोल्डन बूट पुरस्कार :** हिनाता मियाजावा (जापान)
- **फीफा फेयर प्ले अवार्ड :** जापान

## ICC (International Cricket Council) क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023

- **संस्करण :** 13वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** भारत
- **आयोजन तिथि :** 5 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 10
- **कुल मैच :** 48
- **प्रथम मैच :** इंग्लैंड तथा न्यूजीलैंड के मध्य; नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद (गुजरात)
- **आधिकारिक शुभंकर :** ब्लेज़ (महिला शुभंकर); टोंक (पुरुष शुभंकर)/क्रिक्टोवर्स (मादा तथा नर के रूप में)
- **फाइनल मैच आयोजन स्थल :** नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद (गुजरात) (प्रस्तावित)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## U-20 (जूनियर) विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** अम्मान (जॉर्डन)
- **आयोजन तिथि :** 14 से 20 अगस्त, 2023
- भारत ने इस चैंपियनशिप में कुल 14 पदक जीते। (स्वर्ण पदक-4, रजत पदक-3, कांस्य पदक-7)
- भारत की महिला कुश्ती खिलाड़ी अंतिम पंघाल दो बार विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी बनी।
- अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- **चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी-**
  - मोहित कुमार (61 किग्रा भार वर्ग)
  - प्रिया मलिक (76 किग्रा भार वर्ग)
  - सविता दलाल (62 किग्रा भार वर्ग)

## ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड 2023

| माह | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी | |
|---|---|---|
| | पुरुष वर्ग | महिला वर्ग |
| जनवरी | शुभमन गिल (भारत) | ग्रेस स्क्रीवेन्स (इंग्लैंड) |
| फरवरी | हैरी ब्रुक (इंग्लैंड) | एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया) |
| मार्च | शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) | हेनरीएट इशिमवे (रवांडा) |
| अप्रैल | फखर जमान (पाकिस्तान) | नारूएमोल चाइवाई (थाईलैंड) |
| मई | हैरी टेक्टर (आयरलैंड) | थिपाचा पुथावोंग (थाईलैंड) |
| जून | वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) | एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया) |
| जुलाई | क्रिस वोक्स (इंग्लैंड) | एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया) |
| अगस्त | बाबर आजम (पाकिस्तान) | अर्लेने केली (आयरलैंड) |
| सितंबर | शुभमन गिल (भारत) | चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका) |

## नेहरू ट्रॉफी बोट रेस 2023

- **संस्करण :** 69वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** पुन्नमदा झील, अलाप्पुझा (केरल)
- **आयोजन तिथि :** 12 अगस्त, 2023
- **उद्घाटनकर्ता :** पिनाराई विजयन, मुख्यमंत्री (केरल)
- **विजेता :** वीयापुरम चुन्दन (बोट)

## एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 (हॉकी)

- **संस्करण :** 7वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम, चेन्नई (तमिलनाडु)
- **आयोजन तिथि :** 3 से 12 अगस्त, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 6
- **विजेता :** भारत (चौथी बार)
- **उपविजेता :** मलेशिया
- भारत की पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में मलेशिया को 4-3 के अंतर से पराजित किया।

## एशियन यूथ (युवा) एंड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 28 जुलाई से 5 अगस्त, 2023
- भारत में प्रथम बार आयोजन हुआ।
- भारत के दल ने कुल 42 पदक जीते। (युवा भारोत्तोलकों द्वारा 27 पदक तथा जूनियर भारोत्तोलकों द्वारा 15 पदक)
- **कुल पदक :** 42 (8 स्वर्ण पदक, 22 रजत पदक, 12 कांस्य पदक)
- 14 पदकों के साथ भारत ने सर्वश्रेष्ठ यूथ गर्ल्स टीम का पुरस्कार जीता।
- भारत की भारोत्तोलक ज्योशना सबर ने प्रतियोगिता के दौरान तीन कांस्य पदक जीते। ज्योशना सबर उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित है।

## FISU (Federation Internationale du Sport Universitaire) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स (समर) 2023

- **संस्करण :** 31वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** चेंगदू (चीन)
- **आयोजन तिथि :** 28 जुलाई से 8 अगस्त, 2023
- चेंगदू में आयोजित इस वर्ष के गेम्स में 18 विभिन्न खेल स्पर्धाओं के तहत कुल 269 पदक प्रदान किए गए।
- भारत ने इस वर्ष कुल 26 पदक जीते तथा पदक तालिका में सातवाँ स्थान हासिल किया। (11 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक, 10 कांस्य पदक)
- भारतीय खिलाड़ियों ने 18 विभिन्न खेल स्पर्धाओं में से 11 में प्रतिभाग किया।
- **पदक तालिका की स्थिति :**
  - प्रथम स्थान : चीन
  - द्वितीय स्थान : जापान

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- तृतीय स्थान : कोरिया गणराज्य

## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बर्लिन (जर्मनी)
- **आयोजन तिथि :** 31 जुलाई से 6 अगस्त, 2023
- भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी तथा ओजस प्रवीण देवतले ने क्रमश: महिला तथा पुरुष (व्यक्तिगत) कंपाउंड स्पर्धा के अंतर्गत विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में प्रथम बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- अदिति गोपीचंद स्वामी ने फाइनल में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को पराजित किया।
- ओजस प्रवीण देवतले ने फाइनल में पोलैंड के लुकाज प्रिजिब्लस्की को पराजित किया।

## टोर्नेओ डेल सेंटेनारियो 2023 (स्पेनिश हॉकी प्रतियोगिता)

- **आयोजन स्थल/देश :** टेरैसा, बार्सिलोना (स्पेन)
- **आयोजन तिथि :** 25 से 30 जुलाई, 2023
- **विजेता :** भारत (महिला वर्ग)
- **उपविजेता :** स्पेन
- भारत ने फाइनल में स्पेन को 3-0 के अंतर से पराजित किया।
- भारतीय महिला हॉकी टीम की नेतृत्वकर्ता इस प्रतियोगिता में सविता पूनिया (गोलकीपर) थी।
- पुरुष वर्ग में भारत की टीम ने नीदरलैंड को 2-1 के अंतर से पराजित करके तृतीय पायदान प्राप्त किया। पुरुष टीम के नेतृत्वकर्ता इस प्रतियोगिता में हरमनप्रीत सिंह थे।

## एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 9वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** बुसान (दक्षिण कोरिया)
- **आयोजन तिथि :** 27 से 30 जून, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 6
- **विजेता :** भारत (8वीं बार)
- **उपविजेता :** ईरान
- फाइनल में भारतीय टीम ने ईरान को 42-32 के अंतर से पराजित किया। भारत की कबड्डी टीम का नेतृत्व पवन सहरावत ने किया।

## महिला कबड्डी लीग 2023

- **संस्करण :** प्रथम
- **आयोजन स्थल/देश :** दुबई (संयुक्त अरब अमीरात)
- **फुल प्रतिभागी टीम :** 8
- **विजेता :** टीम उमा कोलकाता
- **उपविजेता :** टीम पंजाब पैन्थर्स
- यह भारत की प्रथम महिला कबड्डी लीग है। महिला कबड्डी लीग का आयोजन दुबई के शबाब अल-अहली स्पोर्ट्स क्लब में हुआ।
- टीम उमा कोलकाता को विजेता के रूप में 1 करोड़ रुपये तथा टीम पंजाब पैन्थर्स को उप-विजेता के रूप में 50 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई।

## लुसाने डायमण्ड लीग 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** लुसाने (स्विट्जरलैंड)
- **आयोजन तिथि :** 30 जून, 2023
- भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने इस लीग में 87.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- **रजत पदक :** जूलियन वेबर (जर्मनी)
- **कांस्य पदक :** जैकब वाडलेज्च (चेक गणराज्य)
- ऊँची कूद में भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने 7.88 मीटर की छलाँग के साथ पाँचवां स्थान प्राप्त किया।

## ग्लोबल शतरंज लीग 2023

- **संस्करण :** प्रथम
- **आयोजन स्थल/देश :** दुबई (संयुक्त अरब अमीरात)
- **आयोजन तिथि :** 21 जून से 2 जुलाई, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम :** 6
- **विजेता :** त्रिवेणी कान्टिनेंटल किंग्स
- **उपविजेता :** अपग्रेड मुम्बा मास्टर्स
- फाइनल में त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने अपग्रेड मुम्बा मास्टर्स को पराजित करके खिताब अपने नाम किया।

## SAFF (South Asian Football Federation) बंगबन्धु चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 14वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** बेंगलुरु (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 21 जून से 4 जुलाई, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 8
- **विजेता :** भारत (नौवीं बार)
- **उपविजेता :** कुवैत
- फाइनल में भारत की पुरुष फुटबॉल टीम ने कुवैत को पेनल्टी शूटऑउट में 5-4 के अंतर से पराजित करके खिताब जीता। फाइनल मैच का आयोजन श्री कांतीरावा स्टेडियम (बेंगलुरु) में हुआ।
- **फेयर प्ले अवार्ड :** नेपाल
- **बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट :** अनीसुर रहमान जीको (बांग्लादेश)



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर/टॉप स्कोरर :** सुनील छेत्री (भारत)

## युवा महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 6वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** भोपाल (मध्य प्रदेश)
- **आयोजन तिथि :** 25 जून से 1 जुलाई, 2023
- युवा महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 का खिताब हरियाणा ने जीता। हरियाणा ने चैंपियनशिप में कुल 9 पदक (8 स्वर्ण पदक तथा 1 कांस्य पदक) अपने नाम किये। इस चैंपियनशिप का आयोजन तांत्या टोपे स्टेडियम, भोपाल में हुआ।

## Men's FIH (Federation Internationale de Hockey/International Hockey Federation) हॉकी प्रो लीग 2022-23

- **संस्करण :** 4
- **आयोजन तिथि :** 28 अक्टूबर 2022 से 5 जुलाई, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 9
- **विजेता :** नीदरलैंड (दूसरी बार)
- **उपविजेता :** ग्रेट ब्रिटेन
- **तृतीय स्थान :** बेल्जियम
- **चतुर्थ स्थान :** भारत
- इस लीग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह ने किया था। हरमनप्रीत सिंह लीग में 18 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 30 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही।

## Women's FIH (Federation Internationale de Hockey/International Hockey Federation) हॉकी प्रो लीग 2022-23

- **संस्करण :** 4
- **आयोजन तिथि :** 4 नवंबर 2022 से 5 जुलाई, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 9
- **विजेता :** नीदरलैंड (तीसरी बार)
- **उपविजेता :** अर्जेन्टीना
- **तृतीय स्थान :** ऑस्ट्रेलिया
- **चतुर्थ स्थान :** बेल्जियम

## कनाडा ओपन 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** कनाडा
- **आयोजन तिथि :** 4 जुलाई से 9 जुलाई, 2023
- भारत के पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का एकल खिताब जीता।
- फाइनल में लक्ष्य सेन ने चीन के ली शीफेंग को दो सेटों में 21-18, 22-20 के अंतर से पराजित किया।
- **महिला वर्ग एकल विजेता :** अकाने यामागुची (जापान)
- **पुरुष युगल विजेता :** किम एस्टुप तथा एण्डर्स स्कारूप रासमुसेन (डेनमार्क)
- **महिला युगल विजेता :** चिहारू शिदा तथा नामी मात्सुयामा (जापान)
- **मिश्रित युगल विजेता :** नात्सु सैतो तथा हिरोकी मिडोरीकावा (जापान)
- भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का यह दूसरा BWF 500 टूर का खिताब है।

## युवा विश्व (वर्ल्ड) तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 17वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** लिमरीक (आयरलैंड)
- **आयोजन तिथि :** जुलाई 2023
- भारत ने इस चैंपियनशिप में कुल 11 पदक जीते। (6 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, 4 कांस्य पदक)
- **प्रथम स्थान :** दक्षिण कोरिया (कुल पदक-11) (6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक, 1 कांस्य पदक)
- भारत के पार्थ एस. सालुंखे ने जूनियर चैंपियनशिप की रिकर्व श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। यह कारनामा करने वाले पार्थ एस. सालुंखे प्रथम भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए हैं।

## विंबलडन ओपन 2023

- **संस्करण :** 136वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** लंदन (यू.के.)
- **आयोजन तिथि :** 3 से 16 जुलाई, 2023
- **पुरुष एकल वर्ग विजेता :** कार्लोस अलकराज (स्पेन)
- **पुरुष एकल वर्ग उपविजेता :** नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
- **महिला एकल वर्ग विजेता :** मार्केता वोंद्रोसोवा (चेक गणराज्य)
- **महिला एकल वर्ग उपविजेता :** ऑन्स जेबुर (ट्यूनीशिया)
- **पुरुष युगल वर्ग विजेता :** वेस्ले कूलहोफ (नीदरलैंड) तथा निएल स्कुपस्की (यू.के.)
- **पुरुष युगल वर्ग उपविजेता :** मार्सेल ग्रेनोलर्स (स्पेन) तथा होरासिओ जेबालोस (अर्जेन्टीना)
- **महिला युगल वर्ग विजेता :** बारबोरा स्ट्राइकोवा (चेक गणराज्य) तथा सिस्ह सु-वेई (चाइनीज ताइपे)
- **महिला युगल वर्ग उपविजेता :** स्टोर्म हंटर (ऑस्ट्रेलिया) तथा एलिस मर्टेंस (बेल्जियम)
- **मिश्रित युगल वर्ग विजेता :** मेट पैविक (क्रोएशिया) तथा ल्यूडमएला किचेनोक (यूक्रेन)
- **मिश्रित युगल वर्ग उपविजेता :** जोरान व्लिगन (बेल्जियम) तथा जू यिफान (चीन)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 25वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** सुफाचलसाई नेशनल स्टेडियम, बैंकाक (थाईलैंड)
- **आयोजन तिथि :** 12 से 16 जुलाई, 2023
- **एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 पदक तालिका:**
  - प्रथम स्थान : जापान
  - द्वितीय स्थान : चीन
  - तृतीय स्थान : भारत
- भारतीय दल ने इस चैंपियनशिप में कुल 27 पदक जीते। (6 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक, 9 कांस्य पदक)
- इस चैंपियनशिप में ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में भारत के लिए प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- इस चैंपियनशिप में भारत के अन्य स्वर्ण पदक विजेता इस प्रकार हैं-
  - पारूल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज)
  - अजय कुमार सरोज (1500 मीटर)
  - तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट-पुट)
  - अब्दुल्ला अबबकर (ट्रिपल जंप)
  - भारत की 4 × 400 मीटर रिले टीम

## कोरिया ओपन 2023 (बैडमिंटन)

- **आयोजन स्थल/देश :** येओसु (दक्षिण कोरिया)
- **आयोजन तिथि :** 18 से 23 जुलाई, 2023
- भारत की बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी तथा सात्विकसाईंराज रंकीरेड्डी ने कोरिया ओपन 2023 के फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो तथा फजर अल्फियान की जोड़ी को तीन सेटों में 17-21, 21-13, 21-14 के अंतर से पराजित किया।
- कोरिया ओपन 2023 सुपर-500 लेवल का बैडमिंटन टूर्नामेंट है।

## दलीप ट्रॉफी 2023

- **संस्करण :** 60वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** भारत
- घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता
- **आयोजन तिथि :** 28 जून से 16 जुलाई, 2023
- **कुल प्रतियोगी टीम :** 6
- **विजेता :** साउथ जोन (दक्षिण क्षेत्र)
- **उपविजेता :** वेस्ट जोन (पश्चिम क्षेत्र)
- फाइनल में साउथ जोन ने वेस्ट जोन को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 75 रनों से पराजित किया।
- साउथ जोन ने 14वीं बार यह ट्रॉफी जीती।
- **दलीप ट्रॉफी 2023 के प्रमुख पुरस्कार :**
  - **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट :** विदवथ कावेरप्पा (साउथ जोन)
  - **मोस्ट रन्स इन द टूर्नामेंट :** प्रभसिमरन सिंह (202 रन)
  - **मोस्ट विकेट्स इन द टूर्नामेंट :** सौरभ कुमार (16 विकेट)

## पैरा वर्ल्ड तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** प्लज़ेन (चेक गणराज्य)
- **आयोजन तिथि :** 17 से 23 जुलाई, 2023
- भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य की शीतल देवी ने इस चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। शीतल देवी पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त करने वाली विश्व की प्रथम आर्मलेस महिला तीरंदाज बन गई है।
- भारत ने इस चैंपियनशिप में कुल 3 पदक जीते। (1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, 1 कांस्य पदक)
- **भारत के पदक प्राप्तकर्ता :**
  - सरिता, ज्योति (कंपाउंड महिला ओपन डबल्स)
  - सरिता, राकेह कुमार (कंपाउंड ओपन मिक्स्ड टीम)
  - शीतल देवी (कंपाउंड महिला ओपन)

## ASF (Asian Surfing Federation) एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** थुलूस्धू द्वीप (मालदीव)
- **कुल प्रतिभागी देश :** 18
- भारत ने इस चैंपियनशिप में प्रथम बार प्रतिभाग किया तथा कुल 2708 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक प्राप्त किया। जापान ने स्वर्ण पदक तथा मालदीव ने रजत पदक प्राप्त किया।

## ACC (Asian Cricket Council) मेन्स इमर्जिंग टीम्स एशिया कप 2023

- **संस्करण :** 5वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** श्रीलंका
- **आयोजन तिथि :** 13 से 23 जुलाई, 2023
- **कुल प्रतिभागी टीम (देश) :** 8
- **विजेता :** पाकिस्तान A (दूसरी बार)
- **उपविजेता :** भारत
- पाकिस्तान A ने फाइनल में भारत को 128 रनों से पराजित किया।
- इस कप का आयोजन एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) द्वारा किया गया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट :** निशांत सिन्धु (भारत)
- **मोस्ट रन्स इन द टूर्नामेंट :** अविष्का फर्नाण्डो (श्रीलंका)
- **मोस्ट विकेट्स इन द टूर्नामेंट :** निशांत सिन्धु (भारत)

## BWF (Badminton World Federation) इंडोनेशिया ओपन 2023 (बैडमिंटन)

- **आयोजन स्थल/देश :** जकार्ता, इंडोनेशिया
- **आयोजन तिथि :** 13 जून से 18 जून, 2023
- **पुरुष एकल विजेता :** विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)
- **पुरुष एकल उपविजेता :** एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग (इंडोनेशिया)
- **पुरुष युगल विजेता :** सात्विकसाईंराज रेड्डी और चिराग शेट्टी (भारत)
- **पुरुष युगल उपविजेता :** हारून चिया और सोह वुई यिक (मलेशिया)
- **महिला युगल विजेता :** बेक हा-ना और ली सो-ही (दक्षिण कोरिया)
- **महिला युगल उपविजेता :** युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा (जापान)
- **मिश्रित युगल विजेता :** हुआंग यांकियोंग और झेंग सिवेई (चीन)
- **मिश्रित युगल उपविजेता :** युता वटानबे और अरिसा हिगाशिनो (जापान)
- BWF विश्व टूर सुपर 1000 इवेंट में खिताब जीतने वाली ये भारत की पहली जोड़ी बनी।

## WTT (World Table Tennis) कण्टेण्डर ट्यूनिस, 2023 (टेबल टेनिस)

- **आयोजन स्थल/देश :** ट्यूनिस, ट्यूनीशिया
- **आयोजन तिथि :** 20 जून से 25 जून, 2023
- **महिला सिंगल्स विजेता :** मिवा हरिमोतो (जापान)
- **महिला सिंगल्स उपविजेता :** शिन युबिन
- **महिला युगल (डबल्स) विजेता :** सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी (भारत)
- **महिला युगल (डबल्स) उपविजेता :** मियु किहारा और मिवा हरिमोतो (जापान)
- **पुरुष सिंगल्स विजेता :** एन्टोन कैलबर्ग (स्वीडन)
- **पुरुष सिंगल्स उपविजेता :** पैट्रिक फ्रैंजिस्का (जर्मनी)
- सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी की जोड़ी का यह पहला WTT कण्टेण्डर खिताब है।

## एशियाई स्क्वैश मिश्रित युगल चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** पहला
- **आयोजन स्थल/देश :** ह्यांगझू, चीन
- **आयोजन तिथि :** 26 जून से 30 जून, 2023
- **विजेता :** दीपिका पल्लीकल कार्तिक और हरिंदरपाल सिंह संधू (भारत)
- **उपविजेता :** राचेल अर्नोल्ड और इवान यूएन (मलेशिया)

## ISSF (International Shooting Sport Federation) विश्व कप जूनियर (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** सुहल (जर्मनी)
- **आयोजन तिथि :** 1 जून से 9 जून, 2023
- **सर्वाधिक पदक :**
  - प्रथम स्थान : भारत (15 पदक)
  - द्वितीय स्थान : कोरिया (12 पदक)
  - तृतीय स्थान : यू.एस.ए. (9 पदक)
- ISSF जूनियर विश्व कप, 2023 में भारत ने सबसे ज्यादा कुल 15 पदक जीते जिनमें 6 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 3 कांस्य पदक शामिल हैं।
- ISSF जूनियर विश्व कप, 2023 में कुल 46 देशों ने हिस्सा लिया।

## इंटरकांटिनेंटल कप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** भुवनेश्वर (ओडिशा)
- **आयोजन तिथि :** 9 जून से 18 जून, 2023
- **विजेता :** भारत
- **उपविजेता :** लेबनान
- **बेस्ट प्लेयर :** संदेश झिंगन (भारत)
- भारत ने फाइनल मैच में लेबनान को 2-0 से हराकर, दूसरी बार इंटरकांटिनेंटल कप जीतने का रिकॉर्ड बनाया।
- इस संस्करण में कुल चार टीमें शामिल हुई।
- इंटरकांटिनेंटल कप अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित एक फुटबॉल प्रतियोगिता है।

## महिला टी-20 इमर्जिंग टीम्स एशिया कप, 2023

- **संस्करण :** पहला
- **आयोजन स्थल/देश :** हांगकांग
- **आयोजन तिथि :** 12 जून से 21 जून, 2023
- **विजेता :** भारत 'A'
- **उपविजेता :** बांग्लादेश 'A'
- इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया था।
- इस टूर्नामेंट को एशियन क्रिकेट काउंसिल ने आयोजित किया था।
- इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारत 'A' टीम ने बांग्लादेश 'A' टीम को 31 रनों से पराजित करके यह खिताब अपने नाम

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



किया।

## प्रीमियर हैंडबॉल लीग (PHL), 2023

- **संस्करण** : पहला
- **आयोजन स्थल** : सवाई मानसिंह इनडोर स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान)
- **आयोजन तिथि** : 8 जून से 25 जून, 2023
- इस लीग में कुल 6 टीमें शामिल हुईं।
- **विजेता** : महाराष्ट्र आयरनमैन
- **उपविजेता** : गोल्डन ईगल्स, उत्तर प्रदेश

## दुबई ओपन 2023 (शतरंज)

- **संस्करण** : 23वाँ
- **आयोजन स्थल/देश** : दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
- **आयोजन तिथि** : 27 मई से 4 जून, 2023
- **विजेता** : अरविंद चितांबरम (भारत)

## महिला जूनियर एशिया कप हॉकी, 2023

- **संस्करण** : 8वाँ
- **आयोजन स्थल** : काका मिघारा (जापान)
- **आयोजन तिथि** : जून 2023
- टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल हुई।
- **विजेता** : भारत
- **उपविजेता** : साउथ कोरिया
- भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहली बार एशिया कप जीता है।
- भारत ने एशिया कप के फाइनल मैच में साउथ कोरिया को 2-1 के अंतर से हराया।

## फ्रेंच ओपन 2023

- **संस्करण** : 127वाँ
- **आयोजन स्थल/देश** : पेरिस, फ्रांस
- **आयोजन तिथि** : 28 मई से 11 जून, 2023
- **पुरुष एकल विजेता** : नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
- **पुरुष एकल उपविजेता** : कैस्पर रूड (नार्वे)
- **महिला एकल विजेता** : इगा स्वियाटेक (पोलैंड)
- **महिला एकल उपविजेता** : कैरोलिना मुचोवा (चेक गणराज्य)
- **पुरुष युगल विजेता** : इवान डोडिग (क्रोएशिया) और ऑस्टिन क्रॉजिसेक (अमेरिका)
- **पुरुष युगल उपविजेता** : सैंडर गिले (बेल्जियम) और जोरान ब्लीगेन (बेल्जियम)
- **महिला युगल विजेता** : सीह सू-वेई (चाइनीज ताइपे) और वांग शीन यू (चीन)
- **महिला युगल उपविजेता** : टेलर टोसेंड (यू.एस.ए.) और लेलाह फर्नांडीस (कनाडा)
- **मिश्रित युगल विजेता** : मियू काटो (जापान) और टिम पुट्ज (जर्मनी)
- **मिश्रित युगल उपविजेता** : बियांका एंड्रीस्कू (कनाडा) और माइकल विनस (न्यूजीलैंड)

## ICC वर्ल्ड कप क्वालिफायर, 2023

- **संस्करण** : 12वाँ
- **आयोजन स्थल/देश** : जिम्बाब्वे
- **आयोजन तिथि** : 18 जून से 9 जुलाई, 2023
- **विजेता** : श्रीलंका
- **उपविजेता** : नीदरलैंड
- **बेस्ट प्लेयर** : शॉन विलियम्स (जिम्बाब्वे)
- **सबसे ज्यादा रन्स** : शॉन विलियम्स (जिम्बाब्वे)
- **सबसे ज्यादा विकेट्स** : वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका)

## FIFA U-20 विश्व कप

- **संस्करण** : 23वाँ
- **आयोजन स्थल/देश** : अर्जेन्टीना
- **आयोजन तिथि** : 20 मई से 11 जून, 2023
- **विजेता** : उरुग्वे
- **उपविजेता** : इटली
- उरुग्वे ने इटली को फाइनल मैच में 1-0 से हराकर प्रथम बार यह खिताब जीता।

## स्क्वैश विश्व कप 2023

- **संस्करण** : चौथा
- **आयोजन स्थल/देश** : चेन्नई (तमिलनाडु)
- **आयोजन तिथि** : 13 से 17 जून, 2023
- **विजेता** : मिस्र (दूसरी बार) (पहला खिताब वर्ष 2011 में जीता था।)
- **उपविजेता** : मलेशिया
- यह स्क्वैश विश्व कप 12 वर्ष बाद दोबारा आयोजित हुआ है।
- पहला स्क्वैश विश्व कप वर्ष 1996 में पेटलिंग जया (मलेशिया) में आयोजित हुआ था।

## विशेष ओलंपिक विश्व खेल, 2023

- **संस्करण** : 16वाँ
- **आयोजन स्थल/देश** : बर्लिन, जर्मनी
- **आयोजन तिथि** : 17 जून से 25 जून, 2023
- **आधिकारिक शुभंकर** : यूनिटी
- **आदर्श वाक्य** : एक साथ अपराजेय (Unbeatable Together)
- **प्रथम आयोजन** : वर्ष 1968, शिकागो (यू.एस.ए.)
- जर्मनी को विशेष ओलंपिक खेल (2023) की मेजबानी के लिए

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



पहली बार चुना गया है।

- इस विशेष ओलंपिक में भारत ने कुल 202 पदक जीते जिसमें 76 स्वर्ण पदक, 75 रजत पदक और 51 कांस्य पदक शामिल हैं।

## तीरंदाजी विश्व कप (स्टेज-3), 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** मेडेलिन, कोलंबिया
- **आयोजन तिथि :** 13 जून से 18 जून, 2023
- इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा रहे।

## ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, 2021-23

- **संस्करण :** दूसरा
- **फाइनल मैच आयोजन स्थल/देश :** द ओवल स्टेडियम, लंदन (यू.के.)
- **फाइनल मैच आयोजन तिथि :** 7 जून से 11 जून, 2023
- **विजेता :** ऑस्ट्रेलिया
- **उपविजेता :** भारत
- इस चैंपियनशिप में कुल नौ देशों की टीमों ने भाग लिया।
- फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रनों से पराजित किया।
- फाइनल मैच के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवार्ड ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया) को दिया गया।

## इंडियन प्रीमियर लीग 2023

- **संस्करण :** 16वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** भारत
- **आयोजन तिथि :** 31 मार्च से 29 मई, 2023
- **कुल टीम :** 10
- **पहला संस्करण :** 2008
- **प्रायोजक :** टाटा ग्रुप
- **विजेता :** चेन्नई सुपर किंग्स
- **उपविजेता :** गुजरात टाइटन्स
- **IPL-2023 का सबसे महंगा खिलाड़ी :** सैम करन (18.50 करोड़)
- **ऑरेंज कैप विजेता (सर्वाधिक रन) :** शुभमन गिल (890 रन) (गुजरात टाइटन्स)
- **पर्पल कैप विजेता (सबसे ज्यादा विकेट) :** मोहम्मद शमी (28 विकेट) (गुजरात टाइटन्स)
- **गेम चेंजर ऑफ द सीजन :** शुभमन गिल
- **गेम चेंजर ऑफ द मैच :** साईं सुदर्शन
- **IPL-2023 सीजन की एकमात्र हैट्रिक :** राशिद खान (गुजरात टाइटन्स)
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन :** यशस्वी जायसवाल
- **सर्वाधिक IPL खिताब :** चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियन्स ने 5-5 बार आईपीएल खिताब जीता है।

## एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** जिंजू, दक्षिण कोरिया
- **आयोजन तिथि :** 5 मई से 13 मई, 2023
- एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने कुल तीन पदक (तीनों रजत) प्राप्त किये।
- भारत की बिंदियारानी देवी ने महिला चैंपियनशिप में 55 किग्रा क्लिन एंड जर्क में तथा 55 किग्रा ओवरऑल में, दोनों में रजत पदक जीता।
- भारत के लिए तीसरा रजत पदक जेरेमी लालरिनुंगा ने 67 किग्रा पुरुष चैंपियनशिप में स्नैच में जीता।
- पदक तालिका में भारत 14वें स्थान पर रहा जबकि चीन ने 43 पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## पुरुष जूनियर एशिया कप, 2023 (हॉकी)

- **संस्करण :** 10वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** सलालाह (ओमान)
- **आयोजन तिथि :** 23 मई से 1 जून, 2023
- **विजेता :** भारत (चौथा खिताब)
- **उपविजेता :** पाकिस्तान
- **बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट :** अब्दुल शाहिद (पाकिस्तान)
- **बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट :** मोहित होन्नेनाहल्ली शशिकुमार (भारत)

## छठा शारजाह मास्टर्स अंतर्राष्ट्रीय, 2023 (शतरंज)

- **संस्करण :** 6वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात
- **आयोजन तिथि :** 17 मई से 25 मई, 2023
- **विजेता :** अर्जुन एरिगेसी (भारत)
- **उपविजेता :** नोदिरबेक याकूबबोएव (उज्बेकिस्तान)

## ACC मेन्स प्रीमियर कप, 2023 (क्रिकेट)

- **संस्करण :** प्रथम
- **आयोजन स्थल/देश :** नेपाल
- **आयोजन तिथि :** 18 अप्रैल से 2 मई, 2023
- **विजेता :** नेपाल
- **उपविजेता :** संयुक्त अरब अमीरात
- **बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरिज :** संदीप लामिछाने (नेपाल)
- **सबसे ज्यादा रन :** वृत्ति अरविंद (यूएई)
- **सर्वाधिक विकेट :** बिलाल खान (ओमान)
- यह एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का टूर्नामेंट है जो एशिया कप के क्वालिफिकेशन के लिए अनिवार्य है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## ISSF विश्व कप राइफल/पिस्टल, बाकू, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बाकू, अजरबैजान
- **आयोजन तिथि :** 8 मई से 15 मई, 2023

| देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 4 | 1 | 2 | 7 |
| भारत | 1 | 2 | 1 | 4 |
| ईरान | 1 | 1 | 0 | 2 |

- ISSF विश्व कप राइफल/पिस्टल बाकू, 2023 के टूर्नामेंट में भारत ने 4 पदक (1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य) प्राप्त किया और पदक तालिका में भारत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- भारत की तरफ से 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में सरबजोत सिंह और दिव्या टी एस ने स्वर्ण पदक जीता।

## IBA पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन तिथि :** 30 अप्रैल से 14 मई, 2023 तक
- इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल तीन पदक (तीनों कांस्य) प्राप्त किए जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।
- भारत की तरफ से दीपक भोरिया, निशांत देव व मोहम्मद हुसामुद्दीन ने कांस्य पदक जीते।
- इस टूर्नामेंट में उज्बेकिस्तान ने 9 पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- पदक तालिका में भारत 12वें स्थान पर रहा।

## ISSF विश्व कप शॉटगन, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** काहिरा (मिस्र)
- **आयोजन तिथि :** 25 अप्रैल से 5 मई, 2023
- इस प्रतियोगिता में भारत ने केवल 1 स्वर्ण पदक जीता।
- पदक तालिका में भारत तीसरे स्थान पर रहा।
- भारत के लिए मेराज अहमद खान और गनेमत शेखों ने (स्कीट मिश्रित टीम) में स्वर्ण पदक जीता।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2023

- **संस्करण :** तीसरा (खेलों इंडिया स्कूल गेम्स को मिलाकर चौथा)
- **आयोजन स्थल/देश :** उत्तर प्रदेश (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 25 मई से 3 जून, 2023
- **शुभंकर :** जीतू (एक बारहसिंगा)



- **आधिकारिक गीत :** "खेलों इंडिया, हर दिल में देश"
- पदक तालिका में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने 69 पदक (26 गोल्ड, 17 सिल्वर और 26 ब्रांज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- **बेस्ट एथलीट (पुरुष) :** शिव श्रीधर (जैन यूनिवर्सिटी), 11 पदक (8 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य)
- **बेस्ट एथलीट (महिला) :** श्रृंगी बांदेकर (जैन यूनिवर्सिटी, कर्नाटक) कुल 9 पदक (5 गोल्ड, 4 सिल्वर)

## CAVA महिला चैलेंज कप, 2023 (वालीबॉल)

- **आयोजन स्थल/देश :** त्रिपुरेश्वर, काठमांडू (नेपाल)
- **आयोजन तिथि :** 22 मई से 28 मई, 2023
- **विजेता :** भारत
- **उपविजेता :** कजाकिस्तान
- इस आयोजन में कुल 8 टीमों ने भाग लिया।
- भारत ने कजाकिस्तान को फाइनल मुकाबले में 3-0 से हराकर यह खिताब जीता।

## मलेशिया मास्टर्स, 2023 (बैडमिंटन)

- **आयोजन स्थल/देश :** एक्सिएता एरिना कुआलालंपुर, मलेशिया
- **आयोजन तिथि :** 23 मई से 28 मई, 2023
- **सिंगल्स (पुरुष) विजेता :** एच.एस. प्रणॉय (भारत)
- **सिंगल्स (पुरुष) उपविजेता :** वेंग होंग यांग (चीन)

## ITTF विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** डरबन (दक्षिण अफ्रीका)
- **आयोजन तिथि :** 20 मई से 28 मई, 2023
- **पुरुष एकल विजेता :** फेन झेनडोंग (चीन)
- **महिला एकल विजेता :** सुन यिंगशा (चीन)
- **पुरुष युगल विजेता :** फेन झेनडोंग और वांग चुकिन (चीन)
- **महिला युगल विजेता :** चेन मेंग और वांग यिदी (चीन)
- **मिश्रित युगल विजेता :** वांग चुकिन और सुन यिंगशा (चीन)

## हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला/पुरुष चैंपियनशिप 2023

- **संस्करण :** 13वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** राउरकेला, ओडिशा
- **आयोजन तिथि :** 4 मई से 28 मई 2023
- **पुरुष चैंपियनशिप :**
    - **आयोजन :** 18 मई से 28 मई, 2023
    - **विजेता :** उत्तर प्रदेश
    - **उपविजेता :** हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **महिला चैंपियनशिप :**
  - **आयोजन :** 4 मई से 14 मई, 2023
  - **विजेता :** हरियाणा
  - **उपविजेता :** झारखंड
- हरियाणा ने फाइनल मुकाबले में झारखंड को 3-2 से हराकर ट्रॉफी जीती।

## स्लोवेनिया ओपन 2023 (बैडमिंटन)

- **आयोजन स्थल/देश :** मैरिबोर, स्लोवेनिया
- **आयोजन तिथि :** 17 मई से 21 मई, 2023
- **पुरुष एकल विजेता :** समीर वर्मा (भारत)
- **पुरुष एकल उपविजेता :** सु ली-यांग (ताइवान)
- **पुरुष युगल विजेता :** लो हैंग यी और एनजी एंग चेओंग (मलेशिया)
- **महिला एकल विजेता:** हुआंग यू-हसन (ताइवान)
- **महिला एकल उपविजेता :** नेस्लिहान यिगित (तुर्किये)
- **महिला युगल विजेता :** लिउ चियाओ-युन और वांग यु कियाओ (ताइवान)
- **महिला युगल उपविजेता :** हसू यिन-हुई और ली चिह चेन (ताइवान)
- **मिश्रित युगल विजेता :** जेस्पर टॉफ्ट और क्लारा ग्रेवरसन (डेनमार्क)
- **मिश्रित युगल उपविजेता :** रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी (भारत)

## BWF सुदीरमन कप 2023

- **संस्करण :** 18वाँ
- **आयोजन तिथि :** 14 मई से 21 मई, 2023
- **कुल टीम :** 16
- **विजेता :** चीन (13वाँ खिताब)
- **उपविजेता :** दक्षिण कोरिया
- BWF सुदीरमन कप प्रत्येक दो वर्ष बाद आयोजित किया जाता है।
- BWF सुदीरमन कप के फाइनल मुकाबले में चीन ने दक्षिण कोरिया को 3-0 से हराया।

## हीरो भारतीय महिला लीग (IWL), 2023 (फुटबॉल)

- **संस्करण :** 6वाँ
- **आयोजन तिथि :** 26 अप्रैल से 21 मई, 2023
- **कुल टीम :** 8
- **विजेता :** गोकुलम केरल (तीसरा खिताब)
- **उपविजेता :** किकस्टार्ट एफसी (कर्नाटक)
- **हीरो ऑफ द मैच :** इंदुमती काथिरेसन (गोकुलम केरल टीम)
- **सबसे ज्यादा गोल :** सबित्रा भण्डारी (गोकुलम केरल, 29 गोल)

## इटालियन ओपन, 2023 (टेनिस)

- **संस्करण :** 80वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** रोम, इटली
- **आयोजन तिथि :** 9 मई से 21 मई, 2023
- **पुरुष एकल विजेता :** डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- **महिला एकल विजेता :** ऐलेना रायबाकिना (कजाकिस्तान)
- **पुरुष युगल विजेता :** ह्युगोनिस (मोनाको) और जॉन जिलिंस्की (पोलैंड)
- **महिला युगल विजेता :** स्टॉर्म हंटर (ऑस्ट्रेलिया) और एलिस मर्टेंस (बेल्जियम)

## AIFF सुपर कप, 2023 (फुटबॉल प्रतियोगिता)

- **आयोजन स्थल/देश :** कोझिकोट व मंजेरी, केरल (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 3 अप्रैल से 6 अप्रैल (क्वालिफिकेशन राउंड); 8 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक (मुख्य प्रतियोगिता)
- **कुल टीम :** 21 (मुख्य प्रतियोगिता-16 टीम)
- **विजेता :** ओडिशा फुटबॉल क्लब
- **उपविजेता :** बेंगलुरु फुटबॉल क्लब

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** 40वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
- **आयोजन तिथि :** 25 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2023
- **पुरुष एकल विजेता :** एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग (इंडोनेशिया)
- **पुरुष एकल उपविजेता :** लोह किन-यू (सिंगापुर)
- **महिला एकल विजेता :** ताई त्जू-यिंग (ताईवान)
- **महिला एकल उपविजेता :** एन से यंग (दक्षिण कोरिया)
- **पुरुष युगल विजेता :** सात्विक साईं राज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (भारत)
- **पुरुष युगल उपविजेता :** ओंग यूसिन और तेजो-ई-यी (मलेशिया)
- **महिला युगल विजेता :** युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा (जापान)
- **महिला युगल उपविजेता :** बेक हा-ना और ली सो-ही (दक्षिण कोरिया)
- **मिश्रित युगल विजेता :** जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन (चीन)
- **मिश्रित युगल उपविजेता :** झेंग सिवेई और हुआंग याकियोंग (चीन)

## मैड्रिड (स्पेन) मास्टर्स

- **संस्करण :** 5वाँ

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **आयोजन स्थल/देश** : मैड्रिड (स्पेन)
- **आयोजन तिथि** : 28 मार्च से 2 अप्रैल, 2023
- **पुरुष एकल विजेता** : केंटा निशिमोटो (जापान)
- **पुरुष एकल उपविजेता** : कांटा सुनेयामा (जापान)
- **महिला एकल विजेता** : ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग (इंडोनेशिया)
- **महिला एकल उपविजेता** : पी.वी. सिंधु (भारत)
- **पुरुष युगल विजेता** : हे जी टिंग और झोंउ हाओडोंग (चीन)
- **पुरुष युगल उपविजेता** : ली फांग-चिह और ली फांग जेन (ताइवान)
- **महिला युगल विजेता** : लीयू शेंग शू और टैन निंग (चीन)
- **महिला युगल उपविजेता** : चेन फांग हुई और डू यू (चीन)
- **मिश्रित युगल विजेता** : मैथियास क्रिस्टियेनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे (डेनमार्क)
- **मिश्रित युगल उपविजेता** : प्रवीण जॉर्डन और मेलाती डेवा ओक्ताविंती (इंडोनेशिया)

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश** : अस्ताना, कजाकिस्तान
- **आयोजन तिथि** : 9 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2023
- पहले यह नई दिल्ली में आयोजित होना था।
- इस टूर्नामेंट में 22 देशों के 331 पहलवानों ने भाग लिया।
- एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2023 में भारत ने कुल 14 पदक प्राप्त किए जिनमें 1 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 10 कांस्य पदक शामिल हैं।
- पदक तालिका में भारत 14 मेडल के साथ 7वें स्थान पर रहा।
- **शीर्ष स्थानों पर रहने वाले देश** :
  - प्रथम स्थान : कजाकिस्तान (20 पदक)
  - द्वितीय स्थान : जापान (20 पदक)
  - तृतीय स्थान : ईरान (13 पदक)
- भारत की ओर से एकमात्र स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी – अमन सहरावत (57 किग्रा फ्रीस्टाइल)
- भारत के लिए तीन रजत पदक विजेता खिलाड़ी
  - रूपिन : ग्रीको रोमन, 55 किग्रा
  - अंतिम पंघाल : महिलाओं की 53 किग्रा फ्रीस्टाइल
  - निशा दहिया : महिलाओं की 68 किग्रा फ्री स्टाइल

## फॉर्मूला-1 अजरबैजान ग्रैंड प्रिक्स, 2023

- **आयोजन स्थल/देश** : बाकू, अजरबैजान
- **आयोजन तिथि** : 30 अप्रैल, 2023
- **प्रथम स्थान** : सार्जियो पेरेज (मैक्सिको)
- **द्वितीय स्थान** : मैक्स वेरस्टैपेन (बेल्जियम)
- **तीसरा स्थान** : चार्ल्स लेक्लर (मोनाको)

## ऑस्ट्रेलिया ग्रैंड प्रिक्स, 2023 (फॉर्मूला वन रेस)

- **आयोजन स्थल/देश** : मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया
- **आयोजन तिथि** : 2 अप्रैल, 2023
- **प्रथम स्थान** : मैक्स वेरस्टैपेन (बेल्जियम)
- मैक्स वेरस्टैपेन का यह पहला ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स है।

## मियामी ओपन, 2023 (टेनिस)

- **संस्करण** : 38वाँ
- **आयोजन स्थल/देश** : मियामी गार्डन, फ्लोरिडा (यूएसए)
- **आयोजन तिथि** : 21 मार्च से 2 अप्रैल, 2023
- **पुरुष एकल विजेता** : डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- **पुरुष एकल उपविजेता** : जननिक सिनर (इटली)
- **महिला एकल विजेता** : पेट्रा क्वितोवा (चेक गणराज्य)
- **महिला एकल उपविजेता** : ऐलेना रायबाकिना (कजाकिस्तान)
- **पुरुष युगल विजेता** : सैंटियागो गोंजालेज (मैक्सिको) और एडोर्ड रोजर वासेलिन (फ्रांस)
- **पुरुष युगल उपविजेता** : ऑस्टिन क्राजिसेक (यूएसए) और निकोलस माहुत (फ्रांस)
- **महिला युगल विजेता** : कोकॉगॉफ और जेसिका पेगुला (यूएसए)
- **महिला युगल उपविजेता** : लेयला फर्नांडिज (कनाडा) और टेलर टाउनसेंड (यूएस)

## योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश** : यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम, इंग्लैंड
- **आयोजन तिथि** : 14 मार्च से 19 मार्च, 2023
- **संस्करण** : 113वाँ
- **पुरुष एकल** :
  - **विजेता** : लीशिफेंग (चीन)
  - **उपविजेता** : शी युकी (चीन)
- **महिला एकल** :
  - **विजेता** : आन से यंग (दक्षिण कोरिया)
  - **उपविजेता** : चेन युफेई (चीन)
- **पुरुष युगल** :
  - **विजेता** : फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो (इंडोनेशिया)
  - **उपविजेता** : मोहम्मद अहसान और हेण्ड्रा सेतियावान (इंडोनेशिया)
- **महिला युगल** :
  - **विजेता** : किम सो योंग और कोंग ही-योंग (दक्षिण कोरिया)
  - **उपविजेता** : बाक हा-ना और ली सो-ही (दक्षिण कोरिया)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **मिश्रित युगल :**
  - **विजेता :** झेंग सी-वेई और हुआंग याकियोंग (चीन)
  - **उपविजेता :** सिओ-सेउंग-जई और चाई यू जुंग (दक्षिण कोरिया)

## ईरानी कप, 2023 (क्रिकेट)

- **आयोजन स्थल/देश :** कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम, ग्वालियर (मध्य प्रदेश)
- इस कप का नामकरण भारतीय क्रिकेट प्रशंसक जी. आर. ईरानी के नाम पर रखा गया है। ईरानी कप भारत की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटों में से एक है।
- **विजेता :** शेष भारत (रेस्ट ऑफ इंडिया) टीम (30वाँ खिताब)
- **उपविजेता :** मध्य प्रदेश
- इस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में शेष भारत की टीम ने मध्य प्रदेश टीम को 238 रनों के अंतर से हराकर ईरानी कप अपने नाम किया।
- ईरानी कप में फाइनल मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल को चुना गया।
- यशस्वी जायसवाल ने ईरानी ट्रॉफी के मैच में दोनों पारियों में 213 और 144 रन बनाए। वे ईरानी ट्रॉफी मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बनें।

## ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा-2023 (क्रिकेट)

- **आयोजन स्थल/देश :** भारत
- **आयोजन तिथि :** 9 फरवरी से 22 मार्च, 2023
- ऑस्ट्रेलियाई टीम के इस क्रिकेट टूर के दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 टेस्ट मैच सीरीज तथा 3 वनडे मैचों (ODI) की सीरीज खेली गई। (टेस्ट सीरीज बार्डर-गावस्कर के नाम से जानी जाती है।)
- **विजेता :** भारत
- **उपविजेता :** ऑस्ट्रेलिया
- भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया।
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज :** रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन (भारत)
- **वनडे अंतर्राष्ट्रीय सीरीज :**
  - विजेता : ऑस्ट्रेलिया
  - उपविजेता : भारत
- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया।
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज :** मिशेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया)
- भारत ने लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर शृंखला जीती है।

## 16वीं एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप, 2023 (दौड़)

- **संस्करण :** 16वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** काठमाण्डू (नेपाल)
- **आयोजन तिथि :** 7 मार्च, 2023
- **प्रतिभागी देश :** 11
- 16वीं एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भारतीय दल विजयी रहा।
- भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक को मिलाकर कुल 4 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारत ने अंडर-20 बॉयज 8 किमी, अंडर-18 गर्ल्स 6 किमी और महिलाओं की 10 किमी दौड़ प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता तथा पुरुषों की 10 किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता।
- पदक तालिका में दूसरे स्थान पर नेपाल (8 पदक) और तीसरे स्थान पर ईरान (4 पदक) रहा।

## IBA महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** 13वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** के.डी. जाधव इंडोर हॉल, नई दिल्ली (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 15 मार्च से 26 मार्च, 2023
- भारत ने वर्ष 2006 के बाद पदक तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- भारत ने इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक 4 स्वर्ण पदक प्राप्त किए।
- भारत ने बेस्ट टीम ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी जीता।
- **भारत की ओर से स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी**
  1. भारत की मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहेन ने 75 किग्रा भारवर्ग में केटलिन पार्कर (ऑस्ट्रेलिया) को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
  2. निकहत जरीन ने 50 किग्रा भारवर्ग में वियतनाम की गुयेन थी टैम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वे महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मैरी कॉम के बाद लगातार दो पदक जीतने वाली दूसरी मुक्केबाज बन गई हैं।
  3. स्वीटी बूरा ने 81 किग्रा भारवर्ग में चीन की मुक्केबाज वांग लीना को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- भारतीय मुक्केबाज नीतू घंघास ने 48 किग्रा (मिनिमम वेट कैटेगरी) में मंगोलिया की मुक्केबाज लुत्साइखानी अल्तानसेतसेग को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 4 | 0 | 0 | 4 |
| चीन | 3 | 1 | 3 | 7 |
| रूस | 1 | 1 | 1 | 3 |

## BWF स्विस ओपन, 2023 (बैडमिंटन)

- **आयोजन स्थल/देश :** बेसल, स्विट्जरलैंड
- **आयोजन तिथि :** 21 मार्च से 26 मार्च, 2023
- **पुरुष एकल :**
  - विजेता : कोकी वतनबे (जापान)
  - उपविजेता : चाऊ टीएन-चेन (ताइवान)
- **महिला एकल :**
  - विजेता : पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड)
  - उपविजेता : मिया ब्लिच फेल्ट (डेनमार्क)
- **पुरुष युगल :**
  - विजेता : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (भारत)
  - उपविजेता : रेन जियांग यु और टैन किंयाग (चीन)
- **महिला युगल :**
  - विजेता : रेना मियाउरा और अयाको सकुरामोतो (जापान)
  - उपविजेता : युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा (जापान)
- **मिश्रित युगल :**
  - विजेता : जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन (चीन)
  - उपविजेता : गोह सुन हुआत और शेवोन जेमी लाई (मलेशिया)
- स्विस ओपन में यह भारत का पहला युगल खिताब है।

## ATP मास्टर्स 1000 (2023) इंडियन वेल्स मास्टर्स, 2023

- **पुरुष एकल विजेता :** कार्लोस अल्कराज (स्पेन)
- **उपविजेता :** डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- **महिला एकल विजेता :** एलेना रायबाकिना (कजाकिस्तान)
- **पुरुष युगल विजेता :** रोहन बोपन्ना (भारत) और मैथ्यू एब्डेन (ऑस्ट्रेलिया)
- **पुरुष युगल उपविजेता :** वेस्ली कूलहोफ (नीदरलैंड) और नील स्कूपस्की (इंग्लैंड)
- **महिला युगल विजेता :** बारबोरा क्रेजिकोवो और केतेरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
- रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन (35 वर्षीय) की जोड़ी ने इंडियन वेल्स मास्टर्स 2023 टूर्नामेंट में पुरुष युगल के फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराकर BNP परिबास ओपन ट्रॉफी जीती।

## एशियन मेन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** दोहा, कतर
- **आयोजन तिथि :** 11 मार्च से 19 मार्च, 2023
- **पुरुष वर्ग विजेता :** अमीर सरखोश (ईरान)
- **पुरुष वर्ग उपविजेता :** थोर चुआन लेओंग (मलेशिया)
- **महिला वर्ग विजेता :** बाई युलु (चीन)
- **महिला वर्ग उपविजेता :** पंचाया चनोई (थाईलैंड)
- **पुरुष वर्ग (100-अप) विजेता :** पंकज आडवाणी (भारत)
- **पुरुष वर्ग उपविजेता :** बृजेश दमानी (भारत)
- इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग (100 अप प्रारूप) के फाइनल मुकाबले में पंकज आडवाणी ने भारत के ही बृजेश दमानी को 5-1 से हराया और लगातार दूसरी बार तथा कुल 9वीं बार यह खिताब जीता।

## महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2023 (क्रिकेट)

- **संस्करण :** पहला
- **आयोजन स्थल/देश :** भारत
- **आयोजन तिथि :** 4 मार्च से 26 मार्च, 2023
- **कुल टीम :** 5
- **विजेता :** मुंबई इंडियंस (पुरस्कार राशि 6 करोड़ रुपए)
- **उपविजेता :** दिल्ली कैपिटल (राशि 3 करोड़ रुपये)
- **तीसरा स्थान :** यूपी वारियर्स (राशि 1 करोड़ रुपये)
- WPL का पहला मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंटस के बीच खेला गया जिसमें मुंबई इंडियंस 143 रनों से विजयी हुई।
- महिला प्रीमियर लीग, 2023 का फाइनल मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया था जिसमें मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया था।
- मुंबई इंडियंस के लिए फाइनल मैच में नैट साइवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए।
- **महिला प्रीमियर लीग, 2023 के कुछ महत्वपूर्ण बिंदु :**
  - **ऑरेंज कैप विजेता (सबसे ज्यादा रन) :** मेग लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स)
  - **पर्पल कैप विजेता (सबसे ज्यादा विकेट) :** हेले मैथ्यूज (मुंबई इंडियंस)
  - **मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (सबसे महँगा खिलाड़ी) :** हेले मैथ्यूज (मुंबई इंडियंस)
  - **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन :** यस्तिका भाटिया (मुंबई इंडियंस)
  - **पावर स्ट्राइकर ऑफ द टूर्नामेंट :** सोफी डिवाइन (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **फेयरप्ले अवॉर्ड :** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स को संयुक्त रूप से दिया गया।
- **फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच :** नताली साइवर (मुंबई इंडियंस)

## ISSF विश्व कप निशानेबाजी चैंपियनशिप

- **संस्करण :** 8वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** भोपाल, मध्य प्रदेश (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 20 मार्च से 27 मार्च, 2023
- 8वें ISSF विश्व कप निशानेबाजी में भारत ने 8 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक और 5 कांस्य पदक शामिल हैं।
- भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- पदक तालिका में चीन ने 8 स्वर्ण पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- **भारत के पदक जीतने वाले खिलाड़ी :**
  - सरबजोत सिंह : स्वर्ण पदक (10 मीटर एयर पिस्टल)
  - वरुण तोमर और रिदम सांगवान : रजत पदक (10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम)
  - रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल : कांस्य पदक (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल)
  - सिफत कौर समरा : कांस्य पदक (महिलाओं की 50 मीटर राइफल)
  - मनु भाकर : कांस्य पदक (50 मीटर पिस्टल)

## अखिल भारतीय वन खेल कूद प्रतियोगिता, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** पंचकुला, हरियाणा (तीसरी बार)
- **आयोजन तिथि :** 10 मार्च से 14 मार्च, 2023
- **परिणाम :**
  - प्रथम स्थान ओवरऑल विजेता : छत्तीसगढ़

## एशियाई खो-खो चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** चौथा
- **आयोजन स्थल/देश :** असम (भारत)
- प्रथम आयोजन 1996, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल
- **आयोजन तिथि :** 20 मार्च से 23 मार्च, 2023
- **कुल टीम :** 16
- **विजेता (पुरुष) :** भारत
- **उपविजेता (पुरुष) :** नेपाल
- **विजेता (महिला) :** भारत
- **उपविजेता (महिला) :** नेपाल
- पुरुषों के फाइनल मैच में भारत ने नेपाल को 6 पॉइंट और एक पारी से पराजित किया।
- महिला टीम के फाइनल में भारतीय महिला टीम ने नेपाल महिला टीम को 33 प्वाइंट और एक पारी से पराजित किया।

## जूनियर कबड्डी विश्व चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** दूसरा
- **आयोजन स्थल/देश :** उर्मिया (ईरान)
- **आयोजन तिथि :** 28 फरवरी से 4 मार्च, 2023
- **कुल टीम :** 16
- **विजेता :** भारत
- **उपविजेता :** ईरान
- जूनियर कबड्डी विश्व चैंपियनशिप के फाइनल मैच में भारत ने ईरान को 41-33 के अंतर से पराजित किया और पहली बार यह प्रतियोगिता जीती।
- जूनियर कबड्डी विश्व कप का प्रथम आयोजन वर्ष 2019 में ईरान ने जीता था।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2022 (मध्य प्रदेश)

- **संस्करण :** 5वाँ (खेलो इंडिया स्कूल गेम्स 2018 को मिलाकर)
- नई दिल्ली के आई जी स्टेडियम में साइकिलिंग की प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- **आयोजन तिथि :** 30 जनवरी से 11 फरवरी, 2023
- **शुभंकर :** आशा (एक मादा चीता) तथा मोगली




- **आधिकारिक गीत :** हिंदुस्तान का दिल धड़का दो
- **आधिकारिक मशाल :** अमरकंटक
- **प्रतियोगिता में कुल खेल :** 27
- **प्रतियोगिता में शामिल नए खेल :**
  - तलवारबाजी
  - वाटर स्पोर्ट्स : कैनोइंग, कयाकिंग एवं स्लालोम
- खेलों इंडिया यूथ गेम्स, 2022 में महाराष्ट्र राज्य ने कुल 161 पदक जीते (56 स्वर्ण, 55 रजत और 50 कांस्य) और पदक तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- हरियाणा दूसरे स्थान पर और मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर रहे।
- मध्य प्रदेश खेलों इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी करने वाला 5वाँ भारतीय राज्य है।

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेल, 2023

- **संस्करण :** तीसरा
- **आयोजन स्थल/देश :** गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर (भारत)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- **आयोजन तिथि :** 10 फरवरी से 14 फरवरी
- खेलों इंडिया शीतकालीन खेल 2023 में जम्मू-कश्मीर ने पदक तालिका में प्रथम तथा महाराष्ट्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## 71वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप, 2023 (पुरुष और महिला)

- **संस्करण :** 71वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** गुवाहाटी (असम)
- **आयोजन तिथि :** 2 फरवरी से 9 फरवरी, 2023
- **पुरुष चैंपियनशिप :**
  - विजेता : राजस्थान
  - उपविजेता : सर्विसेज
- **महिला चैंपियनशिप :**
  - विजेता : केरल
  - उपविजेता : रेलवे
- 71वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप, 2023 टूर्नामेंट की पुरुषों की चैंपियनशिप के फाइनल मैच में राजस्थान ने सर्विसेज को 3-0 से हराया।
- महिलाओं की चैंपियनशिप में केरल की टीम ने रेलवे को 3-1 से हराया।

## ISSF विश्व कप राइफल/पिस्टल, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** काहिरा, मिस्र
- **आयोजन तिथि :** 17 फरवरी से 24 फरवरी, 2023
- भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल सात पदक जीते जिनमें 4 स्वर्ण पदक और 3 कांस्य पदक शामिल हैं।
- **भारत के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी :**
  1. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर : स्वर्ण पदक (पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पॉजिशन)
  2. रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल : स्वर्ण पदक (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल)
  3. वरूण तोमर और रिदम सांगवान : स्वर्ण पदक (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम)
  4. रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल और नर्मदा राजू : स्वर्ण पदक (10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम)
- **भारत के कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी :**
  1. अनिश भनवाला : कांस्य पदक (पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल)
  2. वरुण तोमर : कांस्य पदक (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल)
  3. तिलोत्तमा सेन : कांस्य पदक (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल)

## ICC महिला टी-20 विश्व कप, 2023

- **संस्करण :** आठवाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** दक्षिण अफ्रीका
- **आयोजन तिथि :** 10 फरवरी से 16 फरवरी, 2023
- **विजेता :** ऑस्ट्रेलिया (6वाँ खिताब)
- **कुल टीम :** 10
- **उपविजेता :** दक्षिण अफ्रीका
- ICC महिला टी-20 विश्व कप 2023 के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 19 रनों से पराजित किया।
- **बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज :** एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
- **टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन :** लौरा वोल्वार्ट, 230 रन (दक्षिण अफ्रीका)
- **टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट :** सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड) (11 विकेट)
- **आगामी टी-20 विश्व कप (महिला) :**
  - 9वाँ संस्करण : वर्ष 2024 में बांग्लादेश
  - 10वां संस्करण : वर्ष 2026 में इंग्लैंड

## FIH पुरुष इंडोर हॉकी विश्व कप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** दक्षिण अफ्रीका
- **आयोजन तिथि :** 5 फरवरी से 11 फरवरी, 2023
- **विजेता :** ऑस्ट्रिया (दूसरा खिताब)
- **उपविजेता :** नीदरलैंड्स
- **बेस्ट प्लेयर :** फैबियन अंटरकिर्चर

## FIH महिला इंडोर हॉकी विश्व कप (महिला)

- **विजेता :** नीदरलैंड्स (तीसरा खिताब)
- **उपविजेता :** ऑस्ट्रिया
- **बेस्ट प्लेयर (महिला) :** डोंजा जुविंक्लस

## फीफा क्लब विश्व कप, 2022

- **संस्करण :** 19वाँ
- **आयोजन तिथि :** 1 फरवरी से 11 फरवरी, 2023
- **कुल टीम :** 7
- **विजेता :** रियल मैड्रिड (स्पेन) (5वाँ खिताब)
- **उपविजेता :** अल-हिलाल (सऊदी अरब)
- **सबसे ज्यादा गोल :** पेड्रो (फ्लेमेंगो) 4 गोल
- **बेस्ट प्लेयर :** विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड)
- फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल मुकाबले में स्पेनिश फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल-हिलाल को 5-3 से हराकर खिताब जीता।
- इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 'प्रिंस मोले अब्दुल्लाह स्टेडियम, रबात (मोरक्को)' में खेला गया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** 84वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** पुणे, महाराष्ट्र
- **आयोजन तिथि :** 22 फरवरी से 28 फरवरी, 2023
- **पुरुष एकल :**
  - विजेता : मिथुन मंजुनाथ
  - उपविजेता : प्रियांशु राजावत
- **महिला एकल :**
  - विजेता : अनुपमा उपाध्याय
  - उपविजेता : आकर्षी कश्यप
- **पुरुष युगल विजेता :** एस. कुशल राज और प्रकाश राज
- **महिला युगल विजेता :** गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली
- **मिश्रित युगल विजेता :** टी. हेमनागेन्द्र बाबू और कनिका कनवाल

## बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप, 2023

- **संस्करण :** तीसरा
- **आयोजन स्थल/देश :** दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
- **आयोजन तिथि :** 14 फरवरी से 19 फरवरी, 2023
- **विजेता :** चीन
- **उपविजेता :** दक्षिण कोरिया
- **तृतीय स्थान :** भारत
- भारत की बैडमिंटन टीम ने बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पहली बार कांस्य पदक जीता है।

## नॉइसियल इंटरनेशनल ओपन चेस टूर्नामेंट, 2023

- **संस्करण :** 8वाँ
- **आयोजन स्थल/देश :** नॉइसियल, फ्रांस
- **आयोजन तिथि :** 18 फरवरी से 23 फरवरी, 2023
- **विजेता :** जी.एम. इनियन (भारत)
- **उपविजेता :** विग्नेस (भारत)
- जी.एम. इनियन ने दूसरी बार यह खिताब जीता है।
- विग्नेश भारत के 80वें ग्रैंड मास्टर बन गए हैं।

## महिला स्नूकर विश्व कप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** बैंकॉक, थाईलैण्ड
- **आयोजन तिथि :** 25 फरवरी से 27 फरवरी, 2023
- **विजेता :** भारत 'ए'
- **उपविजेता :** इंग्लैंड 'ए'
- महिला स्नूकर विश्व कप के फाइनल मैच में भारतीय टीम की खिलाड़ी अमी कमानी और अनुपमा रामचंद्रन ने 12 बार की विश्व चैंपियन रेने इवान्स और रेबेका केना को पराजित करके यह विश्व कप टूर्नामेंट जीता।

## FIDE वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप, 2022

- इस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कजाखिस्तान के अल्माटी में हुआ।
- **ओपन रैपिड :** स्वर्ण पदक : मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे)
- **ओपन ब्लिट्ज :** स्वर्ण पदक : मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे)
- **महिला रैपिड :**
  - स्वर्ण पदक : तान झोंग्यी (चीन)
  - रजत पदक : दिनारा सदुआकासोवा (कजाखिस्तान)
  - कांस्य पदक : सविता श्री (भारत)
- **महिला ब्लिट्ज :**
  - स्वर्ण पदक : बिबिसारा असौबायेवा (कजाखिस्तान)
  - रजत पदक : कोनेरू हम्पी (भारत)
- वर्ष 2019 में विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब कोनेरू हम्पी ने जीता था।

## इंडियन ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2023

- **आयोजन स्थल/देश :** नई दिल्ली (भारत)
- **आयोजन तिथि :** 17 से 22 जनवरी, 2023
- **पुरुष एकल :**
  - विजेता : कुनलावत वितिदसर्न (थाईलैंड)
  - उपविजेता : विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क)
- **महिला एकल :**
  - विजेता : अन सेयॉन्ग (दक्षिण कोरिया)
  - उपविजेता : अकाने यामागुची (जापान)

## FIH हॉकी (पुरुष) विश्व कप, 2023

- 15वें हॉकी (पुरुष) विश्व कप का आयोजन 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में हुआ।
- प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया।
- भारत में आयोजित होने वाला यह चौथा पुरुष हॉकी विश्व कप था। इससे पहले भारत वर्ष 1982, 2010 और 2018 में इस प्रतियोगिता का आयोजन कर चुका है।
- **आधिकारिक गीत :** हॉकी है दिल मेरा (संगीतकार प्रीतम)
- **शुभंकर :** ओली द वारियर (एक ओलिव रिडले कछुआ)
- इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में हुआ।
- **विजेता :** जर्मनी
- **उपविजेता :** बेल्जियम

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- फाइनल मैच में जर्मनी ने बेल्जियम को 5-4 से हराया।
- यह जर्मनी का तीसरा हॉकी वर्ल्ड कप खिताब है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2002 और वर्ष 2006 में हॉकी विश्व कप जीता था।
- भारत इस विश्व कप में अंतिम रूप से अर्जेन्टीना के साथ संयुक्त रूप से 9वें स्थान पर रहा।
- इस प्रतियोगिता में बेल्जियम को फेयर प्ले अवार्ड प्रदान किया गया।
- **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी :** निकलास वेलेन (जर्मनी)
- **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर :** विन्सेंट वानास्च (बेल्जियम)

## ICC अंडर-19 टी-20 विश्व कप, 2023

- इसका आयोजन 14 से 29 जनवरी 2023 के मध्य दक्षिण अफ्रीका में हुआ।
- **विजेता :** भारत (पहला खिताब)
- **उपविजेता :** इंग्लैंड
- **प्लेयर ऑफ द सीरिज :** ग्रेस स्क्रिवेस (इंग्लैंड)
- **प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच :** तितास साधु (भारत)
- **सर्वाधिक रन :** श्वेता सेहरावत (भारत)
- **सर्वाधिक विकेट :** मैगी क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया)
- इस प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम की कप्तान शेफाली वर्मा थी।

## टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2023

- 13-29 जनवरी, 2023 के मध्य संपन्न 85वें टाटा स्टील शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन नीदरलैंड में हुआ।
- **मास्टर्स वर्ग :**
  - **विजेता :** अनीश गिरी (नीदरलैंड)
  - **उपविजेता :** नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज्बेकिस्तान)

## ऑस्ट्रेलियन टेनिस ओपन, 2023

- इसका आयोजन 16-29 जनवरी, 2023 के मध्य मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में हुआ।
- **पुरुष एकल विजेता :** नोवाक जोकोविच (सर्बिया)
- **पुरुष एकल उपविजेता :** स्टेफानोस सिलसिपास (ग्रीस)
- **महिला एकल विजेता :** आर्यन सबलेंका (बेलारूस)
- **महिला एकल उपविजेता :** एलेना रिबाकिना (कजाकिस्तान)
- **मिश्रित युगल विजेता :** एल स्टेफनी एवं आर माटोस (ब्राजील)
- **मिश्रित युगल उपविजेता :** रोहन बोपन्ना एवं सानिया मिर्जा (भारत)

## पेट्रोनास मलेशिया बैडमिंटन ओपन, 2023

- इस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 10-15 जनवरी के मध्य कुआलालंपुर, मलेशिया में हुआ।
- **पुरुष एकल विजेता :** विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)
- **पुरुष एकल उपविजेता :** कोडाई नराओका (जापान)
- **महिला एकल विजेता :** अकाने यामागुची (जापान)
- **उपविजेता :** अन से यंग (दक्षिण कोरिया)

## खेल संबंधित महत्वपूर्ण घटनाक्रम

- ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023 का एन्थम सॉन्ग 'दिल जश्न बोले' को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) ने रिलीज किया।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने वर्ल्ड कप अभियान को '3 का ड्रीम' नाम दिया। इसमें अंक 3 भारतीय क्रिकेट टीम के तीसरे विश्व कप जीत हासिल करने के सपने को प्रदर्शित करता है।
- भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एडिडास कंपनी ने वर्ल्ड कप-2023 के लिए जर्सी का अनावरण किया।
- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2023 को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की वास्तुकला भगवान शिव से प्रेरित है। इस स्टेडियम के अंतर्गत अर्द्धचन्द्राकार आकार की छत, त्रिशूल आकार की फ्लडलाइट्स तथा घाटों पर स्थित सीढ़ियों से प्रेरित डिजाइन सीट्स (सीढ़ियों) की बैठने हेतु व्यवस्था की जाएगी।
- पाकिस्तान के क्रिकेट खिलाड़ी बाबर आजम ने ICC Player Of The Month का खिताब अपने नाम किया। (तीसरी बार)
- भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 22 सितंबर, 2023 को ऑस्ट्रेलिया के विरूद्ध एकदिवसीय मुकाबले में जीत हासिल करने के पश्चात् क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे तथा ट्वेंटी-ट्वेंटी) में एक साथ शीर्ष स्थान पर पहुँचने वाली विश्व की दूसरी टीम बनी।
- स्पेनिश फुटबॉल लीग 'ला लीगा' भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में युवाओं की प्रतिभा को निखारने हेतु फुटबॉल एकेडमी स्थापित करेगी।
- अमूल 19वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का आधिकारिक प्रायोजक (ऑफिशियल स्पॉन्सर) होगा।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने अपने समस्त घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए IDFC First Bank को नए शीर्षक प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) के रूप में चुना है।
- भारत के ओजस प्रवीण देवतले तथा अदिति गोपीचंद स्वामी ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते।
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने भारतीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ी मिडफील्डर लालियांजुआला छांगटे को वर्ष 2022-23 के लिए पुरुष फुटबॉलर ऑफ द ईयर घोषित किया। इनका संबंध भारत के मिजोरम राज्य से है।
- **अन्य पुरस्कार AIFF वर्ष 2022-23**
  - महिला फुटबॉलर ऑफ द ईयर : मनीषा कल्याण
  - उदीयमान फुटबॉलर ऑफ द ईयर : आकाश मिश्रा
  - उभरती फुटबॉलर ऑफ द ईयर : शिलजी शाजी

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- मई 2023 के राष्ट्रीय खेलों में गतका मार्शल आर्ट को भी शामिल किया गया।
- मई 2023 में बार्सिलोना ने वर्ष 2019 के बाद पहला ला-लीगा का खिताब जीता है।
- मई 2023 में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान क्रिकेट के टी-20 फॉर्मेट में 550 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले स्पिनर बन गए हैं।
- IPL 2023 में यशस्वी जायसवाल ने सबसे तेज अर्द्धशतक बनाया (13 गेंदो पर)। वे आईपीएल के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने।
- विराट कोहली आईपीएल के इतिहास में 7000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। (7000 रन, 233 मैच)
- मई 2023 में भारत की टेस्ट टीम ICC पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर वन टेस्ट टीम बन गई है।
- मई 2023 में 2023 का सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पौलेंड का खिताब मैग्नस कार्लसन ने जीता। वे शतरंज में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी हैं।
- मई 2023 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फोर्ब्स द्वारा जारी हाईसेस्ट पेड एथलीट की सूची में प्रथम स्थान मिला है।
- नेपाल ने वर्ष 2023 का ACC मेन्स प्रीमियर का खिताब जीता है।
- पाकिस्तान के क्रिकेटर बाबर आजम वन डे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- मई, 2023 को दोहा में आयोजित डायमंड लीग को भारत के प्रसिद्ध जैवलिन थ्रो खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने जीता।
- क्रिकेट के महान भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन पर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड ऑस्ट्रेलिया में, उनके नाम पर एक गेट का अनावरण किया गया।
- के. एल. राहुल को क्रिकेट के टी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज 7000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए है।। (197 पारी, 7000 रन)
- कार्लोस अल्कराज ने बार्सिलोना ओपन में स्टेफानोस सितसिपास को हराकर एकल टेनिस का खिताब जीता।
- शारजाह स्टेडियम (UAE) के वेस्ट स्टैंड का नाम बदलकर भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम पर रखा गया है।
- शाहीन अफरीदी (ओवर ऑल) टी-20 फॉर्मेट में 200 विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बन गए हैं।
- डिंग लिरेन रूस के इयान नेपोमनियाची को हराकर 17वें विश्व शतरंज चैंपियन तथा चीन के पहले विश्व शतरंज चैंपियन बने हैं।
- बाबर आजम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 12000 रन बनाने वाले दूसरे एशियाई बल्लेबाज बने। बाबर ने यह मुकाम 277 पारियों में हासिल किया। पहले स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 276 पारियों में सबसे तेज 12000 रन बनाए थे।
- भारत के युवा ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज आर्मगेडन एशिया और ओशिनिया इवेंट का टाइटल जीता। 16 वर्षीय गुकेश ने इस इवेंट में पूर्व रैपिड चैंपियन उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव को हराकर यह टाइटल अपने नाम किया।
- भारतीय गेंदबाज हर्षल पटेल आईपीएल में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। (100 विकेट, 79 पारी)
- बांग्लादेश के खिलाड़ी शाकिब अल हसन (पुरुष श्रेणी) तथा रवांडा की हेनरीट इशिमवे (महिला श्रेणी) को मार्च 2023 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया।
- भारत के खलील अहमद IPL के इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- ICC मेन्स टी-20 क्रिकेट में अंपायर बनने वाली पहली महिला किम कॉटन बनी हैं।
- अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) ने भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर डोपिंग टेस्ट में फेल होने पर 4 साल का प्रतिबंध लगाया।
- पेरु को 2023 फीफा अंडर-17 पुरुष विश्व कप के मेजबान पद से हटाया गया। अब यह टूर्नामेंट इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित किया जाएगा।
- अप्रैल, 2023 में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ऑफ स्पिन बॉलिंग के लिए अपनी पहचान बनाई थी।
- डॉ. के. गोविंदराज को अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल फेडरेशन (FIBA) में एशिया के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। यह पहला अवसर है जब किसी भारतीय को अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल फेडरेशन का अध्यक्ष बनाया गया।
- तमिलनाडु बास्केटबॉल एसोसिएशन (TNBA) के अध्यक्ष आधव अर्जुन को बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (BFI) का अध्यक्ष चुना गया।
- मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर का स्टैच्यू लगाया जाएगा क्योंकि सचिन ने अपने कैरियर का अंतिम मैच इसी मैदान पर खेला था।
- विश्व एथलेटिक्स संघ ने ट्रांसजेंडर महिलाओं को 31 मार्च, 2023 के बाद से महिला विश्व रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है।
- रविचंद्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन गए।
- सूर्यकुमार यादव वन डे इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार तीन मैचों में गोल्डन डक (शून्य पर आउट) पर आउट होने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं।

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- क्रेग फुल्टन मार्च 2023 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए कोच बने हैं। वे साउथ अफ्रीका के पूर्व पुरुष फिल्ड हॉकी इंटरनेशनल तथा आयरलैंड की नेशनल मेन्स फील्ड हॉकी टीम के पूर्व कोच हैं।
- मैक्स वेरस्टैपेन ने बहरीन ग्रैंड प्रिक्स 2023 का खिताब अपने नाम किया।
- कर्नाटक ने 54 वर्ष बाद संतोष ट्रॉफी जीती है।
- अनुपमा उपाध्याय ने नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में महिला एकल के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की आकर्षी कश्यप को हराकर पहली बार महिला एकल का खिताब जीता।
- भारतीय स्टेशनरी ब्रांड लक्सर (Luxor) ने विराट कोहली को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।
- वायाकॉम 18 (Viacom 18) ने डिजिटल स्पोर्ट्स व्यूइंग (Digital Sports Viewing) को बढ़ावा देने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।
- भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना (43 वर्षीय) ATP मास्टर्स खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।
- तैराक सुचेता देव बर्मन पाक जलडमरूमध्य में 62 किमी तक दो तरफा तैरने वाली पहली भारतीय महिला तैराक बन गई है।
- संपन्ना रमेश शेलार पाक जलडमरुमध्य को सबसे कम समय (5 घंटे 30 मिनट) में पार करने वाले अंडर-21 ग्रुप में सबसे तेज भारतीय तैराक बन गए हैं।
- भारतीय हॉकी टीम की दिग्गज प्लेयर रानी रामपाल के नाम पर रायबरेली के हॉकी स्टेडियम का नाम रखा गया है।
- केरल राज्य ने पहली 'राष्ट्रीय बीच सॉकर चैंपियनशिप, 2023' का खिताब जीता।
- दीप्ति शर्मा फरवरी में टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाली भारत की पहली गेंदबाज बनी हैं।
- तरूणदीप रॉय ने राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट में पुरुष रिकर्व का खिताब जीता है।
- इंग्लैंड के क्रिकेटर इयॉन मोर्गन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।
- नोवाक जोकोविच ने 'ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2023' का पुरुष एकल का खिताब जीता।
- 2023 में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स के पाँचवें संस्करण में महाराष्ट्र (161 पदक) राज्य ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक ने केन्या देश में आयोजित गोल्फ का मैजिकल केन्या लेडीज ओपन का खिताब जीता।
- भारतीय महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर को स्पोर्ट्स के प्रसिद्ध ब्रांड प्यूमा (PUMA) इंडिया ने अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है।
- डच खिलाड़ी अनीश गिरी ने 'टाटा स्टील मास्टर्स, 2023' का खिताब जीता है।
- फुटबॉल एशिया कप, 2027 की मेजबानी सऊदी अरब करेगा।
- भारतीय एथलीट दीपा कर्माकर के डोप टेस्ट में फेल होने के कारण ITA (इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी) ने 21 महीने का प्रतिबंध लगा दिया है।
- लद्दाख के लेह में आयोजित 12वीं नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप 2023 का खिताब भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने जीता है। ITBP ने यह टूर्नामेंट तीसरी बार जीता है। (उपविजेता - लद्दाख स्काउट्स)
- खेलों इंडिया विंटर गेम्स 2023 का जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में तीसरा संस्करण 10 फरवरी से 14 फरवरी के बीच संपन्न हुआ।
- फरवरी 2023 में आयोजित नेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने जीती है।
- ICC महिला टी-20 वर्ल्ड कप का 8वाँ संस्करण दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होगा।
- भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2023 में उच्चतम बोली प्राप्त की।
- इंग्लैंड के क्रिकेटर बेन स्टोक्स टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।
- रणजी ट्रॉफी 2023 का खिताब सौराष्ट्र की टीम ने बंगाल की टीम को हराकर जीता।
- आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम ने क्रिकेट के इतिहास में प्रथम बार टी-20, वन-डे और टेस्ट मैच क्रिकेट के इन तीनों फॉर्मेट में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- 20 फरवरी, 2023 को लद्दाख की पैंगोग त्सो लेक में भारत की फर्स्ट फ्रोजन लेक मैराथन 'लास्ट रन' आयोजित की गई।
- भारत को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे में श्रीलंका को 317 रन से हरा दिया। यह रनों के अंतर से वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था।
- ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने घोषणा की कि वह दुबई ओपन चैंपियनशिप के बाद टेनिस से संन्यास ग्रहण कर लेंगी।
- मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने देश के सबसे बड़े प्री-इंजीनियर्ड कंपोजिट फुटबॉल स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता 9500 है।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 11 जनवरी को दिसंबर 2022 के लिये ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड की घोषणा की जिसमें इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक एवं ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर को क्रमशः ICC मेन्स एंड विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड दिया गया।
- रिलायंस की स्वामित्व वाली कंपनी वायाकॉम-18 प्राइवेट

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



लिमिटेड ने महिला आईपीएल के प्रसारण का अधिकार हासिल किया।

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में घोड़े की सवारी करते हुए एक पोलो खिलाड़ी की 122 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया। यह विश्व में किसी पोलो खिलाड़ी की सबसे ऊँची प्रतिमा है।
- खेलो इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय खो-खो लीग का आयोजन 10 से 13 जनवरी के बीच चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, पंजाब में हुआ।

## चर्चित खिलाड़ी

### मोंडो डुप्लांटिस

- यूजीन डायमण्ड लीग 2023 के फाइनल में स्वीडन के पोलवॉल्ट खिलाड़ी मोंडो डुप्लांटिस ने 6.23 मीटर की ऊँचाई तय करके सातवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### अंतिम पंघाल

- भारत की महिला कुश्ती खिलाड़ी अंतिम पंघाल ने बेलग्रेड (सर्बिया) में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

### मॉर्को बेज़ेची

- इटली के मॉर्को बेज़ेची ने नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर आयोजित प्रथम भारतीय मोटो ग्रैंड प्रिक्स 2023 का खिताब अपने नाम किया।

### सिमोना हॉलेप

- रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सिमोना हॉलेप पर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (ITIA) द्वारा डोपिंग उल्लंघन के आरोप में चार वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### लोकेश सूजी

- इंटरनेशनल ई-स्पोर्ट्स फेडरेशन (IESF) के सदस्य के रूप में चुने जाने वाले प्रथम भारतीय व्यक्ति लोकेश सूजी है। इनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।

### डेनिएल मैकगेही

- डेनिएल मैकगेही (कनाडा) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाली प्रथम ट्रांसजेंडर क्रिकेटर बनी हैं।

### मैक्स वेरस्टैपेन

- रेडबुल रेसिंग टीम के चालक तथा नीदरलैंड के मैक्स वेरस्टैपेन ने इटालियन ग्रांड प्रिक्स में लगातार 10वीं जीत के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो

- पुर्तगाल फुटबॉल टीम के खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने करिअर में 850 गोल करने वाले विश्व के प्रथम फुटबॉलर बने।

### नीरज चोपड़ा

- भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय बने हैं।

### इगा स्वियाटेक तथा राफेल नडाल

- पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक तथा स्पेन के पुरुष टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को इंफोसिस ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

### सचिन तेंदुलकर

- भारत के भूतपूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को भारतीय निर्वाचन आयोग ने अपना राष्ट्रीय आइकन घोषित किया।

### आदिल सुमरीवाला

- भारत के आदिल सुमरीवाला को विश्व एथलेटिक्स संघ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### राहुल द्रविड़

- भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

### एश्ले गार्डनर

- ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट खिलाड़ी एश्ले गार्डनर ने लगातार दो माह (जून तथा जुलाई 2023) में ICC प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब जीता। ऐसा करने वाली एश्ले गार्डनर प्रथम खिलाड़ी बनीं।

### स्टुअर्ट ब्रॉड

- इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने एशेज सीरीज-2023 के पश्चात् क्रिकेट से संन्यास ले लिया। स्टुअर्ट ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया तथा 604 टेस्ट विकेट अपने नाम किए। स्टुअर्ट ब्रॉड टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट हासिल करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज हैं।

### श्रेयांका पाटिल

- भारत की युवा स्पिन गेंदबाज श्रेयांका पाटिल कैरेबियन महिला प्रीमियर लीग (WCPL T-20) का हिस्सा बनने वाली प्रथम भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। श्रेयांका पाटिल इस लीग में गुयाना अमेजन वारियर्स टीम के लिए खेलेंगी। इनका संबंध भारत के कर्नाटक राज्य से है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


## यशस्वी जायसवाल

- भारत के पुरुष क्रिकेट खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट डेब्यू में विदेशी धरती पर सर्वाधिक रन (171) बनाने का भारतीय रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी

- भारत के पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने मैच के दौरान अपने 565 किमी/घंटा के स्मैश से नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

## अंशुमन झिंगरन

- भारतीय ओपन वॉटर तैराक अंशुमन झिंगरन ने सबसे कम उम्र में नॉर्थ चैनल पार करने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इनका संबंध भारत के महाराष्ट्र राज्य से है।

## आर. प्रज्ञानन्द

- भारत के शतरंज ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानन्द ने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित वी. गेजा हेटेन्यी मेमोरियल सुपर जी.एम. शतरंज टूर्नामेंट 2023 का खिताब जीता।

## शाहरुख खान

- भारतीय अभिनेता शाहरुख खान ICC पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किये गये। इन्होंने अपनी आइकॉनिक वॉयसओवर में वर्ल्ड कप-2023 कैंपेन 'It Takes One day' लॉन्च किया।

## शुभंकर शर्मा

- 151वें ब्रिटिश ओपन में भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यू.एस.ए. के कैमरन यंग के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे। इन्होंने ब्रिटिश ओपन के टॉप-10 में शामिल होकर प्रथम भारतीय होने का गौरव प्राप्त किया।

## लियोन मारचंद

- जापान के फुकुओका में आयोजित विश्व तैराकी चैंपियनशिप 2023 में फ्रांस के 21 वर्षीय तैराक लियोन मारचंद ने तैराकी में यू.एस.ए. के माइकल फेल्प्स का 15 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लियोन मारचंद ने 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 4 मिनट 2.50 सेकंड का समय लिया।

## सुमित नागल

- भारतीय पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल यूरोप की धरती पर दो ATP चैलेंजर इवेंट का खिताब जीतने वाले प्रथम भारतीय बन गए हैं। इन्होंने टॉम्परे (फिनलैंड) में 'टाम्परे ओपन' के फाइनल मुकाबले में डेलिबोर स्वेरसीना को दो सेटों में 6-4, 7-5 के अंतर से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

## केसी फेयर

- दक्षिण कोरिया की 16 वर्षीय केसी फेयर FIFA महिला फुटबॉल विश्व कप के इतिहास में प्रतिभाग करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी हैं।

## वुप्पला प्रणीत

- वुप्पला प्रणीत भारत में तेलंगाना राज्य के एक 15 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी हैं।
- मई 2023 में वे भारत के 82वें ग्रैंडमास्टर बने हैं।

## अरविंद चितांबरम

- अरविंद चितांबरम एक भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। हाल ही में उन्होंने 2023 का दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

## रानी रामपाल

- रानी रामपाल भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी है। हाल ही में भारतीय टीम की इस स्टार खिलाड़ी के नाम पर रायबरेली (उत्तर प्रदेश) में एक स्टेडियम का नाम रखा गया है।

## प्रमोद भगत

- प्रमोद भगत एक प्रसिद्ध भारतीय पैरा-बैंडमिंटन खिलाड़ी हैं।
- उन्होंने 2023 में थाइलैंड में आयोजित पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

## रोहित शर्मा

- रोहित शर्मा टी-20 में 11000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।
- रोहित शर्मा ने ओडीआई में तीन बार दोहरा शतक लगाया है।

## अजीत अगरकर

- अजीत अगरकर को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) द्वारा सीनियर पुरुष चयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

## धीरज बोम्मदेवरा

धीरज बोम्मदेवरा भारत के एक तीरंदाज हैं। इन्होंने तीरंदाजी विश्वकप 2023 में कांस्य पदक जीता है।

## अभिनव शॉ और गौतमी भनौट

अभिनव शॉ और गौतमी भनोट की जोड़ी ने कोरिया में आयोजित (आईएसएसएफ) वर्ल्ड जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित इवेंट श्रेणी में गोल्ड मेडल जीता।

## भवानी देवी

- चादलवाड़ा आनंदा सुंदररामन भवानी देवी एक प्रसिद्ध भारतीय तलवारबाज हैं।
- वे एशियाई तलवारबाजी (फेंसिंग) चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बन गई हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- वर्ष 2022 में लंदन में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था।

## पृथ्वीराज तोण्डाईमन

- पृथ्वीराज तोण्डाईमन भारत के एक ट्रैप शूटर हैं।
- इन्होंने 2023 में दोहा (कतर) में आयोजित ISSF शॉटगन विश्व कप में कांस्य पदक जीता।
- ISSF शॉटगन विश्व कप 2023 लोनाटो, में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## प्रवीण चित्रवेल

प्रवीण चित्रवेल एक भारतीय एथलीट है जो ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा करते हैं। ये 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में चौथे स्थान (16.89 मीटर) पर रहे।

## अभिलाष टॉमी

- अभिलाष टॉमी, भारतीय नौसेना के एक पूर्व कमांडर है।
- इन्होंने गोल्डन ग्लोब रेस, 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- गोल्डन ग्लोब रेस 2022 दक्षिणी अफ्रीकी नाविक कर्स्टन नेउशॉफर ने जीती।

## लैशिण्डा डेमस

- लैशिण्डा डेमस, संयुक्त राज्य अमेरिका की एक सेवानिवृत्त बाधा धावक है जो 400 मीटर बाधा स्पर्धा में भाग लेती हैं।
- इन्हें लंदन ओलंपिक 2012 में 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिया गया है क्योंकि अक्टूबर 2022 में आईओसी (IOC) द्वारा उस समय की स्वर्ण पदक विजेता रूस की नताल्या अंत्युख की अयोग्यता के कारण एक दशक के बाद लैशिण्डा डेमस को पुनः 400 मीटर बाधा दौड़ के लिए विजेता घोषित किया गया है।

## अचंत शरथ कमल (तमिलनाडु)

- अचंत शरथ कमल एक भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। इन्होंने 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक जीता था।
- इन्हें वर्ष 2022 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## विराट कोहली

- विराट कोहली एक प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर हैं।
- विराट कोहली ने आरसीबी के लिए IPL 2023 में 7500 रन पूरे किए और किसी भी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने।
- IPL 2023 में छठा शतक लगाया और क्रिस गेल के 6 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। विराट कोहली T-20 में किसी टीम के लिए 250 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनें।
- विराट कोहली ICC की वनडे, टेस्ट और टी-20 टीम ऑफ द ईयर में शामिल होने वाले दुनिया के इकलौते क्रिकेटर बने हैं।

## पंकज आडवाणी

- पंकज आडवाणी भारत के एक प्रसिद्ध बिलियर्ड्स और स्नूकर खिलाड़ी हैं।
- इन्होंने मार्च में आयोजित एशियन मेन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप 2023 का खिताब जीता और इन्होंने यह खिताब लगातार दूसरी बार तथा कुल 9वीं बार अपने नाम किया।

## सिद्धार्थ चौधरी

- सिद्धार्थ चौधरी भारतीय एथलीट हैं। इन्होंने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2023 में गोल्ड मेडल जीता है।

## तंजीम फयाज

तंजीम फयाज भारत की जूडो खिलाड़ी है। इन्होंने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जूडो चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीता।

## एम.सी. मैरी कॉम

- एम.सी. मैरी कॉम (मैगते चंग्नेइजैंग मैरी कॉम) एक प्रसिद्ध भारतीय महिला मुक्केबाज हैं।
- वर्तमान में ये भारतीय संसद में राज्यसभा की सदस्य हैं।

## शालिनी सिंह

- शालिनी सिंह उत्तर प्रदेश राज्य की हैं।
- ये उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में पाठ्यक्रम को पूरा करने वाली भारत की पहली महिला एनसीसी (NCC) कैडेट बन गई हैं। उन्होंने कोर्स के तहत उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित ड्रिंग घाटी में 15400 फीट की चोटी पर चढ़ाई की थी।

## मार्क निकोलस

- मार्क निकोलस एक पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर और कमेंटेटर हैं। उन्हें मई 2023 में मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया है।

## प्रणय शर्मा

- प्रणय शर्मा भारत के एक कराटे खिलाड़ी हैं।
- वर्ष 2022 में इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित डब्ल्यू. के. एफ. (WKF) कराटे 1 सीरिज 'A' में प्रणय शर्मा ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा।
- विश्व स्तर पर कराटे प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा जीता गया यह पहला मेडल है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## ज्योति याराजी

- ज्योति याराजी वर्तमान समय में भारत की सबसे तेज महिला हर्डलर (बाधा दौड़ धावक) हैं।
- उन्होंने थाइलैंड में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में गोल्ड मेडल जीता।
- उन्होंने 2022 के नेशनल गेम्स में 100 मीटर और 100 मीटर बाधा दौड़ में भी गोल्ड मेडल जीता था।

## भगवानी देवी

- भगवानी देवी हरियाणा राज्य की एक 95 वर्षीय महिला एथलीट हैं। उन्होंने पौलेंड में आयोजित हुए 9वें वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में तीन अलग-अलग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने ये पदक शॉटपुट, 60 मीटर दौड़ और डिस्कस थ्रो में जीते।

## आदित्य एस. सामंत

- आदित्य सामंत महाराष्ट्र राज्य के शतरंज खिलाड़ी हैं।
- आदित्य सामंत ने बील अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट (MTO) में अपना तीसरा जीएम नॉर्म प्राप्त करने के साथ ही भारत के 83वें ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल किया।

## विनेश फोगाट

- विनेश फोगाट एक प्रसिद्ध भारतीय पहलवान हैं।
- इन्होंने 2022 में बेलग्रेड (सर्बिया) में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

## पेले

- पेले ब्राजील के एक महान फुटबॉलर खिलाड़ी थे जिनका 29 दिसंबर 2022 को 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

## शेफाली वर्मा

- शेफाली वर्मा एक भारतीय महिला क्रिकेटर है। वे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं।
- शेफाली वर्मा ने 15 वर्ष की उम्र में ही अर्द्धशतक लगाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। (सचिन तेंदुलकर ने 16 वर्ष की उम्र में पहला अर्द्धशतक लगाया था।)

## सलीमा टेटे

- सलीमा टेटे, भारतीय राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी हैं। उन्हें एशियाई हॉकी महासंघ (AHF) ने 2 वर्ष अवधि के लिए (25 मार्च 2023 से 25 मार्च 2025) भारत की ओर से एशियन हॉकी फेडरेशन का एथलीट एंबेसडर नियुक्त किया है।

## पी. टी. उषा

- पी.टी. उषा एक पूर्व भारतीय महिला धावक हैं।
- इन्हें क्वीन ऑफ ट्रैक फिल्ड, गोल्डन गर्ल तथा पय्योली एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान में पी.टी. उषा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष हैं।

## लक्ष्य सेन

- लक्ष्य सेन भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।
- इन्होंने 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था। ये ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट, 2022 क्वालिफाई करने वाले सबसे कम उम्र के बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।

## अवनि लेखरा (राइफल शूटर)

- अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।
- अवनि लेखरा को आगामी स्पोर्ट्स्टार एसेज अवार्ड्स 2023 में पॉपुलर चॉइस - स्पोर्ट्स स्टार ऑफ द ईयर के लिए नामांकित किया गया है।

## डी. गुकेश

- डी. गुकेश भारत के एक शतरंज खिलाड़ी हैं।
- सितंबर 2023 की रेटिंग सूची के अनुसार डी. गुकेश विश्वनाथ आनंद को पछाड़कर भारत के सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर बने।

## हरमनप्रीत कौर

- हरमनप्रीत कौर एक प्रसिद्ध भारतीय महिला क्रिकेटर एवं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हैं।
- वे टी-20 के 100 मैचों में कप्तानी करने वाली भारत की पहली महिला कप्तान तथा विश्व की दूसरी महिला कप्तान बनीं।

## उन्नति हुड्डा

- उन्नति हुड्डा भारत की एक बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।
- उन्नति हुड्डा बैडमिंटन की एशिया जूनियर चैंपियनशिप अंडर-17 महिला एकल के फाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं।

## मीराबाई चानू

- मीराबाई चानू भारतीय वेटलिफ्टर हैं।
- मीराबाई चानू को एसेज अवार्ड्स 2023 के लिए पापुलर चॉइस-स्पोर्ट्स स्टार ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

## संपन्न रमेश शेलार

- संपन्न रमेश शेलार अंडर-21 ग्रुप में श्रीलंका के तलाईमन्नार से तमिलनाडु के धनुषकोडी तक पाक जलडमरुमध्य को तैरने वाले सबसे तेज भारतीय बने।

## नीतू घंघास

- नीतू घंघास भारतीय मुक्केबाज हैं। ये हरियाणा राज्य से हैं।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इन्होंने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 2023 में गोल्ड मेडल जीता।

## सायंतन दास

- सायंतन दास भारत के एक शतरंज खिलाड़ी हैं ये पश्चिम बंगाल राज्य से हैं। उन्होंने 36वें कान्स शतरंज फेस्टिवल का खिताब जीता और वे भारत के 81वें शतरंज ग्रैंड मास्टर और पश्चिम बंगाल के 11वें मास्टर बन गए हैं।

## निकहत (निखत) जरीन

निकहत (निखत) जरीन भारत की एक महिला बॉक्सर हैं। उन्होंने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 में 50 किग्रा लाइट फ्लाइवेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता है।

## सरबजोत सिंह

- सरबजोत सिंह भारत के निशानेबाज खिलाड़ी हैं।
- उन्होंने शूटिंग वर्ल्ड कप 2023 में एयर पिस्टल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है।

## बिंदियारानी देवी

- बिंदियारानी देवी भारत की एक भारोत्तोलक खिलाड़ी हैं।
- उन्होंने CWG बर्मिंघम, 2022 में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। उन्होंने एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में भी रजत पदक जीता है।

## शुभमन गिल

- शुभमन गिल वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के पाँचवें बल्लेबाज एवं विश्व के सबसे कम उम्र के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## फलक मुमताज

- जम्मू-कश्मीर की 11 साल की फलक मुमताज ने नेशनल स्के चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। 23वीं राष्ट्रीय स्के चैंपियनशिप का आयोजन स्के फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू-कश्मीर में किया गया था।

## जयदेव उनादकट

- सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के कप्तान जयदेव उनादकट ने रणजी ट्राफी के मुकाबले में इतिहास रच दिया। दिल्ली के खिलाफ मैदान पर गेंदबाजी करने उतरे जयदेव उनादकट ने मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया।

## बेलिंडा क्लार्क

- सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के परिसर में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज बेलिंडा क्लार्क ने अपनी मूर्ति का अनावरण किया। इसके साथ बेलिंडा पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं जिनकी प्रतिमा है।

## अनाहत सिंह

- भारत की स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने बर्मिंघम में प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन टूर्नामेंट में लड़कियों का अंडर-15 का खिताब जीत लिया है।

## सूर्यकुमार यादव

- सूर्यकुमार यादव टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 1500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 1500 रन के लिए 843 गेंदों का सामना किया और 42 पारियाँ खेलीं।

## आगामी खेल आयोजन

| प्रतियोगिता | आयोजन स्थल |
|---|---|
| 9वाँ FIFA महिला विश्व कप (2023) | ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड |
| 23वाँ फीफा फुटबॉल विश्व कप (2026) | कनाडा-मैक्सिको-अमेरिका |
| AFC (Asian Football Confederation) एशिया कप (2027) | सऊदी अरब |
| 9वाँ ICC महिला टी-20 विश्व कप (2024) | बांग्लादेश |
| 13वाँ पुरुष ICC ODI क्रिकेट विश्व कप (2023) | भारत |
| 9वाँ पुरुष T-20 विश्व कप (2024) | वेस्टइंडीज एवं यू.एस.ए. |
| 10वाँ पुरुष T-20 विश्व कप (2026) | भारत और श्रीलंका |
| 14वाँ पुरुष ICC ODI क्रिकेट विश्व कप (2027) | दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया |
| 33वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल (2024) | पेरिस, फ्रांस |
| 34वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल (2028) | लॉस एंजिल्स, अमेरिका |
| 20वें एशियाई खेल (2026) | आईची एवं नागोया (जापान) |
| विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप (2026) | भारत |
| कबड्डी विश्व कप (2025) | इंग्लैंड |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# महत्वपूर्ण सूचकांक/रिपोर्ट (राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय)

| सूचकांक/रिपोर्ट | जारीकर्ता संगठन | सर्वोच्च रैंक प्राप्तकर्ता देश/अन्य विवरण | भारत की रैंक/स्थिति |
|---|---|---|---|
| वैश्विक नवाचार सूचकांक | विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) | 1st - स्विट्जरलैंड<br>2nd - स्वीडन<br>3rd - USA | 40 |
| वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 | टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) | 1st -यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड<br>2nd - स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी<br>3rd मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | भारत का IISC, बेंगलुरु शीर्ष 250 यूनिवर्सिटीज में शामिल है |
| वर्ल्ड टैलेंट रैंकिंग 2023 | इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) | 1st - स्विट्जरलैंड 2nd - लक्जमबर्ग 3rd - आइसलैंड | 56 |
| ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स | चैनालिसिस | 1st - भारत<br>2nd - नाइजीरिया<br>3rd - वियतनाम<br>वर्ष 2022 में इस इंडेक्स में वियतनाम पहले स्थान पर था | 1 |
| द वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज, 2023 | टाइम मैगजीन | 1st - माइक्रोसॉफ्ट<br>2nd - एप्पल<br>3rd - एल्फाबेट | इंफोसिस (भारत) इस सूची में 64 वें स्थान पर है |
| जेंडर स्नैपशाट रिपोर्ट 2023 | संयुक्त राष्ट्र महिला और UNDESA द्वारा संयुक्त रूप से जारी | 2030 के आधे रास्ते में SDG-5 'लैंगिक समानता' की प्रगति स्पष्ट रूप से पटरी से उतर गई है। यदि वर्तमान स्थिति जारी रहती है तो वर्ष 2030 तक 340 मिलियन से अधिक महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी में होंगी। | |
| इंटरनेट रेजिलिएंस इंडेक्स | इंटरनेट सोसायटी | 1st - भूटान<br>2nd - बांग्लादेश<br>3rd - मालदीव<br>➢ इंटरनेट मजबूती के मामले में दक्षिण एशिया में भारत 43% के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर है।<br>➢ दुनिया में भारत IPV 6 को अपनाने के मामले में सबसे आगे है। | 6 |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | | |
|---|---|---|---|
| फार्च्यून ग्लोबल 500 | फार्च्यून मैगजीन | 1st - वालमार्ट<br>2nd - सऊदी अरामको<br>3rd - स्टेट ग्रिड | इस लिस्ट में भारतीय कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान सबसे ऊपर है और यह 88 वें पायदान पर है। |
| सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामलों से जुड़ी रिपोर्ट | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (ADR) और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा | ➢ संसद के 763 सांसदों में से 306 (40%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए।<br>➢ स्व-शपथ हलफनामे में आपराधिक मामलों की घोषणा करने वाले सांसदों की सूची में केरल शीर्ष पर है। इसके बाद बिहार, महाराष्ट्र और तेलंगाना का स्थान है।<br>➢ बिहार में गंभीर मामलों वाले सांसदों का प्रतिशत सबसे अधिक है।<br>➢ लगभग 194 (25%) सांसदों ने अपने हलफनामे में गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। | |
| RBI डिजिटल पेमेंट इंडेक्स (RBI-DPI) | भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा | ➢ देश भर में डिजिटल भुगतान में मार्च 2023 तक एक वर्ष में 13.24% की वृद्धि हुई।<br>➢ RBI का डिजिटल भुगतान इंडेक्स मार्च 2023 के अंत में 395.57 पर था।<br>➢ इस इंडेक्स के पाँच पैरामीटर - भुगतान सक्षमकर्ता, भुगतान अवसंरचना-मांग पक्ष कारक, भुगतान अवसंरचना-आपूर्ति पक्ष कारक, भुगतान निष्पादन और उपभोक्ता केंद्रितता है।<br>➢ 1 जनवरी 2021 से, RBI मार्च 2018 को आधार वर्ष मानकर समग्र RBI-DPI प्रकाशित कर रहा है। | |
| टाइगर रिजर्व प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन रिपोर्ट (पाँचवा चक्र) | राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) और वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया | ➢ रिपोर्ट में शामिल 51 टाइगर रिजर्व में से प्रत्येक के लिये सभी 33 संकेतकों के स्कोर को एक साथ एकत्रित करके 78.01% का समग्र औसत स्कोर प्राप्त हुआ।<br>➢ सर्वाधिक स्कोर प्राप्त करने वाले तीन टाइगर रिजर्व - 1. पेरियार टाइगर रिजर्व 2. सतपुडा टाइगर रिजर्व 3. बांदीपुर टाइगर रिजर्व<br>➢ बाघों की सबसे बड़ी आबादी मध्य प्रदेश में है। इसके बाद क्रमश: कर्नाटक और उत्तराखंड का स्थान है।<br>➢ अप्रैल 2023 में मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने बाघों की न्यूनतम आबादी 3167 घोषित की थी। | |
| 'क्राइम इन इंडिया' रिपोर्ट | नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) | ➢ भारत में वर्ष 2021 में कुल 3,75,058 (18 वर्ष से अधिक) महिलाएँ लापता हो गईं।<br>➢ वर्ष 2021 में सबसे अधिक 56498 महिलाओं के लापता होने की सूची में महाराष्ट्र शीर्ष पर है। इसके बाद क्रमश: मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल का स्थान है। | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | | |
|---|---|---|---|
| फीफा पुरुष विश्व रैंकिंग (सितंबर, 2023) | इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (FIFA) | 1st – अर्जेन्टीना<br>2nd – फ्रांस<br>3rd – ब्राजील | 102 |
| राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक : एक प्रगति समीक्षा 2023 रिपोर्ट | नीति आयोग | ➢ रिपोर्ट के अनुसार, 2015 और 2019-21 के बीच रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं।<br>➢ उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई और 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।<br>➢ देशभर में बहुआयामी गरीबों की संख्या में सबसे तेज कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में देखी गई है।<br>➢ यह सूचकांक नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 4 और 5 पर आधारित है। | |
| निर्यात तैयारी सूचकांक 2022 (तीसरा संस्करण) | नीति आयोग | ➢ यह रिपोर्ट चार स्तंभों – नीति, व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र और निर्यात प्रदर्शन तथा निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र पर राज्यों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है।<br>सूचकांक में शीर्ष स्थान<br>पहला – तमिलनाडु<br>दूसरा – महाराष्ट्र<br>तीसरा – कर्नाटक<br>चौथा – गुजरात<br>➢ पहाड़ी/हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड शीर्ष स्थान पर है। इसके बाद हिमाचल प्रदेश का स्थान है।<br>➢ निर्यात के लिहाज से गुजरात का जामनगर देश का शीर्ष जिला है। | |
| शिकायत निवारण सूचकांक | प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) | ➢ यह सूचकांक DARPG द्वारा केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के तहत बनाया गया है।<br>➢ 30 जून, 2023 तक सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 188275 सार्वजनिक शिकायत मामले लंबित थे।<br>➢ बड़े राज्यों में 17500 से अधिक शिकायतों के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है इसके बाद क्रमश: झारखंड और मध्य प्रदेश का स्थान है।<br>➢ सिक्किम पूर्वोत्तर राज्यों में शीर्ष पर है।<br>➢ केंद्रशासित प्रदेशों में लक्षद्वीप शीर्ष पर है। | |
| परफॉरमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स फॉर डिस्ट्रिक्ट ऑफ इंडिया (PGI-D) | शिक्षा मंत्रालय | ➢ PGI-D संरचना का कुल वेटेज 600 अंकों का है जिसमें 6 श्रेणियों के तहत 73 संकेतक शामिल हैं।<br>➢ इस रिपोर्ट में 10 ग्रेड हैं जिनके तहत जिलों को वर्गीकृत किया जाता है जिसमें 'दस' उच्चतम ग्रेड (90% से ऊपर) है। | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ➢ कोई भी जिला शीर्ष दो ग्रेड दक्ष और उत्कर्ष अर्जित नहीं कर पाया है।<br>➢ वर्ष 2021-22 के लिये अति उत्तम ग्रेड वाले जिलों/केंद्रशासित प्रदेशों में चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली, दिल्ली, आंध्र प्रदेश के कृष्णा और गुंटूर जिले, ओडिशा के कटक, भरत, जगतसिंहपुर, गंजाम,पुरी और खुरधा जिले, तेलंगाना में सिद्दीपेट, गुजरात में वलसाड, जूनागढ़ और साबरकांठा, कर्नाटक और केरल के कई जिले शामिल है। | |
| किसान संकट सूचकांक | केंद्रीय शुष्क भूमि कृषि अनुसंधान संस्थान (CRIDA) | यह सूचकांक फसल हानि, विफलता और आय हानि के रूप में कृषि संकट को कम करने के उद्देश्य से वर्ष 2022 में शुरू किया गया था। | |
| भारतीय ब्रांड रैंकिंग 2023 | इंटरब्रांड | शीर्ष 3 मूल्यवान भारतीय ब्रांड<br>1. TCS<br>2. रिलायंस इंडस्ट्रीज<br>3. इंफोसिस | |
| ऑयल रिपोर्ट 2023 | अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी | ➢ अमेरिका, चीन और भारत विश्व के तीन सबसे बड़े तेल उपभोक्ता हैं।<br>➢ भारत में तेल की मांग में वृद्धि वर्ष 2027 तक चीन से आगे निकल जाएगी। | |
| डिजिटल न्यूज रिपोर्ट, 2023 | रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फार द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म | ➢ डी डी इंडिया और ऑल इंडिया रेडियो को डिजिटल न्यूज रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रानिक मीडिया संगठन चुना गया है। | |
| ब्रांड फाइनेंस रिपोर्ट | ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी | ➢ टाटा समूह 26.4 बिलियन डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड बना हुआ है।<br>➢ साथ ही टाटा समूह 25 बिलियन डॉलर का आँकड़ा पार करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है। | |
| माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ-2023 | विश्व बैंक समूह | ➢ रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में शीर्ष पाँच रेमिटेंस (प्रेषण) प्राप्तकर्ता देश निम्न हैं-<br>1. भारत ($ 111 बिलियन)<br>2. मेक्सिको ($ 61 बिलियन)<br>3. चीन ($ 51 बिलियन)<br>4. फिलीपींस ($ 38 बिलियन)<br>5. पाकिस्तान ($ 30 बिलियन) | |
| पांचवां राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक | भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) | ➢ इस सूचकांक से खाद्य सुरक्षा मानकों के आधार पर राज्यों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है।<br>➢ बड़े राज्यों की श्रेणी में शीर्ष राज्य : 1. केरल 2. पंजाब 3. तमिलनाडु | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ➤ छोटे राज्यों की श्रेणी में शीर्ष राज्य : 1. गोवा 2. मणिपुर 3. सिक्किम<br>➤ केंद्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में : 1. जम्मू एवं कश्मीर 2. दिल्ली 3. चंडीगढ़ | |
| हंगर हॉटस्पॉट रिपोर्ट | संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (UN-FAO) तथा विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) | ➤ हंगर (भूख) के मामले में उच्चतम चिंताजनक स्थिति वाले देश : अफगानिस्तान, नाइजीरिया, सोमालिया, दक्षिणी सूडान, यमन, हैती, बुर्किना फासो, माली एवं सूडान। | |
| एशिया यूनिवर्सिटी रैकिंग 2023 | टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) | 1st – सिंघुआ विश्वविद्यालय (चीन)<br>2nd – पेकिंग विश्वविद्यालय (चीन)<br>3rd – नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (सिंगापुर) | IISC बेंगलुरु (भारत) ने इस रैंकिंग में 48वाँ स्थान प्राप्त किया। |
| ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम इंडेक्स 2023 | स्टार्टअप जीनोम | स्टार्टअप सिटीज : 1. सिलिकॉन वैली 2. न्यूयॉर्क सिटी 3. लंदन<br>➤ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। | बेंगलुरु कर्नाटक ने इस सूची में 20वाँ स्थान हासिल किया |
| स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट 2023 : इन फिगर्स | सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (CSE) | ➤ रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन और चरम मौसम, स्वास्थ्य, भोजन एवं पोषण, प्रवासन और विस्थापन, कृषि, ऊर्जा, अपशिष्ट, पानी और जैव विविधता की स्थिति पर विस्तृत आँकड़े प्रस्तुत करती है।<br>➤ समग्र पर्यावरण प्रदर्शन में शीर्ष राज्य : 1. तेलंगाना 2. मध्य प्रदेश 3. दिल्ली | |
| भारत में निवेशक राष्ट्र : रिपोर्ट | डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड | भारत में शीर्ष 3 निवेशक राष्ट्र :<br>1. सिंगापुर (17.2 बिलियन डॉलर)<br>2. मारीशस (6.1 बिलियन डॉलर)<br>3. अमेरिका (6 बिलियन डॉलर) | |
| नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2023 | शिक्षा मंत्रालय | आवरऑल शीर्ष 3 संस्थान : 1. IIT, मद्रास 2. IISC, बेंगलुरु 3. IIT दिल्ली<br>कॉलेजों की श्रेणी में शीर्ष संस्थान : मिरांडा हाउस<br>शोध श्रेणी में शीर्ष स्थान : IISC, बेंगलुरु<br>इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष संस्थान : IIT मद्रास<br>मेडिकल श्रेणी में शीर्ष संस्थान : AIIMS, दिल्ली<br>लॉ श्रेणी में शीर्ष संस्थान : नेशनल ला स्कूल, इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु<br>ऑर्किटेक्चर एंड प्लानिंग श्रेणी में शीर्ष संस्थान : IIT, रुड़की | |
| ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023 | इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट | रहने के लिये शीर्ष शहर : 1. वियना, ऑस्ट्रिया 2. कोपेनहेगन, डेनमार्क 3. मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया<br>➤ रहने के मामले में सबसे खराब शहरों में सर्वप्रथम सीरिया की राजधानी दमिश्क का नाम आता है। | 141 – नई दिल्ली और मुंबई<br>144 – चेन्नई<br>147 – अहमदाबाद<br>148 – बेंगलुरु |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | | |
|---|---|---|---|
| कोविड वर्ष के लिये वार्षिक स्वास्थ्य सूचकांक | नीति आयोग | बड़े राज्यों में शीर्ष तीन राज्य : 1. केरल 2. तमिलनाडु 3. तेलंगाना<br>छोटे राज्यों में शीर्ष 3 राज्य : 1. त्रिपुरा 2. सिक्किम 3. गोवा<br>शीर्ष केंद्रशासित प्रदेश : दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव<br>बड़े राज्यों में अंतिम राज्य : बिहार (19)<br>छोटे राज्यों में अंतिम राज्य : मणिपुर (18)<br>केंद्रशासित प्रदेश में अंतिम केंद्रशासित प्रदेश : अंडमान और निकोबार दीप समूह<br>बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश 18वें पायदान पर रहा। | |
| विश्व सैन्य खर्च रिपोर्ट 2022 | स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) | सर्वाधिक सैन्य खर्च वाले तीन देश : 1. यूएसए ($877 बिलियन) 2. चीन ($ 292 बिलियन) 3. रूस ($ 86.4 बिलियन) | 4 भारत (81.4 बिलियन डॉलर) |
| सबसे अधिक भुगतान पाने वाले एथलीट 2023 | फोर्ब्स | शीर्ष 3 खिलाड़ी :<br>1. क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल)<br>2. लियोनेल मेसी (अर्जेन्टीना)<br>3. किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस) | |
| राष्ट्रीय विनिर्माण नवाचार सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021-22 | संयुक्त राष्ट्र उद्योग विकास संगठन द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से | शीर्ष 5 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश<br>1. कर्नाटक<br>2. दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव<br>3. तेलंगाना<br>4. तमिलनाडु<br>5. उत्तराखंड | |
| द बिलियन डॉलर डेथ ट्रेड रिपोर्ट | संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय | ➢ रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार के जुंटा सरकार को हथियार निर्यात करने में रूस, चीन और सिंगापुर देश प्रमुख आपूर्तिकर्ता थे।<br>➢ इन आयातित हथियारों का इस्तेमाल नागरिकों के खिलाफ अत्याचार और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिये किया गया है। | |
| मुद्रा और वित्त रिपोर्ट 2022-23 | रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया | ➢ यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के चार महत्वपूर्ण पहलुओं को संबोधित करती है जिसमें इसके व्यापक आर्थिक प्रभाव, वित्तीय स्थिरता निहितार्थ और जलवायु जोखिमों को कम करने के लिये रणनीतियाँ शामिल हैं।<br>➢ रिपोर्ट के अनुसार, भारत को हरित वित्तपोषण के लिये वर्ष 2030 तक सालाना सकल घरेलू उत्पाद के न्यूनतम 2.5% आवश्यकता है। | |
| विश्व के सबसे अमीर शहरों की लिस्ट 2023 | हेनली एंड पार्टनर्स | 1st - न्यूयॉर्क सिटी<br>2nd - टोक्यो<br>3rd - सिलिकान वैली का Bay Area | 21वाँ - मुंबई<br>36वाँ - दिल्ली<br>60वाँ - बेंगलुरु |
| भारत के सबसे धनी मुख्यमंत्रियों पर ADR रिपोर्ट | एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्मर्स | ➢ रिपोर्ट के अनुसार भारत में 28 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों में से 29 करोड़पति हैं।<br>➢ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं जिनकी संपत्ति 510 करोड़ रुपये है। | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ➢ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश की सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं जिनकी संपत्ति लगभग 15 लाख रुपये है। | |
| सबसे अपराधी देशों की रैंकिंग | वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स | 1. वेनेजुएला 2. पापुआ न्यू गिनी 3. अफगानिस्तान | 77 |
| AI (Artificial Intelligence) इंडेक्स रिपोर्ट | स्टैंनफोर्ड विश्वविद्यालय | AI निवेश प्राप्त करने वाले शीर्ष देश (वर्ष 2022 में)<br>1. यूएसए 2. चीन 3. यूनाईटेड किंगडम 4. इज़राइल 5. भारत<br>➢ भारत में AI स्टार्टअप्स को कुल राशि के रूप में 3.24 अरब डॉलर का निवेश मिला। | |
| फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2023 रिपोर्ट | फ्रीडम हाउस | ➢ इस रिपोर्ट में तिब्बत दुनिया में सबसे कम स्वतंत्रता वाला देश है।<br>➢ इस रिपोर्ट में तिब्बत, दक्षिणी सूडान और सीरिया को 'सबसे अस्वतंत्र देश' के रूप में पहचाना गया है। | |
| फोर्ब्स सूची 2023 | फोर्ब्स | शीर्ष 3 अरबपति : 1. बर्नाड एंड फैमिली 2. एलन मस्क 3. जेफ बेजोस<br>विश्व में सर्वाधिक अरबपति वाले देश : 1. अमेरिका 2. चीन 3. भारत | मुकेश अंबानी (9वें पायदान पर) |
| इंडिया जस्टिस रिपोर्ट, 2022 | टाटा ट्रस्ट्स | डिलीवरी ऑफ जस्टिस (पुलिस, जेलों, न्यायपालिका और कानूनी सहायता) में शीर्ष प्रदर्शन वाले राज्य<br>1. कर्नाटक 2. तमिलनाडु 3. तेलंगाना<br>➢ इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश सबसे निचले पायदान (18) पर स्थित है। | |
| हुरुन ग्लोबल यूनिकार्न इंडेक्स 2023 | हुरुन | ➢ दुनिया में यूनिकॉर्न्स की संख्या के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है। | |
| मत्स्य उत्पादन रिपोर्ट | मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय | ➢ भारत दुनिया में चीन और इंडोनेशिया के बाद तीसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक है।<br>➢ दुनिया का 8% मछली उत्पादन भारत में होता है।<br>➢ भारत पहले से ही विश्व का दूसरा सबसे बड़ा जलीय कृषि उत्पादक और मत्स्य उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक राष्ट्र है। | |
| राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2021-22 | विद्युत मंत्रालय | ➢ कर्नाटक इस सूचकांक में सर्वाधिक स्कोर के साथ सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला राज्य है।<br>➢ आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान और तेलंगाना 'फ्रंट रनर' की श्रेणी में हैं।<br>➢ असम, हरियाणा, महाराष्ट्र और पंजाब 'अचीवर' राज्यों की श्रेणी में है।<br>➢ उत्तर प्रदेश को 'कंटेडर' श्रेणी में रखा गया है। | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेफ्टी परशेप्सन्स इंडेक्स | इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस | शीर्ष 3 देश<br>1. उज्बेकिस्तान 2. संयुक्त अरब अमीरात 3. सऊदी अरब<br>अंतिम देश : माली (121) | 97 |
| पाँचवीं विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2022 | IQ एयर | शीर्ष तीन प्रदूषित देश : 1. चाड 2. इराक 3. पाकिस्तान<br>शीर्ष तीन प्रदूषित शहर : 1. लाहौर (पाकिस्तान) 2. होटन (चीन) 3. भिवंडी (भारत)<br>शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में 6 शहर भारत के हैं। | 8 (भारत) |
| दुनिया के 100 सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट रिपोर्ट | ब्रिटिश कंसल्टेंसी स्काईट्रैक्स | शीर्ष 3 एयरपोर्ट्स : 1. सिंगापुर चांगी एयरपोर्ट 2. हमद अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट 3. टोक्यो अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (हनेडा) | इस रैंकिंग में दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट 36वें स्थान पर है। |
| भारत में साक्षरता दर रिपोर्ट | शिक्षा मंत्रालय | सर्वाधिक साक्षरता दर वाले राज्य/केंद्रशासित प्रदेश<br>1. केरल (94 %) 2. लक्षद्वीप (91.85%) 3. मिजोरम (91.33%)<br>न्यूनतम साक्षरता दर वाले राज्य/केंद्रशासित प्रदेश<br>1. बिहार (61.8%) 2. अरुणाचल प्रदेश (65.33%) 3. राजस्थान (66.1%)<br>साक्षरता दर :<br>शहरी - 84.11%<br>ग्रामीण - 67.77% | |
| लैंड स्लाइड एटलस ऑफ इंडिया 2023 | राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर (ISRO) | ➢ रिपोर्ट के अनुसार, देश में 17 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों को भूस्खलन-संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल किया गया है। इनमें उत्तराखंड के दो जिले रुद्रप्रयाग और टिहरी गढ़वाल सबसे ऊपर हैं।<br>➢ देश के 147 भू-स्खलन प्रभावित जिलों में से 64 पूर्वोत्तर के हैं। | |
| ट्रिपल थ्रेट रिपोर्ट | यूनिसेफ (UNICEF) | ➢ रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु जोखिम तथा अपर्याप्त और असुरक्षित पानी, स्वच्छता और हाइजीन (WASH) के घातक संयोजन से दुनिया भर में 190 मिलियन बच्चों का जीवन जोखिम में है।<br>➢ रिपोर्ट के अनुसार 10 अफ्रीकी देशों के 90 मिलियन से अधिक बच्चे सर्वाधिक जोखिम में हैं। | |
| चुनावी लोकतंत्र सूचकांक 2023 | वी-डेम इंस्टीट्यूट | शीर्ष 3 देश : 1. डेनमार्क 2. स्वीडन 3. नॉर्वे | 108 (भारत)<br>हालाँकि लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत का स्थान 97 है। |
| इंटरनेशनल आर्म्स ट्रांसफर 2022 रिपोर्ट | स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI) | 2018-22 में पाँच सबसे बड़े हथियार आयातक राष्ट्र<br>1. भारत 2. सऊदी अरब 3. कतर 4. ऑस्ट्रेलिया 5. चीन<br>2018-22 में पाँच सबसे बड़े हथियार निर्यातक राष्ट्र<br>1. यू.एस.ए. 2. रूस 3. फ्रांस 4. चीन 5. जर्मनी | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2023 | व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) | ➤ इस रिपोर्ट में 17 हरित और सीमांत प्रौद्योगिकियों जैसे – कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इलैक्ट्रिक वाहन आदि के बाजार आकार का विश्लेषण किया गया।<br>➤ पहला स्थान – USA<br>➤ दूसरा स्थान – सिंगापुर<br>➤ तीसरा स्थान – स्वीडन | 46 (भारत) |
| ग्लोबल लेबर रेजिलिएंस इंडेक्स 2023 | The White Shield | 1st – डेनमार्क<br>2nd – स्विट्जरलैंड<br>3rd – जर्मनी | 65 |
| चांडलर गुड गवर्नेंस इंडेक्स 2023 | चांडलर इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस | 1st – सिंगापुर<br>2nd – स्विट्जरलैंड<br>3rd – फिनलैंड | 57 |
| शिक्षा के लिये राज्यों द्वारा आवंटित सबसे अधिक बजट | – | शीर्ष 3 राज्य (कुल बजट का %)<br>1. दिल्ली – 21.8%<br>2. असम – 20%<br>3. हिमाचल प्रदेश – 18.8% | केंद्रीय बजट में शिक्षा पर 44094 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जोकि कुल बजट का 16.51% है। |
| मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2022 | काटो इंस्टीट्यूट और फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा | शीर्ष 3 देश : 1. स्विट्रजरलैंड 2. न्यूजीलैंड 3. एस्टोनिया<br>निम्नतम देश : सीरिया (165) | 112 (भारत) |
| भ्रष्टाचार बोध सूचकांक 2022 | ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल | शीर्ष देश : 1. डेनमार्क 2. फिनलैंड एवं न्यूजीलैंड<br>अंतिम देश : सोमालिया (180) | 85 (भारत) |
| टॉमटाम ट्रैफिक इंडेक्स | जिओलोकेशन टेक्नोलॉजीज टॉमटॉम | शीर्ष 3 शहर (ट्रैफिक युक्त)<br>1. लंदन 2. बेंगलुरु 3. डबलिन | प्रति मील $CO_2$ उत्सर्जन में बेंगलुरु 5वें स्थान पर है। |
| भारत के सबसे प्रदूषित शहर रिपोर्ट 2022 | केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) | प्रदूषित शहरों में शीर्ष 3 शहर : 1. दिल्ली 2. फरीदाबाद 3. गाजियाबाद | केंद्र सरकार ने 10 जनवरी, 2019 को 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' शुरू किया था। |
| दुनिया के सबसे अमीर एक्टर रिपोर्ट | वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स | शीर्ष 3 अमीर अभिनेता : 1. जैरी सीनफेल्ड 2. टायलर पेरी 3. ड्वेन जानसन | इस सूची में शाहरुख खान (भारत) चौथे स्थान पर हैं। |
| निक्केई एशिया रिपोर्ट | निक्केई (Nikkei) | शीर्ष 3 ऑटोमोबाइल मार्केट : 1. चीन 2. अमेरिका 3. भारत | |
| 18वीं ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2023 | वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) | ➤ इस रिपोर्ट में अल्पावधि (2 वर्ष) में जीवन यापन लागत को सबसे बड़ा जोखिम तथा लंबी अवधि (10 वर्ष) में जलवायु परिवर्तन को रोकना सबसे बड़ा जोखिम माना गया है। | |
| सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट : द इंडिया स्टोरी रिपोर्ट | आक्सफैम इंडिया | ➤ रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे अमीर 1% भारतीयों के पास नीचे के 50% लोगों की तुलना में 13 गुना ज्यादा संपत्ति है।<br>➤ रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अकेले 2022 में अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 166 हो गयी। | |
| बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स | National Council for Applied Economic Research (NCEAR) | | |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


## महत्वपूर्ण सूचकांक/रिपोर्ट 2022-23

| सूचकांक | जारीकर्ता संगठन | सर्वोच्च रैंक प्राप्तकर्ता देश/शीर्ष तीन देश | भारत की रैंक |
|---|---|---|---|
| वैश्विक ऊर्जा संक्रमण सूचकांक (ETI) 2023 | विश्व आर्थिक मंच (WEF) | स्वीडन (I), डेनमार्क (II), नॉर्वे (III) | 67 |
| वैश्विक सतत् विकास रिपोर्ट (GSDR) 2023 | सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) | फिनलैंड (I) स्वीडन (II) डेनमार्क (III) | 112 |
| वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक (WPFI) 2023 | रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्डर्स | नॉर्वे (I), आयरलैंड (II), डेनमार्क (III) | 161 |
| वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक (EFI) 2023 | द हेरिटेज फाउंडेशन तथा द वाल स्ट्रीट जर्नल | सिंगापुर | 131 |
| वैश्विक शांति सूचकांक (WPI) 2023 | इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस (IEP) | आइसलैंड (I), डेनमार्क (II), आयरलैंड (III) | 126 |
| जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) 2023 | जर्मन वॉच, न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट तथा क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क | चतुर्थ स्थान - डेनमार्क | 8 |
| **नोट :** वैश्विक स्तर पर किसी भी देश के द्वारा बेहतर प्रदर्शन नहीं करने के कारण शीर्ष तीन में किसी देश ने अपना स्थान नहीं बनाया है। | | | |
| वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट (WHR) 2023 | सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) | फिनलैंड (I), डेनमार्क (II), आइसलैंड (III) | 126 |
| ग्लोबल फायरपॉवर इंडेक्स (GFI) 2023 | ग्लोबल फायरपॉवर | यू.एस.ए. (I), रूस (II), चीन (III) | 4 |
| वैश्विक लिंग अंतराल सूचकांक (GGI) 2023 | विश्व आर्थिक मंच (WEF) | आइसलैंड (I), नॉर्वे (II), फिनलैंड (III) | 127 |
| वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (GTI) 2023 | इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस (IEP) | अफगानिस्तान (I), बुर्किना फासो (II), सोमालिया (III) | 13 |
| ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस इंडेक्स (GCI) 2023 | इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) | डेनमार्क (I), आयरलैंड (II), स्विट्जरलैंड (III) | 40 |
| वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक (WIPI) 2023 | यू.एस. चैंबर्स ऑफ कॉमर्स | यू.एस.ए. (I), यूनाइटेड किंगडम (II), फ्रांस (III) | 42 |
| हेनले पासपोर्ट सूचकांक (HPI) 2023 | हेनले एंड पार्टनर्स | सिंगापुर | 80 |
| लॉजिस्टिक परफॉर्मेन्स इंडेक्स (LPI) 2023 | विश्व बैंक (WB) | सिंगापुर (I), फिनलैंड (II), डेनमार्क (III) | 38 |
| वैश्विक निवेश रिपोर्ट (WIR) 2023 | अंकटाड (UNCTAD) | यू.एस.ए. (I), चीन (II), सिंगापुर (III) | 8 |
| एशिया पॉवर इंडेक्स (API) 2023 | लोवि इंस्टीट्यूट (सिडनी) | यू.एस.ए. (I), चीन (II), जापान (III) | 4 |
| विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट (WAQR) 2023 | IQ Air स्विस कंपनी | चाड (I), इराक (II), पाकिस्तान (III) | 8 |
| वैश्विक यूनिकॉर्न सूचकांक (GUI) 2023 | द हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट | यू.एस.ए. (I), चीन (II) | 3 |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# महत्वपूर्ण पुस्तकें एवं उनके लेखक

| पुस्तक | लेखक | अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|
| फायर ऑन द गंगा : लाइफ अमंग द डेड इन बनारस | राधिका अयंगर | |
| 'लेट्स मूव फॉरवर्ड' Let's Move Forward) | | इसे NCERT ने UNESCO के साथ स्वास्थ्य पर कॉमिक बुक के रूप में जारी किया है। इसे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लॉन्च किया है। |
| स्पेयर (संस्मरण) | जे आर मोहरिंगर | यह प्रिंस हैरी (ड्यूक ऑफ ससेक्स) का संस्मरण है। |
| मुख्यमंत्री की डायरी नंबर-1 | हेमंत बिस्वा सरमा | असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के पहले कार्यकाल के प्रथम वर्ष की घटनाओं का लेखा-जोखा इस पुस्तक में है। |
| अंबेडकर : ए लाइफ | शशि थरूर | |
| ह्यूमन एनाटॉमी | डॉ. ए. के. द्विवेदी | डॉ. ए. के. द्विवेदी केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय में वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य हैं। |
| अनजान साक्षी | प्रोफेसर के.के. अब्दुल गफ्फार | – |
| Revolutionaries : The Other Story of How India Won 1st Freedom | संजीव सान्याल | इस पुस्तक का विमोचन केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा किया गया और यह पुस्तक स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न अन्य लोगों के योगदान के दूसरे परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करती है। |
| Roller Coaster : An Affair with Banking | तमल बंधोपाध्याय | यह पुस्तक भारत के वाणिज्यिक और केंद्रीय बैंकरों के जीवन पर प्रकाश डालती है। |
| जादूनामा | अरविंद मंडलोई | यह पुस्तक अनुभवी लेखक-गीतकार जावेद अख्तर पर लिखी गई है। |
| इंडियाज नॉलेज सुप्रीमेसी : द न्यू डॉन | डॉ. अश्विन फर्नांडीस | – |
| द पॉवर्टी ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमिक्स | मेघनाद देसाई | – |
| विक्ट्री सिटी | सलमान रुश्दी | यह पुस्तक मूल रूप से संस्कृत में लिखे गए एक ऐतिहासिक महाकाव्य का अनुवाद है। |
| मोदी : शेपिंग ए ग्लोबल ऑर्डर इन फ्लक्स | डॉ. एस. जयशंकर | इस पुस्तक का विमोचन BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने किया। |
| इंडियाज वैक्सीन ग्रोथ स्टोरी - फ्रॉम काउपॉक्स टू वैक्सीन मैत्री | श्री सज्जन सिंह यादव | पुस्तक का विमोचन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने किया। |
| द लास्ट हीरोज - फुट सोल्जर्स ऑफ इंडियन फ्रीडम | पालागुम्मि सांईनाथ | – |
| द बुक ऑफ बिहारी लिटरेचर | अभय कुमार | – |
| द क्लाइमेट बुक | ग्रेटा थुनबर्ग | – |
| मुंडक उपनिषद : द गेटवे टू इटर्निटी | डॉ. कर्ण सिंह | उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस पुस्तक का विमोचन किया |



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | |
|---|---|---|
| As Good as My Word | के.एम. चंद्रशेखर | – |
| बिपिन : द मैन बिहाइंड द यूनिफॉर्म | रचना बिष्ट रावत | इस पुस्तक में भारत के पहले CDS जनरल बिपिन रावत के जीवन, व्यक्तित्व और सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। |
| ए मैटर ऑफ द हार्ट : एजुकेशन इन इंडिया | अनुराग बेहर | – |
| आजाद | गुलाम नबी आजाद | यह जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री की आत्मकथा है। |
| वॉर एंड वुमेन | डॉ. एम.ए. हसन | संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 52वें सत्र में पुस्तक का विमोचन हुआ। |
| गांधी : सियासत और संप्रदाय | पीयूष बाबेले | – |
| Sachin @ 50 : Celebrating a Maestro | बोरिया मजूमदार | – |
| क्रॉसकोर्ट | जयदीप मुकर्जीया | – |
| रिफ्लेक्शंस | श्री नारायन वाघुल | इस पुस्तक का विमोचन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया। |
| स्मोक एंड एशेज | अमिताभ घोष | – |
| द गोल्डन ईयर्स | रस्किन बांड | – |
| कलेक्टिव स्पिरीट, कंक्रीट एक्शन | शशि शेखर वेम्पति | इस पुस्तक का विमोचन मन की बात की 100वीं कड़ी में किया गया। |
| मेड इन इंडिया : 75 ईयर्स ऑफ बिजनेस एंड एंटरप्राइज | अमिताभ कांत | – |
| माइ लाइफ एज ए कॉमरेड | के.के. शैलजा | यह पुस्तक केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के. के. शैलजा की आत्मकथा है। |
| द्रौपदी मुर्मू : फ्रॉम ट्राइबल हिंटरलैंड्स टू रायसीना हिल्स | कस्तूरी रे | – |
| NTR : ए पॉलिटिकल बायोग्राफी | रामचंद्र मूर्ति कोंडुभाटला | – |
| रिंगसाइड | विजय दर्डा | इस पुस्तक का विमोचन कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर ने किया। |
| कथकली डांस थिएटर | के.के. गोपालकृष्णन | – |
| अजय टू योगी आदित्यनाथ | शांतनु गुप्ता | – |
| द योग सूत्र फॉर चिल्ड्रन | रूपा पाई | – |
| India's Finance Ministers : From Independence to Emergency | अशोक कुमार भट्टाचार्य | |
| प्रिज्म : द एनसेस्ट्रल एबोड ऑफ रैनबो | विनोद मनकारा | – |
| वाजपेयी : द एसेंट ऑफ द हिंदू राइट 1924-77 | अभिषेक चौधरी | – |
| थ्रू द ब्रोकन ग्लास | टी. एन. शेषन | – |
| एज द व्हील टर्न्स | रणजीत प्रताप | – |
| कृष्णा – द 7th सेंस | देबाशीष चटर्जी | – |
| Dr. APJ Abdul Kalam : Memories Never Die | डॉ. नजेमा मरईकयार और डा. वाई एस राजन | इस पुस्तक का विमोचन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया। |
| रिबेल्स अगेंस्ट द राज | रामचंद्र गुहा | – |
| वेस्टर्न लेन (उपन्यास) | चेतना मारु | यह उपन्यास वर्ष 2023 की बुकर प्राइज लॉन्गलिस्ट में शामिल हुआ है। |
| कारगिल : एक यात्री की जुबानी | ऋषि राज | – |
| हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड | नीरजा चौधरी | – |
| पिचसाइड : माई लाइफ इन इंडियन क्रिकेट | अमृत माथुर | – |



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# प्रमुख ऑपरेशन एवं युद्धाभ्यास

## ऑपरेशन अलर्ट

- सीमा सुरक्षा बल (BSF) द्वारा
- गुजरात के कच्छ एवं राजस्थान के बाड़मेर में
- भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिये

## ऑपरेशन नार्कोस

- रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा
- रेल के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिये

## ऑपरेशन आहट

- रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा
- महिलाओं और बच्चों की तस्करी रोकने के लिये

## ऑपरेशन दोस्त

- भारत सरकार द्वारा भूकंप प्रभावित तुर्की और सीरिया की मदद के लिये।
- भारतीय वायुसेना के C17 ग्लोबमास्टर विमान को इस ऑपरेशन में लगाया गया।

## ऑपरेशन सद्भावना

- भारतीय सेना द्वारा।
- ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) में वैश्विक पद पर चुनी जाने वाली पहली अमीराती एवं अरबी महिला बनीं।
- इनका संबंध संयुक्त अरब अमीरात (UAE) से है।

### एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी

- जुलाई 2023 में इन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अमेरिकी नौसेना की प्रमुख के रूप में नामित किया गया है।
- यह इस पद पर पहुँचने वाली पहली महिला होंगी।

### रेयाना बरनावी

- मई 2023 में अंतरिक्ष में जाने वाली सऊदी अरब की पहली महिला बनीं।
- इन्हें स्पेसएक्स के एक्सिओम स्पेस-2 मिशन के तहत भेजा गया था।

### किंग चार्ल्स तृतीय

- ब्रिटेन एवं अन्य राष्ट्रमंडल क्षेत्रों के राजा बने। इनका राजतिलक 6 मई 2023 को हुआ।
- ये ब्रिटेन के सबसे उम्रदराज राजा बने।

## निधन

### एम.एस. स्वामीनाथन

- भारत की हरित क्रांति के जनक थे।
- **इन्हें मिले पुरस्कार निम्न हैं-**
  - 1986 : अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार
  - 1987 : पहला विश्व खाद्य पुरस्कार
  - 1989 : पद्म विभूषण
  - 1991 : टाइटलर पर्यावरण उपलब्धि पुरस्कार

### सिस्टर आंद्रे

- फ्रांस की नागरिक तथा इतिहास में दर्ज विश्व की चौथी सबसे

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



उम्रदराज महिला का 17 जनवरी, 2023 को निधन हो गया।

- इन्होंने सबसे उम्रदराज जीवित व्यक्ति और सबसे उम्रदराज जीवित नन का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

## इयान विल्मुट

- इन्होंने विश्व का पहला क्लोन, डॉली भेड़ का आविष्कार किया।
- ये स्कॉटलैंड के निवासी थे।

## डेनिस ऑस्टिन

- डेनिस माइक्रोसॉफ्ट पॉवरपाइंट के दो संस्थापकों में से एक थे।
- इन्होंने राबर्ट गास्किन्स के साथ पॉवरपाइंट बनाया।
- ये पिट्सबर्ग (अमेरिका) के निवासी थे।

## एन. विट्ठल

- पूर्व आईएएस अधिकारी तथा केंद्रीय सतर्कता आयुक्त।
- इन्हें वर्ष 2012 में पदम भूषण से सम्मानित किया गया था।

## नंबूथिरी

- केरल के प्रसिद्ध चित्रकार और मूर्तिकार थे।
- ये अपनी रेखा कला के लिए प्रसिद्ध रहे।

## आमिर राजा हुसैन

- ये रंगमंच के प्रसिद्ध अभिनेता थे।
- वर्ष 2001 में पदमश्री से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने वर्ष 2023 में प्रदर्शित फिल्म आदिपुरुष में भी अभिनय किया है।

## सुलोचना लाटकर

- बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं।
- इन्हें वर्ष 1999 में पद्मश्री पुरस्कार मिला।

## गीतांजलि अय्यर

- दूरदर्शन चैनल की प्रमुख न्यूज एंकर थी।
- उन्होंने चार बार सर्वश्रेष्ठ एंकर का पुरस्कार जीता।

## शारदा राजन आयंगर

- बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका थीं।
- उन्हें हिंदी फिल्म सूरज (1966) के गीत 'तितली उड़ी' से पहचान मिली थी।

## केथु विश्वनाथ रेड्डी

- वे प्रसिद्ध तेलुगु लेखक उपन्यासकार एवं निबंधकार थे।
- उन्हें वर्ष 1996 में तेलुगु में साहित्य अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## डॉ. वी.एस. अरुणाचलम

- ये प्रसिद्ध वैज्ञानिक और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व अध्यक्ष थे।
- इन्हें 1986 में पद्म भूषण और 1990 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

## बिंदेश्वर पाठक

- सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक थे।
- इन्हें भारत में सार्वजनिक शौचालय प्रणाली लाने का श्रेय दिया जाता है तथा हाथ से मैला ढोने की प्रथा को कम करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## विकास सिन्हा

- ये प्रसिद्ध परमाणु भौतिक विज्ञानी थे।
- इन्होंने 2001 में पद्मश्री और 2010 में पद्म भूषण प्राप्त किया था।

## ओमान चांडी

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री थे।
- ये दो बार केरल के मुख्यमंत्री रहे।

## गुफी पेंटल

- महाभारत में शकुनी मामा का किरदार निभाया था।

## अरुण गांधी

- महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का महाराष्ट्र के कोल्हापुर में निधन हो गया।
- ये एक भारतीय-अमेरिकी कार्यकर्ता, वक्ता, लेखक थे।

## डॉ. एन गोपालकृष्णन

- ये एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइटिफिक हेरिटेज (IISH) के संस्थापक थे।
- इनका संबंध एर्नाकुलम जिला (केरल) से था।

## पण्डित राम किशन

- इन्हें अप्रैल 2023 को ही समाजवादी शताब्दी पुरुष की उपाधि दी गई थी।
- इनका संबंध राजनीति से है। वे एक बार लोकसभा और चार बार राजस्थान विधानसभा सदस्य चुने गये।

## प्रकाश सिंह बादल

- ये पंजाब के 5 बार मुख्यमंत्री रहे एवं शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक रहे।
- इन्हें वर्ष 2015 में पदम विभूषण से सम्मानित किया गया था।

## केशब महिंद्रा

- ये महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष तथा देश के सबसे वृद्ध अरबपति रहे।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



## सतीश कौशिक

- ये प्रसिद्ध फिल्म 'अभिनेता तथा कामेडियन' थे।
- इन्होंने फिल्म फेयर बेस्ट कॉमेडियन अवॉर्ड दो बार जीता था।

## शांति भूषण

- ये एक प्रसिद्ध वकील एवं मोरारजी देसाई सरकार में विधि एवं न्यायमंत्री थे।

## नीलमणि फूकन

- ये असमिया भाषा के प्रसिद्ध कवि थे।
- इन्हें वर्ष 1990 में पदमश्री एवं वर्ष 1981 में 'कविता संग्रह' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।
- वर्ष 2021 में 56वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था।

## बालकृष्ण विट्ठलदास दोशी

- ये एक प्रसिद्ध वास्तुकार थे।
- इन्हें वर्ष 2020 में पदम भूषण एवं वर्ष 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया।
- वर्ष 2018 में प्रित्ज़कर आर्किटेक्चर प्राइज मिला था। (यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय)

## सलीम दुर्रानी

- ये एक भारतीय क्रिकेटर थे।
- भारत के पहले अर्जुन पुरस्कार विजेता क्रिकेटर थे।

## कनक रेले

- ये शास्त्रीय नृत्य 'मोहिनीअट्टम' की नृत्यांगना थी।
- इन्हें केरल सरकार के पहले गुरु गोपीनाथ राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- इन्हें वर्ष 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## रहमान राही

- प्रसिद्ध कवि और कश्मीर के पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता थे।

## एलन वोल्फ आर्किन

- ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता एवं फिल्म निर्माता थे।

## जॉन बैनिस्टर गुडएनफ

- ये प्रसिद्ध अमेरिकी वैज्ञानिक थे।
- ये लीथियम-आयन बैटरी के सह-आविष्कारक थे।
- इन्हें वर्ष 2019 में रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## कॉर्मेक मैक्कार्थी

- ये प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक एवं उपन्यासकार थे।
- इन्हें उनके उपन्यास 'द रोड' के लिए वर्ष 2007 में पुलित्जर प्राइज प्रदान किया गया था।

## रॉबर्ट ई. लुकास जुनियर

- ये प्रसिद्ध अमेरिकी अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता थे।
- इन्हें वर्ष 1995 में अर्थशास्त्र का नोबेल प्रदान किया गया था।

## बर्ट फ्रीमैन बछराच

- ये प्रसिद्ध अमेरिकी संगीतकार एवं गीतकार थे।
- इन्हें 3 ऑस्कर, 8 ग्रैमी और 1 एमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

## क्लॉड लोरियस

- ये फ्रांस के प्रसिद्ध जलवायु परिवर्तन वैज्ञानिक थे।
- इन्होंने यह साबित करने में मदद की कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए मनुष्य जिम्मेदार थे।

## टोनी बेनेट

- ये अमेरिका के प्रसिद्ध गायक थे।
- इन्होंने 20 से ज्यादा ग्रैमी पुरस्कार जीते थे।

## डॉयल ब्रूनसन

- इन्हें पोकर के गॉडफादर भी कहा जाता था।
- इन्होंने WSOP पोकर टूर्नामेंट की 10 विश्व सीरिज जीती थी।

## तारिक फतेह

- ये पाकिस्तानी मूल के कनाडाई पत्रकार थे।
- इनकी दो पुस्तकें - 1. चेसिंग ए मिराज 2. The Jew is not my enemy

## परवेज मुशर्रफ

- ये पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति एवं सेना प्रमुख थे।
- ये साल 2001-2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे हैं।

## डॉ. टेहेम्टन ई उदवाडिया

- इन्हें भारत में 'लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के जनक' के रूप में जाना जाता था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# प्रमुख जाँच समितियाँ एवं आयोग

| जाँच समितियाँ | अध्यक्षता |
|---|---|
| राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सुधार हेतु समिति | टीवी सोमनाथन (पूर्व वित्त सचिव भारत सरकार) |
| लद्दाख की विशिष्ट संस्कृति, भाषा एवं रोजगार के संरक्षण हेतु समिति | नित्यानंद राय (केंद्रीय गृह राज्य मंत्री) |
| अडानी-हिण्डनबर्ग मामले की जाँच हेतु समिति | अभय मनोहर सप्रे (उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) |
| DTC बस प्रक्रिया की जाँच हेतु समिति | ओ.पी. अग्रवाल (केंद्र सरकार के रिटायर्ड IAS अधिकारी) |
| प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा चूक की जाँच के लिए गठित समिति (सुप्रीम कोर्ट द्वारा पृथक समिति गठित की गई व गृह मंत्रालय द्वारा पृथक-पृथक समिति गठित की गई) | सुधीर कुमार सक्सेना (गृह मंत्रालय द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता में)<br>जस्टिस इंदु मल्होत्रा (सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता) |
| TRP आकलन हेतु समिति | शशि शेखर वेम्पति |
| पराली जलाने पर रोक संबंधी समिति | मदन बी. लोकुर |
| लखीमपुर खीरी घटना की जाँच हेतु समिति | प्रदीप श्रीवास्तव |
| मणिपुर में हिंसा की जाँच के लिए गठित आयोग | अजय लांबा (गुवाहाटी हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश) |
| स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण के लिए गठित पैनल | जी. किशनरेड्डी (केंद्रीय पर्यटन मंत्री) |
| चीता परियोजना के देख-रेख हेतु गठित समिति | राजेश गोपाल (ग्लोबल टाइगर फोरम के महासचिव) |
| राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) | डॉ. के कस्तूरीरंगन |
| ड्रग रेगुलेटरी सिस्टम सुधार समिति | राजेश भूषण |
| आयुध निर्माण बोर्ड के निगमीकरण की निगरानी हेतु उच्चाधिकार प्राप्त मंत्री समूह | राजनाथ सिंह (रक्षा मंत्री) |
| नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती हेतु समिति | नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री) |
| स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु समिति | नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री) |
| शहरी नियोजन शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु समिति | राजीव कुमार |
| तनावग्रस्त परिसंपत्तियों पर विशेष समिति | के.वी. कामथ |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# खबरों में रहे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठन

## एशियाई विकास बैंक (ADB)

- **स्थापना वर्ष :** 1966
- **मुख्यालय :** मनीला (फिलीपींस)
- यह एक बहुपक्षीय वित्तीय संस्था है जिसकी स्थापना एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से की गई थी।
- वर्तमान में इसमें 68 सदस्य देश हैं और भारत इसका संस्थापक सदस्य देश है।

## एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB)

- **स्थापना वर्ष :** 2016
- **मुख्यालय :** बीजिंग (चीन)
- यह एक बहुपक्षीय वित्तीय संस्थान है जिसका मुख्य उद्देश्य एशिया प्रशांत क्षेत्र में अवसंरचना के विकास को प्रोत्साहन प्रदान करना है।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 109 है।

## दक्षिणी-पूर्वी एशियाई देशों का संघ (ASEAN)

- **स्थापना वर्ष :** 1967
- **मुख्यालय :** जकार्ता (इंडोनेशिया)
- इसका मुख्य उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया में आर्थिक संवृद्धि, सामाजिक प्रगति एवं सांस्कृतिक विकास को गति प्रदान करना तथा शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना है।
- वर्तमान में इसमें 10 सदस्य देश हैं।

## अफ्रीकी संघ (African Union)

- **स्थापना वर्ष :** 2002
- **मुख्यालय :** अदीस अबाबा (इथियोपिया)
- अफ्रीकी संघ एक महाद्वीपीय संगठन है जिसमें 55 अफ्रीकी देश शामिल हैं।
- इसकी स्थापना अफ्रीकी एकता संगठन के उत्तराधिकारी संगठन के रूप में हुई थी। इसका उद्देश्य अफ्रीकी देशों के बीच एकता, सहयोग, शांति और विकास आदि को बढ़ावा देना है।

## शंघाई सहयोग संगठन (SCO)

- **स्थापना वर्ष :** 2001
- **मुख्यालय :** बीजिंग (चीन)
- यह एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका उद्देश्य राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य सहयोग के माध्यम से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखना है।
- वर्तमान में इसमें 9 सदस्य देश हैं जिनमें ईरान नवीनतम सदस्य देश है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)

- **स्थापना वर्ष :** 1919
- **मुख्यालय :** जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड)
- वर्ष 1946 में संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली विशिष्ट एजेंसी बनी।
- यह संघ अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और सभी के लिये काम के अवसरों आदि के लिये रूपरेखा निर्धारित करता है।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 187 है।

## खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

- **स्थापना वर्ष :** 1945
- **मुख्यालय :** रोम (इटली)
- यह संयुक्त राष्ट्र संघ की विशिष्ट एजेंसी है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भूख (हंगर) की समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 194 है।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

- **स्थापना वर्ष :** 1948
- **मुख्यालय :** जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड)
- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जो सामान्यत: अपने सदस्य राष्ट्रों के स्वास्थ्य मंत्रालयों के सहयोग से कार्य करता है।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 194 है।

## न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)

- **स्थापना वर्ष :** 2014
- **मुख्यालय :** शंघाई (चीन)
- इसे पूर्व में ब्रिक्स डेवलपमेंट बैंक (BRICS Development Bank) के नाम से जाना जाता था।
- ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित इस बहुपक्षीय बैंक में सभी सदस्य देशों को समान मताधिकार प्राप्त हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इसका मुख्य उद्देश्य ब्रिक्स देशों एवं अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अवसंरचना और संपोषणीय विकास से परियोजनाओं का वित्तपोषण करना है।

## विश्व व्यापार संगठन (WTO)

- **स्थापना वर्ष :** 1995
- **मुख्यालय :** जिनेवा (स्विट्जरलैंड)
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को विनियमित करने के उद्देश्य से WTO की स्थापना की गई।
- वर्तमान में 164 देश इसके सदस्य हैं।

## संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)

- **स्थापना वर्ष :** 1945
- **मुख्यालय :** पेरिस (फ्रांस)
- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 194 है।

## विश्व आर्थिक मंच (WEF)

- **स्थापना वर्ष :** 1971
- **मुख्यालय :** कोलोग्नी/जिनेवा (स्विट्जरलैंड)
- यह मंच सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक का आयोजन स्विट्जरलैंड के दावोस में प्रत्येक वर्ष जनवरी में किया जाता है।
- इस वार्षिक बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति तथा विभिन्न राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO)

- **स्थापना वर्ष :** 1949
- **मुख्यालय :** ब्रुसेल्स (बेल्जियम)
- NATO को यूरोपीय देशों द्वारा एक सैन्य संगठन के रूप में स्थापित किया गया था।
- वर्तमान में इसमें 31 सदस्य देश हैं। फिनलैंड इसका नवीनतम सदस्य देश है।

## ब्रिक्स (BRICS)

- **स्थापना वर्ष :** 2009
- **मुख्यालय :** शंघाई (चीन)
- 15वें शिखर सम्मेलन (2023) के बाद इसके सदस्य देशों की संख्या 5 से बढ़कर 11 हो गई है, लेकिन नए 6 सदस्यों की पूर्ण सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।
- BRICS में शामिल 6 नए देश – मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और अर्जेन्टीना हैं।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् (UNHRC)

- **स्थापना वर्ष :** 2006
- **मुख्यालय :** जिनेवा (स्विट्जरलैंड)
- यह एक अंतर-सरकारी निकाय है जो विश्वभर में मानवाधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण को मजबूती प्रदान करने के लिये उत्तरदायी है।
- वर्तमान में इसके सदस्य देशों की संख्या 47 है।

## आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)

- **स्थापना वर्ष :** 1961
- **मुख्यालय :** पेरिस (फ्रांस)
- इसमें प्रमुख रूप से विश्व की विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश शामिल हैं।
- वर्तमान में इसमें 38 देश शामिल हैं।
- इसकी स्थापना आर्थिक प्रगति एवं विश्व व्यापार को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाएँ/कार्यक्रम/मिशन/अभियान

## मालवीय मिशन

- 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम' से संबंधित है।
- इसका शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया।
- मानव संसाधन विकास केंद्रों (HRDC) का नाम बदलकर 'मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र' करने की भी घोषणा की।
- इस मिशन के तहत भारत में 111 केंद्रों की स्थापना होगी।

## मेरा बिल मेरा अधिकार योजना

- भारत सरकार, राज्य सरकारों के सहयोग से GST बिल माँगने को प्रोत्साहित करने के लिए 1 सितंबर 2023 से एक चालान प्रोत्साहन योजना 'मेरा बिल मेरा अधिकार योजना' को शुरू कर रही है।
- यह योजना वित्त मंत्रालय से संबंधित है।
- यह योजना प्रारंभ में असम, गुजरात और हरियाणा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पुडुचेरी, दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव में शुरू की जाएगी।
- सरकार यह योजना इसलिए लायी है ताकि वह अधिक से अधिक लोगों को GST बिल लेने के लिए प्रेरित कर सके।

## 'ए-हेल्प' कार्यक्रम

- 14 अगस्त, 2023 को **केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्री,** श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने गुजरात में 'ए-हेल्प' (स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त एजेंट) कार्यक्रम को शुरू किया।
- कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रशिक्षित एजेंटों के रूप में शामिल करके सशक्त बनाना है।

## SAUNI परियोजना

- SAUNI योजना - सौराष्ट्र नर्मदा अवतरण सिंचाई योजना
- प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सौराष्ट्र को इस परियोजना की सौगात दी।
- इसका प्राथमिक लक्ष्य नर्मदा नदी के किनारे स्थित सरदार सरोवर बांध से अतिरिक्त बाढ़ के पानी को प्रवाहित करना और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में 115 प्रमुख बाँधों को फिर से भरने के लिए उनका उपयोग करना है।

## 'लखपति दीदी' योजना

- केंद्र सरकार ने 2 करोड़ महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए इस योजना को प्रारंभ किया है।
- यह योजना ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शुरू की गई है।
- इसका उद्देश्य महिलाओं को सालाना कम से कम 1 लाख रुपये कमाने में सक्षम बनाना है।

## विश्वकर्मा योजना

- प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पारंपरिक शिल्प कौशल को बढ़ावा देने के लिए इस योजना को शुरू करने की घोषणा की।
- 17 सितंबर, 2023 को इसे लॉन्च किया गया।
- यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।
- इस योजना से पारंपरिक शिल्प कौशल में कुशल व्यक्तियों, सुनारों, लौहारों, नाई, धोबी आदि को सशक्त बनाया जाएगा।
- पहले चरण में एक लाख तक का ब्याज मुक्त लोन मिलेगा।

## ग्राफीन-औरोरा कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम को **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** (MeitY) ने कोच्चि, केरल में शुरू किया।
- उद्देश्य : ग्राफीन का उत्पादन एवं विकास
- ग्राफीन, ग्रेफाइट से निकाली जाती है। यह दुनिया का सबसे पतला, मजबूत एवं बिजली तथा गर्मी दोनों का सबसे सुचालक पदार्थ है। यह स्टील से 200 गुना मजबूत और 6 गुना हल्का है।

## पीएम-ईबस सेवा

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने पीपीपी मॉडल पर 10000 ई-बसों द्वारा सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए इस बस सेवा को मंजूरी दे दी है।
- यह योजना 2011 की जनगणना के अनुसार तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी।

## राष्ट्रीय रक्ताल्पता उन्मूलन मिशन

- प्रधानमंत्री मोदी ने 1 जुलाई, 2023 को मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के लालपुर गाँव में सिकल सेल रक्ताल्पता उपचार अभियान-2047 की शुरूआत की।



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इस मिशन की घोषणा आम बजट 2023 में की गई थी।
- इसका लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 40 वर्ष से कम उम्र के लगभग 7 करोड़ लोगों की जाँच करना है।

## पीएम-प्रणाम योजना (प्रमोशन ऑफ अल्टरनेटिव न्यूट्रिएंट्स फॉर एग्रीकल्चर मैनेजमेंट योजना)

- **केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री** मनसुख मांडविया ने 28 जून 2023 को योजना को मंजूरी दी।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2023-24 में इस योजना को लागू करने की घोषणा की।
- इसका उद्देश्य धरती की उपजाऊ क्षमता को बेहतर करना और मिट्टी में पोषण को फिर से स्थापित करना है।

## कृषि-सेज परियोजना

- **केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली से गैबॉन की पहली कृषि-सेज परियोजना को प्रारंभ किया।
- यह परियोजना 'एओएम' समूह (कृषि विकास और नवाचार को बढ़ावा देने वाली एक कंपनी) द्वारा लागू की जाएगी।

## अमृत धरोहर योजना

- विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2023) पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत धरोहर योजना का शुभारंभ किया।
- यह योजना सक्रिय जन भागीदारी से भारत में मौजूदा रामसर स्थलों के संरक्षण पर केंद्रित है।
- ये स्थल ईको-टूरिज्म के केंद्र बन जाएंगे और स्थानीय समुदायों को लाभान्वित करने वाली हरित नौकरियों का स्रोत बन जाएँगे।

## मिष्टी योजना

- **मिष्टी :** (मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटेट्स एंड टैंजिबल इनकम)
- भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2023 में मैंग्रोव वृक्षारोपण के लिए इस योजना की घोषणा की है।
- इसका उद्देश्य भारत के समुद्र तट के साथ-साथ लवणीय भूमि पर मैंग्रोव वृक्षारोपण की सुविधा प्रदान करना है।

## समर्थ अभियान

- 25 मई, 2023 को **केंद्रीय ग्रामीण और पंचायती राज मंत्री** गिरिराज सिंह ने लखनऊ में अमृत महोत्सव के तहत 50000 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए इस अभियान की शुरूआत की।
- इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देना है।

## '75/25' पहल

- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय** ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस (17 मई 2023) के अवसर पर 2025 तथा मधुमेह से पीड़ित 7.5 करोड़ लोगों की जाँच और देखभाल के लिए प्रारंभ की है।
- यह पहल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रारंभ की गई है।

## मेरी जिंदगी, मेरा स्वच्छ शहर अभियान

- **आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री,** हरदीप एस. पुरी ने इस अभियान का शुभारंभ किया।
- यह अभियान रिड्यूज, रीयूज, रीसायकल (RRR) के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।
- यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत कचरे को कम करने, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## 'राष्ट्रीय पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम

- **केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री** स्मृति ईरानी ने इस कार्यक्रम की शुरूआत की।
- इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को न केवल पोषण केंद्रों बल्कि शिक्षा प्रदान करने वाले केंद्रों में भी बदलना है।
- इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन कम-से-कम दो घंटे उच्च गुणवत्ता वाली प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान की जाएगी।

## थैलेसीमिया बाल सेवा योजना

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण ने इस योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ किया।
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन** (NHM) के तहत 2017 से TBSY को लागू किया जा रहा है।
- मार्च 2023 में इसका दूसरा चरण पूरा किया था।
- इसे कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा उनकी सीएसआर पहल के हिस्से के रूप में समर्थित किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय क्वांटम मिशन

- यह मिशन 8 वर्ष की अवधि के लिए 2023-24 से 2030-31 तक 6003.65 करोड रुपये से प्रारंभ किया गया है।
- यह मिशन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित है।
- भारत इस तरह मिशन के रूप में क्वांटम तकनीक के विकास का कार्यक्रम घोषित करने वाला सातवाँ देश बन गया है। (अमेरिका, चीन, कनाडा, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्रांस)

## अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

- **केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** भूपेंद्र यादव ने हरियाणा के टिकली गाँव से इस परियोजना को शुरू किया था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



- इसका उद्देश्य अरावली के आसपास के 5 किमी बफर क्षेत्र को हरित बनाना है।
- इस पहल में बंजर भूमि, झाड़-झंखाड और खराब वन भूमि पर देशी प्रजातियों के पेड़ और झाड़ियाँ लगाना शामिल होगा।

## सुरक्षित शहर परियोजना

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बेंगलुरु, कर्नाटक में इस परियोजना का शुभारंभ किया। प्रारंभ में इसे 8 शहरों में ट्रायल के तौर पर (दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, बेंगलुरु) लागू किया जा रहा है।
- इसके लिए 2840 करोड़ रुपये बजट जारी किया गया है।
- यह परियोजना **निर्भया फंड के तहत गृह मंत्रालय** की एक पहल है।

## सुपोषित माँ अभियान

- 1 मार्च, 2020 लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कोटा (राजस्थान) में इस अभियान का शुभारंभ किया।
- यह अभियान गर्भवती महिलाओं और बच्चों, किशोरियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए शुरू किया गया है।
- इसके अंतर्गत 1000 गर्भवती महिलाओं को एक महीने की खाद्य सामग्री दी जाएगी।

## टेक्नोटेक्स 2023 कार्यक्रम

- **कपड़ा मंत्रालय** ने 22 से 24 फरवरी, 2023 तक मुंबई में टेक्निकल टेक्सटाइल्स पर भारत का आगामी प्रीमियर शो आयोजित किया।
- यह कार्यक्रम तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में भारत और विदेशों के बीच व्यापार और निवेश की अपार संभावनाओं को दर्शाने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय शहरी प्रौद्योगिकी मिशन

- केंद्र द्वारा नगरपालिका सेवाओं को ऑनलाइन करने के लिए प्रारंभ किया जा रहा है।
- इसमें अनिवार्य रूप से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, पानी और बिजली कनेक्शन प्रदान करना, संपत्ति कर की गणना और संग्रह करना आदि शामिल होगा।

## आरोग्य मैत्री परियोजना

- प्रधानमंत्री मोदी ने विकासशील देशों को प्राकृतिक आपदाओं अथवा मानवीय संकट की स्थिति में चिकित्सा आपूर्ति के लिए इस परियोजना की घोषणा की है।

## समुद्रयान मिशन

- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, समुद्रयान मिशन को वर्ष 2026 तक पूर्ण करने की उम्मीद है।
- इसके तहत तीन व्यक्तियों को 'मत्स्य 6000 नामक' एक वाहन (पनडुब्बी) में समुद्र की 6000 मीटर की गहराई में अन्वेषण के लिए 2024 में भेजा जाएगा।
- यह अभियान 'ब्लू इकॉनमी' के युग में भारत के उन प्रयासों की शुरूआत करता है जो आने वाले वर्षों के दौरान भारत की समग्र अर्थव्यवस्था के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी है।
- इसके लिए 19744 करोड़ रुपये का व्यय होगा जो निम्न प्रकार से है-
  - साइट प्रोग्राम के लिए 17490 करोड़ रुपये
  - पायलट प्रोजेक्ट के लिए 1466 करोड़ रुपये
  - आर एंड डी के लिए 400 करोड़ रुपये
  - अन्य मिशन घटको के लिए 388 करोड़ रुपये

## एकीकृत खाद्य सुरक्षा योजना

- केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने 1 जनवरी, 2023 से सभी पात्र परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न प्रदान करने के लिए इस योजना की अधिसूचना जारी की।

## गत वर्षों की कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

- टेली MANAS –10 अक्टूबर, 2022
- PM SHRI योजना –5 सितंबर, 2022
- अग्निपथ योजना –14 जून, 2022
- SMILE योजना –12 फरवरी, 2022
- प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना –13 अक्टूबर, 2021
- PM मित्र योजना –6 अक्टूबर, 2021
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 –10 अगस्त, 2021
- PM केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना –29 मई, 2021
- PM वाणी योजना –9 दिसंबर, 2020
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना –10 सितंबर, 2020

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएँ/ कार्यक्रम/मिशन/अभियान

| कार्यक्रम/योजना/ अभियान/मिशन | संबंधित राज्य/ संस्था/संघ शासित प्रदेश | प्राथमिक/मूल उद्देश्य/लक्ष्य |
|---|---|---|
| 11 सूत्री विकास कार्यक्रम | महाराष्ट्र | इस कार्यक्रम का लक्ष्य संपूर्ण राज्य में समग्र विकास से संबंधित है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के तहत 11 योजनाओं को सम्मिलित किया गया है तथा इन योजनाओं का लक्ष्य समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों तक सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। |
| रेल रोको आंदोलन | झारखंड | राज्य में कुर्मी समुदाय के लोगों द्वारा अपने आप को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित कराने के लिए अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन प्रारंभ किया गया। |
| मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना | मध्य प्रदेश | इस योजना का प्रारंभ राज्य में कृषकों को स्थाई कृषि पंप कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु किया गया है। यह योजना कार्यान्वित होने के 2 वर्ष बाद तक प्रभावी होगी। |
| कला क्रांति मिशन | पश्चिम बंगाल | राज्य में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर को समर्पित इस पहल की शुरूआत की। कला क्रांति मिशन पहल सॉफ्ट पावर के विकास के लिए गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर को समर्पित है। इस मिशन का संबंध भारत में कला तथा संस्कृति के विकास से है। यह मिशन पश्चिम बंगाल राज्य तक सीमित न रहकर भारत के अन्य राज्यों में भी प्रसारित होगा। |
| चैटन जल-विद्युत संयंत्र परियोजना | सिक्किम | यह 3 मेगावाट क्षमता वाली एक जल-विद्युत परियोजना है। चैटन जल-विद्युत परियोजना के द्वारा राज्य सरकार को प्रतिवर्ष 6 से 7 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। यह एक प्रकार की रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना भी है। |
| खम्री मो सिक्किम आउटरीच कार्यक्रम | सिक्किम | इस आउटरीच कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत के युवाओं के मध्य उनके कैरियर के अवसरों के परिप्रेक्ष्य में जागरूकता विकसित करना है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए मारूति सुजुकी ने भारत की नौसेना के साथ साझेदारी की है। |
| चाक परियोजना | छत्तीसगढ़ | इस परियोजना के तहत राज्य में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाया जाएगा। राज्य के सभी स्कूलों को अपडेट किया जाएगा। यह विश्व बैंक, भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ की गई है। |
| मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना | बिहार | इस योजना के तहत राज्य में अल्पसंख्यक युवाओं के मध्य स्वरोजगार तथा उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। अल्पसंख्यक वर्ग के युवकों को उद्योग लगाने हेतु 10 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत 50 प्रतिशत राशि अनुदान तथा 50 प्रतिशत राशि ऋण के रूप में प्राप्त होगी। |
| मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना | मध्य प्रदेश | सभी वर्गों की आवासहीन बहनों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराना। |
| गिफ्ट डीड योजना | उत्तर प्रदेश | इस योजना के तहत प्रदेश में ब्लड रिलेशन में होने वाली प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री पर कोई भी स्टांप शुल्क नहीं देना होगा। |
| LAccMI योजना | ओडिशा | यह योजना सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध परिवहन में सहायता के लिए शुरू की गई है। योजना के तहत लगभग 1000 बसों की तैनाती होगी। इस प्रणाली की अवधि 10 वर्ष होगी। |



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | |
|---|---|---|
| मुख्यमंत्री संपूर्ण पुष्टि योजना | ओडिशा | माताओं, किशोर, लड़कियों और बच्चों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करना। |
| कैश फॉर वेस्ट योजना | पटना नगर निगम | इस योजना के तहत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) की स्थापना हुई। शहर को स्वच्छ रखने हेतु जनता को कूड़ा-कचरा बाहर न डालने के लिए प्रोत्साहित करना। |
| सेफ सिटी योजना | हरियाणा पुलिस | इस योजना की शुरूआत हरियाणा राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु की गई है। |
| मुख्यमंत्री खेल क्षमता, पुनर्निर्माण आकांक्षाएँ तथा आजीविका (SABAL) योजना | हिमाचल प्रदेश | इस योजना के तहत राज्य के तीन जनपदों (शिमला, हमीरपुर तथा सोलन) के लगभग 400 विद्यालयों में दिव्यांग छात्रों की देखभाल तथा इनके जीवन-स्तर में सुधार से संबंधित प्रावधान सम्मिलित है। |
| मुख्यमंत्री नाश्ता योजना | तमिलनाडु | इस योजना के तहत राज्य के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों को मुफ्त नाश्ता प्रदान किया जाएगा। इसके द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों को पढ़ाई में सहायता, प्रोत्साहन तथा उनमें पोषण की कमी को दूर किया जा सकेगा। |
| मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना | उत्तराखंड | इस योजना के अंतर्गत राज्य की महिला समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक रूप से बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। |
| मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा भोजन पैकेट योजना | राजस्थान | इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में सम्मिलित परिवारों को उचित दाम वाली दुकानों से आवश्यक वस्तुएँ मासिक अन्नपूर्णा भोजन पैकेट नि:शुल्क प्राप्त होगा। |
| कूसिना माने क्रेच योजना | कर्नाटक | इस योजना के तहत राज्य में बच्चों को अच्छा स्वास्थ्य, उचित देखभाल, पोषण तथा सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जिनकी माताएँ मनरेगा के अंतर्गत कार्य करती हैं। |
| प्रोजेक्ट क्लैप | उत्तराखंड | इस योजना के तहत राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सरकारी विद्यालयों में प्राथमिक स्तर से उच्च माध्यमिक स्तर तक शिक्षण सामग्री (डिजिटल सामग्री) ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम में पहुँचाई जाएगी। |
| अमृत बृक्ष (वृक्ष) आंदोलन | असम | इस योजना के तहत राज्य में सरकार एक करोड़ पौधे रोपित करके हरित तथा अधिक टिकाऊ समृद्ध वातावरण को बढ़ावा देगी। |
| ग्रामीण मित्र योजना | गोवा | इस योजना के तहत राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा देगी तथा लोगों तक सरकारी सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी दी जाएगी। |
| मुख्यमंत्री सौर मिशन | मेघालय | इस मिशन के तहत राज्य में विद्युत की कमी की आपूर्ति तथा नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन किया जा सकेगा। |
| इंदिरा गाँधी मुफ्त स्मार्टफोन योजना | राजस्थान | इस योजना के तहत राज्य की लगभग 1 करोड़ 35 लाख महिलाओं को इंटरनेट तथा वॉयस काल हेतु मुफ्त डेटा वाले स्मार्टफोन प्रदान किये जाएंगे। |
| गृह लक्ष्मी योजना | तेलंगाना | इस योजना के तहत राज्य में लगभग 1 लाख से अधिक महिलाओं को गृह निर्माण में सहायता हेतु 3 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। |
| संविधान को पढ़ो और जिओ अभियान | राजस्थान | प्रमुखत: भारतीय संविधान के उद्देश्यों को जानना तथा मौलिक कर्तव्यों का पालन करना। |
| शुभयात्रा योजना | केरल | विदेशी प्रवासियों को आर्थिक/वित्तीय सहायता देने हेतु योजना की शुरूआत हुई। |
| वासिप्पु इयक्कम योजना | तमिलनाडु | इस योजना के तहत राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग बच्चों के मध्य पढ़ाई की आदत को बढ़ावा प्रदान करेगा तथा इन बच्चों को स्कूल के पुस्तकालय में पुस्तकों का पठन-पाठन में उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करेगा। |
| प्राण वायु देवता पेंशन योजना | हरियाणा | इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ऐसे पेड़ जो 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को पेंशन प्रदान करेगी। |
| डॉक्टर आपके गाँव में योजना | जम्मू-कश्मीर | ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के मध्य स्वास्थ्य देखभाल के अंतर को कम करना तथा लोगों को गाँवों में उनके दरवाजों तक व्यापक रूप से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सेवाएँ उपलब्ध कराना। |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | |
|---|---|---|
| मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना | उत्तर प्रदेश | इस योजना के तहत आवारा पशुओं को बिना क्षति पहुँचाए 12 वोल्ट करंट की सौर बाड़ स्थापित कर सकते हैं। यह योजना संपूर्ण प्रदेश में कृषकों के कल्याण की दृष्टि से लागू हुई है। |
| मिशन शक्ति स्कूटर योजना | ओडिशा | इस योजना के अंतर्गत राज्य में लाभार्थियों को बैंक एक लाख रुपये धनराशि तक के ऋण पर ब्याज में छूट प्रदान करेगा जिससे लाभार्थी स्कूटर को क्रय कर सके। |
| सशक्त महिला ऋण योजना | हिमाचल प्रदेश | इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने हेतु; उनकी आजीविका, उनके सपनों को पूर्ण करने हेतु ऋण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। |
| खड्ग नदी बेसिन परियोजना | ओडिशा | इस योजना के अंतर्गत राज्य के तीन जनपदों (कंधमाल, बोलांगीर तथा बौध) के लोगों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। सिंचाई के अतिरिक्त भू-जल स्तर में सुधार तथा नदी के जल का संरक्षण आसानीपूर्वक किया जा सकेगा। |
| गजाह (गजह) कोठा प्रोजेक्ट | असम | इसका मूल उद्देश्य मानव-हाथी के मध्य संघर्ष को कम करना और हाथियों तथा स्थानीय समुदाय के लोगों के मध्य सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना है। |
| विश्वकर्मा कामगार (श्रमिक) कल्याण योजना | राजस्थान | इस योजना के अंतर्गत राज्य के श्रमिकों को, महिलाओं को तथा भिन्न-भिन्न वर्ग के लोगों को मुख्यत: स्वरोजगार प्रदत्त करना है। |
| अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना | गुजरात | एक दुर्घटना बीमा योजना का रूप जिसके अंतर्गत श्रमिकों तथा उनके परिवार को उनके काम करने वाले स्थान पर उनके साथ घटित किसी भी दुर्घटना की स्थिति में वित्तीय रूप से आर्थिक सहायता दी जाएगी। |
| अमा पोखरी योजना | ओडिशा | इस योजना के तहत राज्य में स्थित 115 शहरी क्षेत्रों के 2000 अप्रयुक्त (अनुपयोगी) तालाबों (जल निकायों) को पुनर्जीवित किया जाएगा। |
| मो जंगल जामी योजना | ओडिशा | इस योजना का मूल उद्देश्य राज्य के अंतर्गत वनवासियों तथा आदिवासी समुदायों के मध्य वन अधिकारों को महत्व देना है। |
| प्रोजेक्ट रेल (रेगुलर असेसमेंट फॉर इम्प्रूव्ड लर्निंग) | झारखण्ड | इस योजना का मुख्य उद्देश्य साप्ताहिक परीक्षणों का क्रियान्वयन तथा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। |
| मेरा बिल मेरा अधिकार योजना | हरियाणा | इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में करदाताओं को प्रोत्साहित करना है। |
| गंडक-गंगा नदी लिंक परियोजना | बिहार | इस योजना के तहत राज्य के तीन जनपदों (गोपालगंज, सारण तथा सीवान) को मुख्य रूप से लाभ मिलेगा। इन जनपदों में पर्यावरण संतुलन तथा भू-जल स्तर में सुधार की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। |
| ईकामरा परियोजना | ओडिशा | इस योजना के अंतर्गत राज्य में स्थित 11वीं शताब्दी में निर्मित लिंगराज मंदिर तथा इसके समीपस्थ स्थित क्षेत्रों का पुनरुद्धार किया जाएगा। |
| वन-टैप-वन-ट्री अभियान | उत्तर प्रदेश | इस अभियान का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पीने हेतु नल के जल के साथ राज्य में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना है। |
| जगन्ना अम्मा वोडी योजना | आंध्र प्रदेश | इस योजना के अंतर्गत राज्य में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों की माताओं को बच्चों की शैक्षिक आर्थिक सहायता हेतु उनके बैंक खाते में 15000 रुपये की धनराशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी। |
| ऑपरेशन कन्विक्शन | उत्तर प्रदेश | इस कार्यक्रम के तहत राज्य में पुलिस अपराधियों के विरुद्ध व्यापक रूप से अभियान को संचालित करेगी। राज्य सरकार ने समस्त जनपदों में 20 मामलों की पहचान करने तथा इन मामलों को प्राथमिकता देने हेतु इस ऑपरेशन को प्रारंभ किया है। |
| पेंगल पाथुकाप्पु थित्तम कार्यक्रम | तमिलनाडु | इस कार्यक्रम के तहत तमिलनाडु पुलिस राज्य में महिलाओं को रात्रि के 10 बजे से प्रात:काल के 7 बजे तक उनके गंतव्य स्थान तक नि:शुल्क ड्रॉप सुविधा प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा है। |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | |
|---|---|---|
| ABADHA योजना | ओडिशा | इस योजना का मुख्य उद्देश्य ओडिशा राज्य के पुरी स्थान पर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर को विकसित करना है। यह योजना भारत में स्थित धार्मिक स्थलों के विकास के लिए राज्य प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत सबसे बड़ी योजनाओं में से संभवत: एक मानी जाती है। इसके अंतर्गत 12वीं शताब्दी में निर्मित जगन्नाथ मंदिर तथा इसके समीपस्थ स्थित क्षेत्रों को पुनर्जीवित करना भी सम्मिलित है। |
| कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली (LADCS) | उत्तर प्रदेश | राज्य में जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क कानूनी (विधिक) सहायता उपलब्ध कराने हेतु। |
| ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम | राजस्थान | इस योजना के तहत राज्य सरकार कक्षा 9 से 12 तक की स्कूली छात्राओं को बस के किराये से राहत प्रदान करेगी। यह स्कीम उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होगी। |
| गोधन न्याय योजना | झारखंड | इस योजना का मुख्य लक्ष्य पशुपालक तथा कृषकों की आय में वृद्धि करना तथा इनसे उचित मूल्य पर गोबर की खरीदारी करने से है। इसके अतिरिक्त इस योजना के अंतर्गत भूमि की उर्वरता में वृद्धि, जैविक खाद की उपलब्धता, चराई पर रोक आदि पहलू भी सम्मिलित हैं। |
| जल मितान-युवा उद्यमी उद्यमिता कौशल विकास परियोजना | छत्तीसगढ़ | इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल परियोजनाओं के संचालन तथा उनके निरंतर रख-रखाव से है। राज्य में पंचायत स्तर पर जल की आपूर्ति से संबंधित योजनाओं के रख-रखाव को निश्चित करने हेतु इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया है। |
| न्यूट्री गार्डन प्रोजेक्ट | लक्षद्वीप | इस प्रोजेक्ट के तहत लक्षद्वीप को सब्जियों की आपूर्ति तथा स्वयं उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत लक्षद्वीप के 1000 परिवारों का चयन करके उनको भिन्न-भिन्न प्रकार की सब्जियों तथा फलों के पौधे दिए गए थे जिसके द्वारा लक्षद्वीप में सब्जियों तथा फलों की उपलब्धता में अधिकता दर्ज की गई है। |
| शक्ति योजना | कर्नाटक | इस योजना के तहत राज्य में सार्वजनिक परिवहन के अंतर्गत संचालित बसों में गैर-प्रीमियर सेवाओं में महिलाओं हेतु मुफ्त बस से यात्रा करने का प्रावधान है। |
| नंद बाबा दुग्ध मिशन | उत्तर प्रदेश | इस मिशन का मूल उद्देश्य राज्य में दुग्ध उत्पादकों को गाँव के अंतर्गत ही डेयरी सहकारी समिति के द्वारा उचित दाम पर दुग्ध की बिक्री हेतु सुविधा प्रदान करना है। |
| क्लस्टर पुनर्विकास कार्यक्रम | महाराष्ट्र | इस कार्यक्रम के तहत राज्य के एक क्षेत्र के अंतर्गत अनेक इमारतों को एक साथ एक इकाई के रूप में व्यापक स्तर पर निर्मित किया जा सकेगा। इस कार्यक्रम के द्वारा क्लस्टर पुनर्विकास योजनाओं से परिपूर्ण शहरों का निर्माण भी आवश्यक है। |
| K-FON परियोजना | केरल | इस परियोजना के प्रथम चरण का मुख्य उद्देश्य राज्य के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे आने वाले 20 लाख लोगों तक नि:शुल्क इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराना है। राज्य में सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी लोगों के पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो। |
| ओपीएस क्लीन अभियान | पंजाब | इस अभियान के अंतर्गत राज्य की पुलिस उन लोगों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखती है जो नशे की दवाई तस्करी में संलिप्त हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य को नशे से मुक्त करना है। |
| लिंग समावेशी पर्यटक नीति 'आई' | महाराष्ट्र | इस नीति के तहत राज्य में महिलाओं को पर्यटन के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। राज्य के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्रों पर महिला बाइरू टैक्सी प्रारंभ करने की अनुमति इस नीति की देन है। |
| मो घर आवास योजना | ओडिशा | इस योजना के तहत राज्य सरकार सामाजिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों हेतु आवास की सुविधा प्रदान करेगी। इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित लाभार्थियों को क्रेडिट-लिंक्ड वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। |
| नमो शेतकरी महासम्मान योजना | महाराष्ट्र | इस योजना के तहत राज्य के कृषकों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। |

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | |
|---|---|---|
| शासन प्रयोग दारी पहल | महाराष्ट्र | इस पहल का मूल उद्देश्य राज्य के लोगों को सरकारी परियोजनाओं तथा सेवाओं का प्रत्यक्ष रूप से लाभ मुहैया करवाना है। |
| निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना | आंध्र प्रदेश | इस योजना का मूल उद्देश्य राज्य में विशेष प्रकार के बच्चों (मानसिक मंदता, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी आदि से पीड़ित) को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। |
| लव-कुश वाटिका | राजस्थान | इसके तहत राज्य के समस्त जनपदों में ईको टूरिज्म को बढ़ाने हेतु लव-कुश वाटिका स्थापित की जाएगी। |
| हमर सुघ्घर लईका अभियान | छत्तीसगढ़ | इस अभियान का मूल उद्देश्य जनपद सर्वेक्षण सूची के आधार पर चिन्हित 1800 कुपोषित बच्चों को त्वरित, रूप से सुपोषित बच्चों के अंतर्गत सम्मिलित करना है। |
| मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना | मध्य प्रदेश | इस योजना के तहत राज्य के वरिष्ठ जन को वायुयान से धार्मिक तीर्थयात्रा पर भेजने का प्रावधान है। ऐसी योजना लागू करने वाला मध्य प्रदेश भारत का प्रथम राज्य है जहाँ परिवार का एक वरिष्ठ सदस्य इस योजना का लाभ ले सकता है। |
| साहस पहल | तेलंगाना | इस पहल के अंतर्गत राज्य में महिलाओं को उनकी कार्यस्थली पर यौन उत्पीड़न आदि असामाजिक कृत्यों से मुकाबला करने हेतु सुरक्षा प्रदान की जाएगी। |
| मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना | झारखंड | इस योजना के तहत राज्य में दुर्गम तथा दूर-दराज स्थित गाँवों के लोगों को परिवहन हेतु सुगम व व्यवस्थित रूप से सुविधा प्रदान की जाएगी। |
| मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना | मध्य प्रदेश | इस योजना के तहत राज्य सरकार बेरोजगार युवकों को सीखने की प्रक्रिया के दौरान 8000 से 10000 रुपये तक की धनराशि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रदान करेगी। |
| 'पहल' योजना | उत्तर प्रदेश | इस योजना के तहत राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे समुदायों को डिजिटल (ऑनलाइन) माध्यम से शिक्षा प्रदान करेगी। |
| स्मार्ट स्कूल स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम | उत्तराखंड | इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के चंपावत जनपद के ब्लॉक के 137 स्कूलों के 274 शिक्षकों को प्रशिक्षित करके वहाँ अध्ययनरत् 5484 छात्रों के सीखने के परिणामों में अपेक्षित सुधार लाना है। |
| चलने का अधिकार | पंजाब | देश का प्रथम राज्य जहाँ साइकिल चलाने वालों तथा पैदल चलने वालों की मृत्यु में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप 'चलने का अधिकार' लागू किया गया है। |
| मिशन परिवर्तन | बिहार | इस मिशन का मूल उद्देश्य राज्य में अस्पतालों को सुदृढ़ तथा मरीजों के अनुकूल बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आदि व्यवस्था करना है। |
| मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन तथा वैश्विक रोजगार योजना | उत्तराखंड | इस योजना के तहत राज्य के युवाओं को विदेश में अपने करियर को बनाने हेतु सरकार की तरफ से सहायता प्रदान की जाएगी। |
| गीता कर्मिकुला बीमा योजना | तेलंगाना | इस योजना के तहत राज्य में टोडी टैपर्स के उन परिवारजनों को वित्तीय रूप से 5 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी जो अपने खेतों में ताड़ के वृक्षों से टोडी एकत्रित करते समय दुर्घटना के कारण मृत हो जाते हैं। |
| स्वच्छ विरासत अभियान | उत्तर प्रदेश | इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 75 ऐतिहासिक तथा पर्यटन स्थलों का चुनाव किया गया है। इन स्थानों पर इस अभियान के तहत विशेष रूप से स्वच्छता को महत्व दिया जाएगा। |
| स्वागत पहल | गुजरात | इस पहल की शुरूआत राज्य में वर्ष 2003 को हुई थी। हाल ही में इसने अपने 20 वर्ष पूर्ण किए। इस पहल का उद्देश्य राज्य में सरकार तथा जनता के मध्य प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके शिकायतों को समयबद्ध तथा त्वरित रूप से हल करना है। |
| तेजस्वी कार्यक्रम | मध्य प्रदेश | इस कार्यक्रम के तहत राज्य के छात्रों में उद्यमशीलता का विकास तथा कौशल को विकसित किया जाएगा। |
| एक पंचायत में एक खेल का मैदान परियोजना | केरल | इस परियोजना का शुभारंभ राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने से है। इसके तहत राज्य में स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्टेडियमों को निर्मित किया जाएगा। |
| किसान संपर्क अभियान | जम्मू-कश्मीर | इस अभियान का उद्देश्य राज्य में किसानों को सरकार की योजनाओं तथा व्यापारिक दृष्टिकोण से विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। |


Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library


| | | |
|---|---|---|
| मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना | छत्तीसगढ़ | इस योजना का मूल उद्देश्य राज्य के अंतर्गत मनाये जाने वाले त्योहारों, उत्सवों, पर्व, मेले, जनजातीय पर्व, जात्रा पर्व, सरना पूजा आदि तथा राज्य की संस्कृति का संरक्षण करना है। इसके तहत राज्य में आदिवासी/जनजातीय त्योहारों के आयोजन हेतु राज्य सरकार प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष 10000 रुपये की धनराशि दो किश्तों में प्रदान करेगी। |
| A-HELP कार्यक्रम | उत्तराखंड | इस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य में पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु किया गया है। |
| संजीवनी परियोजना | हिमाचल प्रदेश | इस परियोजना के तहत राज्य सरकार राज्य में पशुधन के स्वास्थ्य की देखभाल तथा पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा से संबंधित सेवाएँ प्रदान करेगी। इसमें मोबाइल पशु चिकित्सा वैन की स्थापना कृषकों के घर तक सेवाएँ पहुँचाने हेतु हुई। |
| 'टीएन रीच' पहल | तमिलनाडु | इस पहल के तहत राज्य में 80 से अधिक अयोग्य/अनुपयोगी हैलिपैडों का प्रयोग करके इंटरसिटी तथा टाउन कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। टीएन रीच राज्य में हवाई मार्गों का एक ऐसा नेटवर्क बनाएगा जिसके द्वारा जनता हेलीकॉप्टर का प्रयोग करके शहरों के मध्य यात्रा कर सकेगी। |
| ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्य) योजना | हरियाणा | इस योजना के तहत राज्य में युवाओं को पायलट ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे युवाओं हेतु रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य में ड्रोन का प्रयोग अवैध खनन प्रक्रिया पर अंकुश लगाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों आदि का सर्वेक्षण करने के लिए किया जा रहा है। |
| स्कूल चलो अभियान | उत्तर प्रदेश | इस अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्कूलों में 100% नामांकन सुनिश्चित करेगी। |
| पथश्री-रास्ताश्री परियोजना | पश्चिम बंगाल | इस परियोजना के द्वारा राज्य के 22 जनपदों में 12000 किमी लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा जिससे सड़क का बुनियादी ढाँचा मजबूत तथा गाँवों से संपर्क बढ़ जाएगा। |
| झील विकास कार्यक्रम | तेलंगाना | इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के हैदराबाद शहर तथा इसके समीपस्थ स्थित 50 जल निकायों का विकास तथा कायाकल्प है। |
| मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना | छत्तीसगढ़ | इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में निजी स्वामित्व वाली भूमि पर वृक्षारोपण को बढ़ाकर काष्ठ आधारित उद्योगों को भी बढ़ाना है। इसके द्वारा राज्य में कृषकों की आय तथा रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। |
| राजीव गांधी जल संचय योजना | राजस्थान | इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में विलुप्त नदियों का पुनरुद्धार, गाँव में स्थित नदियों का पुनरुद्धार, जलाशयों तक जल की पहुँच, जल का संरक्षण तथा संचयन आदि करना है। |
| गजमित्र पहल | पश्चिम बंगाल | इस पहल के द्वारा राज्य में सरकार हाथी तथा मानव के मध्य संघर्ष को कम कर सकती है। |
| दयालु योजना | हरियाणा | इस योजना के तहत राज्य में 1 लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवारों को उनके किसी सदस्य के मृत्यु होने की दशा या दिव्यांगजन होने पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। |
| सुजलाम-सुफलाम जल अभियान | गुजरात | राज्य में इस अभियान का मूल उद्देश्य वर्षा के जल को प्रयोग में लाना तथा भू-जल के स्तर को बढ़ाना है। हाल ही में राज्य के मुख्यमंत्री ने इस अभियान के छठे चरण की शुरूआत गांधीनगर में की थी। |
| चिरंजीवी बीमा योजना | राजस्थान | प्रत्येक वर्ग के लिए स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाना। |
| मेरो रूख मेरो संतति पहल (एक पेड़ लगाओ, एक विरासत छोड़ो) | सिक्किम | इस पहल का उद्देश्य राज्य में प्रकृति के प्रति आमजनों का नजरिया बदलना तथा बच्चे के जन्म के अवसर पर बच्चे की याद हेतु माता-पिता एक पौधा रोपित करते हैं जिससे प्रकृति तथा बच्चे के मध्य आने वाली पीढ़ियों तक संबंध मजबूत रहते हैं। |


Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | |
|---|---|---|
| आरोहिणी पहल प्रशिक्षण कार्यक्रम | उत्तर प्रदेश | इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य में लैंगिक संवेदनशीलता है। इस पहल के माध्यम से राज्य में वंचित वर्ग की लड़कियों को सशक्त बनाया जाएगा, जिससे स्कूल में अध्ययनरत् छात्रायें आत्मविश्वासी तथा स्वतंत्र बन सकें। |
| लाडली बहना योजना | मध्य प्रदेश | इस योजना के अंतर्गत राज्य में निम्न तथा मध्यम वर्ग की गरीब महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। यह योजना राज्य में संचालित अन्य योजना लाडली लक्ष्मी की तर्ज पर है। |
| स्कूल ऑफ एमिनेंस प्रोजेक्ट | पंजाब | इस योजना का मूल उद्देश्य राज्य में सरकारी स्कूली शिक्षा के कायाकल्प के साथ छात्रों का समग्र विकास करना है। |
| सहर्ष योजना | त्रिपुरा | इस योजना का मूल उद्देश्य राज्य में बच्चों को उल्लास तथा उत्साह के भाव से पढ़ाई हेतु सक्षम बनाना है। राज्य सरकार ने स्कूली स्तर पर भावात्मक तथा सामाजिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु इसका शुभारंभ किया। |
| कान्ति वेलुगु योजना | तेलंगाना | इस योजना के तहत राज्य सरकार संपूर्ण राज्य के लोगों की व्यापक तथा सार्वभौमिक आँखों की जाँच कराएगी। |
| रयथू बंधु योजना | तेलंगाना | इस योजना का उद्देश्य राज्य के कृषकों को उर्वरक, बीज, कीटनाशक आदि पर आने वाले खर्चों का सरकार से आर्थिक दृष्टि से सहायता के रूप में प्राप्त करना है। |

## विभिन्न राज्यों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएँ

| योजनाएँ | संबंधित राज्य |
|---|---|
| महिला अनुकूल पर्यटन पहल | केरल |
| जल पर्यटन और साहसिक खेल नीति | उत्तर प्रदेश |
| उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग | उत्तर प्रदेश |
| डिवाइन लाइट हाउस परियोजना | ओडिशा |
| आरोग्य महिला योजना | तेलंगाना |
| मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | उत्तराखंड |
| एटालिन जल विद्युत परियोजना | अरुणाचल प्रदेश |
| मॉब लिंचिंग पीड़ित मुआवजा योजना | मध्य प्रदेश |
| आधार से संबद्ध जन्म पंजीकरण पहल | नागालैंड |
| भगवान बिरसा मुडा जुड़ाव योजना | महाराष्ट्र |
| ULPIN योजना | लद्दाख |
| राज्य खेल पुरस्कार एवं सम्मान योजना | बिहार |
| केसीआर पोषण किट योजना | तेलंगाना |
| ऊपरी उच्च स्तरीय नहर परियोजना | राजस्थान |



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

# विविध

## प्रमुख देशी और विदेशी कंपनियों के CEO

| कंपनी | स्थापना वर्ष | CEO | मुख्यालय |
|---|---|---|---|
| एप्पल | 1976 | टिम कुक | कैलिफोर्निया (USA) |
| मेटा (पूर्व नाम फेसबुक) | 2004 | मार्क जुकरबर्ग | कैलिफोर्निया (USA) |
| एक्स (ट्विटर) | 2006 | लिंडा याकारिनों | कैलिफोर्निया (USA) |
| व्हाट्सप | 2009 | विल कैथकार्ट | कैलिफोर्निया (USA) |
| यूट्यूब | 2005 | नील मोहन | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| माइक्रोसॉफ्ट | 1975 | सत्या नडेला | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया | 1966 | अदार पूनावाला | पुणे |
| मास्टरकार्ड | 1966 | माइकल माइबैक | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड | 1933 | रोहित जावा | मुंबई (महाराष्ट्र) |
| संसद टीवी | 2021 | उत्पल कुमार सिंह | नई दिल्ली |
| टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) | 1968 | के. कृतिवासन | मुंबई |
| इन्फोसिस | 1981 | सलील पारिख | बेंगलुरु |
| गूगल/अल्फाबेट इंक | 1998 | सुंदर पिचाई | कैलिफोर्निया (USA) |
| अमेजन | 1994 | एण्डी जेसी | वाशिंगटन (USA) |
| फ्लिपकार्ट | 2007 | कल्याण कृष्णमूर्ति | बेंगलुरु |
| FSSAI | 2006 | गंजी कमला वी राव | नई दिल्ली |
| रिलांयस | 1966 | मुकेश अंबानी | मुंबई |
| महिन्द्रा | 1945 | अनीष शाह | मुंबई |
| विप्रो | 1945 | थेरी डेलपोर्ट | बेंगलुरु |
| अलीबाबा ग्रुप | 1999 | एंडी थेंगगिगवू | चीन |
| ऑडी AG | 1909 | गर्नोट डॉलनर | जर्मनी |
| वोडाफोन समूह | 1991 | मार्गोरिटा डेला वैले | इंग्लैंड |
| भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) | 2009 | अमित अग्रवाल | नई दिल्ली |
| एडिडास | 1949 | ब्योर्न गुल्डन | जर्मनी |
| कोका कोला | 1886 | जेम्स क्वीन्सी | अटलांटा (USA) |
| IBM | 1911 | अरविंद कृष्णा | न्यूयॉर्क (USA) |
| याहू | 1994 | जिग लैंजोन | कैलीफोर्निया (USA) |
| पेप्सिको | 1965 | रेमन लेगुआर्ता | न्यूयॉर्क (USA) |
| वोडाफोन आइडिया | 2018 | अक्षय मुद्रा | मुंबई |
| पेटियम (Paytm) | 2018 | विजय शेखर शर्मा | नोएडा |
| मारुति सुजुकी इंडिया | 1981 | हिसाशी ताकुची | नई दिल्ली |
| लार्सन एंड टुब्रो | 1946 | एस.एन. सुब्रमण्यम | मुंबई |
| डेल (Dell) | 1984 | माइकल डेल | टेक्सास (USA) |
| नोकिया | 1865 | पेक्का लुंडमार्क | फिनलैंड |



Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library



| | | | |
|---|---|---|---|
| इंडिगो एयरलाइंस | 2005 | पीटर एल्बर्स | हरियाणा |
| लिंक्डइन | 2002 | रयान रोसलैंस्की | सनीवेल (USA) |

## प्रमुख समझौते

### रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन लिमिटेड और पंजाब नेशनल बैंक के मध्य समझौता

